पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

रायपुर, बुधवार, 6 अगस्त 2025 । वर्ष – 67 । अंक –112 । पृष्ठ –12 । मूल्य – 4.00 रु. प्रेस पंजीयन- 06072/59




## उत्तराखंड के उत्तरकाशी में तबाही का खौफनाक मंजर

# धराली में बादल फटा, गांव जमींदोज

- सैंकड़ों घर-होटल मलबे में दबे, 4 की मौत
- दर्जनों लापता, कई के दबे होने की खबर



**उत्तरकाशी**, 5 अगस्त (एजेंसियां)। उत्तरकाशी के धराली क्षेत्र में मंगलवार को बादल फटने की घटना से भारी तबाही मची है। बादल फटने से खीर गंगा गांव बह गया है। घटना मंगलवार दोपहर के समय की है। घटना के कई वीडियो और फोटोज सामने आए हैं। इनमें दिख रहा है कि पहाड़ी से बारिश का पानी और मलबा आया और पूरा गांव बहा ले गया। अब तक 4 लोगों की मौत की खबर मिली है। दर्जनों लोग लापता हैं। कई लोगों के दबे होने की खबर है। धरावी देहरादून से 218 किमी और गंगोत्री धाम से 10 किमी दूर है। एसडीआरएफ, एनडीआरएफ और जिला प्रशासन की टीमें राहत और बचाव कार्य में जुटी हुई हैं।

**2 दिनों से भारी बारिश हो रही है**–पानी का सैलाब गांव की तरफ आते ही लोगों में चीख पुकार मच गई। कई होटलों में पानी और मलबा घुस गया है। धराली बाजार पूरी तरह तबाह हो गया है। कई होटल दुकानें ध्वस्त हो चुकी हैं। यहां पिछले 2 दिनों से भारी बारिश हो रही है। इस बीच, अधिकारियों ने स्थानीय लोगों से नदी के किनारों से दूरी बनाए रखने और बच्चों तथा पशुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने का आग्रह किया है। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उत्तरकाशी में बादल फटने की घटना के बारे में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स के माध्यम से जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि धराली (उत्तरकाशी) क्षेत्र में बादल फटने से हुए भारी नुकसान का समाचार अत्यंत दुखद एवं पीड़ादायक है। राहत एवं बचाव कार्यों के लिए एसडीआरएफ, एनडीआरएफ, जिला प्रशासन तथा अन्य संबंधित टीमें युद्ध स्तर पर जुटी हुई हैं। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उत्तरकाशी में बादल फटने की घटना के बारे में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स के माध्यम से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि धराली (उत्तरकाशी) क्षेत्र में बादल फटने से हुए भारी नुकसान का समाचार अत्यंत दुखद एवं पीड़ादायक है। राहत एवं बचाव कार्यों के लिए एसडीआरएफ, एनडीआरएफ, जिला प्रशासन तथा अन्य संबंधित टीमें युद्ध स्तर पर जुटी हुई हैं।

### हिमाचल के मंडी में फिर फटा बादल

हिमाचल प्रदेश में भारी बारिश से नुकसान का दौर जारी है। जिला मंडी में इस बार सबसे ज्यादा नुकसान हुआ है। मंडी में एक बार फिर से बादल फटा है। मंडी के गोहर उपमंडल के लोट गांव में बादल फटने से दो मकान ढह गए हैं व बाकी क्षतिग्रस्त हुए हैं।

# बिजली बिल हाफ योजना बंद करने से राज्य के 53 लाख उपभोक्ता प्रभावित होंगे : भूपेश



**एक उद्योगपति के लिए हसदेव अरण्य को उजाड़ा जा रहा**

**रायपुर**, 5 अगस्त(देशबन्धु)। प्रदेश में हाफ बिजली बिल योजना और हसदेव अरण्य में कोयला खदान विस्तार को कांग्रेस एक बड़ा सियासी मुद्दा बनाकर जन आंदोलन का रूप देने जा रही है इसके संकेत आज भूपेश बघेल ने पत्रकारों से चर्चा के दौरान दिए हैं। भूपेश बघेल ने हाफ बिजली बिल योजना में कटौती पर सवाल उठाते हुए कहा कि इससे सीधे तौर पर राज्य के 53 लाख उपभोक्ता प्रभावित होंगे राज्य सरकार ने योजना में संशोधन के साथ ऐसी शर्तें लगा दी है कि जिससे 100 यूनिट तक में छूट का भी लाभ उपभोक्ताओं को नहीं मिलने वाला है

बघेल ने कहा कि जब कांग्रेस की सरकार थी तो 400 यूनिट तक आधा बिजली बिल ही देना पड़ता था अर्थात 200 यूनिट तक फ्री बिजली और इसमें किसी तरह की शर्तें भी नहीं लगाई गई थी वहीं एकल बत्ती कनेक्शनधारियों को 30 यूनिट तक बिजली फ्री का प्रावधान था लेकिन अब 53 लाख उपभोक्ता अगर 100 यूनिट से अधिक बिजली खपत करते हैं तो उन्हें किसी भी तरह से कोई छूट सरकार नहीं देगी।100 यूनिट के बाद पूरा का पूरा बिल लगेगा।सर प्लस राज्य में यह उपभोक्ताओं के साथ अन्याय है।कांग्रेस इसके खिलाफ जमीनी लड़ाई लड़ेगी।

**हसदेव अरण्य का विनाश रोकना होगा**

भूपेश बघेल ने कहा कि हसदेव अरण्य में कोयला खदान का विस्तार होना चिंताजनक है जब कांग्रेस की सरकार थी तो हमने विधानसभा में संकल्प लाकर खदान नहीं खुलने देने का प्रस्ताव पारित किया था राजस्थान सरकार से भी हमने कह दिया था, जो खदान संचालित है उससे पर्याप्त कोयला मिल रहा है ऐसे में विस्तार की जरूरत ही नहीं है, लेकिन वर्तमान में एक उद्योगपति के लिए हसदेव अरण्य को उजाड़ा जा रहा है हसदेव के विनाश को रोकना होगा। जल-जंगल की लड़ाई में कांग्रेस हसदेव के साथियों के साथ है।

## सार संक्षेप

### विपक्ष अपने पैरों पर कुल्हाड़ी मारने में माहिर: मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सत्तारूढ राजष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के संसदीय दल की मंगलवार की बैठक में ऑपरेशन सिंदूर को लेकर विपक्ष के रवैए पर निशाना साधा है और कहा है कि विपक्ष खुद ही अपने पैरों पर कुल्हाड़ी मारने में माहिर है। संसद भवन परिसर में मंगलवार को आयोजित इस बैठक में ऑपरेशन सिंदूर और ऑपरेशन महादेव की सफलता के लिए श्री मोदी का अभिनंदन किया गया ।रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने प्रधानमंत्री को पुष्प हार पहनाया और सांसदों ने 'हर-हर महादेव', 'भारत माता की जय' के नारे लगाए।

### ईडी के सामने हुए पेश अनिल अंबानी

**नई दिल्ली।** रिलायंस समूह (आरएएजीए कंपनियों) के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक अनिल अंबानी से मंगलवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने नई दिल्ली स्थित अपने मुख्यालय में 17,000 करोड़ रुपए के बैंक लोन घोटाले को लेकर पूछताछ की। इस पूछताछ में ईडी की ओर से अनिल अंबानी से कई सवाल पूछे गए, जिसमें क्या लोन शेल कंपनियों को भेजे गए थे? क्या पैसा राजनीतिक दलों को दिया गया? और क्या आपने किसी अधिकारी को रिश्वत दी? आदि शामिल थे।

### भारत और फिलीपींस के बीच चार समझौतों पर हस्ताक्षर

**नई दिल्ली।** भारत और फिलीपींस ने द्विपक्षीय संबंधों को मज़बूत बनाने और उन्हें सामरिक साझेदारी में बदलने के उद्देश्य से मंगलवार को चार बड़े समझौतों पर हस्ताक्षर किए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के निमंत्रण पर भारत की यात्रा पर आए फिलीपींस के राष्ट्रपति फर्डिनेंड आर. मार्कोस जूनियर और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बीच यहां द्विपक्षीय वार्ता के बाद इन समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए।

### 14वीं बार जेल से बाहर आया गुरमीत राम रहीम

**रोहतक।** बलात्कार और हत्या के दोषी डेरा सच्चा सौदा प्रमुख गुरमीत राम रहीम सिंह को एक बार फिर हरियाणा की रोहतक जेल से पैरोल पर रिहा किया गया है।

# जनसंपर्क आयुक्त रवि मित्तल सीएम सचिवालय भी देखेंगे

## 10 आईएएस अधिकारियों को मिली नई जिम्मेदारी



**रायपुर**, 5 अगस्त (देशबन्धु)। राज्य शासन ने दस आईएएस अधिकारियों के प्रभार में बदलाव किया है।कुछ अफसरों को उनके मौजूदा दायित्वों के अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। जनसंपर्क आयुक्त की जिम्मेदारी संभाल रहे रवि मित्तल को सीएम सचिवालय में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है ।उन्हें संयुक्त सचिव का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है।इसी तरह सीजीएमएससी में फेरबदल करते हुए रितेश अग्रवाल को एमडी नियुक्त किया गया है।

आईएएस रीना बाबा साहेब कंगाले, सचिव खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग को उनके वर्तमान कर्तव्यों के साथ-साथ सचिव राजस्व एवं आपदा प्रबंधन तथा पुनर्वास विभाग, पदेन राहत एवं पुनर्वास आयुक्त, आयुक्त, भू-अभिलेख का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।

आईएएस अविनाश चम्पावत, सचिव राजस्व एवं आपदा प्रबंधन तथा पुनर्वास विभाग तथा अति. प्रभार पदेन राहत एवं पुनर्वास आयुक्त, आयुक्त, भू-अभिलेख, सचिव, सामान्य प्रशासन विभाग एवं सचिव, जन शिकायत निवारण विभाग को सचिव, सामान्य प्रशासन विभाग के पद पर पदस्थ करते हुए सचिव, जनशिकायत निवारण विभाग का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।

आईएएस रितेश कुमार अग्रवाल, संचालक कोष एवं लेखा तथा अति. प्रभार संचालक पेंशन, पंजीयक, फर्म एवं संस्थाएं को प्रबंध संचालक छग मेडिकल सर्विसेस कार्पोरेशन, रायपुर के पद पर पदस्थ किया गया है।

आईएएस प्रभात मलिक, मुख्य कार्यपालन अधिकारी छग इंफोटेक प्रमोशन सोसायटी (चिप्स) रायपुर तथा अति. प्रभार संयुक्त सचिव सुशासन एवं अभिसरण विभाग, संयुक्त सचिव इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग, संचालक उद्योग एवं नोडल अधिकारी, प्रधानमंत्री गतिशक्ति परियोजना को केवल संयुक्त सचिव सुशासन एवं अभिसरण विभाग के अतिरिक्त प्रभार से मुक्त किया गया है। शेष प्रभार यथावत रहेगा।

आईएएस रवि मित्तल, आयुक्त जनसंपर्क तथा अति. प्रभार मुख्य कार्यपालन अधिकारी संवाद को संयुक्त सचिव मुख्यमंत्री सचिवालय के पद पर पदस्थ करते हुए आयुक्त, जनसंपर्क एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी संवाद ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

# कुबेरेश्वर धाम में रुद्राक्ष वितरण में भगदड़, दो महिलाओं की मौत



**सीहोर**, 5 अगस्त (एजेंसी)। कुबेरेश्वर धाम में कल 6 अगस्त को होने वाले विशाल कांवड़ यात्रा और रुद्राक्ष वितरण कार्यक्रम को लेकर श्रद्धालुओं की जबरदस्त भीड़ उमड़ पड़ी है। देश के कोने-कोने से भक्त दो दिन पहले से ही कुबेरेश्वर धाम पहुंच रहे हैं, जिससे मंदिर परिसर और आसपास के इलाके श्रद्धालुओं से खचाखच भर गए हैं। भक्तों की लगातार आवाजाही के कारण इंदौर-भोपाल हाईवे पर भीषण ट्रैफिक जाम के हालात बन गए हैं। यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

# शांत हो गई बेखौफ आवाज

## पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक का 79 वर्ष की आयु में निधन



**नई दिल्ली,** 5 अगस्त (देशबन्धु)। जम्मू-कश्मीर, गोवा, बिहार और मेघालय के राज्यपाल रहे सत्यपाल मलिक का 5 अगस्त 2025, मंगलवार को देहांत हो गया। वह पिछले काफी समय से अस्पताल में भर्ती थे और उनका इलाज चल रहा था। सत्यपाल मलिक ने 79 वर्ष की आयु में दिल्ली स्थित राम मनोहर लोहिया अस्पताल में अंतिम सांस ली। सत्यपाल मलिक के निजी सचिव केएस राणा ने यह जानकारी दी। दिल्ली के राम मनोहर लोहिया अस्पताल के अनुसार पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक का मंगलवार दोपहर 1.10 बजे निधन हो गया। सत्यपाल मलिक के सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर उनके निधन की जानकारी दी गई। आधिकारिक जानकारी के अनुसार सत्यपाल मलिक को किडनी की समस्या थी।

**कई राष्ट्रीय मुद्दों पर बेबाक राय रखी**–मलिक ने कृषि आंदोलन, भ्रष्टाचार और कई राष्ट्रीय मुद्दों पर अपनी बेबाक राय के लिए सुर्खियां बटोरी थीं। जम्मू और कश्मीर में जब अनुच्छेद 370 और आर्टिकल 35 ए को समाप्त किया गया तब उस वक्त राज्यपाल सत्यपाल मलिक ही थे।

**सत्यपाल मलिक का सियासी सफर**–24 जुलाई 1946 को सत्यपाल मलिक, उत्तर प्रदेश के बागपत के मूल निवासी थे। मेरठ यूनवर्सिटी से विज्ञान में स्नातक और एलएलबी की डिग्री हासिल करने वाले सत्यपाल ने छात्र जीवन से राजनीति की दुनिया में कदम रखा। 1968-69 के दौरान वह छात्र संघ के अध्यक्ष भी चुने गए थे। वह सन् 1974 में पहली बार विधानसभा के सदस्य चुने गए। इसके बाद सन् 1980 से 86 और 86-89 के दौरान वह यूपी ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

# रास में सीआईएसएफ कर्मियों की मौजूदगी पर हंगामा

- विपक्ष के नेता खरगे बोले, क्या हम आतंकवादी हैं

**नई दिल्ली**, 5 अगस्त (एजेंसियां)। सदन में सीआईएसएफ कर्मियों की मौजूदगी के मुद्दे पर आज राज्यसभा में जमकर हंगामा हुआ। उपसभापति हरिवंश ने इस बात पर आपत्ति जताई कि जब खरगे ने उन्हें सीआईएसएफ कर्मियों की तैनाती को लेकर पत्र लिखा था तो उसे मीडिया में क्यों जारी किया गया। सभापति ने इसे सदन के नियमों का उल्लंघन करार दिया। इस पर खरगे ने कहा कि वह सभी को पत्र के बारे में जानकारी नहीं दे सकते थे तो उन्होंने इसे लेकर मीडिया में बयान जारी किया। चर्चा के दौरान जेपी नड्डा ने विपक्ष के रवैये पर सवाल उठाए और नसीहत देते हुए कहा कि विपक्ष को उनसे ट्यूशन लेने की जरूरत है।

सभापति के बयान पर कांग्रेस अध्यक्ष और राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि जब सदन के नेता महत्वपूर्ण मुद्दे उठा रहे होते हैं तो उस समय सदन में सीआईएसएफ कर्मियों की तैनाती गलत है। उन्होंने उदाहरण दिया कि जब अरुण जेटली राज्यसभा में और सुषमा स्वराज लोकसभा में विपक्ष के नेता थे, तो उन्होंने कहा था कि व्यवधान डालना भी लोकतंत्र को मजबूत करने का तरीका है। हम इसी तरह लोकतांत्रिक तरीके से प्रदर्शन ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

# संघ लोक सेवा आयोग की प्रारंभिक परीक्षा 2025 में सफल एससी-एसटी अभ्यर्थियों को मिलेगा एक लाख

**12 तक आवेदन आमंत्रित**

**रायपुर**, 5 अगस्त(देशबन्धु)।आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग द्वारा संघ लोक सेवा आयोग की सिविल सेवा परीक्षा में सफलता हेतु प्रोत्साहन योजना (यथा संशोधित) वर्ष 2010 के अंतर्गत प्रदेश के अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति अभ्यर्थियों को संघ लोक सेवा आयोग की सिविल सेवा प्रभाविक परीक्षा मे सफलता प्राप्त करने पर राशि रु 1,00,000/- (अक्षरी एक लाख मात्र) प्रोत्साहन राशि दिए जाने का प्रावधान है।

अत: पात्र अभ्यर्थियों से 12 अगस्त तक आवेदन आमंत्रित है। पात्रता तथा शर्तें तथा आवेदन पत्र का प्रारूप विभाग की वेबसाईट www.tribal.cg.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है। इच्छुक एवं पात्र अभ्यर्थी हेतु इस निर्धारित प्रपत्र में आवेदन पत्र आयुक्त, आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास, ब्लाक डी, भूतल इंद्रावती भवन नवा रायपुर अटल नगर में अंतिम तिथि तक जमा कर पावती प्राप्त कर सकते है। आवेदन पत्र समय सीमा में रजिस्टर्ड डाक से भी उल्लेखित पते पर भेजा जा सकता है।

# बिना मान्यता के चल रहे नर्सरी स्कूलों पर भड़के चीफ जस्टिस




- चीफ जस्टिस ने कहा ङ्क पान दुकान वाले भी चला सकते हैं नर्सरी स्कूल
- बच्चों को 5-5 लाख रुपए मुआवजा दिलाने और दूसरे मान्यता प्राप्त स्कूलों में शिफ्ट करने के निर्देश

**रायपुर**, 5 अगस्त(देशबन्धु)। बिना मान्यता के प्रदेश में चल रहे नर्सरी स्कूलों के मामले में कांग्रेस नेता विकास तिवारी की याचिका पर आज हाई कोर्ट में सुनवाई हुई। इस मामले में शिक्षा विभाग के सचिव के छुट्टी पर होने के चलते संयुक्त सचिव द्वारा पेश शपथ पत्र में कहा गया कि नर्सरी क्लास को मान्यता देने के लिए शिक्षा विभाग में कोई प्रावधान नहीं है। जिस पर भड़के चीफ जस्टिस ने कहा च्पान दुकान वाले भी बिना मान्यता के नर्सरी स्कूल चला सकते हैं। आप लोग बड़े स्कूल वालों को बचाने के लिए कमेटी बनाते हैं और दो दिनों में शपथ पत्र दे देते हैं। आप लोगों ने जो भी प्रावधानों में बदलाव किए हैं, वह तो आगे की तारीख से लागू होंगे, पर 2013 से चल रहे नर्सरी स्कूलों को मान्यता लेने का प्रावधान है, मगर मान्यता नहीं ली गई जिसके लिए बच्चों को 5-5 लाख रुपए मुआवजा दिलवाएं और बिना मान्यता वाले स्कूलों पर कार्यवाही ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

**चेतावनी** अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप ने फिर भारत को धमकाया

# 24 घंटे में भारत पर लगाऊंगा भारी टैरिफ



**कहा, भारत एक अच्छा कारोबारी साझेदार देश नहीं**

नई दिल्ली, 5 अगस्त (एजेंसियां)। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मंगलवार को बड़ा ऐलान करते हुए कहा कि मैं 24 घंटे के भीतर भारत पर भारी टैरिफ लगाऊंगा। उन्होंने रूस को वॉर मशीन बताते हुए कहा कि भारत उसको ईंधन दे रहा है।

*ट्रंप ने एक साक्षात्कार में में कहा, 'भारत एक अच्छा व्यापारिक साझेदार नहीं रहा है क्योंकि वे हमारे साथ काफी व्यापार करते हैं, लेकिन हम उनके साथ व्यापार नहीं करते।इसलिए हमने 25 फीसदी टैरिफ पर समझौता किया था, लेकिन मुझे लगता है कि मैं अगले 24 घंटे में इसे काफी बढ़ा दूंगा क्योंकि वे रूस से तेल खरीद रहे हैं।' अमेरिकी राष्ट्रपति का ये बयान ऐसे समय पर आया है, जब एक दिन पहले ही उन्होंने कहा था कि वो भारत पर टैरिफ और बढ़ाएंगे। उन्होंने कहा था कि भारत रूस से तेल खरीदकर उसे मुनाफे पर बेच रहा है। ट्रंप के इस बयान पर भारत ने कच्चे तेल के निर्यात को लेकर अमेरिका और यूरोपीय यूनियन की आलोचना की थी।*

***भारत ने अमेरिका को दिया जवाब**– विदेश मंत्रालय ने कहा कि अमेरिका खुद रूस के साथ व्यापार कर रहा है। वहीं, दूसरी तरफ भारत-रूस के व्यापार पर उंगली उठा रहा है। पिछले साल कड़े प्रतिबंधों और टैरिफ के बावजूद, अमेरिका ने रूस के साथ लगभग 3.5 अरब डॉलर का व्यापार किया था। विदेश मंत्रालय ने कहा कि अमेरिका अब भी रूस से अपने परमाणु इंडस्ट्री के लिए यूरेनियम हेक्साफ्लोराइड, इलेक्ट्रिक गाड़ियों की इंडस्ट्री के लिए पैलेडियम, उर्वरक और केमिकल आयात करता है।*

### रूस ने किया भारत का समर्थन

*ट्रंप की टैरिफ धमकियों के बीच रूस ने भारत के समर्थन में कहा कि किसी भी संप्रभु देश को अपने व्यापार साझेदार चुनने का अधिकार और उसे ऐसी धमकी नहीं दी जा सकती है।*

*क्रेमलिन के प्रवक्ता ने कहा, किसी भी देश को रूस के साथ व्यापार बंद करने के लिए मजबूर करना अवैध है। रूस के व्यापारिक साझेदारों के खिलाफ इस तरह के दबाव को धमकी के रूप में समझा जाएगा।*

# देश

**उवाच**



"बिहार के शिक्षा बजट का एक तिहाई ऐसे विद्यालयों के विकास में खर्च किया जाएगा। शुरुआत में राज्य के प्रत्येक प्रखंड में नेतरहाट के जैसा एक विद्यालय विकसित किया जाएगा और इसके बाद प्रत्येक प्रखंड में ऐसे पांच विद्यालय खोलने का लक्ष्य रखा गया है।

–प्रशांत किशोर,जनसुराज पार्टी के सूत्रधार

| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 33.0 | 26.0 |
| मुंबई | 31.0 | 26.0 |
| कोलकाता | 29.0 | 27.0 |
| चेन्नई | 32.0 | 28.0 |

# आदि कर्मयोगी अभियान से जुड़ें सभी जनजातीय प्रतिनिधि : मुर्मु

## राष्ट्रपति ने धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान का किया उल्लेख

**नई दिल्ली/रायपुर,** 5 अगस्त (एजेंसियां)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने मंगलवार को सभी जनजातीय प्रतिनिधियों से केंद्र सरकार की एक महत्वाकांक्षी पहल 'आदि कर्मयोगी अभियान' से जुड़ने का आह्वान करते हुए कहा कि लगभग 20 लाख आदिवासी सरकारी अधिकारियों और अन्य हितधारकों को प्रशिक्षित कर एक समर्पित समूह तैयार करना है। मुर्मु ने इस दौरान 'धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान' और 'पीएम जनमन योजना' का विशेष उल्लेख करते हुए सरकार की आदिवासी हितैषी योजनाओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने सभी जनजातीय प्रतिनिधियों से केंद्र सरकार की एक महत्त्वाकांक्षी पहल 'आदि कर्मयोगी अभियान' से जुड़ने का आह्वान किया।

उन्होंने बताया कि इस अभियान का लक्ष्य लगभग 20 लाख आदिवासी सरकारी अधिकारियों और अन्य हितधारकों (युवा चैंपियन, फ्रंटलाइन कार्यकर्ता, स्वयं सहायता समूह के पदाधिकारी, स्वयंसेवक आदि) को प्रशिक्षित कर एक समर्पित समूह तैयार करना है जो देश के लगभग एक लाख जनजातीय बहुल गांवों में सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का शत प्रतिशत लाभ पहुंचाने की दिशा में काम करे तथा जनजातीय नागरिकों और संस्थाओं के बीच सामुदायिक भागीदारी के विश्वास को मजबूत करे। इस अवसर पर विकास मरकाम ने छत्तीसगढ़ के परिपेक्ष्य में चर्चा करते हुए



जनजातीय नागरिकों व संस्थाओं के बीच सामुदायिक भागीदारी के विश्वास को करें मजबूत : द्रौपदी मुर्मु

बताया कि हमारे राज्य की लगभग 32 प्रतिशत जनसंख्या हमारे आदिवासी समुदायों की है। आजादी के इस अमृतकाल में देश की संवैधानिक प्रमुख के रूप में पहली आदिवासी महिला राष्ट्रपति मिलने पर पूरे समाज मे खुशी की लहर है। साथ ही साथ बहुत ही गर्व के साथ मैं कहना चाहता हूं कि हमारे प्रदेश में भी विष्णुदेव साय को पहली बार आदिवासी मुख्यमंत्री बनाये जाने से यह सिद्ध होता है कि अब भारत का लोकतंत्र हाशिये के लोगों को मुख्यधारा में लाने के लिये प्रतिबद्ध है। उन्होंने यह भी कहा कि केंद्र की मोदी सरकार ने भारत के समस्त आदिवासी समूहों को न केवल संगठित किया बल्कि यह स्वाभिमान भी जगाया कि आदिवासियों का उत्थान कोई कृपा नहीं, यह सामाजिक न्याय है। हमारे सांस्कृतिक विरासत और गौरव गाथा को याद करने के लिए 'जनजाति गौरव दिवस' के रूप में एक विशेष दिन देने के लिए भी उन्होंने राष्ट्रपति मुर्मु, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री साय के प्रति गहरी कृतज्ञता व्यक्त करते हुए आदिवासी समाज की ओर से आभार व्यक्त किया।

### सेवानिवृत्त अधिकारियों के प्रतिनिधिमंडल ने की मुर्मु से भेंट

देश के आदिवासी बहुल राज्यों से आए सेवानिवृत्त अधिकारियों और समाजसेवियों के एक प्रतिनिधिमंडल ने राष्ट्रपति भवन में मुर्मु से भेंट की। इस प्रतिनिधिमंडल में छत्तीसगढ़, उड़ीसा, असम, आंध्र प्रदेश, त्रिपुरा, अरुणाचल प्रदेश, नागालैंड एवं पश्चिम बंगाल के जनजातीय समुदायों से जुड़े लोग शामिल रहे। इस विशेष अवसर पर जनजाति कार्य मंत्री जुएल उरांव, ऊर्जा एवं नगरीय प्रशासन मंत्री मनोहर लाल खट्टर, जनजाति कार्य राज्यमंत्री दुर्गादास उइके, भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जनजाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष समीर उरांव, एवं जनजाति कार्य मंत्रालय के सचिव और वरिष्ठ अधिकारीगण भी उपस्थित रहे।

## सीहोर के कुबेरेश्वर धाम में भगदड़

**सीहोर,** 5 अगस्त (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश के सीहोर जिले स्थित कुबेरेश्वर धाम में आज रुद्राक्ष वितरण के दौरान भारी भीड़ के कारण कथित तौर पर मची भगदड़ में दो महिलाओं की मौत हो गई और 10 से अधिक श्रद्धालु घायल हो गए। भीड़ इतनी बढ़ गई कि ठहरने और दर्शन की व्यवस्थाएं ध्वस्त हो गईं। यहां आने वाले श्रद्धालु प्रशासन पर लापरवाही के आरोप लगा रहे हैं। सूत्रों के अनुसार कुबेरेश्वर धाम में रुद्राक्ष वितरण अचानक बंद करने के कारण भीड़ बेकाबू हो गई और अफरा-तफरी में दो महिलाएं दब गईं, जिनकी मौके पर ही मौत हो गई। करीब 10 अन्य श्रद्धालु घायल हुए, जिनमें से दो की हालत गंभीर बताई जा रही है। हादसे के बाद तीन घायलों को जिला अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टरों ने दो महिलाओं को मृत घोषित कर दिया। दोनों की उम्र लगभग 50 वर्ष बताई जा रही है। दरअसल कुबेरेश्वर धाम के प्रमुख पंडित प्रदीप मिश्रा निकली जाने वाली विशाल कांवड़ यात्रा के लिए देश भर से लाखों श्रद्धालु सीहोर पहुंचे हैं। इसी बीच एएसपी ने भगदड़ मचने जैसी स्थिति से इंकार किया है। हालांकि उन्होंने कहा कि रुद्राक्ष वितरण रुकने के बाद धक्का-मुक्की में दो महिलाओं की मौत और तीन-चार महिलाओं के घायल होने की पुष्टि हुई है।

**दो महिलाओं की मौत**

# पांच अगस्त न केवल जम्मू-कश्मीर के लिए बल्कि पूरे देश के लिए काला दिन : महबूबा

### अनुच्छेद 370 के निरस्तीकरण की छठी वर्षगांठ पर नेशनल कॉन्फ्रेंस व पीडीपी ने किया विरोध प्रदर्शन

**श्रीनगर,** 5 अगस्त (एजेंसियां)। जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद-370 के निरस्तीकरण की छठी वर्षगांठ के मौके पर मंगलवार को कश्मीर के प्रमुख राजनीतिक दलों ने केंद्र पर संविधान और लोकतंत्र को नष्ट करने का आरोप लगाते हुए विरोध प्रदर्शन किया जबकि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने इसका जश्न मनाते हुए तिरंगा रैली निकाली।

पांच अगस्त-2019 को भाजपा नीत केंद्र सरकार ने भारतीय संविधान के अनुच्छेद 370 के तहत जम्मू कश्मीर को दिए गए विशेष दर्जे को रद्द कर दिया था और तत्कालीन राज्य को दो केंद्र शासित प्रदेशों में



विभाजित कर दिया था। पीडीपी और कांग्रेस ने श्रीनगर में अलग-अलग प्रदर्शन किए तथा आज के दिन को 'संवैधानिक विश्वासघात' और जम्मू-कश्मीर को निशाना बनाने का प्रतीक बताया। दोनों ही पार्टियों के विरोध प्रदर्शन हालांकि अपने-अपने पार्टी मुख्यालयों तक ही सीमित रहे। पुलिस ने दोनों पार्टी के नेताओं को लाल चौक की ओर मार्च करने से रोक दिया। प्रदर्शनकारियों को सड़कों पर जाने से रोकने के लिए कार्यालयों के आसपास पुलिस और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल की भारी तैनाती की गई थी। पीडीपी प्रमुख महबूबा मुफ्ती ने संवाददाताओं से कहा, लगभग 100-150 पार्टी कार्यकर्ता और नेता यहां विरोध प्रदर्शन के लिए एकत्र हुए थे और कार्यालय के प्रवेशद्वार के बाहर हजारों सुरक्षाकर्मी तैनात थे। यह अपने आप में जम्मू-कश्मीर की कहानी बयां करता है।

बाद में मुफ्ती ने एक्स पर अपने पोस्ट में कहा पांच अगस्त न केवल जम्मू कश्मीर के लिए, बल्कि पूरे देश के लिए एक काला दिन है। इस दिन संविधान को विदेशी हाथों से नहीं, बल्कि हमारे लोकतंत्र के केंद्र में क्रूर बहुमत के जरिए नष्ट किया गया था।

### जम्मू-कश्मीर के लोगों की पहचान उनसे छीन ली गई : हमीद कर्रा

जम्मू-कश्मीर कांग्रेस प्रमुख तारिक हमीद कर्रा ने कहा कि पांच अगस्त-2019 को जम्मू कश्मीर के लोगों की पहचान उनसे छीन ली गई। जम्मू कश्मीर न केवल दो हिस्सों में बंट गया, बल्कि दोनों हिस्सों का अपमान भी हुआ। किसी भी हालत में यह दिन जम्मू कश्मीर के लोगों के लिए जश्न मनाने लायक नहीं है। यह हमारे लिए शोक का दिन है। इस बीच भाजपा कार्यकर्ताओं ने अनुच्छेद 370 के निरस्तीकरण की छठी वर्षगांठ मनाने के लिए श्रीनगर के लाल चौक में तिरंगा रैली निकाली।

## सार संक्षेप

### विदेशी नागरिक से धोखाधड़ी मामले में दो साल की कैद

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर की राजधानी श्रीनगर की एक जिला अदालत ने एक विदेशी नागरिक से जमीन बेचने को लेकर की गई 34 लाख रुपए की ठगी के 12 साल पुराने मामले में दो भाइयों को दो साल कैद की सजा सुनाई है। अदालत ने श्रीनगर के अबी-करपोरा निवासी दो भाइयों मुख्तार अहमद गुरु और नज़ीर अहमद गुरु को आरपीसी की धारा 420 और 109-बी के तहत धोखाधड़ी और आपराधिक षड्यंत्र का दोषी पाया। यह मामला 2008 का है और इसमें आरोप था कि दोनों आरोपियों ने श्रीनगर में एक आवासीय अचल संपत्ति खरीदने के मामले में एक विदेशी नागरिक से धोखे से 34 लाख रुपए हड़प लिए।

### ओडिशा में 835 आदर्श विद्यालयों की स्थापना की घोषणा

**भुवनेश्वर।** ओड़िशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने कहा है कि सरकार राज्य में पहले चरण में 835 गोदावरीश मिश्रा आदर्श प्राथमिक विद्यालयों की स्थापना करेगी। गोदावरीश मिश्रा आदर्श प्राथमिक विद्यालय योजना की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि कम से कम दो एकड़ में कक्षा नर्सरी से लेकर आठवीं तक के लिए विद्यालयों की स्थापना की जाएगी। इन विद्यालयों में कम से कम सौ बच्चे होंगे।

### अंबाजी में भाद्रपद पूनम महामेला एक सितंबर से

**गांधीनगर।** गुजरात के अंबाजी में भाद्रपद पूनम महामेला एक सितंबर से सात सितंबर तक आयोजित होगा। 'स्वच्छता और सुरक्षा' के मंत्र के साथ श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए प्रशासन तैयार हो रहा है। सरकारी सूत्रों ने बताया कि राज्य के मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल ने पिछले कुछ समय से राज्य के हाई प्रायोरिटी प्रोजेक्ट की समीक्षा करने का नया उपक्रम प्रारंभ किया है। उनके इसी उपक्रम को अब उच्चाधिकारियों ने भी अपनाना शुरू किया है।

### ड्रोन उड़ाने के आरोप में पांच के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

**मुंबई।** मुंबई पुलिस ने मंगलवार को महानगर के लालबाग में महागणपति आगमन जुलूस के दौरान निषेधाज्ञा के बावजूद और बिना अनुमति के ड्रोन उड़ाने के आरोप में पांच लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की। सूत्रों के मुताबिक आरोपी प्रतिष्ठित कालाचौकी चा महागणपति प्रतिमा के पंडाल में आगमन के प्रतीक भव्य जुलूस के दृश्य कैद करने के लिए कथित रूप से ड्रोन का इस्तेमाल कर रहे थे। एक अधिकारी ने बताया, त्वरित प्रतिक्रिया दल को इलाके में एक संदिग्ध उड़ती हुई वस्तु के बारे में सूचना मिली थी। जांच के बाद त्वरित प्रतिक्रिया टीम ने ड्रोन संचालकों का पता लगाया और रेजॉयस होटल के आसपास से तीन ड्रोन जब्त किए गए।

## बसपा अंबेडकरवादी सिद्धांत पर चलने वाला दल : मायावती

**लखनऊ,** 5 अगस्त (एजेंसियां)। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) प्रमुख मायावती ने साफ किया है कि उनकी पार्टी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) अथवा कांग्रेस जैसे दलो से अलग अंबेडकरवादी सिद्धांत और नीति पर चलने वाली है। मायावती ने मंगलवार को एक्स पर लिखा कि कुछ लोग बसपा की छवि खराब करने का प्रयास कर रहे हैं। इसलिये उन्हे कहना है कि बसपा ना तो बीजेपी के एनडीए गठबंधन



के साथ है और ना ही कांग्रेस के इण्डिया समूह (गठबंधन) के साथ है, तथा, ना ही अन्य किसी और भी फ्रन्ट के साथ है। बल्कि इन दोनों व अन्य और किसी भी जातिवादी गठबंधनों से अलग अपनी 'सर्वजन हिताय व सर्वजन सुखाय' के अम्बेडकरवादी सिद्धान्त व नीति पर चलने वाली पार्टी है। उन्होंने कहा कि इसके बावजूद खासकर दलित, आदिवासी एवं अन्य पिछड़ा वर्ग विरोधी तथा इन वर्गों के प्रति जातिवादी मानसिकता रखने वाले कुछ मीडिया बसपा की इमेज को बीच-बीच में धूमिल करने व राजनीतिक नुकसान पहुंचाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ते हैं, जिसको लेकर पार्टी को लगातार अपने लोगों को इनसे सतर्क करते रहने की ज़रूरत पड़ती रहती है। बसपा अध्यक्ष ने पार्टी के लोगों से कहा कि वे राजनीतिक षड्यंत्र के तहत् मीडिया के इस प्रकार के घिनौने हथकंडों से हमेशा जरूर सावधान रहें और किसी के भी बहकावे में ना आए, क्योंकि जातिवादी तत्व अपने अम्बेडकरवादी कारवां को कमजोर करने के घिनौने षड्यंत्र में हमेशा किसी ना किसी रूप में लगे रहते हैं।

# झारखंड की आत्मा का स्तंभ चला गया : हेमंत सोरेन

**रांची,** 5 अगस्त (एजेंसियां)। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अपने पिता पूर्व मुख्यमंत्री और राज्यसभा सांसद शिबू सोरेन के निधन पर सोशल मीडिया पर एक भावुक ट्वीट किया है। उनका ट्वीट इस प्रकार है। अपने जीवन के सबसे कठिन दिनों से गुज़र रहा हूं। मेरे सिर से सिर्फ पिता का साया नहीं गया, झारखंड की आत्मा का स्तंभ चला गया। मैं उन्हें सिर्फ 'बाबा' नहीं कहता था वे मेरे पथप्रदर्शक थे, मेरे विचारों की जड़ें थे, और उस जंगल जैसी छाया थे जिसने हजारों-लाखों झारखंडियों को धूप और अन्याय से बचाया। मेरे बाबा की शुरुआत बहुत साधारण थी। नेमरा गांव के उस छोटे से घर में जन्मे, जहां गरीबी थी, भूख थी, पर हिम्मत थी। बचपन में ही उन्होंने अपने पिता को खो दिया जमींदारी के शोषण ने उन्हें एक ऐसी आग दी जिसने उन्हें पूरी जिंदगी संघर्षशील बना दिया। मैंने उन्हें देखा है। हल चलाते हुए, लोगों के बीझच बैठते हुए, सिर्फ भाषण नहीं देते थे, लोगों का दु:ख जीते थे। बचपन में जब मैं उनसे पूछता था। बाबा, आपको लोग दिशोम



शिबू सोरेन के निधन पर हुए भावुक

गुरु क्यों कहते हैं। तो वे मुस्कुराकर कहते क्योंकि बेटा, मैंने सिर्फ उनका दुख समझा और उनकी लड़ाई अपनी बना ली। वो उपाधि न किसी किताब में लिखी गई थी, न संसद ने दी झारखंड की जनता के दिलों से निकली थी। 'दिशोम' मतलब समाज, 'गुरु' मतलब जो रास्ता दिखाए। और सच कहूं तो बाबा ने हमें सिर्फ रास्ता नहीं दिखाया, हमें चलना सिखाया। बचपन में मैंने उन्हें सिर्फ संघर्ष करते देखा, बड़े बड़ों से टक्कर लेते देखा मैं डरता था पर बाबा कभी नहीं डरे। वे कहते थे अगर अन्याय के खिलाफ खड़ा होना अपराध है, तो मैं बार-बार दोषी बनूंगा। बाबा का संघर्ष कोई किताब नहीं समझा सकती। वो उनके पसीने में, उनकी आवाज़ में, और उनकी चप्पल से ढकी फटी एड़ी में था। जब झारखंड राज्य बना, तो उनका सपना साकार हुआ पर उन्होंने कभी सत्ता को उपलब्धि नहीं माना। उन्होंने कहा कि यह राज्य मेरे लिए कुर्सी नहीं यह मेरे लोगों की पहचान है। आज बाबा नहीं हैं, पर उनकी आवाज़ मेरे भीतर गूंज रही है। मैंने आपसे लड़ना सीखा बाबा, झुकना नहीं। मैंने आपसे झारखंड से प्रेम करना सीखा बिना किसी स्वार्थ के। अब आप हमारे बीच नहीं हो, पर झारखंड की हर पगडंडी में आप हो। हर मांदर की थाप में, हर खेत की मिट्टी में, हर गरीब की आंखों में आप झांकते हो। आपने जो सपना देखा अब वो मेरा वादा है। मैं झारखंड को झुकने नहीं दूंगा, आपके नाम को मिटने नहीं दूंगा। आपका संघर्ष अधूरा नहीं रहेगा। अगर अन्याय के खिलाफ खड़ा होना अपराध है, तो मैं बार-बार दोषी बनूंगा।

### गुरुजी शिबू सोरेन को मिले भारत रत्न : इरफान अंसारी



झारखंड सरकार के स्वास्थ्य, खाद्य आपूर्ति एवं आपदा प्रबंधन मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने भारत सरकार से आग्रह किया है कि झारखंड आंदोलन के महानायक, दिशुम गुरु शिबू सोरेन को 'भारत रत्न' से सम्मानित किया जाए। डॉ. अंसारी ने कहा कि शिबू सोरेन सिर्फ एक राजनेता नहीं, बल्कि एक आंदोलनकारी, एक जननायक और करोड़ों आदिवासियों के अधिकारों की आवाज रहे हैं। उनका जीवन जल, जंगल और जमीन की लड़ाई को समर्पित रहा है। उन्होंने आदिवासी समाज को संगठित कर उनके हक और हुकूक की रक्षा की, और झारखंड राज्य के गठन में निर्णायक भूमिका निभाई।

# बिहार में शिक्षक नियुक्ति प्रक्रिया में डोमिसाइल नीति हुई लागू

**पटना,** 5 अगस्त (देशबन्धु)। बिहार सरकार ने प्रदेश में शिक्षक नियुक्ति की प्रक्रिया में मंगलवार से डोमिसाइल नीति को औपचारिक रूप से लागू कर दिया है और शिक्षा विभाग ने इससे जुड़ी अधिसूचना भी जारी कर दी है। चुनावी साल में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शिक्षक बहाली प्रक्रिया को लेकर बड़ा फैसला लिया है। अब शिक्षा विभाग के अंतर्गत होने वाली नियुक्तियों में 84.4 प्रतिशत सीटें बिहार के निवासियों के लिए आरक्षित होंगी।

कैबिनेट बैठक के बाद अपर मुख्य सचिव डॉ. एस. सिद्धार्थ ने जानकारी दी कि बिहार में पहले से ही जातीय आधार पर 50 प्रतिशत और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए 10 प्रतिशत



शिक्षा विभाग ने जारी की अधिसूचना

आरक्षण लागू है। शेष बची 40 प्रतिशत अनारक्षित सीटों में से 35 प्रतिशत सीटें पहले से ही बिहार मूल की महिलाओं के लिए आरक्षित हैं। अब संशोधित नियमावली के तहत, बची हुई 65 प्रतिशत सामान्य सीटों में से 40 प्रतिशत सीटें उन उम्मीदवारों के लिए आरक्षित की जाएंगी, जिन्होंने बिहार से मैट्रिक और इंटर किसी भी बोर्ड से पास किया हो। इस प्रकार अनारक्षित सीटों में अब केवल 15 प्रतिशत सीटें शेष रह जाएंगी, जिन पर बिहार और अन्य राज्यों के सामान्य वर्ग के पुरुष व महिलाएं आवेदन कर सकेंगे।

### बैठक में कुल 36 प्रस्तावों पर लगी मुहर

मंगलवार को हुई राज्य कैबिनेट की बैठक में इस प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई। कैबिनेट की इस बैठक में बिहार राज्य विद्यालय अध्यापक नियुक्ति, स्थानांतरण, अनुशासनात्मक कार्रवाई एवं सेवा शर्त संशोधन नियमावली 2025 को स्वीकृति दी गई। बैठक में कुल 36

## बीआरएस नेता मनोहर रेड्डी भाजपा में शामिल

**पेड्डापल्ली,** 5 अगस्त (एजेंसियां)। तेलंगाना में भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के नेता एन मनोहर रेड्डी अपने 300 समर्थकों के साथ मंगलवार को यहां भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गए। तेलंगाना प्रदेश भाजपा अध्यक्ष एन. रामचंद्र राव ने पार्टी कार्यकर्ताओं के सम्मेलन में रेड्डी और अन्य का पार्टी में स्वागत किया। इस मौके पर राव ने कहा कि लोग बीआरएस के भ्रष्टाचार और कांग्रेस के जनविरोधी शासन से निराश हो चुके हैं। उन्होंने कांग्रेस पर जन मुद्दों को हल करने में विफल रहने का आरोप लगाया। किसानों के मुद्दों का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि केंद्र की ओर से 2024-25 के रबी सीजन के लिए राज्य की 9.80 लाख टन यूरिया की आवश्यकता के मुकाबले 12.47 लाख टन यूरिया की आपूर्ति के बावजूद राज्य सरकार के कुप्रबंधन और ढीली निगरानी के कारण उर्वरकों की अभी भी कालाबाजारी हो रही है। कांग्रेस सरकार बिचौलियों का समर्थन कर रही है और उर्वरकों के अवैध उपयोग को बढ़ावा दे रही है।

# मंडल कमंडल उठाकर अपना अस्तित्व बचा लें मंगनी लाल : तेजप्रताप यादव

### राजद प्रदेश अध्यक्ष पर भड़के तेजप्रताप

**पटना,** 5 अगस्त (देशबन्धु)। पटना में मंगवार को तेजप्रताप यादव ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर मीडिया के सवालों का जवाब दिया। इस दौरान बताया कि वीवीआईपी पार्टी, विकास वंचित इंसान पार्टी सहित अन्य पार्टियों ने टीम तेजप्रताप यादव के साथ गठबंधन कर लिया है। इन पार्टियों के साथ गठबंधन के बाद तेजप्रताप यादव ने प्रेस को संबोधित करते हुए कहा कि आज कई पार्टियां हमारे साथ जुड़ रहे हैं। राजद को अगर इस गठबंधन के साथ आना है तो वो आए। लेकिन जेडीयू और बीजेपी को हम कभी साथ नहीं आने देंगे। हम समाजवादी लोग हैं ऐसी पार्टी से गठबंधन कभी नहीं करेंगे। मीडिया ने तेजप्रताप से पूछा कि राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश अध्यक्ष मंगनी लाल मंडल कहते हैं कि तेजप्रताप का पार्टी में कुछ भी अस्तित्व नहीं है। इतना सुनते ही तेजप्रताप



भड़क गए और कहने लगे कि मंडल कमंडल उठाकर अपना अस्तित्व बचा लें। तेजप्रताप ने आगे कहा कि मंडल जी को कमंडल उठाकर बनारस और वृंदावन चल जाना चाहिए। वृंदावन में हम अपने गुरू जी के आश्रम में उनको भेज देंगे। तेजप्रताप ने कहा कि हम किसी के ऊपर टिप्पणी नहीं करना चाहते। एक जनप्रतिनिधि को धरातल से जुड़कर जनता के सुख-दुख में साथ होकर दायित्व निभाना चाहिए वैसे ही हम आगे बढ़ रहे। हमने महुआ से चुनाव लड़ने का बिगुल फूंक दिया है। आगे की लड़ाई हम साथ लड़ेंगे, बहुत दुश्मन लोगो को लगेगा कि हम आगे बढ़ रहे हैं। मुझे पूरा विश्वास है कि हम आगे बढ़ेंगे। तेजप्रताप ने मुकेश सहनी की पार्टी वीआईपी को बहरूपिया पार्टी कहा। असली निषादों की पार्टी तो हमारे साथ हैं।

**उद्घाटन** | नीतीश कुमार ने सालेपुर-राजगीर फोरलेन हाई-वे के निर्माण कार्य का किया शिलान्यास

# पटना से राजगीर की दूरी बीस किलोमीटर हो जाएगी कम

**पटना, 5 अगस्त (एजेंसियां)। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मंगलवार को नालंदा जिले के राजगीर में सालेपुर-राजगीर फोरलेन हाई-वे के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया तथा राष्ट्रीय उच्च पथ 82 पर नवनिर्मित आर.ओ.बी का उद्घाटन किया। कुमार ने राजगीर के सिलाव के बेलौआ में आयोजित कार्यक्रम स्थल से 862.63 करोड़ रुपए की लागत से नालंदा जिला अंतर्गत सालेपुर (एस.एच-78) से।**

नूरसराय-अहियापुर-सिलाव होते हुए एन.एच-120 के बेलौआ (राजगीर) तक फोर लेन हाई-वे (बौद्ध सर्किट को जोड़नेवाला राजगीर का पर्यटन मार्ग) के निर्माण कार्य का शिलापट्ट अनावरण कर शिलान्यास किया। कुमार ने शिलान्यास के बाद कहा कि इस पथ का निर्माण हो जाने से पटना से राजगीर की दूरी लगभग 20 किमी कम हो जाएगी।

इसके बन जाने से राजगीर में निर्माणाधीन, निर्मित अंतरराष्ट्रीय खेल परिसर एवं हवाई अड्डा, नालंदा विश्वविद्यालय एवं राजगीर पर्यटन क्षेत्र पहुंचना सुगम हो जाएगा। उन्होंने कहा



कि इस पथ के बन जाने से इस क्षेत्र में औद्योगिक एवं आर्थिक विकास में प्रगति होगी। साथ ही पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। गौरतलब है कि इस परियोजना के माध्यम से बिहटा-सरमेरा राजकीय उच्च पथ (एस.एच-78), सालेपुर- करौटा पथ, बिहार शरीफ-जहानाबाद राष्ट्रीय उच्च पथ (एनएच-33) तथा बिहार शरीफ-

- **राष्ट्रीय उच्च पथ पर नवनिर्मित आरओबी का किया उद्घाटन**
- **पथ निर्माण से औद्योगिक एवं आर्थिक विकास में प्रगति होगी**

राजगीर-गया-डुमरांव राष्ट्रीय उच्च पथ (एन.एच120) आपस में जुड़ जाएंगे। कुमार ने इसके बाद ग्राम हसनपुर में आयोजित कार्यक्रम स्थल पर 81 करोड़ 37 लाख रुपए की लागत से राष्ट्रीय उच्च पथ संख्या 82 के भाग 74+683 पर राजगीर रोड ओवरब्रिज ( पहुंच पथ सहित) का फीता काटकर उद्घाटन किया। उद्घाटन के बाद मुख्यमंत्री ने नवनिर्मित ओवरब्रिज का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने इस दौरान कहा कि यह राजगीर के लिए बहुत महत्वपूर्ण है, इससे लोगों का आवागमन और सुगम हो जाएगा तथा जाम से निजात मिलेगी। गौरतलब है कि रेलवे ओवरब्रिज राष्ट्रीय उच्च पथ संख्या-120 (पुराना एन.एच.82) सरदार पटेल हॉल्ट एवं राजगीर परिसर में स्थित है। पहले यहां लेवल क्रॉसिंग पर जाम की स्थिति बनी रहती थी। इस आर.ओ.बी के बगल से राजगीर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स की तरफ राजगीर, नवादा एवं गयाजी से जाने के लिए पथ निकलती है। राजगीर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम है, जिसमें कई अंतरराष्ट्रीय स्तर की खेल प्रतिस्पर्द्धाएं होती रहती हैं और आर.ओ.बी से राजगीर अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम की दूरी 8 किमी है।

मुख्यमंत्री ने राजगीर खेल परिसर स्थित स्टेडियम में एशिया रग्बी अंडर 20 चैंपियनशिप की तैयारियों का जायजा लिया और वहां अभ्यास कर रहे खिलाड़ियों से मुलाकात कर उनका उत्साहवर्द्धन किया। कुमार ने इसके बाद भूटानी मंदिर में पूजा-अर्चना कर राज्य की सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना की।




### कोलकाता में लॉन्च होगा 'द बंगाल फाइल्स' का ट्रेलर

**मुंबई।** फेमस फिल्ममेकर विवेक रंजन अग्निहोत्री इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म 'द बंगाल फाइल्स' का प्रमोशन अमेरिका में कर रहे हैं। इसके लिए वह अलग-अलग शहरों में वर्ल्ड प्रीमियर आयोजित कर रहे हैं। इस बीच उन्होंने बड़ा ऐलान किया है। कहा है कि तमाम दिक्कतों के बावजूद ट्रेलर कोलकाता में ही रिलीज किया जाएगा। वहीं से उन्होंने एक वीडियो इंस्टाग्राम पर शेयर कर बताया कि उनकी मूवी का ट्रेलर कहां रिलीज किया जाएगा। इस वीडियो में उन्होंने पश्चिम बंगाल सरकार पर भी गंभीर आरोप लगाए हैं। दरअसल, सीएम ममता बनर्जी की पार्टी टीएमसी के कुछ सदस्यों ने निर्देशक विवेक रंजन अग्निहोत्री, प्रोड्यूसर अभिषेक अग्रवाल और एक्ट्रेस-प्रोड्यूसर पल्लवी जोशी के खिलाफ कई एफआईआर दर्ज करवाए हैं।

# टीबी मरीजों के लिए बेहद घातक है मधुमेह

■ इलाज के विफल रहने पर बढ़ सकता है मौत का खतरा ■ मधुमेह के मरीजों की संख्या 10 करोड़ से अधिक

**नई दिल्ली,** 5 अगस्त (एजेंसियां)। विशेषज्ञों ने मंगलवार को बताया कि मधुमेह लगातार रोग प्रतिरोधक क्षमता को कमजोर करता है, जिससे टीबी के मरीजों का स्वास्थ्य बिगड़ता है और मृत्यु का जोखिम बढ़ जाता है।

टीबी और डायबिटीज, दोनों वैश्विक स्वास्थ्य के लिए गंभीर चुनौतियां हैं। भारत में टीबी एक प्रमुख सार्वजनिक स्वास्थ्य समस्या है। साल 2024 में देश में 28 लाख टीबी मामले दर्ज किए गए, जो वैश्विक स्तर पर 26 प्रतिशत है। इसके अलावा, 3.15 लाख टीबी से संबंधित मौतें हुईं, जो विश्व में 29 प्रतिशत हैं। दूसरी ओर, भारत में डायबिटीज के मरीजों की संख्या 10 करोड़ से अधिक हो चुकी है। आईसीएमआर-नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ एपिडेमियोलॉजी, चेन्नई के वरिष्ठ चिकित्सा वैज्ञानिक हेमंत डी. शेवड़े ने बताया कि डायबिटीज रोग प्रतिरोधक क्षमता को कमजोर करता है, जिससे टीबी का खतरा बढ़ जाता है। टीबी से पीड़ित लोगों में डायबिटीज उनकी पहले से कमजोर इम्यून सिस्टम को और प्रभावित करता है, जिसके कारण ब्लड ग्लूकोज नियंत्रण बिगड़ जाता है, उपचार विफल होने की आशंका बढ़ जाती है



और उपचार के बावजूद मृत्यु का जोखिम अधिक होता है।

हाल ही में जर्नल प्लॉस वन में प्रकाशित एक शोध पत्र में शेवड़े और उनकी टीम ने बताया कि टीबी और मधुमेह से पीड़ित लोगों में उपचार के बाद भी बैक्टीरिया मौजूद रहने की संभावना दो से तीन गुना, उपचार पूरा होने के बाद फिर से होने की संभावना चार गुना और मृत्यु की संभावना पांच गुना अधिक होती है। टीबी का इलाज मधुमेह के प्रबंधन को और भी मुश्किल बना देता है, जिससे रोग नियंत्रण कमजोर हो जाता है।

शेवड़े ने टीबी और मधुमेह से पीड़ित लोगों की ग्लाइसेमिक स्थिति की निगरानी में सुधार की आवश्यकता पर जोर दिया। वर्तमान में राष्ट्रीय टीबी कार्यक्रम के तहत मधुमेह का प्रबंधन टीबी के साथ या उसके बिना एक समान है। हालांकि, यह स्पष्ट करने के लिए और शोध की आवश्यकता है कि सख्त ग्लाइसेमिक नियंत्रण (एचबीए1सी 7 प्रतिशत से कम) जरूरी है या सामान्य नियंत्रण (एचबीए1सी 8 प्रतिशत से कम) पर्याप्त है। साथ ही, टीबी-डायबिटीज के मरीजों के लिए इंसुलिन के उपयोग पर भी और अध्ययन की जरूरत है।

शोध में कैपिलरी फास्टिंग ब्लड ग्लूकोज टेस्ट को टीबी-डायबिटीज के मरीजों की ग्लाइसेमिक स्थिति जांचने के लिए उपयोगी बताया गया। अध्ययनों के अनुसार, डायबिटीज के मरीजों में टीबी का जोखिम 3.5 से 5 गुना अधिक होता है, खासकर टाइप-1 डायबिटीज के मरीजों में। इन मरीजों में उपचार के बाद फिर से होने और देर से डायग्नोस होने पर मृत्यु का जोखिम भी अधिक होता है।

### दो सप्ताह वाले खांसी मरीजों को करानी चाहिए जांच

विश्व स्वास्थ्य संगठन सुझाव देता है कि दो सप्ताह से अधिक खांसी वाले डायबिटीज मरीजों की टीबी की जांच होनी चाहिए। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, नई दिल्ली की माइक्रोबायोलॉजी विभाग की डॉ. उर्वशी सिंह ने बताया कि टाइप-1 डायबिटीज के मरीजों में पल्मोनरी ट्यूबरक्लोसिस की व्यापकता पर कम ही जानकारी उपलब्ध है।

# बदलते मौसम में बच्चों की सेहत पर बुरा असर

**नई दिल्ली,** 5 अगस्त (एजेंसियां)। मानसून का मौसम अपने साथ ठंडी हवाएं, हरियाली और सुकून की फुहारें जरूर लाता है, लेकिन इसके साथ ही बीमारियों का खतरा भी बढ़ जाता है, खासकर छोटे बच्चों के लिए। बारिश की बूंदें भले ही बच्चों के चेहरे पर मुस्कान ले आएं, लेकिन नमी, गंदगी और बार-बार बदलता मौसम बच्चों की सेहत पर बुरा असर डाल सकता है। संक्रमण और वायरल बुखार जैसी समस्याओं का कारण बन सकता है, ऐसे में पेरेंट्स को बच्चों की देखभाल को लेकर ज्यादा सतर्क रहने की जरूरत होती है। मानसून में बच्चों की सेहत को सुरक्षित रखने के लिए कुछ बातों का खास ध्यान रखना चाहिए।

**खानपान पर दें खास ध्यान :** बच्चों की इम्युनिटी कमजोर होती है और मानसून में यह और अधिक प्रभावित हो सकती है। ऐसे में खानपान का खास ख्याल रखना जरूरी है। इस मौसम में बाहर का खाना और ज्यादा तला-भुना खाना



देने से बचना चाहिए, क्योंकि इससे फूड पॉइजनिंग और पेट से जुड़ी समस्याएं हो सकती हैं। घर में बना गर्म और हल्का खाना देना फायदेमंद रहता है। आयुर्वेद में तुलसी, अदरक और हल्दी जैसे तत्व शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाते हैं, इसलिए इन्हें खाने में शामिल करें।

**साफ-सफाई का रखे ख्याल :** मानसून में बैक्टीरिया और वायरस तेजी से बढ़ते हैं, जिससे हाथों के जरिए संक्रमण फैलने का खतरा रहता है। बच्चों को हाथ-पैर धोने की आदत डालें, खासकर बाहर से आने के बाद और खाने से पहले। नाखून छोटे रखें और उनके खिलौनों को भी समय-समय पर साफ करते रहें। अगर बच्चा स्कूल जाता है, तो उसके टिफिन बॉक्स, वॉटर बॉटल, और स्टेशनरी की साफ-सफाई का भी ध्यान रखें।

**साफ और सुरक्षित पानी दें :** मानसून के दौरान जलजनित रोग जैसे टाइफाइड, हैजा और पीलिया तेजी से फैलते हैं। ऐसे में बच्चों को उबला हुआ या फिल्टर किया गया पानी ही पिलाएं। अगर वे स्कूल या ट्यूशन जा रहे हैं तो उनके साथ स्वच्छ पानी की बोतल जरूर भेजें। बाहर का पानी पीने से बच्चों को डायरिया या पेट में संक्रमण हो सकता है।

**मच्छरों से सुरक्षा :** बारिश के मौसम में जगह-जगह जलभराव हो जाता है, जिससे तेजी से मच्छर पनपने है और डेंगू, मलेरिया और चिकनगुनिया जैसी बीमारियों का कारण बन सकते हैं। बच्चों को फुल स्लीव कपड़े पहनाएं और मच्छरदानी का इस्तेमाल करें। घर के आसपास सफाई रखें और पानी जमा न होने दें।

# प्राणायाम की तरह है हमारा संगीत : तनिष्क बागची

**मुंबई,** 5 अगस्त (एजेंसियां)। संगीतकार तनिष्क बागची को हालिया रिलीज फिल्म 'सैयारा' के टाइटल ट्रैक की जबरदस्त सफलता के लिए खूब सराहना मिल रही है। तनिष्क का कहना है कि इस एल्बम की प्रतिक्रिया हिंदी फिल्म म्यूजिक मार्केट में सकारात्मक बदलाव का संकेत देती है। उनका मानना है कि हमारा संगीत लोगों के लिए प्राणायाम की तरह है।

'सैयारा' की सफलता से उत्साहित तनिष्क ने बताया कि म्यूजिक इंडस्ट्री लगातार आगे बढ़ रही है। उनका मानना है कि इंस्टाग्राम



रील्स और ऑडियो स्ट्रीमिंग सेवाओं के तेजी से विस्तार के कारण म्यूजिक मार्केट में कई प्रयोग हो रहे हैं। लेकिन, अब यह स्पष्ट हो चुका है कि दर्शक रोबोटिक धुनों से इतर मेलोडी और भावनात्मक गहराई वाले गानों की तलाश में हैं। तनिष्क ने बताया कि म्यूजिक इंडस्ट्री में बदलाव आ रहा है। ऐसा बदलाव पहले सिर्फ एआर रहमान के समय आया था, जब एक नया ट्रेंड सेट हुआ था। मैं यह नहीं कहूंगा कि 'सैयारा' एक ट्रेंड है, बल्कि यह एक खोई हुई भावना का पुनर्जन्म है, जैसा कि नदीम-श्रवण और आनंद-मिलिंद के दौर में था। उन्होंने सैयारा के निर्देशक मोहित सूरी की तारीफ करते हुए कहा कि मोहित ने अपनी कहानी कहने की कला के जरिए संगीत में भावनाओं को फिर से जीवंत किया है।

स्वास्थ्य को लेकर यूसीएल अध्ययन में खुलासा

# वजन कम करने के लिए नेचुरल खाना असरदार

**नई दिल्ली,** 5 अगस्त (एजेंसियां)। अगर आप वजन कम करना चाहते हैं और हेल्दी डाइट लेना चाहते हैं, तो कोशिश करें कि जो खाना आप खाते हैं, वह ज्यादा प्रोसेस्ड न हो। एक अध्ययन में पता चला है कि अगर हम कम प्रोसेस्ड और ज्यादा नेचुरल खाना खाते हैं, तो खुद को स्वस्थ बनाए रखना आसान होता है।

यूनिवर्सिटी कॉलेज लंदन (यूसीएल) के शोधकर्ताओं ने बताया कि उन्होंने दो तरह की डाइट बनाई। पहली मिनिमली प्रोसेस्ड फूड (एमपीएफ) और दूसरी अल्ट्रा-प्रोसेस्ड फूड डाइट थी। दोनों डाइट्स में पोषण का ध्यान बराबर रखा गया।

नेचर मेडिसिन पत्रिका में प्रकाशित अध्ययन से पता चला कि जिन लोगों ने कम प्रोसेस्ड यानी मिनिमली प्रोसेस्ड वाला खाना खाया, उन्होंने उन लोगों की तुलना में दोगुना वजन कम किया

वजन बढ़ने की समस्या खाने-पीने के



जिन्होंने ज्यादा प्रोसेस्ड यानी अल्ट्रा-प्रोसेस्ड खाना खाया था।

यूसीएल सेंटर फॉर ओबेसिटी रिसर्च के लेखक डॉ. सैमुअल डिकेन ने कहा कि इस रिसर्च का मुख्य मकसद यह पता लगाना था कि डाइट से वजन पर क्या असर पड़ता है। दोनों डाइट्स पर लोगों ने वजन कम किया, लेकिन जो लोग कम प्रोसेस्ड खाना खा रहे थे, उनका वजन लगभग दोगुना तेजी से कम हुआ। इस रिसर्च में 55 वयस्कों को दो ग्रुप में बांटा गया। एक ग्रुप ने आठ हफ्ते तक एमपीएफ डाइट ली, जैसे ओवरनाइट ओट्स, घर में बनी स्पेगेटी बोलोनेज आदि।

# 'सारे जहां से अच्छा' में मेरा किरदार लंबा नहीं, लेकिन असरदार : कृतिका कामरा

**मुंबई,** 5 अगस्त (एजेंसियां)। अभिनेत्री कृतिका कामरा इन दिनों 'सारे जहां से अच्छा' सीरीज के रिलीज होने का इंतजार कर रही हैं। इस कड़ी में उन्होंने अपनी भूमिका को लेकर खुलकर बात की। उन्होंने कहा कि उन्हें इस सीरीज में काम करके खुशी और आत्मविश्वास महसूस हुआ। साथ ही बताया कि इसमें सिर्फ एक या दो नहीं, बल्कि कई मुख्य कलाकार हैं। कृतिका कामरा ने कहा कि मैंने पहले भी कई ऐसी कहानियों में काम किया है जिनमें महिला किरदार बहुत मजबूत रहे हैं, और ये अनुभव मेरा आत्मविश्वास को बढ़ाता है। लेकिन मेरे लिए ये सबसे जरूरी है कि जो रोल मुझे मिल रहा है, वो दमदार हो और कहानी ऐसी हो जो मुझे पसंद आए और जिसपर मैं भरोसा कर सकूं। उन्होंने कहा कि सारे जहां से अच्छा देशभक्ति से भरी कहानी है। इसमें कई पहलू हैं, हर किरदार और घटना के पीछे कई रहस्य छिपे हैं।

कृतिका ने कहा कि भले ही मेरा रोल ज्यादा लंबा न हो, लेकिन कहानी में मेरे किरदार का असर काफी बड़ा है, इसलिए मुझे अपने किरदार को लेकर पूरा विश्वास है कि वह दर्शकों के दिलों में उतरेगा। मैं खुद को इस सीरीज का जरूरी हिस्सा मानती हूं। उन्होंने आगे कहा कि मेरे लिए किरदार की लंबाई नहीं, बल्कि उसका असरदार और मकसद होना ज्यादा जरूरी है। एक एक्टर के तौर पर मुझे वही रोल पसंद आते हैं जो कुछ मतलब रखते हों। मैं सच में चाहती हूं कि ये शो जल्दी लोगों तक पहुंचे, क्योंकि इसकी कहानी बहुत मजबूत और प्रेरणादायक है।



# स्लिप डिस्क की समस्या में राहत दिलाते हैं ये पांच आसन

**नई दिल्ली,** 5 अगस्त (एजेंसियां)। आज के समय में खराब जीवनशैली, घंटों बैठकर काम करना और शारीरिक गतिविधियों की कमी के कारण स्लिप डिस्क यानी 'हर्नियेटेड डिस्क' की समस्या तेजी से बढ़ रही है। यह एक ऐसी स्थिति है जिसमें रीढ़ की हड्डी के बीच मौजूद डिस्क अपनी जगह से खिसक जाती है, जिससे तेज पीठ दर्द, चलने-फिरने में दिक्कत और यहां तक कि नसों पर दबाव पड़ने से शरीर के अन्य भागों में भी दर्द फैल सकता है।



आयुर्वेद और योग में इसका इलाज संभव है, और नियमित रूप से विशेष योगासनों का अभ्यास करके इस समस्या में राहत पाई जा सकती है। आयुष मंत्रालय के अनुसार, कुछ विशेष योगासन स्लिप डिस्क की स्थिति में रीढ़ की हड्डी को मजबूत बनाने, लचीलापन बढ़ाने और मांसपेशियों को राहत देने में कारगर साबित होते हैं। कुछ प्रमुख योगासनों का अभ्यास इस समस्या में लाभकारी माना गया है।

**भुजंगासन :** भुजंगासन एक अत्यंत प्रभावी योगासन है जो विशेष रूप से रीढ़ की हड्डी को मजबूत और लचीना बनाता है और पीठ के निचले हिस्से के दर्द को कम करता है। इस आसन में शरीर को ऊपर उठाया जाता है, जिससे पीठ की मांसपेशियां सक्रिय होती हैं और नसों पर पड़े दबाव में राहत मिलती है। यह आसन स्लिप डिस्क में अत्यंत लाभकारी होता है क्योंकि यह डिस्क के आसपास की मांसपेशियों को सहारा देता है और सूजन को कम करता है।

**उष्ट्रासन :** उष्ट्रासन रीढ़ की हड्डी में लचीलापन बढ़ाने वाला आसन है, जो स्लिप डिस्क से जूझ रहे व्यक्तियों के लिए बेहद उपयोगी है। इस आसन में शरीर को पीछे की ओर झुकाया जाता है, जिससे रीढ़ के सभी भाग खिंचते हैं और रक्त संचार बेहतर होता है। इससे न केवल दर्द में राहत मिलती है, बल्कि रीढ़ की सही स्थिति को भी बनाए रखने में मदद मिलती है। यह आसन मानसिक तनाव को भी कम करता है, जो अक्सर पीठ दर्द को बढ़ा सकता है।

**शलभासन :** शलभासन विशेष रूप से पीठ और कूल्हों की मांसपेशियों को मजबूत करने में सहायक है। इस आसन के अभ्यास से रीढ़ की हड्डी पर पड़ा अतिरिक्त दबाव कम होता है और स्लिप डिस्क की समस्या को ठीक करने में मदद मिलती है। यह आसन न केवल पीठ दर्द को कम करता है, बल्कि शरीर के पॉश्चर को भी बेहतर बनाता है। नियमित रूप से शलभासन करने से मांसपेशियों की ताकत बढ़ती है और चोट लगने की संभावना भी घटती है।

**वज्रासन :** वज्रासन एक ऐसा आसान और प्रभावी योगासन है जिसे भोजन के बाद भी किया जा सकता है। यह पाचन को सुधारता है, लेकिन इसके साथ-साथ रीढ़ की हड्डी को स्थिर और संतुलित रखने में भी सहायक है।

# बड़ी स्क्रीन पर फिर दिखेगी 'परिणीता'

### विद्या बालन बेहद खुश, बोलीं- मेरा डेब्यू शानदार था

**मुंबई,** 5 अगस्त (एजेंसियां)। अभिनेत्री विद्या बालन की डेब्यू फिल्म 'परिणीता' जल्द ही 8के रिस्टोर्ड प्रिंट में दोबारा सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। इस मौके पर विद्या ने फिल्म के निर्देशक प्रदीप सरकार के साथ बिताए पलों को याद किया। पुरानी यादें ताजा करते हुए विद्या बालन ने कहा कि जब फिल्म के डायरेक्टर प्रदीप सरकार उन्हें सीन समझाने के लिए खुद चलते हुए एक्टिंग करके दिखाते थे, तो वह हंस-हंसकर लोटपोट हो जाती थीं। विद्या ने हंसते हुए कहा कि मैं कहती थी, दादा, मुझे चलना सिखाने की जरूरत नहीं है।

इस फिल्म को प्रसाद फिल्म लैब्स ने रिस्टोर (फिर से साफ और बेहतर) किया है, जिससे इसकी खूबसूरत कहानी और शानदार सीन फिर से जीवंत हो गए हैं। वहीं, फिल्म का नया ट्रेलर भी रिलीज कर दिया गया है।

नए ट्रेलर के बारे में विद्या बालन ने कहा कि मुझे याद है जब मैंने पहली बार 'पीयू बोले' गाना सुना था, तभी मुझे एहसास हो गया था कि ये गाना कुछ खास है। इस गाने में एक नरमी थी, जो उस समय मेरे एहसास से मेल खा रही थी। उन दिनों मैं थोड़ी मासूम थी, अनजान, और अंदर से उम्मीदों से भरी हुई थी। अब जब ट्रेलर देखा, तो वही धुन फिर से यादें ताजा कर गईं कैसे शूटिंग के दौरान (दादा) प्रदीप दा मॉनिटर के पीछे से चिल्ला-चिल्लाकर सीन समझाते थे और खुद एक्टिंग



करके दिखाते थे। जब वे मेरे सीन में औरत की तरह चलने की एक्टिंग करते थे, तो मैं हंस-हंस कर पागल हो जाती थी। मैं कहती थी, 'दादा, मुझे चलना सिखाने की जरूरत नहीं है।

विद्या बालन ने आगे कहा कि शायद उस वक्त मुझे कैमरे का अहसास ही नहीं था, मैं बस उन पलों को जी रही थी। यह मेरे लिए एक शानदार डेब्यू था।

फिल्म में विद्या के साथ संजय दत्त ने गिरीश की भूमिका निभाई थी। उन्होंने भी उस दौर को याद करते हुए कहा कि गिरीश मेरा पहला बंगाली किरदार था, और मैं इसे निभाकर बहुत खुश था। मुझे बंगाली संस्कृति बहुत पसंद है। प्रदीप दा बहुत अच्छे डायरेक्टर थे, वो हमेशा मुझे हर सीन में गाइड करते थे। मैं उन्हें बहुत प्यार करता हूं। यह फिल्म मेरे लिए हमेशा खास रहेगी।

संजय दत्त ने आगे कहा कि वह (प्रदीप दा) मेरे लिए परिवार जैसे थे। कुछ सीन अब भले ही आसान लगें, लेकिन तब उन सीन्स को करना बहुत मुश्किल होता था।

# स्तनपान सप्ताह : मां का दूध ही बच्चे के लिए सर्वोत्तम पोषण

**नई दिल्ली,** 5 अगस्त (एजेंसियां)। मां बनना एक अनमोल एहसास है। एक मां अपने बच्चे के लिए हर वो चीज करना चाहती है, जो उसके स्वास्थ्य और भविष्य के लिए सबसे बेहतर हो। खासतौर पर जब बात होती है शिशु के पहले छह महीनों की, तो मां की जिम्मेदारी और भी बढ़ जाती है, क्योंकि यह वह समय होता है जब बच्चे का विकास हर दिन तेजी से हो रहा होता है। ऐसे में मां का दूध ही बच्चे के लिए सर्वोत्तम पोषण माना जाता है। लेकिन कुछ मामलों में जब मां का दूध पर्याप्त मात्रा में नहीं बनता या किसी कारणवश बच्चा स्तनपान नहीं कर पाता, तो माता-पिता के मन में एक ही सवाल उठता है कि क्या गाय या भैंस का दूध दिया जा सकता है? इस सवाल के जवाब में नोएडा स्थित सीएचसी भंगेल की स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. मीरा पाठक ने कुछ बेहद



अहम जानकारियां साझा कीं। उन्होंने कहा कि एक साल से पहले शिशु को किसी भी प्रकार का बाहरी दूध देना उचित नहीं होता, चाहे वह गाय का हो या भैंस का। मां के दूध में मौजूद एंटीबॉडीज शिशु को संक्रमण से बचाती हैं, वहीं गाय और भैंस के दूध में ये सुरक्षा तत्व नहीं होते। ऐसे में यह सोचना कि बाहरी दूध से बच्चे को इम्युनिटी मिलेगी, गलत धारणा है।

डॉ. मीरा बताती हैं कि गाय और भैंस के दूध में प्रोटीन और वसा की मात्रा अधिक होती है, जो नवजात के पाचन तंत्र के लिहाज से भारी है। इससे बच्चों को डायरिया, उलटी, सांस लेने में परेशानी, खुजली और एलर्जी जैसी समस्याएं हो सकती हैं। भैंस के दूध में कैलोरी अधिक होती है, जिससे बच्चे का वजन असामान्य रूप से तेजी से बढ़ सकता है। वहीं, इन दूधों में विटामिन सी, ई, जिंक, फाइबर और फैटी एसिड जैसे जरूरी

■ शिशु को संक्रमण से बचाती है मां के दूध में मौजूद एंटीबॉडीज

■ गाय व भैंस का दूध प्रोटीन अधिक होने से नवजात के पाचन तंत्र के लिहाज से भारी

पोषक तत्वों की मात्रा भी बहुत कम होती है, जो बच्चे के संपूर्ण विकास में बाधा बन सकती है।

उन्होंने कहा कि अगर दूध को अच्छी तरह से उबाला न जाए, तो इससे शिशु में ट्यूबरकुलोसिस जैसी गंभीर बीमारियों का खतरा भी बढ़ सकता है। इसके अलावा, इस दूध में आयरन की मात्रा कम होती है, जिससे एनीमिया की आशंका भी बढ़ जाती है।

इस पर डॉ. मीरा पाठक कहती हैं कि यदि किसी विशेष परिस्थिति में फॉर्मूला दूध उपलब्ध नहीं है और डॉक्टर की सलाह पर बाहरी दूध देने की जरूरत पड़े, तो भैंस की तुलना में गाय का दूध हल्का होता है और शिशु के लिए थोड़ा बेहतर विकल्प माना जा सकता है।

लेकिन कुछ सावधानियां बरतनी होंगी, जैसे दूध को अच्छी तरह उबालें और किसी भी तरह की चीनी या मिठास मिलाने से बचें, क्योंकि शिशु की किडनी के लिए शुगर नुकसानदायक हो सकती है। डॉक्टर ने कहा कि गाय के दूध को सीधे रूप में न दें। इसकी कुछ मात्रा दलिया, खिचड़ी, या मैश राइस जैसे ठोस आहार में मिलाकर दी जा सकती है। यह ध्यान रखना जरूरी है कि गाय या भैंस का दूध मां के दूध या फॉर्मूला मिल्क का विकल्प नहीं है।

# जटिल-दुर्लभ कैंसर का इलाज गोरखपुर में भी संभव

**गोरखपुर,** 5 अगस्त (एजेंसियां)। कैंसर पीड़ितों को अब दुरूह सर्जरी के लिए मुंबई या अन्य बड़े महानगरों की भागदौड़ नहीं करनी पड़ेगी। जटिल और दुर्लभ कैंसर का इलाज अब गोरखपुर के महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर के महायोगी गोरखनाथ चिकित्सालय में ही हो जाएगा। कम समय में ही एक के बाद कैंसर की सफल सर्जरी करने वाले इस चिकित्सालय में कन्याकुमारी से आए बुजुर्ग मरीज का विश्व प्रसिद्ध कैंसर सर्जन डॉ. संजय माहेश्वरी के नेतृत्व वाली मेडिकल टीम ने ऑपरेशन कर रेयर पैरोटिड ग्लैंड कैंसर को सफलतापूर्वक हटाया



है। यह चिकित्सालय जटिल कैंसर सर्जरी करने वाले देश के चुनिंदा संस्थानों में शामिल हो गया है। एमजीयूजी के परिसर में पिछले साल इसके संबद्ध मेडिकल कॉलेज को एमबीबीएस की 100 सीटों की मान्यता मिलने के साथ ही परिसर में महायोगी गोरखनाथ चिकित्सालय भी पूर्ण रूप से क्रियाशील है।

अनेक अत्याधुनिक चिकित्सा सुविधाओं से युक्त इस चिकित्सालय में दुनिया के जाने-माने कैंसर सर्जन और एमपी बिरला ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स के मेडिकल डायरेक्टर डॉ. संजय माहेश्वरी की सेवा भी मिलती है। बकौल डॉ. माहेश्वरी महायोगी गोरखनाथ चिकित्सालय में पिछले कुछ महीनों से हो रहे कैंसर के इलाज की जानकारी सुदूर दक्षिण भारत के कन्याकुमारी निवासी 76 वर्षीय एक मरीज को भी हुई थी। (निजता के कारण मरीज के नाम का उल्लेख नहीं किया जा रहा है)। उसकी लार ग्रंथि में जटिल और दुर्लभ रूप से पाए जाने वाले कैंसर की बीमारी थी। वह कई जगह इलाज कराने के बाद एक नया विश्वास लेकर एमजीयूजी परिसर के महायोगी गोरखनाथ चिकित्सालय आया था।

रायपुर, बुधवार 6 अगस्त 2025

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

# दो जुझारू नेताओं का निधन

भारतीय राजनीति से दो दिनों में दो कद्दावर नेताओं का निधन बड़ी शून्यता कायम कर गया है। 4 अगस्त को शिबू सोरेन का निधन हुआ और 5 अगस्त को सत्यपाल मलिक का। श्री सोरेन और श्री मलिक दोनों की राजनीति के तौर-तरीके अलग थे, दल अलग थे, विचारधारा अलग थी। लेकिन मिज़ाज दोनों का एक ही तरह का था, जुझारू, अक्खड़पना, जमीन से जुड़ाव और गांधी की भाषा में कहें तो अंतिम पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति की फिक्र दोनों नेताओं की राजनीति के केंद्र में रही। शिबू सोरेन आदिवासियों के बड़े नेता थे, उन्हें झारखंड के लोग केवल दिशोम गुरु (समाज का गुरु) ही नहीं कहते हैं, बल्कि भगवान की तरह मानते हैं। सत्यपाल मलिक का जनाधार बेशक शिबू सोरेन की तरह नहीं रहा, लेकिन उन्होंने भी गरीब, वंचित पीड़ित लोगों के हितों को तरजीह दी। शिबू सोरेन और सत्यपाल मलिक में सबसे बड़ी समानता यह रही कि सत्ता के साथ रहते हुए जी हुजूरी नहीं की और सत्ता के खिलाफ रहे तो खौफ नहीं खाया।

साल 1944 में अविभाजित बिहार के हजारीबाग में जन्मे शिबू सोरेन के संघर्ष की शुरुआत अल्पायु में ही हो गई थी। उनके पिता सोबरन सोरेन की हत्या कर दी गई, क्योंकि उन्होंने आदिवासी इलाकों में फैले महाजनों के आतंक के खिलाफ आवाज़ उठाई थी। पिता के संघर्ष को आगे बढ़ाते हुए शिबू सोरेन ने भी महाजनी प्रथा के खिलाफ़ आवाज़ उठाई और धान कटनी आंदोलन चलाया। उन्होंने आदिवासियों को जागरूक किया कि धान लगाने वाला ही धान काटेगा और इस पर महाजनों का कोई अधिकार नहीं है। 70 से 80 के दशक में ये आंदोलन बहुत बड़ा हो गया, इसने झारखंड के किसानों, कामगारों और काश्तकारों को एकजुट किया, आदिवासियों को शोषण के खिलाफ खड़े होने की हिम्मत दिलाई। इसी वजह से शिबू सोरेन को झारखंड के लोगों ने दिशोम गुरु की उपाधि दी। कई सालों तक शिबू सोरेन ने आदिवासियों के लिए रात्रि पाठशाला चलाई ताकि दिन भर अपना-अपना काम निपटाने के बाद आदिवासी पढ़ पाएं। शिक्षा के अलावा शराब और नशे से आदिवासियों को दूर करने की कोशिश भी शिबू सोरेन ने की। 1980 में पहली बार सांसद बनने के बाद जब उन्होंने संसद में भाषण दिया तो शराब के विरोध में बोले।

शिबू सोरेन ने सामाजिक सुधार के साथ 1973 में राजनीति में कदम रखा, विनोद महतो और कामरेड एके राय के साथ मिलकर झारखंड मुक्ति मोर्चा की स्थापना की। अविभाजित बिहार में प्राकृतिक संसाधनों का खजाना लिए दक्षिण के 26 जिलों को मिलाकर एक झारखंड राज्य बने, ऐसी कल्पना उन्होंने की। लंबे संघर्ष और राजनैतिक उठापटक के बाद आखिरकार 2000 में झारखंड राज्य बना, साथ में छत्तीसगढ़ और उत्तराखंड भी बने। हालांकि झारखंड निर्माण के बाद कई बार राजनैतिक अस्थिरता बनी। इस दौरान शिबू सोरेन कभी लोकसभा, कभी राज्यसभा, कभी विधानसभा के सदस्य बनते रहे। विभिन्न दलों के साथ उनके वैचारिक, सैद्धांतिक टकराव हुए। दिल्ली की सत्ता पर बैठे लोगों के साथ उन्होंने समझौते भी किए, लेकिन इन सबके बीच आदिवासियों के हितों के उद्देश्य से गुरुजी एक बार भी नहीं भटके। आठ बार लोकसभा सांसद, दो बार राज्यसभा सांसद, दो बार विधायक बनने वाले शिबू सोरेन ने केन्द्रीय मंत्री, मुख्यमंत्री जैसे पद संभाले, हालांकि कई तरह के मामले-मुकदमों और राजनैतिक उठापटक में वे अपना कार्यकाल कभी पूरा नहीं कर पाए। आज जब सत्ता पर किसी भी तरह बैठना ही कई नेताओं का अंतिम लक्ष्य बन गया है, तब शिबू सोरेन जैसे नेताओं के जीवन को याद करना चाहिए, जिन्होंने सत्ता से पहले नागरिकों का ख्याल रखा।

सत्यपाल मलिक का भी राजनीतिक जीवन पांच दशक लंबा रहा। 1968-1969 में छात्र राजनीति से शुरुआत करते हुए श्री मलिक किसान नेता चौधरी चरण सिंह के करीब आए और 1974 में चुनावी राजनीति में उतरे। बागपत से विधानसभा का चुनाव जीतकर पहली बार विधायक बने। इसके बाद वे चौधरी चरण सिंह के साथ ही लोक दल में शामिल हो गए, उन्हें पार्टी का महासचिव बनाया गया। सत्यपाल मलिक 1980 में लोक दल की ओर से ही राज्यसभा पहुंचे। 1984 में वे कांग्रेस में शामिल हो गए थे। कांग्रेस ने उन्हें 1986 में एक बार फिर राज्यसभा पहुंचाया। बोफोर्स मामला उठने के बाद श्री मलिक वी पी सिंह के नेतृत्व वाले जनता दल में शामिल हुए, 1989 में सांसद बने और केन्द्रीय राज्य मंत्री भी। इसके बाद 2004 में सत्यपाल मलिक भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गए। राजनीतिक उथल-पुथल, सत्ता के खेल इन सबको श्री मलिक ने करीब से देखा, कई बार उनमें प्रत्यक्ष या परोक्ष तौर पर शामिल हुए। जिस पार्टी के साथ रहे, उससे मतभेद भी हुआ। लेकिन भाजपा में नरेन्द्र मोदी का शासनकाल शुरु होने पर जिस तरह उनके मतभेद सामने आए, वे सर्वाधिक चर्चित हुए। पुलवामा हमले पर मोदी सरकार ने उन्होंने जो हमला बोला, उसकी काफी चर्चा हुई। यहां बताना जरूरी है कि देशबन्धु के यूट्यूब चैनल डीबीलाइव पर ही सबसे पहले श्री मलिक ने पुलवामा को लेकर नए खुलासे किए थे। इसके ठीक बाद द वायर के लिए करण थापर ने उनसे इसी आधार पर इंटरव्यू लिया, हालांकि श्री थापर ने इसके लिए डीबीलाइव को श्रेय नहीं दिया। बहरहाल, सत्यपाल मलिक ने खुलासा किया था कि उन्होंने सरकार से कहा था कि जवानों को हवाई मार्ग से भेजा जाना चाहिए, लेकिन उनकी सलाह नहीं मानी गई। इसके अलावा उन्होंने सरकार पर भ्रष्टाचार के आरोप भी लगाए। इससे पहले किसान आंदोलन, महिला पहलवानों का जंतर-मंतर पर धरना, अग्निवीर पर फैसला, भूमि अधिग्रहण विधेयक इन सब पर उन्होंने मोदी सरकार की मुखालफत की। मेघालय, गोवा, बिहार, जम्मू-कश्मीर के राज्यपाल रहते हुए भी श्री मलिक ने कभी सत्ता की जी हुजूरी नहीं की, बल्कि जो गलत लगा, खुलकर उसके खिलाफ आवाज उठाई।

अपने अंतिम दिनों में भी सत्यपाल मलिक का संघर्ष जारी रहा। उन पर सीबीआई की जांच सरकार ने बिठाई थी। जिस पर अस्पताल से लिखी एक पोस्ट में सत्यपाल मलिक ने लिखा- मैं सरकार को और सरकारी एजेंसियों को बताना चाहता हूं कि मैं किसान कौम से हूं, मैं ना तो डरने वाला हूं ओर ना ही झूकने वाला हूं।

सरकार ने मुझे बदनाम करने में पूरी ताकत लगा दी, हालांकि सच्चाई तो यह है कि 50 साल से अधिक लंबे राजनीतिक जीवन में बहुत बड़े-बड़े पदों पर देशसेवा करने का मौका मिलने के बाद आज़ भी मैं एक कमरे के मकान में रह रहा हूं ओर कर्ज में भी हूं। अगर आज मेरे पास धन दौलत होती तो मैं प्राइवेट हॉस्पिटल में इलाज करवाता।

# दंभोक्ति है कि 'हिंदू आतंकवादी नहीं हो सकता'

'कोई हिंदू कभी आतंकवादी नहीं हो सकता।' यह बात राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और भारतीय जनता पार्टी के नेता अक्सर कहते रहते हैं, लेकिन यही बात अब केंद्र सरकार की ओर से संसद में भी कह दी गई है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पिछले दिनों राज्यसभा में ऑपरेशन सिंदूर पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए कहा- 'मैं गर्व से कह सकता हूं कि कोई भी हिंदू कभी आतंकवादी नहीं हो सकता।' इसे संयोग कहें या कुछ और कि गृह मंत्री के इस भाषण के अगले ही दिन राष्ट्रीय जांच एजेंसी एनआईए की विशेष अदालत ने मालेगांव बम धमाके मामले का फैसला सुनाते हुए भाजपा की पूर्व सांसद प्रज्ञा सिंह ठाकुर समेत सातों अभियुक्तों को बरी कर दिया।

अमित शाह से पहले यही बात प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले यानी 2019 के लोकसभा चुनाव के दौरान मशहूर अभिनेता कमल हासन के बयान के जवाब में कही थी। अभिनेता से नेता बने कमल हासन ने अपनी एक चुनावी सभा में कहा था कि- 'देश का पहला आतंकवादी नाथूराम गोडसे हिंदू था, जिसने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की हत्या की थी।' कमल हासन के इस बयान पर मोदी ने एक टीवी चैनल को दिए इंटरव्यू में कहा था कि 'आतंकवाद का कोई धर्म नहीं होता लेकिन इसी के साथ अगली सांस में उन्होंने यह भी कहा था कि हिंदू कभी आतंकवादी नहीं हो सकता और जो आतंकवादी होता है, वह कभी हिंदू नहीं हो सकता।'

वह पहला मौका था जब देश के किसी प्रधानमंत्री के मुंह से इस तरह की बात निकली हो। मोदी ने पीएम के रूप में यह बात पहली बार कही थी और चुनाव अभियान के दौरान कही थी जिसका राजनीतिक मकसद साफ था। वे अपनी चुनावी रैलियों में लगातार सांप्रदायिक ध्रुवीकरण करने वाले भाषण दे रहे थे। गोडसे के बारे में भी उनके कथन से साफ था कि उन्होंने परोक्ष रूप से राष्ट्रपिता के हत्यारे का बचाव किया था।

बहरहाल भाजपा की ओर से अभी तक जो बात संसद के बाहर कही जाती रही थी, उसे अब सरकार की ओर से शाह ने संसद में भी दोहरा दिया है। उनका यह बयान न सिर्फ देश के तमाम गैर हिंदू समुदायों को लांछित और अपमानित करने वाला है बल्कि उस संविधान को भी सीधे-सीधे चुनौती है, जिसकी शपथ लेकर वे धर्मनिरपेक्ष और लोकतांत्रिक भारत के गृह मंत्री बने हुए हैं।

इस बात से तो कोई इनकार नहीं करेगा कि आतंकवाद का कोई धर्म नहीं होता और आतंकवादी सिर्फ आतंकवादी ही होता है। मगर ऐसा कहने के साथ ही जब कोई यह कहता है कि कोई भी हिंदू कभी आतंकवादी हो ही नहीं सकता तो उसका यह कथन न सिर्फ उसके पूर्व कथन का खोखलापन जाहिर करता है बल्कि उसके अपराधबोध और वास्तविक इरादों का भी परिचय कराता है। उसके इस कथन का निहितार्थ होता है कि कोई हिंदू तो आतंकवादी नहीं हो सकता, लेकिन कोई गैर हिंदू जरूर आतंकवादी हो सकता है। सवाल है कि जब कोई गैर हिंदू ही आतंकवादी हो सकता है तो फिर यह कहने का क्या मतलब है कि आतंकवाद का कोई धर्म नहीं होता?

जब कोई यह कहता है कि हिंदू आतंकवादी नहीं हो सकता, तो यह सवाल पूछना लाजिमी हो जाता है कि जब कोई हिंदू किसी स्त्री के साथ बलात्कार कर सकता है, किसी की हत्या कर सकता है, चोरी कर सकता है, डाका डाल सकता है, लूटपाट कर सकता है, इसके अलावा और भी तमाम तरह के आपराधिक कृत्यों में लिप्त हो सकता है तो फिर वह आतंकवादी क्यों नहीं हो सकता? फिर सवाल यह भी है कि आखिर आतंकवाद किसे कहेंगे? सामान्य समझ तो यही कहती है कि किसी व्यक्ति या व्यक्तियों के समूह द्वारा अपने नाजायज मकसद को पाने के लिए किसी भी तरह के जान-माल का नुकसान करना और समाज में भय का माहौल बनाना ही आतंकवाद है।



अनिल जैन

> इस बात से तो कोई इनकार नहीं करेगा कि आतंकवाद का कोई धर्म नहीं होता और आतंकवादी सिर्फ आतंकवादी ही होता है। मगर ऐसा कहने के साथ ही जब कोई यह कहता है कि कोई भी हिंदू कभी आतंकवादी हो ही नहीं सकता तो उसका यह कथन न सिर्फ उसके पूर्व कथन का खोखलापन जाहिर करता है बल्कि उसके अपराधबोध और वास्तविक इरादों का भी परिचय कराता है।

इस ऐतिहासिक तथ्य से कौन इनकार कर सकता है कि महात्मा गांधी की निर्मम हत्या आजाद भारत की सबसे पहली और सबसे बड़ी आतंकवादी वारदात थी, जो सांप्रदायिक नफरत से प्रेरित थी। उसे अंजाम देने वाला वाला व्यक्ति कोई पाकिस्तान या अफगानिस्तान से नहीं आया था। जो था, वह हिंदू नाथूराम गोडसे ही था।

यही नहीं, महात्मा गांधी की हत्या की साजिश में शामिल रहे विनायक दामोदर सावरकर, गोपाल गोडसे, नारायण आप्टे, मदनलाल पाहवा, रामकृष्ण करकरे, दिगंबर बडगे आदि नाथूराम के सभी सहयोगी भी हिंदू ही थे। नाथूराम गोडसे तो ऐसा हिंदू था कि गांधी जी पर गोलियां दागने के पहले हुई धक्का-मुक्की में उनकी पोती मनु के हाथ से जमीन पर गिरी पूजा वाली माला और आश्रम की भजनावली को भी वह अपने पैरों तले रौंदता हुआ आगे बढ़ गया था। 20वीं सदी का जघन्यतम अपराध करने- एक निहत्थे बूढ़े, परम सनातनी हिंदू, राम के अनन्य- आजीवन आराधक का सीना गोलियों से छलनी करने।

हिंदू राष्ट्रवादियों का नुमाइंदा नाथूराम गोडसे गांधी की हत्या के जरिए आतंक पैदा कर देश के बाकी नेताओं को यही तो संदेश देना चाहता था कि हिंदू-मुस्लिम मेलमिलाप की बात करने वालों का वही हश्र होगा जो गांधी का हुआ है। क्या नरेन्द्र मोदी, अमित शाह, मोहन भागवत और उनकी राष्ट्रवादी जमात के अन्य नेता इस हकीकत को नकार सकते हैं कि 1984 में इंदिरा गांधी की हत्या के बाद देश भर में हुआ सिखों का कत्लेआम देश के बंटवारे के बाद की सबसे बड़ी त्रासदी थी। उस त्रासदी के दौरान भी असंख्य सिखों को जिंदा जलाने वालों और उनकी महिलाओं के साथ बलात्कार करने ज्यादातर हिंदू ही तो थे।

सवाल यह भी है कि कोई ढाई दशक पूर्व ओडिशा में ग्राहम स्टेंस नामक निर्दोष बूढ़े पादरी और उसके मासूम बच्चों को जिंदा जलाने का कृत्य क्या आतंकवाद नहीं कहा जाएगा? उस कृत्य को अंजाम देने वाला बजरंग दल का पदाधिकारी दारासिंह क्या किसी दूसरे देश का गैर हिंदू नागरिक था? ओडिशा में ही करीब डेढ़ दशक पहले विश्व हिंदू परिषद के एक नेता लक्ष्मणानंद के नक्सलियों के हाथों मारे जाने की घटना का ठीकरा ईसाई मिशनरियों के माथे फोड़ कर लगभग एक माह तक विश्व हिंदू परिषद के लोगों ने कंधमाल में हिंसा का जो तांडव मचाया था, क्या वह आतंकवाद नहीं था? वहां रहने वाले सभी ईसाइयों के घरों और चर्चों को आग के हवाले कर डेढ़ सौ से ज्यादा लोगों को मौत के घाट उतार दिए जाने का समूचा घटनाक्रम किस तरह के राष्ट्रवाद से प्रेरित था?

इसी सिलसिले में सवाल गुजरात को लेकर भी बनता है कि इसी सदी के शुरुआती दौर में वहां 'क्रिया की प्रतिक्रिया' के नाम पर मुसलमानों का संगठित कत्लेआम क्या आतंकवादी कार्रवाई नहीं थी? उसी कत्लेआम के दौरान मुस्लिम समुदाय की कई गर्भवती स्त्रियों के गर्भ पर लातें मार-मार कर उनकी और उनके गर्भस्थ शिशुओं की हत्या कर देना किस तरह के मानव धर्म या राष्ट्रभक्ति से प्रेरित कृत्य था? उसी हिंसा में सौ से अधिक लोगों की हत्या के लिए जिम्मेदार बाबू बजरंगी को क्या आतंकवादी नहीं माना जाएगा, जिसे अदालत ने आजीवन कारावास की सजा दे रखी है।

शायद मोदी, अमित शाह और उनकी संस्कार शाला (आरएसएस) के नेताओं की नजरों में किसी स्त्री के साथ बलात्कार या किसी को जिंदा जला देना आतंकवाद तो क्या सामान्य अपराध की श्रेणी में भी नहीं आता होगा! अगर आता तो वे यह बचकानी दलील कतई नहीं देते कि कोई हिंदू कभी आतंकवादी नहीं हो सकता। पृथक गोरखालैंड तथा बोडोलैंड के लिए दशकों से हिंसक गतिविधियों में संलग्न लड़ाकों को भी क्या मोदी और शाह हिंदू नहीं मानेंगे?

सीमा पार के आतंकवाद के साथ ही हमारा देश आज जिस एक और बड़ी चुनौती से जूझ रहा है, वह है माओवादी आतंकवाद। देश के विभिन्न इलाकों में सक्रिय विभिन्न माओवादी संगठनों में अपवाद स्वरूप ही कोई एकाध मुस्लिम युवक होगा, अन्यथा सारे के सारे लड़ाके संघ की परिभाषा के तहत हिंदू ही हैं।

उपरोक्त सारे उदाहरणों का आशय समूचे हिंदू समाज को लांछित या अपमानित करना कतई नहीं है। मकसद सिर्फ यह बताना है कि चाहे वह गोडसे हो या दारासिंह, चाहे सिख विरोधी हिंसा के अपराधी हो या गुजरात के कातिल, चाहे वह चर्चों और ईसाइयों के घरों में आग लगाने वाले हों या माओवादी लड़ाके, सबके सब चाहे वे जिस जाति या प्रदेश के हो या चाहे जो भाषा बोलते हो, वे सब संघ की परिभाषा के तहत हिंदू ही हैं। इसलिए यह दंभोक्ति निहायत ही अतार्किक और बेमतलब है कि कोई हिंदू कभी आतंकवादी नहीं हो सकता।

**(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं)**

# हिरोशिमा का शांति संदेश

■ **बाबा मायाराम**

इस समय दुनिया में कई छोटे-बड़े युद्ध हो रहे हैं। पूरा विश्व, युद्ध से घायल हो रहा है। इसे टीवी के पर्दे पर भी दिखाया जा रहा हैं। लोग मारे जा रहे हैं, जिन में बहुत से बच्चे और महिलाएं भी शामिल हैं। ऐसे माहौल में शांति की, करूणा की और अहिंसा की खबरें गायब हो जाती हैं। युद्धों के कई दूरगामी, दीर्घकालीन और पीढ़ियों तक असर होते हैं। यहां युद्ध से जुड़ी तीन मार्मिक कहानियों के माध्यम से उसकी विभीषिका व तबाही को समझा जा सकता है।

एक कहानी सडाको की है, जो 'सडाको और कागज के पक्षी' नामक किताब में दर्ज़ है। द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान जब अमरीका ने जापान के हिरोशिमा पर बम बरसाए, तब जापानी लड़की सडाको दो साल की थी। लेकिन बाद में वह बीमार हो गई। उसे एटम-बम के असर से बीमारी हो गई। बम गिरने के 9 साल बाद सडाको को खून का कैंसर यानि लुकीमिआ हो गया।

फिर हिरोशिमा दिवस आया। उस दिन को याद करने के लोगों ने दीवारों पर एटम बम में मारे गए लोगों के फोटो चिपकाए। कागज की बनी लालटेन के अंदर मोमबत्तियां जलाईं। सडाको ने अपनी लालटेन पर मृत दादी का नाम लिखा, और उसे नदी में बहाया। ये सब लालटेनें जुगुनियों की तरह टिमटिमा रही थीं।

> युद्ध में घायल विश्व को हिरोशिमा दिवस पर ऐसी मार्मिक कहानियों को याद करना जरूरी है, जिससे हमें शांति की प्रेरणा मिलती है। युद्ध में जीत किसी की नहीं होती, इससे विनाश और तबाही ही होती है। इसलिए जरूरत है शांति समर्थक ताकतों को हर संभव प्रयास शांति के लिए करने चाहिए और इस समय इसकी शिद्दत से जरूरत महसूस की जा रही है।

सडाको का, स्कूल की रिले रेस में दौड़ने के लिए चयन हुआ था। वह बहुत उत्साहित थी। वह उस दिन दौड़ी भी और जीत गई थी। पर इसी दौरान उसका सिर चकराने लगा। कुछ दिन बाद भी स्कूल में वह दौड़ते समय गिर गई। जब अस्पताल में उसका एक्स रे लिया गया तो खून का कैंसर निकला।

इलाज के लिए उसे कई दिनों तक अस्पताल में रहना पड़ा। इस दौरान उसके परिजन व स्कूल के दोस्त मिलने आए। एक दिन उसकी प्रिय मित्र चुज़ूकी आई। उसने उसे अच्छा होने का अनोखा तरीका बताया। उसने एक कागज की चिड़िया बना दी। और कहा कि अगर कोई बीमार व्यक्ति एक हज़ार कागज की चिड़िए मोड़े तो स्वस्थ हो जाता है।

इस तरह कागज की चिड़िया बनाने का सिलसिला शुरू हो गया। सडाको ने कागज की चिड़िया बनाना सीखा। और सभी को कतार में सजाया। जगह कम पड़ी तो उसके एक दोस्त मासाहीरो ने उन्हें छत से लटका दिया। सडाको कई दिनों तक चिड़िया बनाती रही। पर बीमारी शरीर में फैलती रही। वह उसको नजरअंदाज कर कागज़ की चिड़िया बनाने में लगी रही। अब तक वह चार सौ चौसठ चिड़िया बना चुकी थी। अब वह जल्दी थक जाती थी। कुछ और हिम्मत की। उसने 644 चिड़िया बनाई, पर उसमें शक्ति नहीं बची। अब कागज मोड़ने की अवस्था नहीं रही। और वह चिड़ियों को निहारते-निहारते गहरी नींद में सो गई। फिर कभी नहीं उठी और चल बसी।

बाद में उसकी कक्षा के दोस्तो ने शेष 356 चिड़ियाएं बनाई और हजार चिड़ियों के साथ सडाको को दफना दिया गया। उसके बाद सडाको के मित्रो ने उसकी याद में एक स्मारक बनाया। अब शांति दिवस के दिन सडाको के स्मारक पर कागज के पक्षियों की मालाएं पहनाते हैं। उस स्मारक पर लिखा है - यही हमारे आंसू हैं, यही हमारी प्रार्थना है, दुनिया मे शांति हो।

इसी प्रकार, एक और कहानी है 'शिन की तिपहिया साइकिल'। इस कहानी को तातसुहारू कोडामा ने लिखा है। शिन जब तीन साल का था, तो तिपहिया साइकिल चला रहा था, तब हिरोशिमा पर अमेरिका ने बम बरसाए।

शिन को साइकिल बहुत प्रिय थी। उसकी दो बहनें भी थीं- मिचिका और योको। लेकिन कई दिनों बाद उसके फौजी चाचा ने उसे जन्मदिन पर तोहफा दिया, और वह भी तिपहिया साइकिल। उसकी खुशी का ठिकाना न रहा। वह खुशी के मारे उछलने लगा।

लेकिन उसे क्या पता था कि यह खुशी ज्यादा देर न रह सकी। अचानक एक जोरदार धमाका हुआ और शिन न रहा। उसकी दोनों बहनें भी मर गईं। वह घर ढहने से उसकी लकड़ियों के नीचे दब गया था। लेकिन वह उस समय भी अपनी तिपहिया साइकिल को पकड़े हुए था। वह आग में झुलस गया था, उसकी मां उसे नदी की ओर लेकर दौड़ी। वहां सैकड़ों लोग रोते हुए बिलख रहे थे। शिन ने धीमी आवाज़ में पानी मांगा। पर उसे बचाया न जा सका। उसी रात वह चल बसा। उस समय उसकी उम्र सिर्फ चार साल की ही थी। उसे उसकी प्रिय साइकिल के साथ दफना दिया गया। शिन की कहानी भी दुनिया को शांति का संदेश देती है।

ऐसी ही एक कहानी है 'वफादार हाथी' की। इसे युकियो थुचिया ने लिखा है। यह एक चिड़ियाघर के हाथियों की कहानी है, जिन्हें इसलिए मारा गया कि अगर बम गिरे तो ये जानवर उत्पाद न फैला दें। यह टोक्यो का चिड़ियाघर था। इस चिड़ियाघर में कई जानवर थे, इनमें तीन हाथी भी शामिल थे। यह हाथी दर्शकों को करतब दिखाते थे। इन हाथियों का नाम जॉन, टौंकी, वैनली था। युद्ध में रोज ही बम बरसाए जा रहे थे।

चिड़ियाघर के लोगों ने सोचा कि अगर बम यहां गिरेगा तो जानवर भागेंगे, शहर में उत्पाद मचाएंगे, इसलिए उन्हें मार डाला जाए। पर मारे कैसे, सभी प्रयास करने के बाद उन्हें भूखा रखा गया। एक हाथी तो कुछ दिन बाद मर गया। पर दो बच गए। उनका खाना-पीना बंद कर दिया गया। भूख के मारे उनकी हड्डियां निकल आईं। यह सब देखकर हाथियों की परवरिश करने वाले महावत से रहा नहीं गया। उसने उन्हें खाना खिलाया, चिड़ियाघर के किसी भी कर्मचारी अधिकारी ने इसका विरोध नहीं किया। क्योंकि सभी इससे दुखी थे।

लेकिन कुछ दिन बाद दोनों हाथी मर गए। महावत रोने लगा और प्रार्थना करने लगा कि युद्ध बंद करो, युद्ध बंद करो। अब उन हाथियों की याद में स्मारक बना है।

शांति पर एक और पुस्तक है- द स्टोरी ऑफ फरडीनैंड। इसे मनरो लीफ ने लिखा है। यह फरडीनैंड नामक एक बैल की कहानी है, जिसे लड़ाई पसंद नहीं है, वह उसका विरोध करता है। उसे फूल बहुत पसंद हैं। घास के मैदान में बैठा-बैठा वह फूलों की खुशबू सूंघता था। दूसरे बैल लड़ते रहते थे, मत्थे से मत्था लड़ाते थे, पर वह फूलों की खुशबू में मगन रहता था। एक बार उसे बैलों की लड़ाई के लिए ले जाया गया, पर वहां भी नहीं लड़ा। बल्कि मैदान में बैठ गया।

शांति का संदेश फैलाने वाली इस किताब को दुनिया भर में पढ़ा जा रहा है। इन सभी पुस्तकों का हिन्दी में अनुवाद व प्रकाशन का श्रेय लेखक व टॉयमेकर अरविंद गुप्ता को जाता है, जो लगातार शांति की पहल में बरसों से लगे हैं। उन्होंने विज्ञान को जन-जन तक पहुंचाने के लिए भी काम किया है। भारत सरकार ने उन्हें पद्मश्री से सम्मानित किया है।

कुल मिलाकर, युद्ध में घायल विश्व को हिरोशिमा दिवस पर ऐसी मार्मिक कहानियों को याद करना जरूरी है, जिससे हमें शांति की प्रेरणा मिलती है। युद्ध में जीत किसी की नहीं होती, इससे विनाश और तबाही ही होती है। इसलिए जरूरत है शांति समर्थक ताकतों को हर संभव प्रयास शांति के लिए करने चाहिए और इस समय इसकी शिद्दत से जरूरत महसूस की जा रही है।

## आपके पत्र

### भस्मासुर की मौत हुई,वैसे कश्मीर से आतंकवाद खत्म होगा

आतंकवाद एक मनोवैज्ञानिक प्रक्रिया है। तथ्य को नकारना रेत में सुई ढूंढना ही होगा। जिस तरह सरकार ने 2026 तक माओवादियों को अल्टीमेटम दे दिया है,उसके भय से आत्म समर्पण की गति तेज हो गई है। सीमापार सरकार की ताकत जानते हैं। सरकार की जीरो टॉलरेंस की नीति के कारण घाटी में आतंकवादियों का आना कम हो गया है। कश्मीर में अमन है। जिस व्यक्ति के दिमाग पर कोई कोई शक्ति हावी हो जाती है। सामान्य तर्क उसके सामने बेनामी होते है। पहले कश्मीर घाटी के युवाओं को पत्थरबाजी का जुनून सवार था। अब युवा कम्प्यूटर और इंटरनेट से जुड़ाव होने से मुख्यधारा में जुड़ चुके है। जुनून एक जीवन की पथरीली राहो पर ले जाता है और योग्यता वाला जुनून आदमी बनाने में अहम भूमिका बनाता है। पाकिस्तान की भूमिका डरावनी ही रही है। कश्मीर में लोकतांत्रिक सरकार बहाल होने के बाद अमन है। लोगों की आवाजाही सामान्य हो गई है। कश्मीर में सैलानियों की तादात बढ़ीं है। सरकार भी अपना फर्ज अदा करने के लिए हर समय लोगों की खुशहाली की तरफ आगे बढ़ रही है। हम इस बात से बेखबर रहे की कश्मीर में अनुदान की राजनीति की राशि से ऐसा वर्ग पैदा होगा,जिसके लिए हिन्दुस्तान से पैसा खींचना ही राजनीति है। डुप्लीकेट करेंसी के जोर पर पाकिस्तान पलता रहा और आतंकवादियों को पालते रहे,लेकिन सरकारों ने लंबी सोच नहीं रखी। कांग्रेस ने विभाजन के बाद ही कश्मीर की स्थिति गम्भीर कर दी। 370 हटने के बाद कश्मीर में अमन है तो लोगों को जीने की उम्मीदें बंधी है। यह बात हम अच्छी तरह जानते है कि पूर्व का दौर ऐसा था कि दिल्ली में संदूक बन्द रहेगा तो बन्दूक उठेगी। ऐसी स्थिति थी कश्मीर में अनुच्छेद 370 के पूर्व कश्मीरी अवाम को ही जकड़ लिया था। स्कूल कॉलेज और सड़कों की चहल-पहल यथावत है। आतंकवाद के खिलाफ ही भावना भड़कने लगी थी। आतंकवाद अभी भी दुनिया के लिए नासूर बनता जा रहा है। पाकिस्तान प्रशिक्षित आतंकवाद गले की फांस बना तो ऑपरेशन सिन्दूर की सफलता पाकिस्तान के हाथ बांधने में हम सफल ही नही हुए है। आगे भी कश्मीर के दरवाजे बंद कर दिए हैं। भारत की चेतावनी है कि अब पाकिस्तान प्रशिक्षित आतंकी कश्मीर में हमला करेगा तो भारत उसे युद्ध की तरह ही समझेगा। पथराव का इस्तेमाल बच्चों को लालच देकर अभी हाल ही के वर्षों में किया गया है ऐसा नहीं है। पथराव राजनैतिक इस्तेमाल कश्मीर में पहले भी हो चुका था। शेख अब्दुल्ला और उनके घोर विरोधी मीरवाइज यूसुफ शाह के समर्थकों के बीच शेर बकरी की लड़ाइयों में मुख्य हथियार पत्थर ही हुआ करता था। पत्थरबाजी फंडिंग पर चलती थी। दुनिया में आतंकवाद फंडिंग से चलता है। करोड़ों रुपए का फंडिंग आतंकवाद को पाल पोस रहा है। कश्मीर घाटी में आतंकवाद का नामोनिशान मिट जाएगा। सरकार इसी तरफ लक्ष्य रखे हुए है। हर तरह का आतंकवाद कालांतर में व्यवसायिक ही हो जाता है। आतंकवाद के आर्थिक स्त्रोत बन्द कराने से ही आतंकवाद नेस्तनाबूद होगा। आतंकवादी संगठनों की कमर टूटेगी। एक संगठन बन्द होता है और कुछ ही दिनों में दूसरे नामो से संगठन बनाकर बंदूके पकड़ा दी जाती है। आईआईटी ,मेक इन इंडिया मेड इन इंडिया जैसे आय के स्त्रोत खड़े हुए है,उसके बाद बच्चों के हाथों में बन्दूक की जगह कम्प्यूटर है। शिक्षा का स्तर बेहतर होने की वजह से बच्चे सरकारी नौकरी और निजी सेक्टर में अपना भाग्य आजमा रहे हैं। यही नतीजा है कि आतंकवाद की जगह एम्प्लाई बनकर अपना भविष्य संवार रहे हैं। कुछ वर्ष पूर्व कश्मीर से ही बच्चे आतंकी बनकर पाकिस्तान से लौटते थे। वो कश्मीर में अपनों पर गोलियां चलाते थे। ये बातें भूतकाल बन गई हैं।

**- कांतिलाल मांडोत, सूरत**



## ललित सुरजन की कलम से

### युद्ध की तारीफ में

*'नरेन्द्र मोदी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के निष्ठावान कार्यकर्ता हैं, यह उनका एक व्यक्तित्व है। वे एक बड़े देश के प्रधानमंत्री हैं, यह उनका दूसरा व्यक्तित्व है। वे संघ के कार्यकर्ता होने के नाते पाकिस्तान से लडऩे की बात करते हैं, उसे नेस्तनाबूद करने की धमकी देते हैं, तो दूसरी ओर प्रधानमंत्री होने के नाते संयम बरतते हैं। उन्हें अब शायद पता है कि दो देशों के बीच युद्ध बच्चों का खेल नहीं है। अटलबिहारी वाजपेयी ने भी जान लिया था कि एटम बम बना लेने से देश सुरक्षित नहीं हो जाता। किन्तु इन भक्तों का क्या करें? उन्हें तो जो पाठ पढ़ाया गया है वे उसी को दोहराते रहते हैं। दोहराते क्या, बल्कि जब मौका मिले जुगाली करते रहते हैं। कितना अच्छा हो कि सुभाष चन्द्रा और अर्णब गोस्वामी के नेतृत्व में इन तमाम वीर बालकों को सीमा पर भेज दिया जाए ताकि वे अपनी शाब्दिक देशभक्ति को व्यवहार में बदल सकें।'*

**(देशबन्धु में 29 सितंबर 2016 को प्रकाशित)**

https://lalitsurjan.blogspot.com/2016/09/blog-post_28.html

## पावन प्रसंग

### योग्य माता राष्ट्र की निर्मात्री

किसी भी राष्ट्र के निर्माण में महिलाओं का महत्व इसलिए भी सर्वोपरि है कि महिलाएं बच्चों को जन्म देकर उनका पालन पोषण करते हुए उनमें संस्कार एवं सद्गुणों का उच्चतम विकास करती हैं,और राष्ट्र के प्रति उनकी जिम्मेदारी को सुनिश्चित करती है। जिससे राष्ट्र निर्माण और विकास निर्बाध गति से होता रहे। वीर भगत सिंह, चंद्रशेखर आजाद, विवेकानंद जैसी विभूतियों का देश हित में अवतार मां के लालन-पालन की ही देन है। जीजाबाई,जयंताबाई, पन्ना धाय जैसी अनेक माताओं को त्याग समर्पण और त्याग को भी इतिहास के पन्नों में स्वर्णिम अक्षरों से अंकित किया गया है। माताएं ही हैं जो बहुआयामी व्यक्तित्व का निर्माण और विकास करती है। मूलत: माताएं, स्त्रियां की राष्ट निर्माण की सशक्त सूत्रधार होती है। राष्ट निर्माण के संदर्भ में नारी विधाता की सर्वोत्तम और उत्कृष्ट कृति है। जो जीवन की बगिया को महकाती है और न केवल व्यक्तिगत बल्कि राष्ट निर्माण एवं विकास में अपनी महती भूमिका निभाती है। नारी के लिए यह कहना अतिशयोक्ति नहीं होगी कि उनमें विविधता में एकता होती है। महिलाओं के बाह्य रूप और सौंदर्य तथा पहनावे में विस्तृत विविधता तो होती ही है, लेकिन उनके मानस में एक आकार और केंद्रीय शक्ति ईश्वर की तरह एक ही होती है। नारी का स्वरूप न केवल बाहर अपितु अंतर्मन के ममत्व भाव का वृहद स्वरूप का भी रहस्योद्घाटन करती हैं, नारी प्रकृति एवं ईश्वरीय जगत का अद्भुत पवित्र साध्य है, जिसे अनुभव करने के लिए पवित्र साधन एवं दृष्टि का होना आवश्यक है, नारी का स्वरूप विराट होता है जिसके समक्ष स्वयं विधाता भी नतमस्तक हो जाते हैं, नारी अमृत वरदान होने के साथ-साथ दिव्य औषधि भी है। समाज के सांस्कृतिक धार्मिक भौगोलिक ऐतिहासिक और साहित्यिक जगत में नारी यानी स्त्री का दिव्य स्वरूप प्रस्फुटित हुआ है और जिसके फलस्वरूप राष्ट्र ने नई ऊंचाइयों को भी शिरोधार्य किया है। सभ्यता, संस्कृति ,संस्कार और परंपराएं महिलाओं के कारण ही एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी में हस्तांतरित होती हैं। अत: महिलाओं की सामाजिक, शैक्षिक, धार्मिक कार्य शक्ति ही परिवार तथा समाज और राष्ट्र को सशक्त बनाते हैं। नारियों के संदर्भ में यह भी कहा गया है कि सशक्त महिला सशक्त समाज की आधारशिला होती है। माताएं शिशु की प्रथम शिक्षिका होती है। माता के बाद बहन,पत्नी का अवतार राष्ट्र निर्माण और विकास के साथ-साथ पथ प्रदर्शक के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, पत्नी चाहे तो पति को गुणवान और सद्गुणी बना सकती है। इतिहास गवाह है कि जब भी कभी देश में संकट आया है तो पत्नियों ने अपने पतियों के माथे पर तिलक लगाकर जोश, जुनून और विश्वास के साथ रणभूमि भेजा है और विजयश्री प्राप्त की है।

भारतीय ऋषियों ने अथर्व वेद में माताओं को 'माता भूमिह पुत्र अहं पृथ्व्या'।

अर्थात भूमि मेरी माता है और हम इस धरा के पुत्र हैं, कहकर प्रतिष्ठित किया है,तभी से विश्व में नारी महिमा का उद्घोष हो गया था। महान शासक नेपोलियन बोनापार्ट ने नारी की महत्ता को महिमा-मंडित करते हुए कहा था कि 'मुझे एक योग्य माता दे दो, मैं तुम्हें एक योग्य राष्ट्र दूंगा'। मानव कल्याण की भावना, कर्तव्य, सृजनशीलता और ममता को सर्वोपरि मानते हुए महिलाओं ने इस जगत में मां के रूप में अपनी सर्वोपरि भूमिका को निभाते हुए राष्ट्र निर्माण और विकास में अपने विशेष दायित्वों का निर्वहन किया है।

**-संजीव ठाकुर**

## अमेरिका में गोलीबारी में दो की मौत, छह घायल

**लॉस एंजिल्स,** 5 अगस्त (एजेंसियां)। कैलिफोर्निया के लॉस एंजिल्स शहर में एक गोलीबारी की घटना में दो लोगों की मौत हो गई और छह लोग घायल हो गए। यह जानकारी स्थानीय अधिकारियों ने दी है। लॉस एंजिल्स पुलिस विभाग (एलएपीडी) के अनुसार, यह घटना सोमवार को तड़के करीब 1 बजे 14वें प्लेस और ग्रिफिथ एवेन्यू के पास हुई। उस समय वहां कई पार्टियां चल रही थीं। लॉस एंजिल्स पुलिस (एलएपीडी) के अधिकारियों ने रविवार देर रात 50 से ज़्यादा लोगों की एक पार्टी में एक व्यक्ति को अंदर जाते देखा। यह एक प्राइवेट पार्टी थी जो अधिकृत नहीं थी। समाचार एजेंसी सिन्हुआ के मुताबिक, पुलिस ने पार्टी बंद करवा दी और एक व्यक्ति को बंदूक रखने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया।

# सूडान में बिगड़ते हालात पर संयुक्त राष्ट्र चिंतित

■ **उत्तरी दारफुर राज्य में भीषण लड़ाई जारी**

**संयुक्त राष्ट्र,** 5 अगस्त (एजेंसियां)। संयुक्त राष्ट्र (यूएन) ने सूडान में लगातार बढ़ रही हिंसा, आम नागरिकों की बढ़ती मौतों और बिगड़ते मानवीय हालात पर गहरी चिंता जताई है। संयुक्त राष्ट्र मानवीय मामलों के समन्वय कार्यालय (ओसीएचए) ने देश भर में हो रही मानवीय त्रासदी पर ताजा जानकारी दी। ओसीएचए ने सोमवार को कहा कि हमारे मानवीय सहयोगियों ने बताया है कि उत्तरी दारफुर राज्य में भीषण लड़ाई जारी है और हाल के दिनों में कई नागरिकों के हताहत होने की खबरें आई हैं। उन्होंने आगे बताया कि राज्य की राजधानी एल फशेर में शुक्रवार और शनिवार को झड़पें हुईं, इससे पहले विस्थापित लोगों के लिए बने अबू शौक शिविर के आसपास सशस्त्र समूहों के बीच झड़पें भी हुई थीं। इस शिविर में वर्तमान में 25,000 लोग रहते हैं।

कार्यालय ने कहा कि एल फशेर के बाहरी इलाके में स्थित विस्थापितों के एक अन्य शिविर, जमजम में अकाल की पुष्टि होने के एक साल बाद भी शहर घेराबंदी में है और इसके निवासी



**जमजम में अकाल की पुष्टि होने के एक साल बाद भी शहर घेराबंदी में है और लोग भुखमरी का सामना कर रहे हैं : ओसीएचए**

भुखमरी का सामना कर रहे हैं। एक साल से अधिक समय से सड़क मार्ग से कोई खाद्य सामग्री नहीं पहुंचाई गई है।

कार्यालय ने कहा कि उत्तरी कोर्डोफन राज्य में, उम सुमेइमा शहर का हाल के हफ्तों में कथित तौर पर कई बार नियंत्रण बदला है, जिससे अग्रिम मोर्चे की अस्थिरता उजागर होती है। नागरिक अभी भी फंसे हुए हैं और सहायता तक उनकी पहुंच पर भारी प्रतिबंध लगा हुआ है।

ओसीएचए ने कहा कि दारफुर में हैजा तेजी से फैल रहा है। सिन्हुआ समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, उत्तरी दारफुर के तवीला इलाके में जून के अंत से लगभग 1,200 मामले सामने आए हैं, जिनमें बच्चों में लगभग 300 मामले और कम से कम 20 मौतें शामिल हैं। दक्षिणी दारफुर में, स्वास्थ्य अधिकारियों ने मई के अंत से 1,100 से अधिक संदिग्ध हैजा के मामलों और 64 मौतों की सूचना दी है, और ताजा रिपोर्ट के अनुसार मृत्यु दर 6 प्रतिशत से ज्यादा है। ओसीएचए ने कहा कि चिकित्सा आपूर्ति, स्वच्छ जल और स्वच्छता सेवाओं की कमी मानवीय सहायता पहुंचाने में बहुत बड़ी रुकावट बन रही है। खार्तूम राज्य में, ओसीएचए ने कई स्थानों पर बारूदी सुरंगों की पुष्टि की। मोग्रान, ओमदुरमन और बाहरी में एंटी-पर्सनल और एंटी-व्हीकल माइंस का पता चला।

कार्यालय ने कहा कि ये उपकरण न केवल नागरिकों को अपंग बना रहे हैं और उनकी जान ले रहे हैं, बल्कि स्वास्थ्य सेवाओं, बाजारों और मानवीय सहायता तक पहुंच को भी अवरुद्ध कर रहे हैं।

ओसीएचए ने कहा कि ब्लू नाइल राज्य में आई बाढ़ ने राज्य की राजधानी एड डैमाजीन में 100 से ज्यादा लोगों को विस्थापित कर दिया और शुक्रवार को अल-करमा शिविर में कम से कम 200 टेंट नष्ट हो गए। संघर्ष के कारण अपने घरों से भागे लोगों के सामने यह नई चुनौती है।

## खान यूनिस में फिलिस्तीनी रेड क्रिसेंट मुख्यालय पर हमला निंदनीय : आइएफआरसी



**जिनेवा।** अंतर्राष्ट्रीय रेड क्रॉस महासंघ (आइएफआरसी) और रेड क्रीसेंट सोसाइटीज फेडरेशन ने खान यूनिस में फिलिस्तीनी रेड क्रिसेंट सोसाइटी(पीआरसीएस) मुख्यालय पर हमले की निंदा की है। इस हमले में एक पीसीआरएस कर्मचारी की मौत हो गई जबकि दो अन्य कर्मचारी गंभीर रुप से घायल हो गए। इसके अलावा एक नागरिक भी जख्मी हो गया जो घटनास्थल पर लगी आग को बुझाने में मदद कर रहा था। आइएफआरसी ने जारी एक बयान में नागरिकों और मानवीय कार्यकर्ताओं की सुरक्षा के साथ-साथ रेड क्रिसेंट प्रतीक का सम्मान और संरक्षण का आह्वान किया है। आइएफआरसी की स्थापना सन् 1919 में हुई थी और इसका मुख्यालय स्विट्ज़रलैंड के जेनेवा में है।

## भूटान में भारत के नए राजदूत होंगे संदीप आर्य

**नई दिल्ली,** 5 अगस्त (एजेंसियां)। केंद्र सरकार ने संदीप आर्य को भूटान के लिए भारत का अगला राजदूत नियुक्त किया है। वह वर्तमान में वियतनाम गणराज्य में भारत के राजदूत के रूप में कार्यरत हैं। आर्य बहुत जल्द महत्वपूर्ण जिम्मेदारी संभाल सकते हैं। संदीप आर्य 1994 बैच के आईएफएस अधिकारी हैं। उनके पास अंतर्राष्ट्रीय कूटनीति और विदेश नीति के क्षेत्र में व्यापक अनुभव है। उन्होंने अपनी कूटनीतिक यात्रा की शुरुआत 1994 में की थी और इसके बाद उन्होंने कई महत्वपूर्ण पदों पर काम किया है। वर्तमान में, आर्य वियतनाम गणराज्य में भारत के राजदूत के रूप में कार्यरत हैं, जहां उन्होंने द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने और वियतनाम के साथ भारत की रणनीतिक साझेदारी को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उनके कार्यकाल में वियतनाम और भारत के बीच व्यापार, सांस्कृतिक आदान-प्रदान और कूटनीतिक संबंधों में महत्वपूर्ण वृद्धि हुई है। उन्हें वर्ष 2022 में वियतनाम का राजदूत नियुक्त किया गया था। कूटनीतिक करियर में उन्होंने विभिन्न देशों में भारत के हितों की रक्षा की है और वैश्विक मंच पर भारत की स्थिति को मजबूती से प्रस्तुत किया है। आर्य के नेतृत्व में, भारत और भूटान के संबंधों को और प्रगाढ़ बनाने की उम्मीद जताई जा रही है। बता दें कि संदीप आर्य बतौर राजदूत सुधाकर दलेला की जगह लेंगे। दलेला 1993 बैच के आईएफएस अधिकारी हैं। उन्हें रॉयल किंगडम ऑफ भूटान में भारत के राजदूत के रूप में साल 2022 में नियुक्त किया गया।



■ **सुधाकर दलेला की लेंगे जगह**

## सुडोकू 6996

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | | 3 | | 2 | | 6 | 7 | 5 |
| | | | 6 | 5 | | 8 | | |
| | 2 | | | | 3 | 9 | | |
| | 1 | | | 3 | | 2 | | 6 |
| | 3 | | 8 | | 6 | | 9 | |
| 6 | | 8 | | 1 | | | 4 | |
| | | 1 | 3 | | | | 5 | |
| | | 7 | | 4 | 5 | | | |
| 9 | 4 | 5 | | 6 | | 3 | | 8 |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ **बेजान दारूवाला**

ग्रह स्थिति : बुधवार 6 अगस्त, 2025 श्रावण शुक्ल पक्ष 12

### राशिफल

मेष - आज आपके निर्धारित काम आसानी से पूरा कर सकेंगे, परंतु ऐसा हो सकता है कि आप जो प्रयत्न कर रहे हैं वे गलत दिशा में हों। धार्मिक या मांगलिक अवसरों पर जाना हो सकता है। तीर्थयात्रा के योग हैं।

वृषभ - हाथ में लिए हुए काम समय पर पूरा न होने पर हताशा का अनुभव होगा। कार्य सफलता में थोड़ा विलंब होगा। खान-पान के कारण स्वास्थ्य खराब होगा। नए काम की शुरुआत के लिए उचित समय नहीं है।

मिथुन - स्फूर्ति और उत्साह से आपके आज का दिन प्रारंभ होगा। मित्रों तथा परिजनों के साथ बाहर घूमने जाएंगे तथा पार्टी का आयोजन होगा। मनोरंजन कर सकते हैं।

कर्क - आज आपको सफलता और आनंद की प्राप्ति होगी। घरेलू वातावरण सुख-शांतिवाला होगा। नौकरी में लाभ हो सकता है। आप विरोधियों को परास्त कर सकेंगे। आपके काम की कद्र होगी।

सिंह - आपको साहित्य में कुछ नवीन सृजन करने की प्रेरणा मिलेगी। विद्यार्थियों के लिए समय अनुकूल होने के कारण पढ़ाई में सफलता प्राप्त कर सकेंगे। प्रेम में सफलता मिलेगी। प्रिय व्यक्ति से मिलकर आपको खुशी का अनुभव होगा।

कन्या - आज का दिन किसी भी काम के लिए अनुकूल नहीं है। आपका स्वास्थ्य खराब होगा, मन में चिंता महसूस होगी। पारिवारिक सदस्यों के साथ मतभेद होगा। सामाजिक कार्यक्रम में मानहानि हो सकती है।

तुला - शुभ या धार्मिक अवसरों पर यात्रा प्रवास का आयोजन होगा। भाई-बंधुओं के साथ अच्छे वातावरण में घरेलू मामलों पर चर्चा होगी। व्यापार के लिए बाहर जाना हो सकता है। विदेश से अच्छे समाचार आएंगे।

वृश्चिक - परिवार में संघर्ष या मनमुटाव होने की संभावना है, अत: ध्यान रखें। आपको नेगेटिविटी से दूर रहना चाहिए। विद्यार्थियों के लिए समय अनुकूल नहीं है। गलत खर्च न हो इसका ध्यान रखें। तन-मन में बैचेनी रहा करेगी।

धनु - आज आपके निर्धारित काम में सफलता और आर्थिक लाभ की संभावना है। सपरिवार मांगलिक कार्यक्रम में उपस्थित होंगे। कहीं घूमने जाने या खासकर किसी तीर्थयात्रा पर जाने की संभावना है।

मकर - स्वास्थ्य संबंधी शिकायत रहेगी। मन में उचाट अनुभव करेंगे। व्यवसाय में सरकार का हस्तक्षेप बढ़ेगा। धार्मिक कामों के पीछे धन खर्च होगा। आध्यात्मिक और धार्मिक व्यवहार में वृद्धि होगी। शत्रुओं से परेशानी होगी।

कुंभ - मांगलिक और नए काम का आयोजन करने के लिए अत्यंत शुभ दिन है। अविवाहितों का विवाह आयोजित होगा। पत्नी और संतान के समाचार मिलेंगे। मित्र मंडल तथा बुजुर्गों की ओर से लाभ मिलेगा।

मीन - आज आपके सभी काम सफलतापूर्वक सफल होंगे। नौकरी और व्यवसाय में पदोन्नति होगी। व्यापारियों के रुके हुए पैसे मिलेंगे। पिता तथा बुजुर्गों से लाभ होगा। आर्थिक लाभ और परिवार में आनंद छाएगा।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

# बांग्लादेश में छात्र समूहों ने 'जुलाई डेक्लेरेशन' का किया बहिष्कार

**ढाका,** 5 अगस्त (एजेंसियां)। बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने 'जुलाई डेक्लेरेशन' समारोह आयोजित कर रही है। इस बीच, जिन छात्र संगठनों ने शेख हसीना सरकार को सत्ता से हटाने के लिए आंदोलन चलाया था, उन्होंने ही इस समारोह का बहिष्कार कर दिया है। संगठनों का कहना है कि उनका साहस एक साल से भी कम समय में बेकार हो गया क्योंकि सभी छात्रों को इस समारोह में बुलाया ही नहीं गया।

मुख्य सलाहकार के प्रेस विंग ने शनिवार को पुष्टि की कि यह कार्यक्रम मंगलवार को ढाका के माणिक मिया एवेन्यू में प्रस्तावित है। इसमें बताया गया है कि चार्टर को पिछले साल जुलाई में हुए प्रदर्शनों में शामिल सभी पक्षों की मौजूदगी में पूरे देश के सामने पेश किया जाएगा।

स्टूडेंट्स अगेंस्ट डिस्क्रिमिनेशन (एसएडी) के समन्वयक और नेशनल सिटिजन पार्टी (एनसीपी) के वरिष्ठ संयुक्त मुख्य समन्वयक अब्दुल हन्नान मसूद ने सोशल मीडिया पर कहा कि वे इस कार्यक्रम का बहिष्कार करेंगे।

मसूद ने फेसबुक पर लिखा कि मैंने सुना है कि इस सरकार ने जुलाई विद्रोह के वैध समूह के 158 समन्वयकों और सह-समन्वयकों को आमंत्रित नहीं किया है। शायद उन्होंने कुछ लोगों को बुलाया होगा, लेकिन 158 लोगों के लिए जगह नहीं बनाई गई।

पोस्ट में आगे कहा गया कि जिन लोगों की हिम्मत और नेतृत्व से यह तख्तापलट हुआ और



यह सरकार बनी, वे एक साल से भी कम समय में बेकार हो गए हैं। अगर मेरे साथी जो हसीना को हटाने के लिए आंदोलन चलाते रहे, उन्हें वह सम्मान नहीं मिलता जिसके वे हकदार हैं, तो मैं अब्दुल हन्नान मसूद व्यक्तिगत रूप से कल होने वाले जुलाई घोषणा कार्यक्रम का बहिष्कार करूंगा। छात्र संघ के महासचिव सैकत आरिफ ने भी कहा कि उन्होंने इस कार्यक्रम में हिस्सा न लेने का फैसला किया है।

प्रमुख बांग्लादेशी अखबार जुगांतर ने सैकत आरिफ के हवाले से कहा कि सरकार ने छात्र संगठनों के साथ जुलाई घोषणापत्र पर चर्चा नहीं की है। पिछले एक साल में उसने कोई बैठक भी नहीं की।

## बांग्लादेश में बढ़ रहे अल्पसंख्यकों पर अत्याचार

■ **अवामी लीग ने की यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार की आलोचना**



**ढाका।** अवामी लीग पार्टी ने मुहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार की कड़ी आलोचना की है और पिछले एक साल में अल्पसंख्यकों के उत्पीड़न पर गहरी चिंता व्यक्त की है। पार्टी ने उल्लेख किया कि यूनुस के शासन में अल्पसंख्यकों पर 2,442 से ज्यादा हमले दर्ज किए गए। घटनाओं को सरकार ने या तो नजरअंदाज किया गया या समर्थन दिया गया। अवामी लीग ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि 5 अगस्त, 2024 कोई निर्णायक मोड़ नहीं था। यह एक हरी झंडी थी। सिर्फ 16 दिनों में पूरे देश में हिंसा फैल गयी। लेकिन, दुनिया अब भी यूनुस की सराहना करती है। 1971 का नरसंहार हमारा आखिरी नरसंहार माना जा रहा था। लेकिन यूनुस के शासन में, यह फिर से लौट आया है। पार्टी ने सवाल किया कि क्या बांग्लादेश अब भी वही देश है या यह छिपा हुआ तालिबानी राज्य बन गया है। पार्टी ने कहा कि अगस्त 2024 से अगस्त 2025 तक, बांग्लादेश में जो कुछ हुआ है, वह 1971 में पाकिस्तानी सेना द्वारा किए गए अत्याचारों से भी बढ़कर है। यूनुस शासन के प्रत्यक्ष संरक्षण में, देश भर में अल्पसंख्यक समुदायों के धार्मिक सफाए, जातीय उत्पीड़न और सुनियोजित नरसंहार का एक समन्वित अभियान चलाया गया है।

# भारतीय युद्धपोतों ने फिलीपींस की नौसेना के साथ किया संयुक्त समुद्री अभ्यास

**नई दिल्ली,** 5 अगस्त (एजेंसियां)। भारतीय नौसेना के युद्धपोत आईएनएस दिल्ली (गाइडेड मिसाइल विध्वंसक), आईएनएस शक्ति (फ्लीट टैंकर) और आईएनएस किलटन (पनडुब्बी रोधी युद्धपोत) ने फिलीपींस के मनीला बंदरगाह का दौरा सफलतापूर्वक संपन्न किया है। यहां भारत और फिलीपींस की नौसेनाओं ने एक संयुक्त समुद्री अभ्यास किया।

इस संयुक्त समुद्री अभ्यास के दौरान दोनों देशों ने एंटी-एयर, एंटी-सतह और एंटी-सबमरीन ड्रिल्स का आयोजन किया। मंगलवार को नौसेना ने यह दौरा संपन्न होने की जानकारी दी। फिलीपींस के राष्ट्रपति भारत दौरे पर हैं। मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और फिलीपींस के राष्ट्रपति के बीच नई दिल्ली में द्विपक्षीय वार्ता हुई।

जनसंपर्क कार्यक्रम के दौरान भारतीय जहाजों को फिलीपीन नौसेना के कर्मियों, छात्रों, सरकारी अधिकारियों और भारतीय समुदाय के लिए खोला गया। भारतीय नौसेना के कर्मियों ने फ्रेंडशिप होम फादर लुईस अमीगो अनाथालय का दौरा किया और बच्चों के साथ समय बिताया। नौसेना का मानना है कि यह पोर्ट कॉल भारत और फिलीपींस के बीच समुद्री साझेदारी को एक नया आयाम देने वाला रहा।



■ **भारतीय नौसेना ने हिंद-प्रशांत क्षेत्र में स्थायित्व, शांति व साझेदारी की अपनी भूमिका को किया मजबूत**

## ब्राजील के पूर्व राष्ट्रपति जेयर बोल्सोनारो नजरबंद

**नई दिल्ली,** 5 अगस्त (एजेंसियां)। ब्राजील के सुप्रीम कोर्ट ने पूर्व राष्ट्रपति जेयर बोल्सोनारो को नजरबंद करने का आदेश दिया है। बोल्सोनारो पर 2022 का चुनाव हारने के बाद कथित तौर पर तख्तापलट करने की साजिश का आरोप है। बोल्सोनारो को नजरबंद किए जाने की अमेरिका ने निंदा की है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ट्रूथ पर लिखा कि मैंने देखा है कि एक अन्यायपूर्ण व्यवस्था आपके खिलाफ भयानक व्यवहार कर रही है। यह मुकदमा तुरंत खत्म होना चाहिए। अमेरिकी विदेश विभाग ने कहा कि न्यायमूर्ति एलेक्जेंडर डी मोरेस ब्राजीलियाई संस्थानों का इस्तेमाल विपक्ष को चुप कराने और लोकतंत्र को खतरे में डालने के लिए कर रहे हैं। अमेरिका प्रतिबंधित गतिविधियों में सहयोग और सहयोग करने वाले सभी लोगों को जवाबदेह ठहराएगा। न्यायमूर्ति एलेक्जेंडर डी मोरेस ने जेयर बोल्सोनारो को सोमवार को नजरबंद किए जाने का आदेश दिया था।



■ **बोल्सोनारो पर लगा है तख्तापलट करने की साजिश का आरोप**

### प्रथम पृष्ठ का शेष

**जनसंपर्क आयुक्त रवि मित्तल ...**

का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। आईएएस जयश्री जैन, मिशन संचालक राज्य ग्रामीण आजीविका मिशनतथा अति. प्रभार संचालक स्वच्छ भारत मिशन-ग्रामीण को उप सचिव वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के पद पर पदस्थ किया गया है। आईएएस दीपक कुमार अग्रवाल, नियंत्रक खाद्य एवं औषधि प्रशासन को उनके वर्तमान कर्तव्यों के साथ-साथ सचिव लोक आयोग का अति. प्रभार सौंपा गया है। आईएएस पद्मिनी भोई साहू, प्रबंध संचालक छग मेडिकल सर्विसेस कार्पोरेशन रायपुर को संचालक कोष एवं लेखा के पद पर पदस्थ करते हुए संचालक पेंशन एवं पंजीयक, फर्म एवं संस्थाएं का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया।आईएएस हिना अनिमेष नेताम, उप सचिव राजभवन रायपुर को संचालक आदिम जाति अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान के पद पर पदस्थ किया गया है। आईएएस अश्वनी देवांगन, उप सचिव वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग को मिशन संचालक राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के पद पर पदस्थ करते हुए संचालक स्वच्छ भारत मिशन-ग्रामीण का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।

**कुबेरेश्वर धाम में रुद्राक्ष वितरण ...**

प्रशासन की टीम लगातार प्रयासरत है, लेकिन भारी भीड़ के कारण वाहन जगह-जगह फंसे नजर आ रहे हैं। हाईवे पर कई किलोमीटर लंबी गाडियों की कतार देखी जा रही है, जिससे यात्रियों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कुबेरेश्वर धाम मेंआयोजित रुद्राक्ष वितरण कार्यक्रम के दौरान अफरा-तफरी का माहौल बन गया। भारी भीड़ के दबाव और अव्यवस्था के चलते दो महिलाओं की मौत हो गई। मृतकों की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है। इस घटना के बाद श्रद्धालुओं में डर और नाराजगी का माहौल है।

**शांत हो गई बेखौफ...**

से ही राज्यसभा गए। सत्यपाल मलिक जनता दल के टिकट पर अलीगढ़ से 9वीं लोकसभा के लिए चुने गए। मलिक सितंबर 2017 से अगस्त 2018 तक बिहार, फिर 21 मार्च 2018 से 28 अगस्त 2018 तक ओडिशा के प्रभारी राज्यपाल, 23 अगस्त 2018 से 30 अक्टूबर 2019 तक जम्मू और कश्मीर के राज्यपाल, 3 नवंबर 2019 से 18 अगस्त 2020 तक गोवा और फिर 18 अगस्त 2020 से 3 अक्टूबर 2022 तक मेघालय के राज्यपाल रहे।

**रास में सीआईएसएफ कर्मियों की ...**

करते रहेंगे और ये हमारा लोकतांत्रिक अधिकार है।ञ्ज खरगे ने कहा कि ऐसे में अगर मैंने आपको पत्र लिखा और उस बारे में मीडिया में जानकारी दी गई तो उस पर आपको इतनी आपत्ति क्यों है? मैं सभी सदस्यों को सूचित नहीं कर सकता, इसलिए एक प्रेस नोट जारी किया। मुझे बताइए सीआईएसएफ को वेल में तैनात क्यों किया गया? क्या हम आतंकवादी हैं?

**बिना मान्यता के चल रहे ...**

करें, यह क्राइम है। छत्तीसगढ़ में बिना मान्यता के नर्सरी स्कूल चलाए जाने और एक ही स्कूल के नाम से मान्यता लेकर मिलते-जुलते नामों से अलग-अलग ब्रांच खोलकर बच्चों के भविष्य से खिलवाड़ करने वाले और लाखों रुपए वसूलने वाले स्कूलों के खिलाफ रायपुर निवासी कांग्रेस नेता विकास तिवारी ने हाईकोर्ट मे याचिका लगाई है। इस मामले में उन्होंने बताया था कि ऐसे स्कूलों की शिकायत करने पर उनके खिलाफ झूठी एफआईआर दर्ज करवा दी गई थी।

पिछली सुनवाई में शिक्षा सचिव के शपथ पत्र को अदालत ने झूठा पाया था। दरअसल शिक्षा सचिव ने शपथ पत्र में बताया था कि नर्सरी स्कूलों को मान्यता की जरूरत नहीं होती। जिस पर याचिकाकर्ता के अधिवक्ता ने नियमों को दिखाते हुए बताया कि सन 2013 से नर्सरी स्कूलों में मान्यता लेने का नियम है। जिस पर हाई कोर्ट ने नाराजगी जाहिर करते हुए शिक्षा सचिव से दूसरा शपथ पत्र मांगा था।

**'आपका विज़न क्लियर नहीं'**

चीफ जस्टिस ने कहा कि 2013 से अनुमति का नियम है। जब हमने संज्ञान लिया और सुनवाई शुरू की तब आपको ध्यान आया। 25 जुलाई को कमेटी बनी और दो दिनों में रिपोर्ट भी आ गई, वो भी 2013 का। चीफ जस्टिस ने सरकार की तरफ से खड़े वकील से नाराजगी जताते हुए कहा कि आप लोगों का विजन क्लियर नहीं है, आप लोग क्या पॉलिसी बनाते हैं, क्या नोटिफिकेशन होता है, इससे जनता को और राज्य को क्या फायदा होगा, कुछ भी आप लोगों को क्लियर नहीं है।

पिछली सुनवाई में पूछा कि नर्सरी स्कूलों के लिए मान्यता की जरूरत है या नहीं है तो आप पकड़े गए और आपने कह दिया कि इसकी जरूरत नहीं है। 2013 से मान्यता की जरूरत है पर 12 सालों तक बिना मान्यता के स्कूल चला लिए गए, फीस ले लिए गए। और जब पकड़े गए तो आप लोग कहते हैं कि मान्यता की जरूरत नहीं है। मैं आप लोगों की प्रॉब्लम समझ रहा हूं, जब आपने देखा कि यह बड़े लोग है और नियमों के पालन करने पर 12 साल बिना मान्यता के स्कूल चलाने पर इनका स्कूल बंद हो जाएगा, इनको मुआवजा देना होगा, क्रिमिनल केस बनेगा तब आपको लगता है कि इनको बचाना पड़ेगा और आपने कह दिया की मान्यता की जरूरत नहीं है।

## आज का इतिहास

1825- बोलीविया ने पेरू से स्वतंत्रता हासिल की।
1862- मद्रास उच्च न्यायालय की स्थापना।
1890- न्यूयॉर्क में विलियम केमलर को इलेक्ट्रिक चेयर में करंट से मौत की सजा दी गई। विलियम ने एक महिला की कुल्हाड़ी से हत्या की थी। ये पहला मामला था जब इलेक्ट्रिक चेयर के जरिए किसी को मौत की सजा दी गई थी।
1906- प्रमुख स्वतंत्रता सेनानी चितरंजन दास और अन्य कांग्रेस नेताओं ने मिलकर 'वंदेमातरम' समाचार पत्र का प्रकाशन शुरू किया।
1914- ऑस्ट्रिया ने रूस के खिलाफ युद्ध की घोषणा की।
1925- सुरेन्द्र नाथ बनर्जी का निधन।
1926- अमेरिकी तैराक गेरट्रुड एडर्ल इंग्लिश चैनल को तैरकर पार करने वाली पहली महिला बनीं।
1945- जापान के हिरोशिमा में अमेरिकी विमानों एटम बम गिराये।
1960- क्यूबा ने देश की तमाम संपत्ति का राष्ट्रीयकरण किया।
1962- 300 साल बाद ब्रिटेन के शासन से मुक्त होकर जमैका स्वतंत्र राष्ट्र बना।
1964- अमेरिका के नेवादा में विश्व के सबसे प्राचीन वृक्ष प्रोमेथस को काट दिया गया।
1986- भारत के प्रथम टेस्ट ट्यूब बेबी का जन्म।
1990- पाकिस्तान के राष्ट्रपति गुलाम इसाक खान ने बेनजीर भुट्टो को प्रधानमंत्री पद से हटा दिया।
1996- नासा ने मंगल पर जीवन होने की संभावना जताई।
2007- मध्य त्रिनिदाद में एक पुराने हिन्दू मन्दिर को क्षतिग्रस्त किया गया।

## वर्ग पहेली 6996

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | | २ | | ■ | ■ | ३ | | ४ | |
| | ■ | | ■ | ५ | | | ■ | | ■ |
| ६ | | | ■ | | ■ | ७ | | | ८ |
| | ■ | | ■ | ९ | | | ■ | ■ | |
| ■ | १० | | ११ | | ■ | ■ | १२ | | |
| ■ | | ■ | | ■ | १३ | | | ■ | |
| १४ | | १५ | | ■ | | ■ | १६ | १७ | |
| | ■ | | ■ | १८ | | १९ | ■ | | ■ |
| २० | | | ■ | | ■ | २१ | | | २२ |
| | ■ | २३ | | | | | ■ | ■ | |

**बायें से दायें:-**

१. ठगी, धोखेबाजी, धूर्तता
३. दीवारों पर बना चित्र
५. उम्मीद,चाह, इच्छा
७. जहरीला
८. मुठभेड़, भिड़न्त
९. देखने की क्रिया,दीदार
१०. मद्य निर्माण शाला
१२. मुखिया, प्रमुख
१३. श्रेष्ठ, उत्तम
१४. निरस्त करना, रद्द होना
१६. भरा-पूरा, संपन्न
१८. रसीला
२०. लाल कमल
२१. परिवर्तित करना
२३. एकाएक, सहसा (उर्दू)

**ऊपर से नीचे:-**

१. जिस पर असर पड़ा हो
२. जिसे खुशामद पसंद हो
३. भीख मांगते हुए घूमना
४. चित्रकार
५. आय
८. जिसने किसी से कोई वादा कर रखा हो
१०. इज्जत, सम्मान
११. वस्त्र
१२. कोशिश
१३. बहरा
१४. जिस पर कोई नियंत्रण, अंकुश या दबाव न हो
१५. संवेदनशील, भावुक
१७. कमल
१८. अभिप्राय, उद्देश्य, हेतु (उर्दू)
१९. सीख, अध्याय, पाठ, पुस्तक की उतना अंश जतना एक दिन में गुरु स पढ़ा जाये (उर्दू)
२२. तबाह, बर्बाद, अंत

### वर्ग पहेली-6995

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ अ | नु | २ दा | र | ■ | ■ | ३ श | वा | ४ स | न |
| मा | ■ | मो | ■ | ५ सा | बि | त | ■ | मा | ■ |
| ६ व | जू | द | ■ | ध | ■ | ७ द | र्द | ना | क |
| स्या | ■ | ८ र | ९ क्ष | क | द | ल | ■ | थीं | ■ |
| ■ | १० अ | ■ | यं | ■ | ■ | ■ | ११ प्रा | ■ | १२ इ |
| १३ वि | दा | र | क | ■ | १४ प | ■ | १५ ची | ख | ना |
| ■ | ल | ■ | १६ र | स | रा | ज | ■ | ■ | य |
| १७ अं | त | स | ■ | ■ | ज | ■ | १८ औ | १९ स | त |
| ब | ■ | ■ | २० हि | दा | य | २१ त | ■ | जी | ■ |
| २२ र | वा | य | त | ■ | ■ | २३ य | म | व | रा |

**युसूफ कुरैशी,** मो. 8109948408

## दुनिया को जानें

### अमेरिका में 30 साल पहले स्टोर किए गए भ्रूण से जन्मा बच्चा

**नई दिल्ली,** 5 अगस्त (एजेंसियां)। अमेरिका में 1994 में फ्रीज किए गए भ्रूण से एक बच्चे का जन्म हुआ है। यह बच्चा 26 जुलाई को ओहायो में लिंडसे और टिम पियर्स के घर में जन्मा। यह घटना अपने आप में एक ऐतिहासिक है। इस बच्चे को दुनिया का सबसे उम्रदराज नवजात कहा जा रहा है।

एमआईटी टेक्नोलॉजी रिव्यू ने सबसे पहले इस खबर की रिपोर्ट प्रकाशित की थी। इस कहानी की शुरुआत 1990 के दशक की शुरुआत में हुई थी। तब लिंडा आर्चर्ड और उनके तत्कालीन पति ने प्रेग्नेंसी के दौरान आ रही दिक्कतों के निदान के लिए इन विट्रो फर्टिलाइजेशन यानी आईवीएफ का सहारा लिया था। 1994 में लिंडा से 4 भ्रूण प्राप्त किए गए। एक को उनमें ट्रांसफर कर दिया गया और इससे एक बेटी का जन्म हुआ। लिंडा की वह बेटी अब 30 साल की है और 10 साल के बच्चे की मां है। वहीं अन्य भ्रूणों को क्रायोप्रिजर्व करके स्टोर कर लिया गया। बाद में लिंडा का अपने पति से तलाक हो गया। इसके बाद भ्रूणों की कस्टडी लिंडा को मिल गई।

# खेल जगत


## एशिया कप में पाकिस्तान के लिए भारत बड़ी चुनौती : राशिद लतीफ



**नई दिल्ली,** 5 अगस्त (एजेंसियां)। पाकिस्तान क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान राशिद लतीफ का मानना है कि 14 सितंबर को एशिया कप में चिर प्रतिद्वंद्वी भारत के खिलाफ होने वाले मुकाबले में पाकिस्तान को कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा। लतीफ ने कहा, 'टीम इंडिया हाल के मैचों में अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन से काफी दूर रही है और उसे अपने प्रदर्शन में बदलाव की जरूरत है। इसके बावजूद पाकिस्तान के लिए भारत के साथ होने वाला मैच आसान नहीं होने वाला।' लतीफ ने तंज भरे लहजे में कहा, 'पाकिस्तान की मौजूदा अनिश्चित फॉर्म को देखते हुए, वह बस यही उम्मीद कर रहे हैं कि टूर्नामेंट सुचारू रूप से आगे बढ़े। पाकिस्तान के लिए 14 सितंबर को एक मजबूत भारतीय टीम के खिलाफ खेलना बहुत मुश्किल होगा। एशिया कप हो जाए बस। पाकिस्तान के हालिया प्रदर्शन पर लतीफ ने कहा, 'हमारी क्रिकेट हवा में चल रही है।

# हम कड़ी मेहनत करते रहें, तो टेस्ट क्रिकेट पर राज कर सकते हैं : गौतम गंभीर

रोहित शर्मा और विराट कोहली टेस्ट से संन्यास ले चुके हैं। वरिष्ठ बल्लेबाजों की गैरमौजूदगी में युवा भारतीय टीम ने एकजुट होकर खेला और इंग्लैंड की चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में धैर्य दिखाते हुए शानदार प्रदर्शन किया: गौतम गंभीर



**लंदन,** 5 अगस्त (एजेंसियां)। भारत ने इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज को 2-2 से बराबरी पर खत्म किया, जिससे हेड कोच गौतम गंभीर बेहद खुश हैं। कोच ने भारत के टेस्ट क्रिकेट में राज करने की क्षमता पर भरोसा जताया, बशर्ते खिलाड़ी अपनी कार्य नीति और प्रतिबद्धता को बनाए रखें।

भारत ने सोमवार को केनिंग्टन ओवल में छह रन से रोमांचक जीत दर्ज की थी। इस जीत ने न सिर्फ भारत को हेड कोच गौतम गंभीर के कार्यकाल में लगातार तीसरी टेस्ट सीरीज हार से बचाया, बल्कि शुभमन गिल की अगुवाई वाली युवा टीम पर संदेह करने वाले आलोचकों का मुंह भी बंद कर दिया।

रोहित शर्मा और विराट कोहली टेस्ट से संन्यास ले चुके हैं। वरिष्ठ बल्लेबाजों की गैरमौजूदगी में युवा भारतीय टीम ने एकजुट होकर खेला और इंग्लैंड की चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में धैर्य दिखाते हुए शानदार प्रदर्शन किया।

'बीसीसीआई' ने ड्रेसिंग रूम का वीडियो शेयर किया, इसमें गंभीर ने कहा, 'जिस तरह से यह सीरीज 2-2 से बराबरी पर रही, यह एक बेहतरीन नतीजा है। सभी को बधाई। याद रखें, हम बेहतर होते रहेंगे। कड़ी मेहनत करते रहेंगे। सुधार करते रहेंगे। अगर हम ऐसा करते रहे, तो टेस्ट क्रिकेट में लंबे समय तक अपना दबदबा बनाए रख सकते हैं। लोग आते-जाते रहेंगे, लेकिन ड्रेसिंग रूम का माहौल हमेशा ऐसा होना चाहिए कि लोग इसका हिस्सा बनना चाहें। शुभकामनाएं, आनंद लीजिए। आप कुछ दिन आराम कर सकते हैं। आप इस हर पल के हकदार हैं। बधाई।' ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा ने इंग्लैंड के दौरे पर शानदार प्रदर्शन के लिए वाशिंगटन सुंदर को 'इम्पैक्ट प्लेयर ऑफ द सीरीज' का खिताब दिया। सुंदर ने मैनचेस्टर के ओल्ड ट्रैफर्ड में नाबाद 101 रन की पारी खेलते हुए चौथा टेस्ट ड्रॉ कराने में अहम भूमिका निभाई थी। सुंदर ने अपने सफल इंग्लैंड दौरे को लेकर कहा, 'इंग्लैंड जैसी जगह पर लगातार चार मैच खेलना खुशकिस्मती है।

## युवा टीम के साथ इंग्लैंड में टेस्ट सीरीज ड्रॉ कराना गिल के लिए बड़ी प्रेरणा: दानिश कनेरिया



**नई दिल्ली।** पाकिस्तान के पूर्व स्पिनर दानिश कनेरिया का मानना है कि एक युवा टीम के साथ इंग्लैंड में पांच टेस्ट मैचों की सीरीज 2-2 से ड्रॉ कराना कप्तान शुभमन गिल के लिए प्रेरणा के रूप में काम करेगा और उनके करियर में मददगार साबित होगा। इंग्लैंड दौरे की शुरुआत से पहले रोहित शर्मा और विराट कोहली ने संन्यास ले लिया था। इसके बाद शुभमन गिल को टेस्ट टीम की कप्तानी सौंपी गई थी। बतौर कप्तान गिल कैसा प्रदर्शन करेंगे, इसे लेकर सभी के मन में संशय की स्थिति थी। लेकिन, गिल ने सीरीज में सर्वाधिक 754 रन बनाकर एक नई ऊंचाई हासिल की। दानिश कनेरिया ने कहा, 'दर्शकों को सलाम, उन्होंने ऐसा महसूस कराया जैसे मैच भारत में खेला जा रहा हो। शुभमन गिल ने पूरे दौरे में शानदार कप्तानी की और आखिरी दिन उनकी रणनीतिक कुशलता ने भारत की बहुत मदद की। पुरानी गेंद से बॉलिंग जारी रखने के उनके फैसले से भारत को बहुत फायदा हुआ।'

## इंग्लैंड की टीम घबरा गई, आखिरी दिन उनका रवैया गलत था : माइकल वॉन



लंदन। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन ने भारत के खिलाफ पांचवें टेस्ट के आखिरी दिन इंग्लिश टीम के रवैये की आलोचना की है। सोमवार को 'केनिंग्टन ओवल' में मेजबान टीम को छह रन के करीबी अंतर से हार का सामना करना पड़ा था। माइकल वॉन ने सुबह के सत्र में इंग्लैंड के जोखिम भरे रवैये की आलोचना की। इंग्लैंड को मुकाबले के अंतिम दिन जीत के लिए महज 35 रन की दरकार थी। इंग्लैंड के पास चार विकेट शेष थे। मोहम्मद सिराज और प्रसिद्ध कृष्णा की शानदार गेंदबाजी के चलते भारत ने मुकाबला अपने नाम करते हुए सीरीज 2-2 से बराबरी पर खत्म की। वॉन ने 'द टेलीग्राफ' के लिए अपने कॉलम में लिखा, 'मैं उस टीम (इंग्लैंड) पर बहुत सख्ती नहीं करना चाहता, जिसे इस हफ्ते बदकिस्मती का सामना करना पड़ा। वह शायद अपने सबसे महत्वपूर्ण क्रिकेटर के बिना मैदान में उतरे, और फिर पहले दिन एक प्रमुख गेंदबाज को खो दिया। इंग्लैंड को प्रभावी रूप से 10 खिलाड़ियों के साथ खेलते हुए छह रन से शिकस्त झेलनी पड़ी। इसलिए मैं बहुत आलोचना नहीं करना चाहता।' उन्होंने लिखा, 'लेकिन सच बात यह है कि इंग्लिश टीम घबरा गई थी। जैसे-जैसे वह जीत के करीब पहुंचते गए, उन्होंने ज्यादा जोखिम उठाने की कोशिश की। आखिरी दिन उनका तरीका गलत था।

# नोवाक जोकोविच ने सिनसिनाटी ओपन से अपना नाम वापस लिया



जोकोविच ने कमर की चोट का हवाला देते हुए टोरंटो में कैनेडियन मास्टर्स से भी हटने का फैसला किया

**नई दिल्ली,** 5 अगस्त (एजेंसियां)। रिकॉर्ड 24 ग्रैंड स्लैम विजेता और विश्व के छठे नंबर के खिलाड़ी नोवाक जोकोविच ने सिनसिनाटी ओपन से अपना नाम वापस ले लिया है। टूर्नामेंट के आयोजकों ने यह जानकारी दी। 38 साल के सर्बियाई खिलाड़ी नोवाक जोकोविच ने गैर-चिकित्सीय कारणों के चलते टूर्नामेंट से हटने का फैसला किया है। जोकोविच ने कमर की चोट का हवाला देते हुए टोरंटो में कैनेडियन मास्टर्स से हटने का फैसला किया था। उन्होंने लगातार दूसरी बार एटीपी मास्टर्स 1000 टूर्नामेंट से भी बाहर रहने का फैसला किया था।

एटीपी विन/लॉस इंडेक्स के अनुसार, तीन बार के चैंपियन का एटीपी मास्टर्स 1000 में 45-12 का टूर्नामेंट रिकॉर्ड है। इस आयोजन में अपनी सबसे हालिया उपस्थिति में, उन्होंने 2023 के एक शानदार फाइनल में कार्लोस अल्काराज को 5-7, 7-6(7), 7-6(4) से हराकर जीत हासिल की थी। जोकोविच का इस सीजन में रिकॉर्ड 26-9 है, इसी साल उन्होंने मई में जिनेवा में अपना 100वां टूर-स्तरीय खिताब जीता था। उस जीत के बाद से उन्होंने सिर्फ दो इवेंट खेले हैं। वह फ्रेंच ओपन और विंबलडन के सेमीफाइनल में पहुंचे, लेकिन दोनों ही मेजर टूर्नामेंट में जैनिक सिनर से हार गए। जोकोविच का अगला मुकाबला यूएस ओपन में होगा, जहां मुख्य ड्रॉ मुकाबले 24 अगस्त से शुरू होंगे। वह अपने 25वें ग्रैंड स्लैम खिताब की तलाश में हैं, जो पुरुष और महिला एकल में मिलाकर एक सर्वकालिक रिकॉर्ड स्थापित करेगा, और महिला वर्ग में मार्गरेट कोर्ट के वर्तमान रिकॉर्ड की बराबरी कर लेगा। इस बीच, जैनिक सिनर सिनसिनाटी ओपन पहुंच गए हैं, जहां उनका लक्ष्य ओहायो में होने वाले एटीपी मास्टर्स 1000 इवेंट में अपने खिताब का बचाव करना होगा। 23 वर्षीय इतालवी खिलाड़ी 2025 में अपनी पहली मास्टर्स 1000 ट्रॉफी जीतने की कोशिश में हैं। इस आयोजन में सिनर के साथ अलेक्जेंडर ज्वेरेव, टेलर फ्रिट्ज और कार्लोस अल्काराज भी शामिल होंगे, जो विंबलडन फाइनल में सिनर से हार गए थे। सिनसिनाटी ओपन गुरुवार से शुरू हो रहा है और 2025 में एक बड़े बदलाव से गुजरा है। यह अब दो हफ्ते का, 96 खिलाड़ियों वाला इवेंट बन गया है, जो 260 मिलियन अमेरिकी डॉलर के कैंपस नवीनीकरण के साथ हो रहा है। इस विस्तार का मकसद नए कोर्ट जोड़कर खिलाड़ियों और प्रशंसकों दोनों के अनुभव को बेहतर बनाना है। फाइनल 18 अगस्त को खेला जाएगा।

# डब्ल्यूसीएल 2026 में कोहली और डिविलियर्स के साथ खेलने पर गेल का दावा



'विराट एक बेहतरीन खिलाड़ी हैं। हमने मैदान के अंदर और बाहर, दोनों जगह साथ में काफी अच्छा समय बिताया है : क्रिस गेल

**लंदन,** 5 अगस्त (एजेंसियां)। वेस्टइंडीज को टी20 फॉर्मेट की सबसे खतरनाक टीम माना जाता है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कह चुके वेस्टइंडीज के दिग्गज अभी भी विपक्षी टीमों पर भारी पड़ते हैं। डब्ल्यूसीएल 2025 में वेस्टइंडीज टीम सेमीफाइनल में नहीं पहुंच सकी। इसके बावजूद प्रशंसकों ने टीम के खेल को पसंद किया। दिग्गज बल्लेबाज क्रिस गेल ने वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स (डब्ल्यूसीएल) के अगले सीजन और विराट कोहली-एबी डी विलियर्स के साथ खेलने पर राय रखी।

क्रिस गेल ने कहा, 'विराट एक बेहतरीन खिलाड़ी हैं। हमने मैदान के अंदर और बाहर, दोनों जगह साथ में काफी अच्छा समय बिताया है। वह इस खेल के दिग्गज हैं। हमें अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में उनकी बहुत याद आती है।' लीजेंड्स लीग में कोहली और एबी डिविलियर्स के साथ खेलने की संभावना के बारे में पूछे जाने पर, गेल ने कहा, 'यह कुछ खास होगा। प्रशंसक इसे पसंद करेंगे।' डब्ल्यूसीएल 2025 के बारे में गेल ने कहा, 'इस सीजन में हमसे कुछ गलतियां हुईं, जिसकी वजह से हमें सेमीफाइनल में जगह नहीं मिल पाई। लेकिन, हम अगले साल और मजबूती से वापसी करेंगे। यह एक शानदार अनुभव था। अब हमारा लक्ष्य डब्ल्यूसीएल 2026 में धमाकेदार वापसी करना है।' वेस्टइंडीज चैंपियंस के मालिक अजय सेठी ने भी इस भावना का समर्थन करते हुए कहा, 'जीत और हार खेल का हिस्सा हैं। मैं क्रिस के साथ बैठकर अगले सीजन के लिए नई रणनीति बनाऊंगा। हर सीजन हमें कुछ नया सिखाता है और हम 2026 में खिताब जीतने के लिए प्रतिबद्ध हैं।'

इंग्लैंड में दो हफ्ते तक चले इस टूर्नामेंट का समापन दक्षिण अफ्रीका चैंपियंस के खिताब जीतने के साथ हुआ। इसका श्रेय एबी डिविलियर्स को जाता है, जिन्होंने फाइनल में शानदार शतक लगाते हुए पाकिस्तान चैंपियंस के खिलाफ टीम को नौ विकेट से जीत दिलाई और खिताब पर कब्जा किया।

# मोहम्मद सिराज: 'द ओवल' में ऐसा कारनामा करने वाले पहले भारतीय गेंदबाज बने



■ मैच में 9 विकेट लेने वाले सिराज को मैच का श्रेष्ठ खिलाड़ी घोषित किया गया

**नई दिल्ली,** 5 अगस्त (एजेंसियां)। भारतीय क्रिकेट टीम ने 'द ओवल' में खेले गए एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी के पांचवें टेस्ट में जीत हासिल कर सीरीज में 2-2 से बराबरी कर ली। दाएं हाथ के तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज ने इस जीत में बड़ी भूमिका निभाई। मैच में 9 विकेट लेने वाले सिराज को मैच का श्रेष्ठ खिलाड़ी घोषित किया गया। मोहम्मद सिराज ने पहली पारी में 4 और दूसरी पारी में 5 विकेट लिए और टीम को यादगार जीत दिलाई। सिराज द ओवल में चौथी पारी में 5 विकेट लेने वाले पहले भारतीय और ओवरऑल आठवें गेंदबाज बने। वहीं, ओवल में चौथी पारी में 41 साल बाद किसी गेंदबाज ने चौथी पारी में 5 विकेट लेने का कारनामा किया है। आखिरी बार 1984 में वेस्टइंडीज के माइकल होल्डिंग ने पांच विकेट लिए थे। होल्डिंग ये कारनामा 1976 में भी कर चुके हैं। इसके अलावा 1997 के बाद से द ओवल में टेस्ट में 5 विकेट लेने वाले सिराज पहले गेंदबाज हैं। इसके अलावा ऑस्ट्रेलिया के फ्रेडरिक स्पोफोर्थ (1882), जेजे फेरिस (1890), क्लेरी ग्रिमेट (1934), पाकिस्तान के फजल महमूद (1954), वेस्टइंडीज के कीथ बॉयस(1973) द ओवल की चौथी पारी में 5 विकेट लेने का कारनामा कर चुके हैं। मोहम्मद सिराज ने इंग्लैंड के खिलाफ खेली गई इस पांच मैचों की सीरीज में अपने प्रदर्शन और एनर्जी से सबको चौंकाया। वह सभी पांच मैच खेले वाले इकलौते तेज गेंदबाज हैं। उन्होंने सीरीज में 23 विकेट लिए। सिराज ने 2020 में डेब्यू के बाद से टेस्ट फॉर्मेट में शानदार प्रदर्शन किया है। अब तक खेले गए 41 टेस्ट मैचों की 76 पारियों में वह 123 विकेट ले चुके हैं।

## सार संक्षेप

### आईसीसी ने ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज टिम डेविड पर लगाया जुर्माना

**दुबई।** ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज टिम डेविड पर 28 जुलाई को सेंट किट्स में वेस्टइंडीज के खिलाफ पांचवें टी20 मैच के दौरान असहमति जताने के लिए मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) के मुताबिक टिम डेविड ने आचार संहिता के अनुच्छेद 2.8 का उल्लंघन किया, जो 'अंतरराष्ट्रीय मैच के दौरान अंपायर के फैसले पर असहमति जताने' से संबंधित है। यह घटना ऑस्ट्रेलियाई पारी के पांचवें ओवर में हुई, जब अल्जारी जोसेफ की लेग साइड में फेंकी गई गेंद को वाइड नहीं करार दिया गया। इसके जवाब में, डेविड ने विरोध में अपनी बाहें फैलाकर नाराजगी जताई। यह कृत्य आचार संहिता के तहत अनुचित माना गया। चूंकि 24 महीने की अवधि में इस ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी का यह पहला अपराध था, इसलिए जुर्माने के अलावा टिम डेविड पर एक डिमेरिट अंक भी लगाया गया।

### थॉमस पार्टे को बलात्कार और यौन उत्पीड़न के आरोपों में जमानत मिली

**नई दिल्ली।** आर्सेनल और घाना के पूर्व अंतरराष्ट्रीय मिडफील्डर थॉमस पार्टे को यूनाइटेड किंगडम की एक अदालत ने बलात्कार के पांच मामलों और यौन उत्पीड़न के एक मामले में सशर्त जमानत दी है। 32 वर्षीय पार्टे मंगलवार को लंदन के वेस्टमिंस्टर मजिस्ट्रेट कोर्ट में पेश हुए, जहां उन पर कथित तौर पर दो महिलाओं से बलात्कार के पांच मामलों और तीसरी महिला से यौन उत्पीड़न के एक मामले में आरोप लगाए गए। कथित घटनाएं 2021 और 2022 के बीच की बताई जा रही हैं, जब पार्टे आर्सेनल क्लब में थे। पार्टे जून के अंत में कॉन्ट्रैक्ट खत्म होने के बाद आर्सेनल छोड़ चुके थे। वह अदालत में काले जिप-नेक जंपर में आए। उनके हाथ में एक नेवी ब्लेजर था। सुनवाई करीब 15 मिनट से भी कम चली और इस दौरान कोई दलील देने की जरूरत नहीं पड़ी।

## आयरिश स्पिनर एमी मैग्वायर को मिली अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में फिर से गेंदबाजी की अनुमति



■ आईसीसी महिला चैंपियनशिप के पहले वनडे के दौरान मैग्वायर के गेंदबाजी एक्शन को संदिग्ध पाया गया था

**दुबई,** 5 अगस्त (एजेंसियां)। आयरलैंड की युवा स्पिनर एमी मैग्वायर को गेंदबाजी एक्शन के सफल पुनर्मूल्यांकन के बाद, अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने तत्काल प्रभाव से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में गेंदबाजी फिर से शुरू करने की अनुमति दे दी है। इस साल 10 जनवरी को राजकोट में भारत के खिलाफ आईसीसी महिला चैंपियनशिप के पहले वनडे के दौरान मैग्वायर के गेंदबाजी एक्शन को संदिग्ध पाया गया था। इसके बाद 21 जनवरी को यूनाइटेड किंगडम के लॉफबोरो स्थित आईसीसी एक्रेडिटेड टेस्टिंग सेंटर में उनका गेंदबाजी मूल्यांकन किया गया। यहां पता चला कि एमी के गेंदबाजी एक्शन में एल्बो एक्सटेंशन आईसीसी के अवैध गेंदबाजी नियमों के तहत अनुमत 15 डिग्री के स्तर से अधिक है। आईसीसी ने एक बयान में कहा, 'सुधारात्मक कार्य और पुनर्मूल्यांकन के बाद, आयरलैंड की स्पिनर एमी मैग्वायर का गेंदबाजी एक्शन वैध पाया गया है। वह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में गेंदबाजी फिर से शुरू कर सकती हैं।' आईसीसी की तरफ से मान्यता प्राप्त परीक्षण केंद्र में मैग्वायर के नए गेंदबाजी एक्शन के स्वतंत्र मूल्यांकन से यह निष्कर्ष निकला कि कोहनी का विस्तार आईसीसी के अवैध गेंदबाजी नियमों के तहत अनुमत 15 डिग्री की सहनशीलता के स्तर के भीतर था।

# आज भारत का सामना इंडोनेशिया से

एएफसी अंडर-20 महिला एशिया कप क्वालीफायर



■ भारत चौथी बार अंडर-20 महिला एशिया कप के लिए क्वालीफाई करने का लक्ष्य रखेगा

**यंगून ( म्यांमार ),** 5 अगस्त (एजेंसियां)। भारत 6 अगस्त को थुवुन्ना स्टेडियम में भारतीय समयानुसार शाम 6 बजे इंडोनेशिया के खिलाफ ग्रुप डी में अपने एएफसी अंडर-20 महिला एशिया कप थाईलैंड 2026 क्वालीफायर अभियान की शुरुआत करेगा।

भारत चौथी बार अंडर-20 महिला एशिया कप के लिए क्वालीफाई करने का लक्ष्य रखेगा, जो फीफा अंडर-20 महिला विश्व कप का भी क्वालीफायर है। स्वीडिश मुख्य कोच जोआकिम एलेक्जेंडरसन के नेतृत्व में, यंग टाइग्रेसेस प्रतियोगिता से 20 साल की अनुपस्थिति को समाप्त कर सकती है, जिसने आखिरी बार 2006 में क्वालीफाई किया था। 2024 के क्वालीफायर में, भारत पहले दौर में वियतनाम से गोल अंतर के आधार पर सबसे कम अंतर से बाहर हो गया था। संयोग से, भारत ने उन क्वालीफायर में इंडोनेशिया से भी मुकाबला किया था, और 6-0 से शानदार जीत दर्ज की थी। आज मैच से पहले प्रेस कॉन्फ्रेंस में बोलते हुए, एलेक्जेंडरसन ने प्रतिस्पर्धी ग्रुप में भारत के क्वालीफाई करने की संभावनाओं के बारे में अपनी सकारात्मकता व्यक्त की।

स्वीडिश खिलाड़ी ने कहा, 'हमने इन क्वालीफायर के लिए बेंगलुरु में अच्छी सुविधाओं और एक अच्छे प्रशिक्षण मैदान में दो महीने से अधिक के शिविर के साथ तैयारी की। हमारी उम्मीदें निश्चित रूप से क्वालीफाई करने की हैं। हम जानते हैं कि ये तीन कठिन मैच होंगे और हमारी मानसिकता तीनों मैच जीतकर एशियाई कप में जगह बनाने की है।' इंडोनेशिया के बाद, भारत तुर्कमेनिस्तान (8 अगस्त) और मेज़बान म्यांमार (10 अगस्त) से खेलेगा। सभी आठ ग्रुपों में ग्रुप विजेता और दूसरे स्थान पर रहने वाली तीन सर्वश्रेष्ठ टीमें अंतिम टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई करेंगी।

एलेक्जेंडरसन ने कहा, 'हमने अपने प्रतिद्वंद्वियों पर गौर किया है। हम जानते हैं कि म्यांमार एशियाई फुटबॉल में एक अच्छी टीम है और हमारी सबसे मज़बूत प्रतिद्वंद्वी मानी जाती है। इंडोनेशिया की टीम भी मज़बूत है। हर मैच हमारे लिए एक अलग चुनौती होगी। हमें उनका ध्यान रखना होगा।' यंग टाइग्रेसेज़ अपने पहले मैच से पांच दिन पहले, 1 अगस्त को यंगून पहुंचीं , ताकि म्यांमार की परिस्थितियों के अनुकूल खुद को ढाल सकें। पिछले महीने ताशकंद में एक तैयारी के लिए हुए मैत्री मैच में उज़्बेकिस्तान पर 4-1 की शानदार जीत के बाद, टीम का माहौल सकारात्मक है। डिफेंडर शुभांगी सिंह, जिन्होंने मैत्री मैचों में भारत की कप्तानी की थी और म्यांमार में भी आर्मबैंड पहनेंगी, ने कहा, 'हमारे महासंघ का शुक्रिया, हम मैच से पांच दिन पहले यंगून आ गए, जो हमारे लिए मौसम के अनुकूल होने के लिए अच्छा रहा।

# सीडब्ल्यूएबी के चुनाव 4 सितम्बर को निर्धारित

■ सीडब्ल्यूएबी ने इफ्तिखार रहमान मिठू की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय चुनाव आयोग का गठन किया

**ढाका,** 5 अगस्त (एजेंसियां)। बांग्लादेश क्रिकेटर्स वेलफेयर एसोसिएशन (सीडब्ल्यूएबी) ने घोषणा की है कि उसके चुनाव 4 सितम्बर को होंगे, जिसकी तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। जैसा कि क्रिकबज़ ने सबसे पहले बताया था, सीडब्ल्यूएबी ने इफ्तिखार रहमान मिठू की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय चुनाव आयोग का गठन किया है, जिसमें पूर्व राष्ट्रीय कप्तान हबीबुल बशर और पूर्व विकेटकीपर नासिर अहमद नासू सदस्य होंगे। यह आयोग सीडब्ल्यूएबी के नियमों के अनुसार पूरी प्रक्रिया की देखरेख करेगा।

यह घोषणा शेर-ए-बांग्ला राष्ट्रीय स्टेडियम में एक महत्वपूर्ण बैठक के बाद की गई, जिसमें कई वर्तमान और पूर्व क्रिकेटरों ने भाग लिया, जिसका उद्देश्य खिलाड़ियों के निकाय को पुनर्जीवित और पुनर्गठित करना था। सीडब्ल्यूएबी की तदर्थ समिति के सदस्य सलीम शाहेद ने कहा, 'हमने सीडब्ल्यूएबी की एक बैठक की है और तय किया है कि चुनाव 4 सितंबर को होंगे।' उन्होंने आगे कहा, 'बैठक में सदस्यता नामांकन से लेकर नामांकन पत्र एकत्र करने और जमा करने तक की पूरी प्रक्रिया पर भी चर्चा हुई। सभी चुनाव कार्य जल्द ही शुरू हो जाएंगे।' सेलिम ने आगे कहा कि लंबे समय से चली आ रही मांग को पूरा करते हुए अब सीडब्ल्यूएबी का एसबीएनएस में एक स्थायी कार्यालय है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह स्थान एनएससी द्वारा आवंटित किया गया था, न कि सीधे बीसीबी द्वारा। यह नया स्थान सभी परिचालन और पंजीकरण संबंधी कार्यों के लिए सीडब्ल्यूएबी के आधिकारिक पते के रूप में काम करेगा।

# 2026 टेबल टेनिस टीम विश्व चैंपियनशिप में पुरुष और महिला वर्ग में प्रत्येक में 64 टीमें होंगी



**बीजिंग,** 5 अगस्त (एजेंसियां)। अंतरराष्ट्रीय टेबल टेनिस महासंघ (आईटीटीएफ) ने आज घोषणा की कि लंदन में होने वाले 2026 विश्व टीम टेबल टेनिस चैंपियनशिप फाइनल में पुरुष और महिला वर्ग में 64-64 टीमें भाग लेंगी। यह विस्तारित प्रारूप 1926 में लंदन में आयोजित पहली टेबल टेनिस विश्व चैंपियनशिप और उसी वर्ष आईटीटीएफ की स्थापना, दोनों की शताब्दी का प्रतीक है। यह टूर्नामेंट हाल के संस्करणों में इस्तेमाल किए गए 40-टीम प्रारूप से आगे बढ़ेगा। कार्यक्रम के अनुसार, कॉपर बॉक्स एरिना में 28 अप्रैल से 1 मई, 2026 तक शुरुआती दौर के मुकाबले खेले जाएंगे। इसके बाद प्रतियोगिता 2 से 10 मई तक वेम्बली एरिना में आयोजित की जाएगी। प्रत्येक स्पर्धा में 64 टीमों को चार-चार के 16 समूहों में बांटा जाएगा। प्रत्येक समूह राउंड रॉबिन खेलेगा, जिसमें प्रत्येक टीम तीन मैच खेलेगी। 16 समूहों में से दो एलीट समूह हैं, जिनमें शीर्ष सात रैंक वाली टीमें और मेजबान देश शामिल हैं। सभी आठ टीमें स्वचालित रूप से 32-टीमों के नॉक-आउट चरण में पहुंच जाएंगी , जिसके परिणामों का उपयोग केवल एलिमिनेशन चरण के लिए वरीयता निर्धारित करने के लिए किया जाएगा।

अन्य समूहों की शीर्ष टीमें, साथ ही मैच रिकॉर्ड के आधार पर दूसरे स्थान पर रहने वाली छह सर्वश्रेष्ठ टीमें, सीधे आगे बढ़ेंगी।

## सुडोकू 6996 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 9 | 3 | 4 | 2 | 1 | 6 | 7 | 5 |
| 1 | 7 | 4 | 6 | 5 | 9 | 8 | 3 | 2 |
| 5 | 2 | 6 | 7 | 8 | 3 | 9 | 1 | 4 |
| 7 | 1 | 9 | 5 | 3 | 4 | 2 | 8 | 6 |
| 4 | 3 | 2 | 8 | 7 | 6 | 5 | 9 | 1 |
| 6 | 5 | 8 | 9 | 1 | 2 | 7 | 4 | 3 |
| 2 | 6 | 1 | 3 | 9 | 8 | 4 | 5 | 7 |
| 3 | 8 | 7 | 2 | 4 | 5 | 1 | 6 | 9 |
| 9 | 4 | 5 | 1 | 6 | 7 | 3 | 2 | 8 |

# [ अर्थ जगत ]

### डीएचएल एक्सप्रेस ने 'राखी एक्सप्रेस' की शुरुआत की

**नई दिल्ली।** अंतर्राष्ट्रीय एक्सप्रेस लॉजिस्टिक्स में अग्रणी डीएचएल एक्सप्रेस ने अपनी वार्षिक त्योहार विशेष सेवा 'राखी एक्सप्रेस' की शुरुआत की है, जिसका उद्देश्य रक्षाबंधन पर्व के इस विशेष अवसर पर परिवारों को जोड़ना और दूरियों को मिटाना है। इस पहल के तहत ग्राहकों को आकर्षक छूट दी जा रही है, जिसमें अंतर्राष्ट्रीय राखी और गिफ्ट शिपमेंट्स पर शुल्क 3,099* से शुरू होता है। यह ऑफर देशभर में डीएचएल के 700 से अधिक रिटेल आउटलेट्स और इसकी आधिकारिक वेबसाइट पर 9 अगस्त 2025 तक मान्य है।



### सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| टाइटन | 2.16 प्रतिशत |
| मारूति सुजुकी | 1.30 प्रतिशत |
| ट्रेंट | 1.22 प्रतिशत |
| भारती एयरटेल | 0.77 प्रतिशत |
| बजाज फाइनेंस | 0.69 प्रतिशत |

### सर्वाधिक घटने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| अडानी पोर्ट्स | 2.38 प्रतिशत |
| रिलायंस | 1.40 प्रतिशत |
| इंफोसिस | 1.39 प्रतिशत |
| आईसीआईसीआई बैंक | 1.19 प्रतिशत |
| इटर्नल | 1.00 प्रतिशत |

### सर्राफा

दिल्ली

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 1,00,076 |
| बिटुर | 88,730 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 39,795 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 1,12,422 |
| वायदा | 70,857 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 900 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 77.85 | 90.26 |
| पौंड स्टर्लिंग | 105.22 | 122.04 |
| यूरो | 88.88 | 103.09 |
| चीन युआन | 8.4 | 13.63 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दड़ा | 3100-3200 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

### शुगर

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 4280-4380 |
| चीनी एम | 4500-4600 |
| मिल डिलीवरी | 3620-3720 |
| गुड़ | 4400-4500 |

### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 5700-5800 |
| दाल चना | 7950.40 |
| मसूर काली | 8138.89 |
| उड़द दाल | 10490.32 |
| मूंग दाल | 10129.52 |
| अरहर दाल | 10935.16 |

# जनधन योजना ने वित्तीय सेवाओं को गरीबों तक पहुंचाया

- अगस्त 2014 में की गई पीएमजेडीवाई की शुरुआत
- अब तक पीएमजेडीवाई के तहत 55.90 करोड़ से ज्यादा खाते खोले जा चुके




**नई दिल्ली,** 5 अगस्त (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री कार्यालय ने मंगलवार को कहा कि प्रधानमंत्री जन धन योजना (पीएमजेडीवाई) ने बैंकों और बैंकिंग सेवाओं से वंचित लोगों के बीच की खाई को पाटकर, सम्मान, आत्मनिर्भरता और आर्थिक समावेशन को बढ़ावा देकर सबसे गरीब लोगों के लिए वित्तीय सेवाओं तक पहुंच को पूरी तरह से बदल दिया है। प्रधानमंत्री कार्यालय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक आर्टिकल साझा किया, जिसमें बताया गया कि किस प्रकार एक सोशल वेलफेयर स्कीम के रूप में प्रधानमंत्री जन धन योजना ने 11 वर्ष पूरे होने पर सबसे गरीब लोगों के लिए वित्तीय सेवाओं तक पहुंच को बदल दिया है।

अगस्त 2014 में पीएमजेडीवाई की शुरुआत, बैंकिंग सुविधा से वंचित लोगों को बैंकिंग सुविधा प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम था, क्योंकि इससे बैंक में बेसिक सेविंग्स अकाउंट खोलने की सुविधा मिली है, साथ ही रुपे डेबिट कार्ड और ओवरड्राफ्ट जैसी सुविधाएं भी उपलब्ध हुई हैं।

वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने बताया कि अब तक पीएमजेडीवाई के तहत 55.90 करोड़ से ज्यादा खाते खोले जा चुके हैं। सरकार ने वित्तीय समावेशन को मजबूत करने और यह सुनिश्चित करने के लिए कई पहल की हैं कि बेसिक बैंकिंग सर्विसेज तक पहुंच से औपचारिक वित्तीय प्रणाली में सार्थक भागीदारी सुनिश्चित हो, जिसमें लोन तक पहुंच भी शामिल है। इसके अतिरिक्त, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना (पीएमएमवाई) के तहत 35.13 लाख करोड़ रुपए से अधिक के 53.85 करोड़ लोन स्वीकृत किए जा चुके हैं।


पीएमएमवाई सूक्ष्म और लघु उद्यमों को 20 लाख रुपए तक का जमानत-मुक्त लोन प्रदान करता है, जिससे स्वरोजगार और आय सृजन संभव होता है।

## 500 रुपए के नोटों की सप्लाई बंद करने का कोई प्रस्ताव नहीं : केंद्र



**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने मंगलवार को दोहराया कि 500 रुपए के नोटों की सप्लाई बंद करने का कोई प्रस्ताव नहीं है और एटीएम से 100 रुपए और 200 रुपए के नोटों के साथ-साथ 500 रुपए के नोट भी निकलते रहेंगे। वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने बताया कि किसी विशेष मूल्यवर्ग के नोटों की छपाई का निर्णय सरकार आरबीआई के परामर्श से लेती है ताकि जनता की लेन-देन संबंधी मांगों को पूरा करने के लिए मूल्यवर्ग मिश्रण बनाए रखा जा सके। राज्य मंत्री ने कहा कि आरबीआई ने सूचित किया है कि बार-बार इस्तेमाल होने वाले बैंक नोटों तक जनता की पहुंच बढ़ाने के अपने प्रयास के तहत, 28 अप्रैल, 2025 को एटीएम के माध्यम से 100 रुपए और 200 रुपए के बैंक नोटों का वितरण शीर्षक से एक परिपत्र जारी किया।

## क्रिप्टो ट्रांजैक्शन के जरिए 630 करोड़ रुपए की अघोषित आय का पता चला : सरकार



**नई दिल्ली।** केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने मंगलवार को संसद को सूचित किया कि केवल दो वित्त वर्षों में वर्चुअल डिजिटल एसेट (वीडीए) ट्रांजैक्शन में लगभग 630 करोड़ रुपए की अघोषित आय का पता लगाया गया। आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 115बीबीएच के तहत वीडीए के ट्रांसफर से होने वाली आय पर कर वित्त वर्ष 2022-23 से लागू किया गया है। वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने कहा कि वित्त वर्ष 2022-23 और वित्त वर्ष 2023-24 के लिए करदाताओं द्वारा दी गई कुल कर राशि 705 करोड़ रुपए के बराबर थी। इसके अलावा, तलाशी और जब्ती अभियान और सर्वेक्षण अभियान के दौरान, वीडीए ट्रांजैक्शन में लगभग 630 करोड़ रुपए की अघोषित आय का पता चला। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने क्रिप्टोकरेंसी और वीडीए में निवेश से जुड़े कर चोरी के मामलों का पिछले कुछ समय में कई बार पता लगाया है और ऐसे मामलों में आयकर विभाग द्वारा आयकर अधिनियम, 1961 के अनुसार आवश्यक कार्रवाई की जाती है।

## म्यूचुअल फंड हाउसों ने आईपीओ में 5,294 करोड़ रुपए किए आवंटित : रिपोर्ट




**नई दिल्ली,** 5 अगस्त (एजेंसियां)। भारत के म्यूचुअल फंड उद्योग ने नई सूचीबद्ध कंपनियों में मजबूत भागीदारी दिखाई है। मंगलवार को आई एक रिपोर्ट के अनुसार, अप्रैल-जून तिमाही में हाल ही में जारी आरंभिक सार्वजनिक निर्गमों (आईपीओ) में कुल निवेश 5,294 करोड़ रुपए से अधिक रहा। स्टॉक ब्रोकिंग प्लेटफॉर्म वेंचुरा ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि इनमें से ज्यादातर नई कंपनियां स्मॉल-कैप कैटेगरी में आती हैं और केवल एक को मिडकैप कैटेगरी में रखा गया है।

रिपोर्ट के अनुसार, स्मॉल-कैप आईपीओ में, म्यूचुअल फंड हाउसों ने इस तिमाही के दौरान एथर एनर्जी में 1,351 करोड़ रुपए, श्लॉस बैंगलोर में 679 करोड़ रुपए, एजिस वोपाक टर्मिनल्स में 495 करोड़ रुपए, बेलरिस इंडस्ट्रीज में 398 करोड़ रुपए, ओसवाल पंप्स में 387 करोड़ रुपए, एलेनबैरी इंडस्ट्रियल गैसेस में 357 करोड़ रुपए, कल्पतरु में 241 करोड़ रुपए और संभव स्टील ट्यूब्स में 55 करोड़ रुपए का निवेश किया है। फंड हाउसों ने एचडीबी फाइनेंशियल सर्विसेज के आईपीओ के लिए 1,331 करोड़ रुपए आवंटित किए, जो एक मिडकैप कंपनी थी। इस बीच, जनवरी-मार्च तिमाही के लिए शीर्ष 20 एसेट मैनेजमेंट कंपनियों (एएमसी) की शीर्ष 335 इक्विटी योजनाओं में से 90 प्रतिशत योजनाओं ने निफ्टी 50 टीआरआई से बेहतर प्रदर्शन किया, जो इस अवधि के दौरान सूचकांक के अपेक्षाकृत कम प्रदर्शन को दर्शाता है।

**मुंबई।** जियो ब्लैकरॉक एसेट मैनेजमेंट ने मंगलवार को न्यू फंड ऑफरिंग (एनएफओ) के तहत पांच इंडेक्स फंड शुरू किए। कंपनी ने बताया कि ये नए फंड हैं - जियोब्लैकरॉक निफ्टी-50 इंडेक्स फंड, जियोब्लैकरॉक निफ्टी नेक्स्ट-50 इंडेक्स फंड, जियोब्लैकरॉक निफ्टी मिडकैप-150 इंडेक्स फंड, जियोब्लैकरॉक निफ्टी स्मॉलकैप-250 इंडेक्स फंड और जियोब्लैकरॉक निफ्टी 8-13 वर्षीय जी-सेक इंडेक्स फंड।

## चावल-गेहूं सस्ते, दालों में उतार-चढ़ाव, खाद्य तेलों में नरमी



**नई दिल्ली,** 5 अगस्त (एजेंसियां)। घरेलू थोक जिंस बाजारों में मंगलवार को चावल और गेहूं की कीमतों में नरमी रही। खाद्य तेलों में भी गिरावट देखी गई जबकि दालों की कीमतों में घट-बढ़ रही।

विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का अक्टूबर वायदा 103 रिंगिट उछलकर 4,290 रिंगिट प्रति टन बोला गया। अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.43 प्रतिशत मजबूत होकर 54.25 डॉलर के भाव बोला गया। घरेलू थोक जिंस बाजारों में चावल की औसत कीमत छह रुपए की मामूली गिरावट के साथ 3,829.64 रुपए प्रति क्विंटल पर पहुंच गया। गेहूं भी दो रुपए सस्ता हुआ और 2,837.75 रुपए प्रति क्विंटल बोला गया। आटा भी सात रुपए उतरकर 3,294.09 रुपए प्रति क्विंटल के भाव बिका। सरसों तेल औसतन 84 रुपए प्रति क्विंटल फिसल गया। मूंगफली तेल करीब नौ रुपए प्रति क्विंटल टूटा। पाम ऑयल भी तकरीबन छह रुपए प्रति क्विंटल सस्ता हुआ।

सूरजमुखी तेल, सोया तेल और वनस्पति में कमोबेश टिकाव रहा। दाल-दलहनों में मसूर दाल औसतन 15 रुपये प्रति क्विंटल चढ़ गयी। चना दाल 18 रुपए प्रति क्विंटल महंगी हुई।

## यूपीआई बेस्ड ट्रांजैक्शन की संख्या पहली बार एक दिन में 70 करोड़ के पार

- पिछले दो वर्षों में दैनिक लेनदेन की संख्या हुई दोगुनी
- सरकार ने यूपीआई के लिए प्रतिदिन 100 करोड़ लेनदेन करने का रखा लक्ष्य




**नई दिल्ली,** 5 अगस्त (एजेंसियां)। भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) के लेटेस्ट आंकड़ों के अनुसार, यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) आधारित दैनिक लेनदेन की संख्या पहली बार 70.7 करोड़ तक पहुंच गई है। यह उपलब्धि इस महीने 2 अगस्त को हासिल की गई। पिछले दो वर्षों में, दैनिक लेनदेन की संख्या दोगुनी हो गई है, हालांकि, पिछले वर्षों की तुलना में यह वृद्धि धीमी रही है।

अगस्त 2023 में, यूपीआई प्रतिदिन लगभग 35 करोड़ लेनदेन दर्ज कर रहा था, जो अगस्त 2024 में बढ़कर 50 करोड़ दैनिक लेनदेन हो गया। सरकार ने यूपीआई के लिए प्रतिदिन 100 करोड़ लेनदेन हासिल करने का लक्ष्य रखा है और उम्मीद है कि मौजूदा विकास दर के साथ यह प्लेटफॉर्म अगले वर्ष इस लक्ष्य तक पहुंच जाएगा। फिनटेक कंपनियों और भुगतान संघों के अनुसार, यूपीआई के बिजनेस मॉडल को अगले साल तक एक अरब लेनदेन हासिल करने के लिए मर्चेंट डिस्काउंट रेट (एमडीआर) को फिर से लागू करना चाहिए। उन्होंने सरकार से प्रमुख व्यापारियों और उच्च-मूल्य वाले लेनदेन के लिए मार्जिनल एमडीआर स्थापित करने का अनुरोध किया। सरकार ने यूपीआई के लिए सब्सिडी को वित्त वर्ष 24 में लगभग 4,500 करोड़ रुपए से घटाकर वित्त वर्ष 25 में 1,500 करोड़ रुपए कर दिया, लेकिन इस इकोसिस्टम की एमडीआर मांग को स्वीकार करने से इनकार कर दिया गया। हाल ही में आरबीआई ने भी भुगतान कंपनियों की एमडीआर मांग का समर्थन किया। आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने हाल ही में कहा कि यूपीआई इंटरफेस को वित्तीय रूप से सस्टेनेबल बनाया जाना चाहिए।


**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, NASIM DALLA W/O IDARIS DALLA resident of CHANDNI CHOWK, VEERBHADRA NAGAR, NEHARU NAGAR, RAIPUR, (C.G.) 492001 have changed my old name NASIM DALLA W/O IDARIS DALLA so in future I should be recognized by my new name that is NASIMA DALLA W/O IDARIS DALLA in all Government and other documents.

NASIMA DALLA
CHANDNI CHOWK,
VEERBHADRA NAGAR,
NEHARU NAGAR, RAIPUR,
(C.G.) 492001


# सेवा क्षेत्र की रफ्तार जुलाई में और बढ़ी

**मुंबई,** 5 अगस्त (एजेंसियां)। विदेशों से नये ऑर्डर आने से देश के सेवा क्षेत्र की रफ्तार जुलाई में बढ़ती हुई 11 महीने के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई।

एसएंडपी ग्लोबल द्वारा मंगलवार को जारी एक रिपोर्ट के अनुसार, मासिक आधार पर सेवा क्षेत्र की गतिविधि को आंकने वाला एचएसबीसी इंडिया सेवा पीएमआई कारोबार गतिविधि सूचकांक जून के 60.4 से बढ़कर जुलाई में 60.5 पर पहुंच गया। यह पिछले साल अगस्त के बाद का उच्चतम स्तर है। गौरतलब है कि सूचकांक का 50 से ऊपर रहना गतिविधियों में तेजी और उससे नीचे रहना गिरावट दिखाता है जबकि 50 का स्तर बताता है कि कोई बदलाव नहीं हुआ है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि भारतीय सेवाओं की मांग में लगातार जारी सुधार से कुल नए ऑर्डर, अंतरराष्ट्रीय बिक्री और आउटपुट की वृद्धि को बल मिला। इससे कंपनियों की क्षमता पर दबाव के बावजूद नई भर्तियों में सुस्ती रही। जुलाई में नई भर्तियों की रफ्तार 15 महीने के निचले स्तर पर रही। एचएसबीसी में भारत के मुख्य अर्थशास्त्री प्रांजुल भंडारी ने कहा कि मुख्य रूप से नए निर्यात ऑर्डर बढ़ने से सेवा क्षेत्र का पीएमआई 60.5 पर रहा जो वृद्धि की रफ्तार में मजबूती दिखाता है।


**आम सूचना**

मैं जोया फातिमा, उम्र 24 वर्ष, पति-वाजिद अली, निवासी गांधी नगर, पंडरी, रायपुर, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) की हूँ। मेरे विवाह पश्चात् का नाम जोया फातिमा है तथा मेरे विवाह पूर्व का नाम व वास्तविक नाम मेघना तुरकर है जो कि मेरे समस्त शैक्षणिक प्रमाण पत्र, पेन कार्ड, मतदाता परिचय पत्र में अंकित है किन्तु मेरे वर्तमान आधार कार्ड में मेरा नाम जोया फातिमा अंकित है जिससे मेरे दो नाम होने के चलते दिक्कतें आ रही है। मैं अपने वर्तमान आधार कार्ड में दर्ज नाम परिवर्तित कर मेरे शैक्षणिक प्रमाण पत्र, पेन कार्ड, मतदाता परिचय पत्र में दर्ज नाम मेघना तुरकर अंकित कराना चाहती हूं। अब मुझे मेरे वास्तविक नाम मेघना तुरकर पिता श्री हीरालाल तुरकर के नाम से जाना, पहचाना एवं संबोधित किया जावे।

दिनांक-05.08.2025

भवदीय
जोया फातिमा
पति-वाजिद अली, पता-गांधी नगर, पंडरी, रायपुर, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.)

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-7)**
मंगलम काम्प्लेक्स अग्रसेन चौक रायपुर
**ईश्तहार**
पत्र क्र./22326/न.पा.नि./जोन क्र.-7/2025
रायपुर, दिनांक 08.04.2025
नामांतरण प्र.क्र. 22326
वार्ड का नाम- 37-शहीद चूड़ामणि नायक वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 37 स्थित भवन/भूमि प्रॉपटी आई.डी RPR738A0164A जो कि निगम अभिलेख श्री/श्रीमती SEETA RAM VISWAKARMA पिता/पति श्री/श्रीमती..... के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती कृष्ण कुमार विश्वकर्मा पिता/पति श्री/श्रीमती स्व. सीताराम विश्वकर्मा ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, सहमति पत्र /वंशानुक्रम /अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अभिलेख 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें।
श्री राकेश शर्मा
(जोन कमिश्नर)
जोन क्र. 7
नगर पालिक निगम रायपुर (छ.ग.)

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, ABDUL JABBAR BHURANI resident of Samta Colony, Raipur,C.G.have changed my old name JABBAR BHURANI So in future I shoud be recognized by my new name ABDUL JABBAR BHURANI in all Government and other documents

OATH TAKEN
ABDUL JABBAR BHURANI
267,SAMTA COLONY
RAIPUR. (C.G.)

**आम सूचना**

ग्राम जरौदा प.ह.नं. 11 रा.नि.मं. धरसींवा, तहसील धरसींवा, जिला रायपुर (छ.ग.) स्थित भूमि स्वामी हक की कृषि भूमि खसरा नंबर 574/1 शा.नं. 574/2, 574/2, 574/6, 575/1, 585/1 कुल क्षेत्रफल 6.7610 हे. वर्तमान भूमिस्वामियों विमला परमार पति स्व. श्री भगवान सिंह निवासी आनंद नगर रायपुर छ.ग. के बाबत्।

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने उपरोक्त उल्लेखित भूमि को उनके उपरोक्त भूमिस्वामी से क्रय करने का सौदा पक्का कर लिया हैं। अब मात्र उपरोक्त सौदेशुदा भूमि के विक्रय विलेख का निष्पादन एवं पंजीयन होना शेष है।

उपरोक्त संव्यवहार पर अथवा उसके किसी भाग पर किसी भी दीगर शख्स, संस्था, समिति, साहूकार, बैंकों, निगम, बोर्ड, प्राधिकरण आदि को कोई आपत्ति अथवा उजर होवे तो वे अपनी लिखित आपत्ति मय सुसंगत दस्तावेजी साक्ष्य के इस आम सूचना प्रकाशन दिनांक से 5 दिनों के भीतर हमारे नीचे लिखे पते पर या हमारे समक्ष प्रस्तुत करें। बाद गुजरने म्याद, हमारे पक्षकार द्वारा उपरोक्त सौदेशुदा भूमि के विक्रय विलेख का निष्पादन एवं पंजीयन उनके उपरोक्त भूमिस्वामी से करवा लिया जावेगा तथा उस स्थिति में प्राप्त कोई भी आपत्ति अथवा दावा झूठा एवं नाजायज माना जावेगा तथा वह हमारे पक्षकार पर बंधनकारी व बाध्यकारी भी नहीं होगा।

अत: ताकीद जानें।
दिनांक 05.08.2025
स्थान-रायपुर (छ.ग.)
राजेन्द्र तिवारी (अधिवक्ता)
ओ-5 फरिश्ता काम्प्लेक्स, जी.ई. रोड
रायपुर (छ.ग.) 492001
मो.-89668-00001

**आम सूचना**

ग्राम दोंदेकला प.ह.नं. 85, रा.नि.मं. सारागांव, तहसील रायपुर जिला रायपुर (छ.ग.) स्थित भूमि स्वामी हक की कृषि भूमि खसरा नंबर 38/2 एवं 40/2 कुल क्षेत्रफल 0.3440 हे. वर्तमान भूमिस्वामी जोगेन्दर सिंह, पिता-स्व. श्री भगवान सिंह निवासी विनायक इन्कलेव, आनंद नगर रायपुर (छ.ग.) के बाबत्।

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने उपरोक्त उल्लेखित भूमि को उनके उपरोक्त भूमिस्वामी से क्रय करने का सौदा पक्का कर लिया हैं। अब मात्र उपरोक्त सौदेशुदा भूमि के विक्रय विलेख का निष्पादन एवं पंजीयन होना शेष है।

उपरोक्त संव्यवहार पर अथवा उसके किसी भाग पर किसी भी दीगर शख्स, संस्था, समिति, साहूकार, बैंकों, निगम, बोर्ड, प्राधिकरण आदि को कोई आपत्ति अथवा उजर होवे तो वे अपनी लिखित आपत्ति मय सुसंगत दस्तावेजी साक्ष्य के इस आम सूचना प्रकाशन दिनांक से 5 दिनों के भीतर हमारे नीचे लिखे पते पर या हमारे समक्ष प्रस्तुत करें। बाद गुजरने म्याद, हमारे पक्षकार द्वारा उपरोक्त सौदेशुदा भूमि के विक्रय विलेख का निष्पादन एवं पंजीयन उनके उपरोक्त भूमिस्वामी से करवा लिया जावेगा तथा उस स्थिति में प्राप्त कोई भी आपत्ति अथवा दावा झूठा एवं नाजायज माना जावेगा तथा वह हमारे पक्षकार पर बंधनकारी व बाध्यकारी भी नहीं होगा।

अत: ताकीद जानें।
दिनांक 05.08.2025
स्थान-रायपुर (छ.ग.)
राजेन्द्र तिवारी (अधिवक्ता)
ओ-5 फरिश्ता काम्प्लेक्स, जी.ई. रोड
रायपुर (छ.ग.) 492001
मो.-89668-00001

**रायपुर विकास प्राधिकरण रायपुर**
**उद्घोषणा**
क्रमांक 8580/आर.सी./रा.वि.प्रा./2025
रायपुर दिनांक 05/08/25

प्राधिकरण की राजेन्द्र नगर (160 जनता मकान) योजनांतर्गत श्री संतोष कुमार मिश्रा पिता श्री व्ही.पी. मिश्रा द्वारा जनता मकान क्रमांक 14 क्षेत्रफल 430 वर्गफुट भाड़ा क्रय प्रणाली पर आबंटित है, आबंटिती श्री संतोष कुमार मिश्रा की दिनांक 07.04.2019 को मृत्यु हो जाने के पश्चात उक्त मकान का उत्तराधिकार नामांतरण उनकी पत्नी श्रीमती उषा मिश्रा पति स्व. संतोष कुमार मिश्रा, पुत्रद्वय श्री शुभम मिश्रा एवं श्री शिवम मिश्रा पिता स्व. संतोष कुमार मिश्रा निवासी-जनता मकान क्र. 14, राजेन्द्र नगर, रायपुर छ.ग. के नाम पर संयुक्त रूप से किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उक्त मकान का उत्तराधिकार नामांतरण किये जाने में यदि किसी को कोई आपत्ति/दावा होवें तो इस उद्घोषणा प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति/दावा प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि तक कोई आपत्ति/ दावा प्रस्तुत नहीं होने पर प्राधिकरण के प्रचलित नियमों के अनुसार आवेदन का निराकरण कर दिया जायेगा। जिसके बाद कोई आपत्ति/ दावा ग्राह्यय नहीं होगा।

दिनांक 05.08.2025 को जारी।
सहायक अधीक्षक (राजस्व)
रायपुर विकास प्राधिकरण
रायपुर (छ.ग.)

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-10)**
अमलीडीह पानी टंकी रायपुर
**ईश्तहार**
पत्र क्र./23217/न.पा.नि./जोन क्र.-10/2025
रायपुर, दिनांक 03.08.2025
नामांतरण प्र.क्र. 23217
वार्ड का नाम- 53-बाबू जगजीवनराम वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 53 स्थित भवन/भूमि प्रॉपटी आई.डी RPR651K0085B जो कि निगम अभिलेख श्री/श्रीमती VINAY-DAMMANI पिता/पति श्री/श्रीमती VIJAY DAMMANI के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती KRIPARAM NIRALA पिता/पति श्री/श्रीमती S/o CHANDA RAM NIRALA ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ पंजीकृत विक्रय विलेख /वंशानुक्रम /अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अभिलेख 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें।
(जोन कमिश्नर)
जोन क्र. 10
नगर पालिक निगम रायपुर (छ.ग.)

**आम सूचना**

(संधारण ब्लाक/शीट नं.- 23, भूखंड नं.- 30/6, खसरा नं.- 572/18 का भाग, रकबा 2695 व.फु, जो ग्राम-पंडरीतराई, प.ह.नं. 109, रा.नि.मं.-रायपुर, वार्ड नं.-31, शंकरनगर वार्ड, तहसील-रायपुर जिला रायपुर के सम्बन्ध में)

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है की मेरे पक्षकार एल एंड टी फाइनेंसियल लि. रायपुर के समक्ष श्रीमती ऋतू शर्मा (ऋतू सिंह) पति श्री राघवेन्द्र कुमार सिंह ने उपरोक्त वर्णित सम्पति बंधक में रख कर (गृह ऋण) हेतु आवेदन किया है। उक्त संपत्ति को श्रीमती ऋतू शर्मा (ऋतू सिंह) ने श्री रवि शर्मा, श्रीमती प्रमिला शर्मा एवं ऋषि शर्मा से पंजीकृत हकत्याग विलेख दिनांक 30.07.2025 के माध्यम से अर्जित किया है, उक्त संपत्ति को श्रीमती ऋतू शर्मा (ऋतू सिंह), रवि शर्मा, श्रीमती प्रमिला शर्मा एवं ऋषि शर्मा के नाम पर विरासतन हक के आधार पर मोहनलाल शर्मा की मृत्यु के उपरांत राजस्व अभिलेखों में विधिवत दर्ज हुआ है उक्त संपत्ति को पूर्व में श्री मोहनलाल शर्मा ने श्री अरुण कुमार से विक्रय पत्र दिनांक 22.10.1984 के माध्यम से क्रय किया था। श्रीमती ऋतू शर्मा ने यह कथन किया है की उनसे मूल विक्रय पत्र दिनांक 22.10.1984 जिसे उप पंजीयक पंजीयन कार्यालय रायपुर के पुस्तक क्र: अ-1, ग्रन्थ क्र. 9500, दस्तावेज क्र. 7231 देकर पंजीकृत किया गया है गुम गयी है जिसके सम्बन्ध में श्रीमती ऋतू शर्मा (ऋतू सिंह) ने खमतराई थाना रायपुर में विधिवत रिपोर्ट/सुचना दर्ज करवाई है। मेरे पक्षकार द्वारा मूल विक्रय पत्रों अन्य दस्तावजो को बंधक में रख कर श्रीमती ऋतू शर्मा (ऋतू सिंह) को गृह ऋण उपलब्ध कराया जाना है।

अत: जिस किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक, निकाय, साहूकार, शासकीय, गैर-शासकीय, संस्थान आदि को एतद द्वारा सूचित किया जाता है की श्रीमती ऋतू शर्मा (ऋतू सिंह) को उपलब्ध कराये जाने वाले ऋण अथवा उपरोक्त वर्णित गुम हुए विक्रय पत्र दिनांक 22.10.1984 या उपरोक्त वर्णित संपत्ति के सम्बन्ध में कोई आपति हो तो सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के अन्दर आपत्ति मय दस्तावेज पेश करे, म्याद बीतने पर आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

सो सूचना जाने।
रायपुर छ.ग.
दिनांक- 05.08.2025
सौरभ कुमार दास (अधिवक्ता)
29/101, दुर्गा चौक, इंदिरावती कॉलोनी
कैनाल लिंकिंग रोड, रायपुर छत्तीसगढ़
मो.नं.98279 11809

**आम-सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार श्रीमती लक्षणी बाई पति श्री खगेश कुमार साहू, निवासी झिरिया ढिमरटिकुर कंडेल, जिला- धमतरी (छ.ग.) के हक, स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि जिसका खसरा क्रं. 476/67 का रकबा 1029 वर्गफुट है जो कि, राजीव गांधी वार्ड क्रं.- 05. वाके मौजा ग्राम उरला, प.ह.नं. 00029, रा.नि.मं. रायपुर-21-रावांभाठा, तहसील व जिला-रायपुर (छ.ग.) में स्थित है। उक्त संपत्ति से संबंधित पूर्व का एक विक्रय विलेख जिसका निष्पादन श्री केशोराम, श्री काशीराम श्री घासीराम, छन्नीबाई सभी पिता स्व. हरिचरण, सभी निवासी बाजार चौक उरला, उरला बस्ती रायपुर, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) द्वारा क्रेता श्रीमती जामिन बाई साहू पति बेदराम साहू, निवासी-गोकुलनगर गुढ़ियारी रायपुर (छ.ग.) के पक्ष में किया गया था एवं जिसका पंजीयन दिनांक 04.03.2011 को पुस्तक क्र. अति-1, ग्रंथ क्र. 49882, पृष्ठ क्रमांक 74 से 85 में दस्तावेज क्र.- 9412 (ख) देकर उप-पंजीयक कार्यालय रायपुर (छ.ग.) में किया गया था, मेरे पक्षकार के अभिलेखों में नही मिल रही है एवं गुम होने की पूर्ण संभावना है जिसकी गुमशुदगी के संबंध में एक सूचना संबंधित थाना क्षेत्र में कर दिया गया है।

अत: यदि उपरोक्त मूल विक्रय विलेख के द्वारा किसी भी प्रकार का कोई भी लाभ अथवा कूट-रचना अवैधानिक तरीके से किसी भी व्यक्ति, संस्था आदि द्वारा किया जाता है तो वह आपराधिक कृत्य की श्रेणी में आवेगा। यदि उक्त दस्तावेज का दुरूपयोग कर किसी भी व्यक्ति, संस्था अथवा किसी संवैधानिक व्यक्ति या व्यक्ति समुह द्वारा लाभ प्राप्त किया गया है तथा जिससे किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक, वित्तीय संस्थान, शासकीय एवं अर्ध-शासकीय निकाय इत्यादि को उक्त दस्तावेज के आधार पर किसी प्रकार का उजर, दावा या आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 15 (पन्द्रह) दिवस के भीतर मेरे निम्नलिखित पते पर मय दस्तावेज आपत्ति प्रस्तुत करे। उक्त समयावधि पश्चात प्रस्तुत आपत्ति अवैध तथा शून्य मानी जावेगी तथा मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी। उक्त समयावधि पश्चात मेरा पक्षकार उक्त भूमि को किसी भी प्रकार से अंतरित या बंधक रखने हेतु स्वतंत्र होगा।

सो सूचना जाने।
रायपुर (छ.ग.)
दिनांक 05.08.2025
सनत सिह ठाकुर (अधिवक्ता)
ऑफिस मकान नं. 379
ग्राम-टेकारी पो.आ.गिरौद रायपुर
तह. व जिला रायपुर (छ.ग.)
मो.9827482106, 7987348644

**आम-सूचना**

विषय-स्थान ग्राम आरंग प.ह.नं. 29 रा.नि.मं. आरंग तहसील आरंग जिला रायपुर (छ.ग.) स्थित भूमि खसरा नंबर 2161/2 रकबा 0.19 हे. एवं खसरा नंबर 3995/2 रकबा 0.073 हे. के संबंध में निष्पादित बिक्री इकरारनामा को निरस्त किये जाने के संबंध में

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता एवं विशेष रूप से अभिषेक गांधी पिता श्री उत्तम चंद गांधी निवासी ई/210, सेक्टर-5 ओसवाल पैलसे देवेन्द्र नगर पण्डरी रायपुर छ.ग. को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकारगण सियाराम सोनकर पिता झाडूराम सोनकर निवासी ग्राम आरंग जिला रायपुर छ.ग. एवं अन्य सहभूमि स्वामियों के साथ विषयांकित भूमि को क्रय-विक्रय किये जाने के तारतम्य में दिनांक 04.10.2024 को एक बिक्री इकरारनामा का निष्पादन किया गया था, विषयांकित भूमियों को क्रेता अभिषेक द्वारा बिक्री इकरारनामा दिनांक 04.10.2024 से 03 तीन माह के भीतर पंजीयन कराने का करार किया गया था, क्रेता द्वारा तय शुदा निर्धारित समय के व्यतीत होने पर भी सौदाकृत विषयांकित भूमियों का पंजीयन नहीं कराया गया और कई प्रकार के बहानाबाजी और हिलाहवाला करके समय को टाला जाता रहा, मेरे पक्षकारगणों ने परेशान होकर दिनांक 28.06.2025 को जरिये अभिभाषक एक सूचना पत्र क्रेता को प्रेषित कर सूचना प्राप्ति के 05 दिवस के भीतर विषयांकित भूमि की रजिस्ट्री करा लेने का आग्रह किया था, क्रेता ने प्रेषित पंजीकृत डाक के लिफाफा को लेने से इंकार कर दिया, इस प्रकार स्पष्ट हो गया कि क्रेता सौदाकृत भूमि की रजिस्ट्री नहीं कराना चाहता और मेरे पक्षकारगणों को शारीरिक, मानसिक व आर्थिक रूप से पीड़ित कर रहा है, इसी हेतु क्रेता के साथ हुये बिक्री इकरारनामा को इस आम सूचना पत्र के जरिये निरस्त किया जाता है।

सो सूचना जानिये।
रायपुर
दिनांक 05.08.2025
भवदीय
सुरेश शर्मा (अधिवक्ता)
सेक्टर-01, सड़क नं.-03
भैय्या तालाब के पास
प्रोफेसर कॉलोनी रायपुर (छ.ग.)
मो.नं. 8889189147

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, YASMIN KHAN W/O IBRAHIM KHAN resident of H.NO-94, WARD NO-29, BHIM RAO AMBEDKAR WARD GAJI NAGAR BIRGAON RAIPUR (C.G.) have changed my old name YASMIN KHAN W/O IBRAHIM KHAN so in future I should be recognized by my new name that is YASMIN BEGAM W/O IBRAHIM KHAN in all Government and other documents.

YASMIN BEGAM
H.NO-94, WARD NO-29, BHIM RAO AMBEDKAR WARD GAJI NAGAR BIRGAON RAIPUR (C.G.)

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, DEEPAK HABLANI S/O SHANKAR LAL HABLANI resident of HIG-C-71, SHAILENDRA NAGAR, RAIPUR (C.G.) have changed my old name DEEPAK HABLANI S/o SHANKAR LAL HABLANI, so in future I should be recognized by my new name that is DEEPAK KUMAR HABLANI S/o SHANKAR LAL HABLANI in all Government and other documents.

DEEPAK KUMAR HABLANI
HIG/C-71, Shailendra Nagar,
Raipur (C.G.)

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि एलेना एगो प्रोजेक्ट्स प्रा. लि. द्वारा डायरेक्टर शिल्पा कपूर पति राजीव कपूर निवासी मकान नबंर 305, रॉयल होम्स, शंकर नगर, मीरादत्ता रोड़ रायपुर, तहसील रायपुर, जिला रायपुर (छ.ग.) ने विकेता श्री महावीर हाल्ट्रीकल्चर प्रा. लि. से पंजीकृत विकय विलेख के माध्यम से प्राप्त सम्पत्ति जो कि, मौजा धरमपुरा, अटल बिहारी वार्ड, प.ह.नं. 06, रा.नि.मं. जगदलपुर, तहसील जगदलपुर, जिला बस्तर (छ.ग.) में स्थित सम्पत्ति खसरा नं. 205/3, रकबा 0. 647 हेक्टे. या 69623.7 वर्गफुट को उप पंजीयक कार्यालय जगदलपुर में पंजीकृत विक्रय विलेख के माध्यम से दिनांक क्रमशः 22/10/2014 को पुस्तक क्रं. अति-1, दस्तावेज क्रं.1834 देकर प्राप्त किया है। जिसका पूर्व विक्रय विलेख कि मूल प्रति जो कही गुम हो गई है जो निम्नानुसार है, क्रेता श्री महावीर हाल्ट्रीकल्चर प्रा. लि. ने विक्रेता 1. सेनापति सोमलम्मा पति स्व. सत्यनारायण 2. सेनापति सुर्यनारायण पिता एप्पल से उपरोक्त वर्णित सम्पत्ति को उप पंजीयक कार्यालय जगदलपुर में पंजीयन दिनांक 24.03.2012 को पुस्तक अ-1, दस्तावेज क्र. 3378, देकर पंजीकृत किया है जो कि कहीं गुम हो गया है यह कि उपरोक्त सम्पत्ति को एलेना एगो प्रोजेक्ट्स प्रा. लि. द्वारा डायरेक्टर शिल्पा कपूर पति राजीव कपूर द्वारा एच. डी. एफ.सी. बैंक लिमि. रायपुर शाखा में ऋण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है जो कि विचाराधिन है।

अतः उपरोक्त संव्यवहार से जिस किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक, शासकीय एवं अर्द्धशासकीय निकाय इत्यादि को कोई उजर, दावा या आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 7 दिवस (सात दिवस) के भीतर मय दस्तावेज के साथ लिखित अपत्ति नीचे लिखे पते पर प्रस्तुत करे, समयावधि पश्चात् बैंक के पक्ष में सामियक बंधक करा लिया जावेगा एवं बाद में की गई आपत्ति अवैध व शून्य मानी जाएगी तथा मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगा।

सो सूचना जाने
रायपुर छ.ग.
दिनांक 05.08.2025
आशीष कुमार शर्मा (अधि.)
सी-33, सेक्ट, 1, देवेन्द नगर, रायपुर (छ.ग.)

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-10)**
अमलीडीह पानी टंकी रायपुर
**ईश्तहार**
पत्र क्र./20272/न.पा.नि./जोन क्र.-10/2025
रायपुर, दिनांक 28.07.2025
नामांतरण प्र.क्र. 20272
वार्ड का नाम- 55-रविन्द्रनाथ टैगोर वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 55 स्थित भवन/भूमि प्रॉपटी आई.डी RPR651D00725 जो कि निगम अभिलेख श्री/श्रीमती MEENA SINHA पिता/पति श्री/श्रीमती VIJAY KUMAR के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती NANDANI THAKUR पिता/पति श्री/श्रीमती AJAY THAKUR ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ पंजीकृत विक्रय विलेख /वंशानुक्रम /अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अभिलेख 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें।
श्री विवेकानन्द दुबे
(जोन कमिश्नर)
जोन क्र. 10
नगर पालिक निगम रायपुर (छ.ग.)

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, RAMESH KUMAR S/O RAMNARAYAN resident of 09 SECTOR 03 KADAM CHOWK NEAR SADHANA BHAVAN PROFESOR COLONY RAIPUR (C.G.) have changed my old name RAMESH KUMAR S/O RAMNARAYAN so in future I should be recognized by my new name that is RAMESH KUMAR SHARMA S/O RAMNARAYAN in all Government and other documents.

RAMESH KUMAR SHARMA
09 SECTOR 03 KADAM CHOWK
NEAR SADHANA BHAVAN
PROFESOR COLONY RAIPUR
(C.G.)

**न्यायालय नजूल अधिकारी रायपुर के न्यायालय में मामला**
**मामले की श्रेणी-राजस्व**
**ईश्तहार**
क्रमांक: 202508112800004/258
विषय-अ-20 (3) सन् 2024-2025
रायपुर प.ह.नं. 00062 हे.

पक्षकारों का विवरण-आवेदक पक्षकार 1. प्रदीप कुमार चावला पिता श्री वासुदेव चावला 2. श्रीमती सुलोचना चावला पति श्री प्रदीप कुमार चावला, अनावेदक पक्षकार 1. श्रीमती सावित्री कोटवानी पति श्री रामचन्द्र जी कोटवानी 2. श्रीमती अनिता वासवानी पति श्री राजेश वासवानी 3. ईशा तलरेजा पति श्री हरिराम तलरेजा

एतद् द्वारा सर्व साधारण एवं मौजा कटोरातालाब रायपुर के आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदकगण 618 प्रदीप कुमार चावला पिता श्री वासुदेव चावला, 628 श्रीमती सुलोचना चावला पति श्री प्रदीप कुमार चावला, निवासी-पुराना राजेन्द्र नगर, रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. छ.ग. भू राजस्व संहिता अधिनियम 1959 की धारा 110 के तहत् नामांतरण आवेदन पेश किया है कि मौजा कटोरातालाब स्थित ब्लॉक नंबर-बी, प्लॉट नंबर-140/1, रकबा 625 वर्गफुट भूमि को आवेदकगण ने अनावेदकगणों ने पंजीकृत विलेख दिनांक 09.01.2020 के माध्यम से क्रय किया है। अतएव आवेदकगण द्वारा क्रय हक के आधार पर अपना नाम दर्ज कराने हेतु आवेदन पत्र के साथ विक्रय विलेख की छायाप्रति संलग्न कर प्रस्तुत किया है।

अतएव उक्त संबंध में जिस किसी को कोई आपत्ति दावा हो तो अपना आपत्ति दावा पेशी दिनांक 22.08.2025 तक न्यायालयीन अवधि में कार्यालय कलेक्टर नजूल अधिकारी रायपुर कक्ष क्रमांक-07 में स्वयं या वैध प्रतिनिधि के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि के पश्चात् प्राप्त आपत्ति दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 01.08.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर
नजूल अधिकारी
रायपुर

# राज्य स्तरीय योगासन स्पोर्ट्स चैंपियनशिप में जिले के महिला खिलाड़ियों ने जीते 7 पदक



**महासमुंद**, 5 अगस्त (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन द्वारा 6वीं छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय योगासन स्पोर्ट्स चैंपियनशिप का आयोजन 1 से 3 अगस्त तक सीनियर क्लब बुधवारी चौक कोरबा में आयोजित किया गया। जिसमें महासमुंद जिले की सब जूनियर, जूनियर एवं सीनियर ए,बी, सी महिला टीम शामिल हैं। महासमुंद जिले से गायत्री चौधरी, आकांक्षा प्रधान, नेहा पटेल, निधि पटेल, तेजस्विनी पंकज, जसोबंती पूंजी, भामिनी साहू, इंद्राणी भास्कर, पूनम पटले, प्रशिक्षक नेहा नायक, मैनेजर डॉ चमन लाल साहू शामिल हुए। महासमुंद की महिला प्रतिभागियों ने 07 मेडल जीत कर महासमुंद जिले का नाम राज्य में गौरवान्वित किया। जिसमें सीनियर सी 45 से 55 वर्ष में पूनम पटले ने सुपाइन इवेंट में स्वर्ण पदक एवं ट्रेडिशनल इवेंट में रजत पदक जीता, सीनियर बी 35 से 45 वर्ष में इंद्राणी भास्कर ने बैक बैंड इंडिविजुअल इवेंट में रजत पदक एवं ट्रेडिशनल इवेंट में कांस्य पदक जीता, सीनियर ए 28 से 35 वर्ष में गायत्री चौधरी ने फॉरवर्ड बैक इवेंट में रजत पदक जीता, सब जूनियर वर्ग 10 से 14 वर्ष में भामिनी साहू पिता चंद्रप्रकाश साहू ने फॉरवर्ड बैंड इंडिविजुअल इवेंट में रजत पदक एवं ट्रेडिशनल इवेंट में कांस्य पदक जीता। इससे पहले जिले के पुरुष टीम ने 25 से 27 जुलाई तक रायगढ़ में भरत ने ट्रेडिशनल इवेंट एवं इंडिविजुअल ट्विस्टिंग बॉडी इवेंट में 02 स्वर्ण पदक, इंडिविजुअल हैंड बैलेंस इवेंट में हिमांशु साहू ने स्वर्ण पदक, आर्टिस्टिक पेयर इवेंट में ओंकार साहू एवं जिज्ञासु साहू ने रजत पदक, इंडिविजुअल हैंड बैलेंस इवेंट में जिज्ञासु साहू ने कांस्य पदक, इंडिविजुअल हैंड बैलेंस इवेंट में देवेंद्र दीवान ने रजत पदक जीतकर महासमुंद जिले का नाम गौरवान्वित किया। खिलाड़ियों को अच्छे प्रदर्शन करने व पदक जीतने पर कलेक्टर विनय कुमार लंगेह, जिला शिक्षा अधिकारी विजय कुमार लहरें, जिला योगासन स्पोर्ट्स संघ अध्यक्ष लक्ष्मण पटेल, खेल अधिकारी खेल एवं युवा कल्याण मनोज धृतलहरे, प्राचार्य हेमेंद्र आचार्य, उपाध्यक्ष हिरेंद्र देवांगन, सचिव गणेश राम कोसरे, कोषाध्यक्ष सेवन दास मानिकपुरी, हिरेंद्र साहू, छब्बू साहू, वेदराम, नीलम साहू, प्रभा साहू, वैशाली ठाकुर, कामता साहू, तृषा शर्मा, इंद्राणी भास्कर, अंजनी साहू, नेहा नायक, सत्यनारायण दुर्गा, रामेश्वरी दीवान, तोरण यादव, संदीप पटले, दीपांशु, प्रियांशु पटले, भरत साहू, ओंकार साहू, देवेंद्र दीवान एवं पालकों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

# चारागाह और मुक्तिधाम की जमीन गुपचुप तरीके से उद्योग को देने की तैयारी, भड़के ग्रामीण



## जनदर्शन में लगाई गुहार

**महासमुंद**, 5 अगस्त (देशबन्धु)। ग्राम बिरकोनी के ग्रामीण उस समय सकते में आ गए, जब उन्हें पता चला कि मुक्तिधाम और चारागाह की भूमि उद्योग को देने के लिए तहसीलदार रायपुर द्वारा इश्तहार का प्रकाशन कर अनापत्ति मांगा जा रहा है। ग्रामीणों को जैसे ही इसकी जानकारी मिली वे आक्रोशित हो गए और विरोध शुरू हो गया। मंगलवार 5 अगस्त को ग्रामीण एकत्र होकर कलेक्टोरेट पहुंचे और जनदर्शन में गुहार लगाई। इसके पूर्व सोमवार को तहसीलदार के पास पहुंचकर आपत्ति भी दर्ज कराई थी। औद्योगिक केंद्र बिरकोनी से लगी करीब 3.48 हेक्टेयर जमीन वहाँ संचालित एक उद्योग के विस्तार के लिए दिए जाने की कोशियों पर बिरकोनी पंचायत ने कलेक्टर जनदर्शन में ज्ञापन सौंपकर आपत्ति दर्ज कराई व जांच की मांग की। ज्ञापन सौंपने आए ग्रामीणों ने बताया कि गाँव की चारागाह और मुक्तिधाम की जमीन कैसे किसी उद्योग को दी जा सकती है। इश्तहार प्रकाशन के बाद ग्रामीण यह देखकर हैरान रह गए कि इश्तहार में औद्योगिक क्षेत्र की स्थापना के लिए मांगी जा रही बिरकोनी के पहनं.33 स्थित शासकीय भूमि खसरा नंबर. 2435, 2436, 2619, 2620, 2614 और 2616, रकबा क्रमशः 1.72, 0.45, 0.22, 10.95, 0.12 कुल 3.48 हेक्टेयर भूमि में मुक्तिधाम और चारागाह की भूमि भी शामिल है। ग्रामीणों ने बताया कि खसरा नंबर.2435 की 1.72 हेक्टेयर भूमि चारागाह है। जबकि, खसरा नंबर.2619 की 0.22 हेक्टेयर खसरा नंबर.2620 की कुछ जमीन पर मुक्तिधाम है। इश्तहार प्रकाश के बाद ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया। इश्तहार में कहा गया कि उद्योग संचालनालय रायपुर का तहसीलदार को पत्र मिला है। जिसमें कहा गया है कि महाप्रबंधक जिला उद्योग एवं व्यापार केंद्र महासमुंद को औद्योगिक क्षेत्र की स्थापना हेतु उक्त जमीन जिला व्यापार एवं उद्योग विभाग महासमुंद को हस्तांतरण किए जाने का लेख किया गया है। प्रकरण में स्पष्ट अभिमत व प्रतिवेदन मांगा गया है। उक्त भूमि को आबंटन कर भूमि स्वामी हक प्रदान किए जाने के संबंध में दावा आपत्ति तहसीलदार द्वारा 7 अगस्त तक मंगाई गई है। इसको लेकर सोमवार को बिरकोनी सरपंच चंदन चंद्राकर, उप सरपंच गिरीश चंद्राकर, पवन साहू, सुनीता मांडे, कमला साहू, सावित्री पटेल, डेरहीन बाई ध्रुव, दीप कुमार चंद्राकर, लोकेश्वरी यादव, संतोषी निषाद, लक्ष्मी पटेल, केशर साहू, भुनेश्वरी साहू, हेमराज चंद्राकर, फागुलाल साहू, नेहा साहू, तुकेश साहू, महावीर निषाद, देवकी बाई साहू, डोलू साहू, बहुर महिलांग, रवि चंद्राकर आदि ने महासमुंद आकर तहसीलदार के समक्ष लिखित में आपत्ति दर्ज कराई है।

# बोराई व्यापारियों ने सुरक्षा के लिए पीटीजेड कैमरे लगाने का लिया सामूहिक निर्णय, थाना प्रभारी ने दिया सतर्कता का संदेश



**धमतरी**, 5 अगस्त (देशबन्धु)। पुलिस अधीक्षक सूरज सिंह परिहार के निर्देशन में आज थाना बोराई में थाना प्रभारी निरीक्षक बोराई निरी. नरेंद्र सिंह द्वारा बोराई नगर के समस्त व्यापारियों की एक बैठक ली गई। इस बैठक में क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था, विशेषकर बस स्टैंड क्षेत्र की निगरानी को सुदृढ़ करने हेतु विस्तृत चर्चा की गई। बैठक के दौरान व्यापारियों द्वारा सामूहिक रूप से यह अनुरोध किया गया कि बस स्टैंड परिसर में पीटीजेड कैमरे लगाए जाएं, ताकि किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर निगरानी रखी जा सके। इस प्रस्ताव को सभी व्यापारियों ने सहर्ष स्वीकार किया और यह निश्चय किया गया कि 15 अगस्त से पहले कैमरे लगाए जाएंगे।

थाना प्रभारी ने आश्वस्त किया कि पुलिस प्रशासन द्वारा कैमरे लगाए जाने के कार्य में हर संभव तकनीकी सहयोग दिया जाएगा। साथ ही व्यापारियों को स्पष्ट रूप से अवगत कराया गया कि यदि कोई व्यक्ति या समूह गैरकानूनी गतिविधियों में लिप्त पाया गया, अथवा ऐसे कार्यों में अप्रत्यक्ष रूप से भी सहयोग करता है, तो उसके विरुद्ध कड़ी विधिसम्मत कार्यवाही की जाएगी। व्यापारी संघ ने न केवल सहयोग की सहमति दी, बल्कि यह भी भरोसा दिलाया कि वे कानून व्यवस्था बनाए रखने में सदैव पुलिस का समर्थन करेंगे। यह पहल क्षेत्रीय सुरक्षा को एक नई मजबूती प्रदान करेगी और नागरिकों में भी सुरक्षा की भावना को सुदृढ़ करेगी।

- **अकलाडोंगरी थाना में शांति समिति की बैठक सम्पन्न, त्योहारों में सौहार्द बनाए रखने हेतु जनप्रतिनिधियों ने लिया संकल्प**
- **साइबर अपराध, महिला सुरक्षा, नशा मुक्ति एवं यातायात नियमों पर ग्रामीणों को दी गई विस्तृत जानकारी**

इसी दिन थाना अकलाडोंगरी परिसर में थाना प्रभारी सहायक उप निरीक्षक अरविंद नेताम द्वारा डुबान क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सभी ग्रामों के सरपंच, उपसरपंच, पटेल, कोटवार तथा पंचायत सदस्यों की उपस्थिति में एक शांति समिति बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक का मुख्य उद्देश्य आगामी गणेश चतुर्थी, हरतालिका तीज एवं अन्य परंपरागत त्योहारों को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाने हेतु आपसी सामंजस्य एवं सहयोग पर बल देना था। थाना प्रभारी ने सभी जनप्रतिनिधियों से अनुरोध किया कि वे अपने-अपने ग्रामों में शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करें और किसी भी अफवाह या विवाद की स्थिति में तुरंत पुलिस को सूचना दें।

इसके अतिरिक्त, बैठक में नवीनतम अपराध एवं सामाजिक कुरीतियों पर चर्चा की गई, जिनमें प्रमुख रूप से साइबर अपराध व ऑनलाइन ठगी से बचाव के उपाय, महिला सुरक्षा व लैंगिक अपराधों की रोकथाम, यातायात नियमों की जानकारी व पालन, नशा मुक्ति व युवा पीढ़ी को जागरूक करने के उपाय, इस विषय पर ग्राम के वरिष्ठ नागरिकों, युवाओं एवं जनप्रतिनिधियों ने खुलकर संवाद किया और पुलिस प्रशासन के साथ मिलकर कार्य करने की प्रतिबद्धता जताई। बैठक में लगभग 45 से 50 लोग शामिल रहे, जिनकी सक्रिय भागीदारी से यह बैठक अत्यंत सफल रही।

# फिंगेश्वर पुलिस की बड़ी कामयाबी, 120 नग नशीली टैबलेट के साथ राजिम के 3 तस्कर गिरफ्तार



**राजिम/फिंगेश्वर**, 5 अगस्त (देशबन्धु)। गरियाबंद जिले की फिंगेश्वर पुलिस ने नशे के खिलाफ एक बड़ी कार्रवाई करते हुए 120 नग नाइट्रोटेन टैबलेट के साथ राजिम के तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया। बताया गया है कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि कुछ युवक ओड़िशा से नशीली दवाएं लेकर आ रहे हैं। सूचना के आधार पर नाकेबंदी की गई, जहां तीनों को पकड़ा गया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान महेश्वर निर्मलकर, दिनेश उर्फमोनू धीवर, और नितेश ठाकुर के रूप में हुई है, जो सभी राजिम क्षेत्र के रहने वाले बताए जा रहे हैं। पुलिस ने इनके पास से एक बाइक और 120 नग नाइट्रोटेन नशीली टैबलेट जब्त की है। पुलिस ने बताया कि ये टैबलेट्स युवाओं में नशे के रूप में उपयोग की जाती हैं और इनकी कालाबाज़ारी तेजी से बढ़ रही है। नाइट्रोटेन टैबलेट एक नशे की श्रेणी में आने वाली मनोदैहिक दवा है, जिसे बिना चिकित्सकीय परामर्श के बेचना अपराध की श्रेणी में आता है।

# निराश्रितों का किया जा रहा सत्यापन



**महासमुंद**, 5 अगस्त (देशबन्धु)। नगर पालिका में निराश्रित पेंशनरों का सत्यापन किया जा रहा है। यह सत्यापन यह सुनिश्चित करने के लिए किया जा रहा है कि केवल पात्र व्यक्तियों को ही पेंशन मिले। इस संबंध में नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने बताया कि शासन के निर्देश के तहत नगर पालिका क्षेत्र में निवासरत उन सभी हितग्राहियों का सत्यापन किया जा रहा है जिसे सरकार निराश्रित पेंशन योजना के तहत वित्तीय सहायता प्रदान करती है। जैसे वृद्ध, विधवा या विकलांग आदि। इस योजना का लाभ सही लोगों तक पहुंचे यह सुनिश्चित करने के लिए सरकार नियमित रूप से लाभार्थियों का सत्यापन करती है। सत्यापन प्रक्रिया में यह जांचा जाता है कि क्या लाभार्थी अभी भी योजना के लिए पात्र है, उसका नाम सूची में सही है, और क्या उसे पहले से ही कोई अन्य पेंशन तो नहीं मिल रहा। श्री साहू ने सभी निराश्रित पेंशन के लाभार्थियों को सत्यापन प्रक्रिया में सहयोग करने की अपील की है, ताकि पेंशन जारी रहे।

# पार्षद ने स्कूल जा रही बालिका को चार पहिया से ठोका, बालिका की मौत





**बिलाईगढ़**, 5 अगस्त (देशबन्धु)। नगर पंचायत बिलाईगढ़ में एक सड़क हादसे में स्कूल जा रही 7 वर्षीय बालिका की मौत हो गई। बिलाईगढ़ के मुख्य सड़क में आज मृतिका प्रगति देवार उम्र 7 वर्ष बिलाईगढ़ का सड़क हादसे में मौत हो गई, नगर पंचायत बिलाईगढ़ के निर्दलीय पार्षद धनीराम देवांगन ने वाहन क्रमांक सीजी 22 /एक्स/8084 ने तेजी लापरवाही पूर्वक गाड़ी चलाते हुए उक्त बालिका को जोरदार ठोकर मार दिया जिससे उनकी मौत हो गई पुलिस थाना बिलाईगढ़ में अपराध पंजीबद्ध कर धारा क्रमांक 106,1 के तहत कार्रवाई कर पुलिस विवेचना जारी है। वहीं सूत्रों के मुताबिक अभी तक वाहन चालक पार्षद धनीराम देवांगन की गिरफ्तारी नहीं हो पाया है। पुलिस ने मृतिका के शव का पंचनामा पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया आगे की पुलिस विवेचना जारी है।


**आम सूचना**

मैं अपने पक्षकार रामचंद दुलानी पिता पोहुमल दुलानी निवासी संतकंवर राम वार्ड भाटापारा जिला बलौदाबाजार भाटापारा छ.ग. की ओर से सर्व साधारण व्यक्तियों को सूचित करता हूं कि ग्राम भाटापारा संतकंवर राम वार्ड में स्थित खसरा नं. 155/3 रकबा 0.235 हे. जिसमें दाल मिल एवं राईस मिल स्थित है। उक्त सम्पत्ति पोहुमल पिता रेवाचंद की आधिपत्य की भूमि थी, पोहुमल ने वसीयतनामा दिनांक 12.01.2009 को पंजीयन अपने वारिसानों के चन्द्राबाई, राबिन, राजेश, दिलीप, कन्हैया, अशोक, पलक, सुनील, करण, हितेश, रामचंद के नाम पर निष्पादित कर यह व्यवस्था कि है जिन वारिसानों को वसीयत में जो सम्पत्ति प्रदान किया गया है यदि वे अपने हिस्से की सम्पत्ति बेचना चाहे तब उन्हे अन्य वारिसानों की सहमति लेना आवश्यक है। पंजीकृत वसीयत के मुताबिक उपरोक्त दर्शित सम्पत्ति में रास्ता निस्तार तथा दुलानी परिवार की गोपनियता निहित है। पोहुमल के भाई कहैन्या पिता रेवाचंद दुलानी द्वारा भूमि 185x55 वर्गफीट में बने मकान को बिना किसी व अन्य वसीयतग्रहिताओं व परिवार के सदस्यों के सहमति के बिना किसी अन्य व्यक्ति को विक्रय करने का सौदा किया है। उक्त सम्पत्ति पोहुमल के परिवार के सदस्यों के निस्तार आवागमन तथा निजिता (Privacy) सें संबधित है। जिसके खरीदने का अग्र क्रयाधिकार परिवार के सदस्यों का है तथा मेरा पक्षकार रामचंद खरीदने को तैयार है। उनके रहते अन्य खरीद नही सकता, वसीयत की मंशानुसार सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि भाटापारा स्थित भूमि खसरा नं. 155/3 रकबा 0.235 हे. सम्पत्ति को ना खरीदे। अन्यथा वसीयतग्रहिता परिवार के सदस्यों द्वारा मेरे पक्षकार रामचंद द्वारा कानूनी कार्यवाही की जावेगी।

**दिनांक 05.08.2025**

**ठाकुर बी.पी.सिंह**
**अधिवक्ता**
**सिविल लाईन बलौदाबाजार**

**कार्यालय नगर पंचायत समोदा, जिला-रायपुर (छ.ग.)**
Email-npsamoda21@gmail.com

क्रमांक/897/ न.पं./लो.नि.वि./2025–26 समोदा, दिनांक 05/08/2025

**"रूचि की अभिव्यक्ति" ( EOI )**

नगर पंचायत समोदा द्वारा "Amrut Mitra" योजना अंतर्गत समूह चयन के स्व सहायता समूहों से रूचि की अभिव्यक्ति (EOI)- Project Code: (AMT-CG- Samoda- 6670, 6676) कार्यालयीन पत्र क्र. दिनांक 05.08.2025 को जारी किया है जो दिनाक 08.08.2025 को दोपहर 3:00 बजे तक स्पीड पोस्ट / पंजीकृत डाक द्वारा आमंत्रित की जाती है कार्य का विस्तृत विवरण एवं नियम तथा शर्तें अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय से रूपये 100.00 का भुगतान कर अथवा निगम के वेबसाईट uad.cg.gov.in से डाउनलोड कर प्राप्त किया जा सकता है।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पंचायत समोदा**

**कार्यालय कलेक्टर (नगरीय निकाय) जिला-बालोद (छ.ग.)**

क्रमांक /692/ स्था.निर्वा./न.पा./ 2025 बालोद दिनांक 04/08/2025

**आम सूचना**

छत्तीसगढ़ नगरपालिका (अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति पिछड़ा वर्ग एवं महिलाओं के लिए वार्डो का आरक्षण) नियम 1994 अनुषांगिक प्रावधानों के तारतम्य में एतद् द्वारा सर्वसाधारण की जानकारी के लिए सूचित किया जाता है, कि नगर पंचायत पलारी में वार्डो का आरक्षण प्रवर्गवार तथा महिला प्रवर्गवार किया जाना है । इस हेतु निम्नानुसार तिथि निर्धारित किया जाता है

1.स्थान का विवरण – कार्यालय कलेक्टर सभाकक्ष जिला बालोद
2.कार्यवाही का दिनांक – 11.08.2025
3.कार्यवाही का समय– दोप. 12.00 बजे से

उपरोक्त वर्णित कार्यवाही के समय सर्व साधारण की जानकारी एवं नियमानुसार आरक्षण की कार्यवाही में साक्ष्य के रूप में उपस्थित हेतु सूचना प्रकाशित की जाती है ।

**(दिव्या उमेश मिश्रा)**
**कलेक्टर**
**जिला-बालोद (छ.ग.)**

**न्यायालय अतिरिक्त कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी सारंगढ-बिलाईगढ (छ.ग.)**
**ईश्तहार**

**रा.प्र.क्रं. 202507321400005**
**ब-121,2024-25**

एतद द्वारा सर्वसंबधित को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री नवीन कुमार सोनी पिता खुशराम सोनी जाति सतनामी उम्र 21 वर्ष निवासी ग्राम दुरूंग तहसील भटगांव थाना सरसींवा जिला सारंगढ बिलाईगढ छ.ग. एंव आवेदिका सीमा केंवट पिता हेमलाल केंवट उम्र 21 वर्ष जाति केंवट निवासी ग्राम गांडापाली तहसील भटगांव थाना सरसींवा जिला सारंगढ बिलाईगढ छ.ग की ओर से अधिवक्ता द्वारा विशेष विवाह अधिनियम 1954 के तहत विवाह अनुष्ठापित किये जाने हेतु आवेदक के आधार कार्ड शैक्षणिक योग्यता 8, 10 वी अंकसूची की छायाप्रति निवास प्रमाण पत्र जाति प्रमाण पत्र तथा आवेदिका के आधार कार्ड निवास प्रमाण पत्र जाति प्रमाण पत्र शैक्षणिक योग्यता 8, 10 वी अंकसूची की छायाप्रति घोषणा पत्र शपथ पत्र वकालतनामा सहित आवेदन पत्र प्रस्तुत कर निवेदन किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई उजर/आपत्ति हो तो वह प्रकाशन तिथि से 30 दिवस के भीतर आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। प्रकाशन तिथि से 30 दिवस के पश्चात प्रस्तुत दावा आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा। आज दिनांक 18.07.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुद्रा से जारी किया गया।

सील **अतिरिक्त कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी जिला सारंगढ बिलाईगढ छ.ग.**

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, JYOTSNA D/O VIRENDRA KUMAR SOY resident of 1136, PARSHURAM WARD 08, AADARSH NAGAR COLONY, BHATAPARA, BALODA BAZAR (C.G.) have changed my old name JYOTSNA D/O VIRENDRA KUMAR SOY so in future I should be recognized by my new name that is JYOTSNA SOY D/O VIRENDRA KUMAR SOY in all Government and other documents.

**JYOTSNA SOY**
1136, PARSHURAM WARD 08,
AADARSH NAGAR COLONY,
BHATAPARA, BALODA BAZAR
(C.G.)

**आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है की, मेरी पक्षकार श्रीमती भगवती सोनी पति जोहरीलाल सोनी निवासी रोजगारीपारा, कोंडागांव तहसील व जिला कोंडागांव (छ.ग.) से प्राप्त अधिकार एवं निर्देशानुसार सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है की मेरी पक्षकार के अधिपत्य व स्वामित्व कि नजूल संपत्ति जो कि नजूल शीट नं. 96 च (शामिल 97/1च) रकब 511 वर्गफुट जो कि मोहल्ला रोजगारीपारा, शहर कोंडागांव तहसील व जिला कोंडागांव (छ.ग.) में स्थित है, मेरी पक्षकार के द्वारा आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड में उपरोक्त वर्णित संपत्ति को गिरवी रख कर लोन लिया जाना है। अत: उपरोक्त वर्णित संपत्ति के अधिकार के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, निकाय, बैंक, शासकीय / अर्द्धशासकीय विभागों, सेठ, साहूकार, वारिसान आदि किसी को भी किसी प्रकार की आपत्ति हो तो इस आम सूचना के प्रकाशन के 07 (सात) दिवस के भीतर अपनी आपत्ति मय दस्तावेज मेरे उप्पर लिखित पते पर कार्यालीन समय पर मेरे समक्ष प्रस्तुत करे अन्यथा अवधि अवसान पश्चात् मेरे पक्षकार द्वारा उक्त भूमि का पंजीयन निष्पादन अपने पक्ष में करा लिया जावेगा।

उसके पश्चात् प्रस्तुत दावा आपत्ति शून्य व अवैध मानी जाएगी व मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी साथ ही समाचार पत्रों के माध्यम से की गयी आपत्ति खंडन मान्य नहीं होगी।

सो सूचना जाने....

दिनांक रायपुर
रायपुर 05.08.2025

**भवदीय अधिवक्ता**
**ज्योति ताम्रकार भाठागांव, रायपुर छ.ग.**
**मो. 98276-89188**

**NAME CHANGE**

It is Informed to the genrel public that I, Harvender Singh S/o Harjeet Singh Guru Nanak Nagar ward no. wy Durg (C.G). Have change my old name Harvender Singh S/o Harjeet Singh. So I future should be recognized my new name Harvinder Singh Rajput S/o Harjeet Singh Rajput in all government and all other documents.

**Harvinder Singh Rajput**
Guru Nanak Nagar
ward no. wy Durg (C.G)

**कार्यालय संपदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-राजनांदगांव ( छ.ग. )**

**आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, राजनांदगांव द्वारा दीनदयाल आवास योजनांतर्गत् कौरिनभाठा में एल.आई.जी भवन क्र. 361, (भूतल) का आबंटन श्रीमती अनिथा राज पिल्लई पति श्री राजेंद्रन पिल्लई के नाम पर दिनांक 05.10.2016 को कार्यालय पंजीयन मे विक्रय विलेख निष्पादन हो चूका है । आबंटी द्वारा इस कार्यालय में आवेदन एवं शपथ पत्र प्रस्तुत कर उक्त भवन को श्री रॉबिन हेन्डरी फ्रांसिर पिता स्व. श्री जे.पी.एल फ्रांसिर, पता वार्ड नं. 17, तुलसीपुर, जिला राजनांदगांव को विक्रय करने के लिए विक्रय अनुमति हेतु अनुरोध किया गया है।

अत: आवेदिक के आवेदन पर विक्रय अनुमति की कार्यवाही से किसी व्यक्ति परिवार के सदस्य, शासकीय, अर्द्धशासकीय संस्था, वित्तीय संस्था आदि को कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित दावा आपत्ति कर सकता है, अन्यथा इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के बाद में कोई दावा आपत्ति मान्य नही होगी एवं मण्डल नियमानुसार उनके पक्ष में विक्रय अनुमति की कार्यवाही की जावेगी ।

**संपदा अधिकारी**
**छत्तीसगढ़, गृह निर्माण मण्डल**
**संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-राजनांदगांव ( छ.ग. )**

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी ( रा. ) महासमुंद, जिला-महासमुंद ( छ.ग. )**
**ईश्तहार**

क्रमांक/313/वा.-1/अविअ./2025
महासमुंद, दिनांक 05.08.2025
ग्राम-बेमचा, प.ह.नं. 36
नरेश कुमार मोरयानी पिता श्रीचंद मोरयानी निवासी ग्राम बेमचा तहसील व जिला महासमुंद (छ.ग.)
........... आवेदक
विरूद्ध
छ.ग. शासन ........... अनावेदक

एतद् द्वारा सर्वसाधारण ग्राम-बेमचा, प.ह.नं. 36 तहसील व जिला महासमुंद (छ.ग.) को सूचित किया जाता है कि आवेदक नरेश कुमार मोरयानी पिता श्रीचंद मोरयानी निवासी ग्राम बेचा तहसील व जिला महासमुंद (छ.ग.) द्वारा ग्राम बेमचा, प.ह.नं. 36, तहसील व जिला महासमुंद में स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 2065 रकबा 0.050 हेक्टे. भूमि को कृषि भिन्न मद व्यवसायिक प्रयोजन में पुनर्निर्धारण हेतु भूमि का व्यपवर्तन कराने आवेदन मय दस्तावेज प्रस्तुत किया है।

अतएव आवेदक/आवेदिका द्वारा प्रस्तुत आवेदन भूमि ब्यपवर्तन के संबंध में जिस किसी को भी कोई उजर, दावा, आपत्ति हो तो ईश्तहार जारी दिनांक से 07 दिवस के भीतर कार्यालयीन समय में उपस्थित होकर स्वत: अथवा अपने वैध अभिकर्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकता है। तत्पश्चात प्रस्तुत आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 05.08.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पदमुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर **अनुविभागीय अधिकारी ( रा. ) महासमुंद**

**कार्यालय नगर पालिका परिषद भाटापारा, जिला बलौदा बाजार-भाटापारा (छ.ग.)**
TelePhone-07726-221068 Email Address-cmobhatapara@rediffmail.com

क्र./546/लो.नि.वि./न.पा.प./ 2025 भाटापारा, दिनांक 05.08.2025

**द्वितीय ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना**

नगर पालिका परिषद भाटापारा द्वारा स्व-वित्तीय योजना/पीपीपी अंतर्गत लोकोत्सव मैदान में शॉपिंग काम्पलेक्स निर्माण कार्य स्वीकृत राशि से कार्य कराये जाने के लिए सक्षम श्रेणी में पंजीकृत फर्मो से ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा आमंत्रित की जाती है -

| क्र. | सिस्टम टेंडर क्रमांक | कार्य का नाम | लागत राशि (लाख) | डाउनलोड करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 173282 | गांधी मंदिर वार्ड क. 10 स्थित लोकोत्सव मैदान में शॉपिंग काम्पलेक्स निर्माण कार्य | 29.34 | 26/08/2025 |

टीप- उपरोक्त निविदा से संबंधी अन्य एवं विस्तृत जानकारियां सम्बधित विभाग से कार्यालयीन समय में प्राप्त की जा सकती है। तथा निविदा विभागीय वेबसाईट www.uad.cg.gov.in पर देखी जा सकती हैं।

जल ही जीवन है। पानी की व्यर्थ ना पहवे
2 खुले में शौच प्रथा बंद कर स्वच्छ भारत निर्माण में योगदान दें।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगरपालिका परिषद भाटापारा**


# देशबन्धु प्रतिभा प्रोत्साहन कोष

## छात्रवृत्ति हेतु आवेदन आमंत्रित

देशबन्धु प्रतिभा प्रोत्साहन कोष द्वारा शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए छत्तीसगढ़ के सभी स्थानों से माध्यमिक/उच्च माध्यमिक एवं महाविद्यालयीन छात्र-छात्राओं से छात्रवृत्ति हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किए जाते हैं। छात्र सादे कागज पर एक ओर साफ-सुथरे अक्षरों में अपना सम्पूर्ण विवरण, शैक्षणिक, पारिवारिक एवं आर्थिक स्थिति को लिखते हुए आवेदन करें। आवेदक आवेदन के साथ पिछली कक्षा की अंक सूची, आय, जाति प्रमाण पत्र तथा वर्तमान में अध्ययन का प्रमाण पत्र लगाएं। पितृहीन, विकलांग तथा आर्थिक दृष्टि से कमजोर वर्ग के छात्रों को विशेष प्राथमिकता दी जाएगी।

न्यास द्वारा प्रतिवर्ष जरूरतमंद प्रतिभा सम्पन्न छात्रों को बड़ी संख्या में छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है जिसमें करीब 100 स्मृति छात्रवृत्तियां शामिल है। कोष तथा छात्रवृत्ति से संबंधित सभी मामलों में न्यास का फैसला अंतिम और मान्य होगा। अत: छात्रवृत्ति से संबंधित किसी प्रकार के पत्र व्यवहार अथवा सिफारिश करने पर आवेदन निरस्त कर दिया जाएगा। आवेदन पत्र भेजने की अंतिम तिथि 31 अगस्त 2025 है तथा आवेदन भेजने का पता है-

**सचिव**
**देशबन्धु प्रतिभा प्रोत्साहन कोष**
**दैनिक देशबन्धु**
**रामसागरपारा, रायपुर ( छ.ग. )**

# कौशल प्रशिक्षण को रोजगार से जोड़ें, युवाओं को बनाएं आत्मनिर्भर :मुख्यमंत्री



**रायपुर,** 5 अगस्त(देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज मंत्रालय महानदी भवन, नवा रायपुर में कौशल विकास विभाग की समीक्षा बैठक में स्पष्ट निर्देश दिए कि युवाओं के कौशल प्रशिक्षण को सीधे रोजगार और स्वरोजगार से जोड़ा जाए। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य केवल प्रशिक्षण देना नहीं, बल्कि युवाओं को आत्मनिर्भर और सक्षम बनाना है। इसके लिए विभाग द्वारा निरंतर नवाचार और प्रभावी कार्ययोजना आवश्यक है।

मुख्यमंत्री ने बैठक में विभागीय योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए वर्ष 2025-26 के लिए जिलेवार प्रशिक्षण उपलब्धि और आबंटित बजट पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना, प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना 4.0, और प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत संचालित प्रशिक्षण कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी ली।

मुख्यमंत्री ने 'नियद नेल्ला नार' योजना के तहत आत्मसमर्पित माओवादियों को दिए जा रहे प्रशिक्षण के सम्बन्ध में जानकारी ली। बैठक में बताया गया कि अब तक 549 युवाओं को प्रशिक्षण दिया जा चुका है, जबकि पुनर्वास केंद्रों में 382 प्रशिक्षणार्थी प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। इसी क्रम में पीएम जनमन योजना के तहत अत्यंत पिछड़ी जनजाति के युवाओं को दिए जा रहे कोर्सवार प्रशिक्षण की भी समीक्षा की गई।

बैठक में विभागीय उपलब्धियों की जानकारी देते हुए बताया गया कि 1 जुलाई 2025 से मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के अंतर्गत चेहरा-आधारित स्कैनिंग प्रणाली द्वारा प्रशिक्षणार्थियों की उपस्थिति दर्ज की जा रही है, जिससे पारदर्शिता और निगरानी में सुधार हुआ है।

बैठक में विभाग द्वारा निजी संस्थाओं के साथ किए गए एमओयू की जानकारी भी साझा की गई, जिनमें नांदी फाउंडेशन और महिंद्रा एंड महिंद्रा संस्थानों से किए गए समझौते शामिल हैं। इन संस्थानों के माध्यम से राज्य में गुणवत्ता आधारित प्रशिक्षण संचालित किया जा रहा है।

बैठक में 'कौशल तिहार 2025' के आयोजन की रूपरेखा भी प्रस्तुत की गई, जिसका उद्देश्य युवाओं में कौशल के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। यह प्रतियोगिता जिला और राज्य स्तरीय दो चरणों में आयोजित की जाएगी, जिसमें दो आयु वर्ग ‌ 22 वर्ष से कम एवं 22 वर्ष से अधिक ‌ के प्रतिभागी भाग लेंगे। प्रतियोगिता में 10 प्रमुख ट्रेड ऑटोमोबाइल टेक्नोलॉजी, ब्रिकलेइंग, रिन्युएबल एनर्जी हेल्थ एंड सोशल केयर, प्लंबिंग एंड हीटिंग, इलेक्ट्रिकल इंस्टॉलेशंस, इलेक्ट्रॉनिक्स फील्ड टेक्नीशियन, कंप्यूटर, मोबाइल फोन टेक्नीशियन, ग्राफिक डिजाइन टेक्नोलॉजी/डेस्कटॉप पब्लिशिंग तथा रेफ्रिजरेशन एंड एयर कंडीशनिंग शामिल है।जिला स्तर पर प्रत्येक ट्रेड और आयु वर्ग से दो विजेताओं का चयन किया जाएगा, जो राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे। राज्य स्तर के विजेताओं को पुरस्कार, ट्रॉफी और रोजगार के अवसर प्रदान किए जाएंगे। उन्हें इंडिया स्किल्स 2025 की क्षेत्रीय एवं राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के लिए तैयार किया जाएगा, जहाँ से चयनित प्रतिभागी 'वर्ल्ड स्किल्स 2026', शंघाई (चीन) में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि कौशल विकास योजनाओं को युवाओं की आजीविका, आत्मनिर्भरता और भविष्य के निर्माण से जोड़ा जाना चाहिए। उन्होंने इस दिशा में सतत प्रयास करने के निर्देश दिए।

बैठक में वन एवं कौशल विकास मंत्री केदार कश्यप, मुख्य सचिव अमिताभ जैन, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध कुमार सिंह, कौशल विकास विभाग के सचिव एस. भारतीदासन तथा छत्तीसगढ़ राज्य कौशल विकास अभिकरण (ष्टस्स्ष्ठ) के मुख्य कार्यपालन अधिकारी विजय दयाराम के सहित अन्य वरिष्ठ विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

# पशु प्रबंधन कार्य में कोई लापरवाही नहीं की जाएगी बर्दाश्त: कलेक्टर




- जनपद सीईओ को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश
- कलेक्टर ने की विभागीय कार्यों की समीक्षा

**बलौदाबाजार,** 5 अगस्त (देशबन्धु)। कलेक्टर दीपक सोनी ने मंगलवार को समय-सीमा की बैठक में विभागीय कार्यो की समीक्षा की। उन्होने सडक पर विचरण करने वाले पशुओं के प्रबंधन कार्य को प्राथमिकता देने एवं कड़ी मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिये। पशु प्रबंधन कार्य में लापरवाही बरतने पर पांचो विकासखंड के जनपद सीईओ को नोटिस जारी करने के निर्देश दिये।

कलेक्टर ने कहा कि एनएच किनारे के चयनित ग्राम पंचायत एवं नगरीय निकायों में सड़क पर खुला विचरण करने वाले पशुओं के प्रबंधन हेतु समीक्षा बैठक में जरुरी निर्देश दिये गये हैं। सभी जनपद सीईओ एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी पशु प्रबंधन पर ठोस कार्यवाही करें। प्रतिदिन ग्राम पंचायतों से रिपोर्ट लें।इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने चयनित ग्राम पंचायतों में चारागाह विकास हेतु मनरेगा के माध्यम से कार्य स्वीकृत कराने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने शासन के निर्देशानुसार हर-घर तिरंगा अभियान के तहत शासकीय अधिकारी-कर्मचारी एवं आम नागरिको के घरों में तिरंगा फहराने हेतु आवश्यक तैयारी एवं लोगों को जागरूक करने ग्राम पंचायतों में कार्यक्रम आयोजित करने कहा। इसके साथ ही छतीसगढ़ स्थापना दिवस पर अमृत रजत जयंती कार्यक्रम अंतर्गत विभागवार कार्यक्रम आयोजन हेतु आवश्यक तैयारी की समीक्षा की। कलेक्टर ने लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत प्राप्त आवेदनों का तय समय सीमा में निरकारण सुनिचित करने तथा समय-सीमा से बाहर वाले आवेदनों को अभियान चलाकर निराकृत करने के निर्देश दिये।उन्होंने जेम पोर्टल पर विभागों द्वारा सामग्री क्रय करने में पारदर्शिता हेतु जिला स्तर पर मॉनिटरिंग समिति गठित करने के भी निर्देश दिये। उन्होने रेत के अवैध उत्खनन पर कड़ी निगरानी रखने एवं संयुक्त टीम द्वारा लगातार जांच व कार्यवाही करने कहा।इस दौरान पाठ्य पुस्तक वितरण, स्वामित्व योजना, पीएम किसान सम्मान निधि,टंकियों की सफाई, वृक्षारोपण, धरती आबा अभियान, समय-सीमा के तहत दर्ज आवेदनों के निराकरण की स्थिति की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में डीएफओ गणवीर धम्मशील, सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल, अपर कलेक्टर सुश्री दीप्ति गोते सहित एसडीएम, जनपद सीईओ एवं विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे।

# बोस्टन अमेरिका के वैश्विक विधायी सम्मेलन में शामिल हुए विधायक संदीप साहू



**लवन,** 5 अगस्त (देशबन्धु)। कसडोल विधानसभा क्षेत्र के लिए बड़े गौरव की बात है की कसडोल विधानसभा के लोकप्रिय विधायक संदीप साहू बोस्टन अमेरिका में दिनांक 04 से 07 अगस्त में तक आयोजित वैश्विक विधायी सम्मेलन में प्रथम दिवस में शामिल होकर कसडोल विधानसभा और छत्तीसगढ़ प्रदेश का प्रतिनिधित्व किया। यह पहला अवसर है जब भारत को किसी लोकतांत्रिक मंच पर भागीदारी सुनिश्चित करने का अवसर मिला है। संदीप साहू ने सम्मेलन के पहले दिन का अनुभव साझा करते हुए कहा की यह मेरा सौभाग्य है की मैं कसडोल विधानसभा क्षेत्र की 3 लाख जनता का प्रतिनिधि के रूप में यहां शामिल हुआ हूं। उन्होंने कहा की यहां की अच्छी परंपराओं को लेकर अपने क्षेत्र की जनता की सेवा में लाने का भरपूर प्रयास करूंगा।

# अधिकारी-कर्मचारी अपने स्वयं के आवासीय परिसर में सोलर पॉवर प्लांट स्थापित करें: मुख्य अभियंता

**रायपुर,** 5 अगस्त(देशबन्धु)। प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना का उद्देश्य सौर उर्जा का अधिकाधिक उपयोग करने हेतु घर-घर आवश्यकतानुरूप सौर उर्जा संयंत्र स्थापित कर उपभोक्ताओं को बिजली के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने एवं मासिक बिजली बिल में कमी लाना है। योजना के तहत रूफटॉप सोलर पॉवर प्लांट स्थापित करने के लिए एक वॉट से तीन किलो वॉट तक केन्द्रीय और राज्य सरकार द्वारा 45 हजार से एक लाख 8 हजार रूपए तक अनुदान दिया जाएगा।

मुख्य अभियंता छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड रायपुर से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के तहत नवीकरणीय ऊर्जा के उपयोग को बढ़ावा देने हेतु छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत कंपनी के सभी नियमित अधिकारी-कर्मचारियों को अपने आवासीय परिसरों में रूफटॉप सोलर पॉवर प्लांट स्थापित करने की सलाह दी जाती है। सोलर प्लांट केन्द्रीय और राज्य वित्तीय सहायता के रूप में 45 हजार रूपए से एक लाख 8 हजार रूपए तक अनुदान दिए जाने का प्रावधान है। उन्होने कहा कि अधिकारी-कर्मचारी अपने स्वयं के आवासीय परिसर में रूफटॉप सोलर प्लांट की स्थापना किया जाना सुनिश्चित करें, जो अधिकारी-कर्मचारी बोर्ड चार्टर, किराए के मकान या बहुमंजिला इमारतों में रह रहे हैं, वे अपने गृहनगर (छत्तीसगढ़ राज्य) में स्थित स्वयं के या पुश्तैनी मकान पर रूफटॉप सोलर पॉवर प्लांट स्थापित कर सकते हैं। इसके साथ ही बहुमंजिला इमारत में रहने वाले अधिकारी-कर्मचारी, वर्चुअल नेट मीटरिंग के माध्यम से रिहायशी सोसाइटी सदस्यों के समन्वय स्थापित कर आवेदन कर सकते हैं।

**NECC**

| 06.08.2025 | अंडा | मुर्गी | काकरेल |
|---|---|---|---|
| फार्म | 465 | 75 | 180 |
| चिल्हर | 6.00 | 90 | 190 |

डिलीवरी 480 सैकड़ा
दर्जन अंडा 78 रु.
मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रु.
CSPFA

**SHRI SHANKARACHARYA PROFESSIONAL UNIVERSITY**
Opposite SSIMS, Junwani, Bhilai (CG)
Phone:- 0788 4088810 / 4088888

**Appointment Notification**

No.1655/ SSPU/Reg./2025 Date :- 06.08.2025

Applications are invited for faculty position in various subjects of Shri Shankaracharya Professional University, all application must be submitted the prescribed format available in the University website https://www.shrishankaracharyauniversity.com/ along with supporting documents by 26th August 2025.

**DEPARTMENTS**

● **Management (Finance SPL.)** :-Assistant Professor - 2, ● **Hindi** :-Assistant Professor-1, ● **English** :-Assistant Professor - 1, ● **Pharmacy**:- Professor - 4, Associate Professor-7, Assistant Professor-6, ● **Microbiology**:- Assistant Professor- 1, ● **Computer Science & Technology** :- Assistant Professor- 22, ● **Computer Application** :- Assistant Professor - 4, ● **Physical Education** :- Assistant Professor - 1, ● **Political Science** :- Assistant Professor- 1, ● **Information Technology**:- Assistant Professor-1, ● **Electronics & Telecommunication** :- Assistant Professor - 2, ● **Civil Engineering** :- Assistant Professor- 7, ● **Mechanical Engineering** :- Assistant Professor- 2, **Total :- Professor - 1, Associate Professor - 7, Assistant Professor - 51.**

**Note: (1) Qualification:** As per UGC/AICTE/BCI/PCI. **(2)** Suitable pay consideration as per qualification and experience. **(3)** Number of vacancies may increase or decrease by the University. **(4)** University reserves the right not to fill the posts advertised considering administrative exigencies **(5)** All the candidates employed have to submit No Objection Certificate from their existing employer. **(6)** The Candidates must submit 02 copies of their application along with supporting documents in hard copy to University Office on or before the last date.

**Registrar, SSPU, Bhilai**




| सोलर प्लांट क्षमता | केंद्र सरकार की सब्सिडी | राज्य सरकार की सब्सिडी | कुल सहायता राशि | आसान मासिक EMI |
|---|---|---|---|---|
| 1 kW | ₹30,000 | ₹15,000 | ₹45,000 | ₹167 |
| 2 kW | ₹60,000 | ₹30,000 | ₹90,000 | ₹333 |
| 3 kW | ₹78,000 | ₹30,000 | ₹1,08,000 | ₹800 |


प्रकाशक, मुद्रक- राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए देशबन्धु परिसर रामसागरपारा रायपुर से प्रकाशित एवं मुद्रित। सम्पादक- राजीव रंजन श्रीवास्तव। प्रेस पंजीयन- 6072/59
फोन- (0771) 4077750, 4077760, email id: deshbandhuraipur@gmail.com, website:deshbandhu.co.in

उल्टा पुल्टा

चिंटू ने जिनी से मांगा- मुझे एक बड़ी गाड़ी दे दो, जिसमें बहुत सारे लोग मुझसे बात करने के लिए हों और मेरे पास नोटों से भरा बैग हो. जिनी ने चिंटू को बस का कंडक्टर बना दिया.

## संपादकीय

# पशुओं से हो सम्मानजनक व्यवहार

लोगों में यह अवांछनीय प्रवृत्ति होती है कि वे पशुओं के साथ बेवजह दुर्व्यवहार करते हैं। फिर वे चाहें पालतू हों या सड़कों पर घूमने वाले अथवा वनों में विचरण करते या चिड़ियाघर में बन्द हों। इंसान को इस प्रवृत्ति से बचना चाहिये। संसार सहअस्तित्व के आधार पर चलता है। इस दुनिया में सभी को जीने का एक सा हक है। यदि जानवरों से बिना किसी वजह के छेड़-छाड़ की जाये तो मूक जानवर भी कई बार पलटकर हमला कर देते हैं। उनके साथ सम्मानजनक व्यवहार होना चाहिये।

सड़कों पर खाने की तलाश में घूमते हुए कुत्ते-बिल्लियां या गोवंश- मनुष्यों की ओर से दुर्व्यवहार का शिकार होते हैं। कभी कोई बिना कारण के उन्हें पत्थर मारता है तो कोई डंडे बरसाता है। कई बार तो उन पर लोग पानी तक डालकर उन्हें परेशान करते हैं। बेशक, बस्तियों में घूमते हुए जानवर लोगों का नुकसान करते हैं पर उन्हें नियंत्रित करने के लिये स्थानीय निकाय की मदद ली जानी चाहिये जो उन्हें पकड़कर कांजी हाउसों में बन्द करते हैं। राह चलते कुत्तों से भी सावधानी ज़रूरी है लेकिन यह भी आवश्यक है कि उन्हें बेवजह न छेड़ा जाये। इससे वे अधिक हमलावर हो सकते हैं। उन्हें उनके रास्तों पर निर्विघ्न चलने दिया जाये।

घरों, खलिहानों या खेतों में निकल आये सांपों को अनावश्यक मार डाला जाता है जो कोई नुकसान पहुंचाये बगैर अपने रास्ते जाते हैं। छोटे-मोटे जीव-जन्तु भी बिना प्रयोजन के मनुष्यों द्वारा मार दिये जाते हैं। ऐसे ही, चिड़ियाघरों, आरक्षित वनों और जंगल सफारी में भी लोग खुले घूमते या पिंजरों-बाड़ों में बन्द जानवरों, पक्षियों अथवा सरीसृपों को तंग करते हैं। इससे वे आक्रामक हो जाते हैं। पेण्ड्रा-मरवाही वन क्षेत्र के कुम्हारी व नवाटोला गांवों के पास आ गये चार हाथियों को लोग पत्थर मारते देखे गये जिससे वे आक्रामक हो उठे। वन विभाग ने इससे बाज आने की सही सलाह दी है।

वनों में घूम रहे प्राणी भी कई बार मानवीय बस्तियों के नज़दीक आ जाते हैं। उनसे बचने के लिये बेहतर है कि उन्हें शांति से निकल जाने दिया जाये। छत्तीसगढ़ के वनों में कुछ ऐसे प्राणी बसते हैं जो अक्सर रिहायशी इलाकों के निकट आ जाते हैं। कुछ के लिये तो स्वयं लोग ही जिम्मेदार होते हैं क्योंकि वे ऐसे जानवरों के विचरण या आवाजाही के रास्तों पर अपनी बस्तियां बसा लेते हैं। दरअसल यह लोगों द्वारा वन्य पशुओं के क्षेत्रों का किया गया अतिक्रमण होता है। फिर जब हाथी, जंगली सुअर, तेंदुएं, हाइना, वन भैंसे घरों व खेतों के निकट आते हैं अथवा उन्हें नुकसान पहुंचाते हैं तो लोगों द्वारा या तो उनके साथ छेड़-छाड़ होती है, अथवा वे वनचरों पर अकारण हमले करते हैं। इन दिनों वीडियो बनाने तथा सेल्फी का प्रचलन हो चला है जिससे वे ज्यादा आक्रामक हो जाते हैं।

# अपहरण कर मारपीट और लूट की वारदात को अंजाम देने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार



जगदलपुर, 5 अगस्त (देशबन्धु)। एक व्यक्ति को अपहरण कर मारपीट कर लूट की घटना की वारदात में शामिल दो युवक को गिरफ्तार करने में बस्तर पुलिस को सफलता मिली है। थाना बोधघाट के गीदम नाका के पास स्थित एक कबाड़ी यार्ड जिसका संचालन नितिन साहू नाम का व्यक्ति कर रहा है ने अपने दोस्त आयुष राजपूत के साथ 25 जुलाई को रात 09.30 को अपने यहां 10 से साल ड्राइवरी का काम कर रहे खुर्शीद अहमद पिता नवाब अली, 34 साल, कौशांबी, यूपी जो कि वर्तमान में गीदम नाका में किराया के मकान में रह कर अन्य के यहां ड्राइवरी का काम कर रहा था। उसे फोन कर गाड़ी लेकर हैदराबाद ले जाने के लिए बुलाया और खुर्शीद द्वारा मना करने पर उसे बल पूर्वक अपने गाड़ी में बैठाकर उसे सरगीपाल स्थित अजुनी फार्म हाउस में ले गए जहां उसके साथ बंधक बनाकर मारपीट किया गया तथा पूर्व में गाड़ी चलाने के दौरान अवैध पैसे अर्जन की बात का आरोप लगाते हुए घर में कॉल कर इसे जान से मार देने की धमकी देते हुए 1,00,000/ रुपए की मांग किए। तत्पश्चात इसे बंधक बनाकर हैदराबाद ले गए और इसे शहर के बाहर एक जंगल में रोड किनारे छोड़ दिया गया तथा आरोपीगण वहीं से फरार हैं। दिनांक 02 अगस्त को पीड़ित से संपर्क कर उसे कार्यवाही का आश्वाशन देने से उसके द्वारा थाना बोधघाट में अपराध दर्ज कराने पर अपराध धारा 140.2, 309.6, 133 भारतीय न्याय संहिता तथा 25,27 आर्म्स एक्ट कायम कर विवेचना में लिया गया है। विवेचना दौरान पुलिस अधीक्षक शलभ कुमार सिन्हा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक माहेश्वर नाग के मार्गदर्शन एवं नगर पुलिस अधीक्षक अमित देवांगन के पर्यवेक्षन में तत्काल कार्यवाही हेतु लीलाधर राठौर के नेतृत्व में टीम तैयार कर प्रकरण में शामिल आरोपियों की पता साजी की जा रही है। उक्त टीम के द्वारा प्रार्थी की निशानदेही पर घटना स्थान अजूनी फॉर्म हाउस का निरीक्षण कर मौके से आरोपीगण तथा प्रार्थी से संबंधित आवश्यक साक्ष्य को एकत्रित कर कब्जा पुलिस लेकर घटना स्थल को शील किया गया। पता साजी दौरान घटना में शामिल दो अन्य आरोपी नीलम नाग पिता प्रेश नाग उम्र 22 वर्ष, संजू उर्फ़ पिंटू बघेल उम्र 22 वर्ष दोनों निवासी >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# जयंती पर विवि ने शहीद महेंद्र कर्मा को किया याद



जगदलपुर, 5 अगस्त (देशबन्धु)। जनजातीय समाज के अधिकारों और सम्मान के लिए जीवन जीने वाले लोकप्रिय जननेता शहीद महेंद्र कर्मा को उनके जयंती पर शहीद महेंद्र कर्मा विवि परिवार ने स्मरण किया। मंगलवार को आयोजित पुष्पांजलि कार्यक्रम में कुलपति प्रो मनोज कुमार श्रीवास्तव के अतिरिक्त विवि के वरिष्ठ अधिकारी, विभिन्न विभागों के प्राध्यापक एवं कर्मचारी उपस्थिति थे।

# पर्यटन को बढ़ावा देने एवं होम-स्टे के विकास हेतु इच्छुक आवेदकों से 7 अगस्त तक मंगाए गए

जगदलपुर, 5 अगस्त (देशबन्धु)। भारत सरकार द्वारा आदिवासी क्षेत्रो में स्वदेश दर्शन 2.0 योजना एवं प्रधानमंत्री जनजातीय उत्कर्ष ग्राम अभियान के तहत् होम-स्टे के विकास तथा बस्तर जिले में पर्यटन को बढ़ावा देने एवं स्थानीय व्यक्तियों को स्वरोजगार व आय के साधन उपलब्ध कराने हेतु पर्यटन क्षेत्र के समीप आदिवासी ग्रामों में होम-स्टे संचालन हेतु इच्छुक अनुसूचित जनजाति वर्ग के व्यक्तियों से 07 अगस्त 2025 तक आवेदन आमंत्रित किया गया है। चयनित व्यक्तियों को होम-स्टे हेतु नये कमरे बनाने हेतु 5 लाख रूपए तक एवं पूर्व से संचालित होम-स्टे में सुधार हेतु 3 लाख रूपये तक की सहायता प्रदाय की जाएगी। होम-स्टे हेतु प्रस्तावित भूमि संबंधित व्यक्ति के कब्जे व भू-स्वामित्व का होना अनिवार्य है। पूर्व में होम-स्टे संचालनकर्ता, महिलाओं व पर्यटन क्षेत्र में पूर्व से जुड़े व्यक्तियों को प्राथमिकता दी जाएगी। अधिक जानकारी के लिए कार्यालय कलेक्टर बस्तर के सामान्य शाखा से संपर्क कर सकते हैं।

# जिला परिषद सुंदरगढ़ ओडीशा की टीम ने किया एमआरएफ एवं एमआरसी सेंटर बुरुंडवाड़ा सेमरा का अध्ययन भ्रमण



जगदलपुर, 5 अगस्त (देशबन्धु)। स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के अंतर्गत अध्ययन एवं अवलोकन भ्रमण कार्यक्रम के तहत जिला परिषद सुंदरगढ़ ओडीशा की टीम ने सोमवार को बस्तर जिले के बुरुंडवाड़ा सेमरा में स्थापित मटेरियल रिकवरी फैसिलिटी (एमआरएफ) और मटेरियल रिसाइक्लिंग सेंटर (एमआरसी) का भ्रमण कर कचरा प्रबंधन और प्रसंस्करण के बारे में विस्तृत जानकारी ली। इस दौरान जिला पंचायत बस्तर तथा नगरीय निकाय के अधिकारियों ने जिले में समुदाय की सहभागिता से चलाए जा रहे कचरा प्रबंधन सम्बन्धी पहल के बारे में विस्तारपूर्वक अवगत कराया। इस अध्ययन भ्रमण के दौरान ओडीशा की टीम ने जिला प्रशासन बस्तर के द्वारा संचालित बुरुंडवाड़ा सेमरा एमआरएफ के माध्यम से जिले में कचरा संग्रहण और वर्गीकरण की व्यवस्थित प्रक्रिया को प्रत्यक्ष रूप से देखा। टीम ने यह अनुभव किया कि किस प्रकार स्रोत स्तर पर ही कचरे को अलग-अलग श्रेणियों (सूखा, प्लास्टिक आदि) में वर्गीकृत किया जाता है और फिर उसकी आगे की प्रक्रिया हेतु तैयार किया जाता है। इसके पश्चात टीम ने एमआरसी केंद्र का भी भ्रमण किया, जिसे सृष्टि वेस्ट मैनेजमेंट सर्विस द्वारा संचालित किया जा रहा है। यहां टीम ने जिला पंचायत बस्तर और स्थानीय निकायों से सहयोग प्राप्त 'स्वच्छ केंद्र मॉडल' के तहत अपनाई गई समेकित रिसाइक्लिंग प्रणाली के बारे में जानकारी ली। इस दौरान उक्त टीम द्वारा विशेष रूप से यह देखा गया कि किस प्रकार से एमआरएफ और एमआरसी इकाइयों के बीच समन्वय स्थापित कर कचरे को पुन: उपयोगी सामग्री जैसे प्लास्टिक ग्रैन्यूल में बदलाव किया जा रहा है। अपने अध्ययन भ्रमण के दौरान ओडीशा की टीम के सदस्यों ने कहा कि यह अवलोकन यात्रा सुंदरगढ़ जिले में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन प्रणालियों को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए उपयोगी रही। विशेष रूप से संग्रहण, वर्गीकरण और पुन:प्रक्रिया को एकीकृत करने की प्रक्रिया से जुड़े व्यावहारिक अनुभव इस क्षेत्र में सुधार के लिए सहायक सिद्ध होंगे।

# घरेलू औषधीय पौधों की जीवन में उपयोगिता विषय पर विवि में परिचर्चा का आयोजन




जगदलपुर, 5 अगस्त (देशबन्धु)। शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय में मंगलवार को विवि एनएसएस इकाई और पतंजलि योग सेवा समिति, जगदलपुर द्वारा घरेलू औषधि पौधों की जीवन में उपयोगिता विषय पर एक दिवसीय परिचर्चा का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता पतंजलि योग सेवा समिति के प्रदेश प्रभारी मनोज पाणिग्रही ने कहा कि सही स्वास्थ्य के लिए सही आहार जरूरी है। खराब भोजन और गलत भोजन पद्धति से ही सारी बीमारी होती है। हम घरेलू मसालों और औषधि से बड़ी से बड़ी शारीरिक समस्याओं पर विजय पा सकते हैं। सभी औषधि में बीमारियों से लड़ने वाली प्रतिरोधक क्षमता है। श्री पाणिग्रही ने अपने उदबोधन में एलोविरा, तुलसी, गिलोय, अश्वगंधा, ब्राम्ही, आंवला, शतावर सहित अन्य औषधि की विशेषता, उपयोगिता और उसके दैनिक जीवन में प्रयोग के तरीके बताए। श्री पाणिग्रही ने कहा कि वेद ईश्वरी ज्ञान है। अथर्ववेद में आयुर्वेद की विस्तृत चर्चा की गई है। श्री पाणिग्रही ने कहा कि बहुत सारी समस्याओं का मूल कारण तनाव भी है। हमें जीवन हंसते- मुस्कुराते हुए जीना चाहिए। कुलपति प्रो. मनोज कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि एनईपी 2020 में होलिस्टिक डेवलपमेंट की बात की गई है। जिसके सहारे युवाओं में स्वास्थ्य सहित अन्य विषयों की समस्याओं का हल करने की क्षमता विकसित हो सके। प्रो. श्रीवास्तव ने कहा कि औषधियों में दुरूह रोगों को दूर करने की क्षमता है। अधिकतर ईश्वरीय औषधि पौधे बस्तर के वन्य क्षेत्र में उपलब्ध हैं। पतंजलि सेवा समिति के हरकेश बहादुर सिंह ने कहा कि हमें जड़ी बूटी की बात करने के साथ-साथ उसे दैनिक जीवन में अपनाने पर भी जोर देना है। आधुनिक साइंस जितना हमें जितना आगे बढ़ा रहा है उतना ही पीछे भी धकेल रहा है। इस अवसर पर बस्तर जिला पर्यावरण प्रकोष्ठ के प्रभारी विजय भारत ने कहा कि प्राचीन काल में योग-आयुर्वेद एवं परंपरागत चिकित्सा पद्धति के सहारे लोग सौ-डेढ़ सौ वर्ष जीते थे। नृत्य में भी योग सम्मिलित है। श्री भारत ने कहा कि बस्तर में वैद्य चिकित्सा परंपरा अब भी कायम है। जिसे सरकार ने भी मान्यता दे रखी है। उन्होंने कहा कि हम अपने रसोईघर से अपना स्वास्थ्य ठीक रख सकते हैं। सारे मसालों में औषधीय गुण होते हैं। जबकि आज की नई पीढ़ी औषधीय पौधे को पहचानती भी नहीं है। आज के युवाओं को उस प्राचीन जीवन और चिकित्सीय पद्धति की विस्तृत जानकारी होनी चाहिए।

अपने आभार उद्बोधन में विवि एनएसएस प्रभारी डॉ. सजीवन कुमार ने कहा कि हम औषधीय पौधे और योग के सकारात्मक व्यापक प्रभाव और उपयोगिता से अनभिज्ञ हैं। ऐसे आयोजनों से युवाओं में इन औषधीय पौधे जानकारी और उपयोगिता बढ़ेगी। कार्यक्रम के अंत में अतिथियों और विवि कुलपति की उपस्थिति में विवि परिसर में सिंदूर पौधे और अन्य औषधीय पौधे का रोपण किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. भुनेश्वर लाल साहू ने किया। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के प्राध्यापक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# ब्लाक अध्यक्ष बलराम यादव ने ली कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक, संगठन विस्तार पर की चर्चा



जगदलपुर, 5 अगस्त (देशबन्धु)। प्रवीण वार्ड क्रमांक 01 में स्थित सामुदायिक भवन में ब्लाक अध्यक्ष बलराम यादव के द्वारा संगठन सृजन व संगठन की मजबूती हेतु वार्ड कांग्रेस के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण बैठक ली। ब्लॉक अध्यक्ष बलराम यादव ने बताया के कांग्रेस हमेशा जनहित की विचारधारा की लड़ाई लड़ती हैं कांग्रेस इंसाफ की लड़ाई, गरीबो की लड़ाई जनता के हक़ की आवाज़ उठाती रही हैं और आगे भी मजबूती से लड़ते रहेंगी।

इसी कड़ी में वार्ड पार्षद व प्रभारी महामंत्री ज़ाहिद हुसैन ने कहा वार्ड के विकास में आप सभी का सहयोग हमेशा रहा हैं और इसी सहयोग की वजह से बहुत समय बाद कांग्रेसी पार्षद बनाना सम्भव हो पाया, उम्मीद है आगे भी इससे बेहतर कार्य और सहयोग रहेगा। हुसैन ने कहा आगे भी निरंतर कांग्रेस की ऊर्जा और विश्वास के साथ मजबूती से खडे रहेंगे और जनता की सेवा करते रहेंगे। इस दौरान पार्षद व प्रभारी महामंत्री शेख जाहिद हुसैन, वरिष्ठ कांग्रेसी ईश्वर बघेल, जीवन बघेल, राजा कश्यप, इतवारी राम, शेख सद्दाम रज़ा, उस्मान रज़ा, प्रभुचन्द कश्यप, सोनसिंह, राजू मरकाम, आशीष बघेल, साजन कश्यप, अर्जुन कश्यप सहित अन्य कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

# जिले के 6 सहकारी समितियों में परिसमापक नियुक्त

जगदलपुर, 5 अगस्त (देशबन्धु)। उपायुक्त सहकारिता एवं उप पंजीयक सहकारी संस्थाएं जगदलपुर द्वारा बस्तर जिले के 06 सहकारी समितियों प्राथमिक जलग्रहण दुग्ध सहकारी समिति कोयपाल (तोकापाल), दुग्ध उत्पादक सहकारी समिति मांझीगुड़ा (दरभा), तिरंगा दुग्ध उत्पादक सहकारी समिति केशापुर (दरभा), प्राथमिक गुण्डाधुर दुग्ध उत्पादक सहकारी समिति नेतानार (जगदलपुर), प्राथमिक सेमरिया माता आदिवासी मछुआ सहकारी समिति छापर भानपुरी (लोहण्डीगुड़ा) तथा अमृत दुग्ध उत्पादक सहकारी समिति जगदलपुर को छत्तीसगढ़ सहकारी सोसायटी अधिनियम 1960 की धारा 69 (3) के अन्तर्गत परिसमापन में लाया जाकर धारा 70 के अन्तर्गत संबंधित समिति हेतु परिसमापक नियुक्त किया गया है। अतएव सहकारी सोसायटी अधिनियम 1960 की धारा 71 तथा सहकारी सोसायटी नियम 1962 के नियम 57 (ग) के अनुसार यह सूचना सर्वसाधारण की जानकारी हेतु प्रकाशित किया जाता है कि इन सहकारी समितियों के विरूद्ध जो भी लेनदारियां तथा ऋण लेना बकाया निकलते हो, वे प्रमाण सहित अपने दावे यदि कोई हो तो इस सूचना के प्रकाशित होने के दो माह की अवधि के भीतर उपायुक्त सहकारिता कार्यालय में या संबंधित परिसमापक के पास कार्यालयीन समय में प्रस्तुत कर सकते हैं। उक्त अवधि के पश्चात प्राप्त दावों पर कोई भी उत्तरदायी मान्य नहीं होगी और संस्था की उपलब्ध लेखा पुस्तकों लेखबद्ध समस्त दायित्वों को उक्त कथित नियम के अन्तर्गत परिसमापक को विधिवत प्रस्तुत किया गया है माना जाएगा। उपायुक्त सहकारिता ने जानकारी दी है कि जिस व्यक्ति समिति के सदस्य या भूतपूर्व पदाधिकारी या कर्मचारी के पास उक्त सहकारी समितियों से संबंधित कोई भी कागजात सामान एवं रोकड़ हो प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के भीतर इस कार्यालय में जमा करें या लिखित में सूचना देवें अन्यथा समय उपरांत यदि किसी व्यक्ति के पास इन समितियों का कोई भी रिकार्ड या सामान आदि की जानकारी प्राप्त होने या ऐसा सिद्ध होने पर उनके विरूद्ध कानूनी कार्यवाही की जाएगी और जिसके लिए सम्बंधित स्वयं जवाबदार होंगे।

# भाजपा सरकार द्वारा बिजली बिल हाफ योजना बंद करना जनता पर अत्याचार : दीपक बैज



- कोयला हमारा, पानी हमारा, जमीन हमारी और हमें ही महंगे दर पर बिजली बेच रहे
- जनविरोधी निर्णय के खिलाफ कांग्रेस करेगी पूरे प्रदेश में आंदोलन

जगदलपुर, 5 अगस्त (देशबन्धु)। स्थानीय राजीव भवन में मंगलवार को आयोजित प्रेसवार्ता में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि साय सरकार द्वारा बिजली बिल आधा योजना को बंद किया जाना जनता के ऊपर अत्याचार है। साय सरकार ने मात्र 100 यूनिट के भीतर की खपत वाले का ही बिजली बिल हॉफ करने का निर्णय लिया है। इससे प्रदेश के अधिसंख्यक उपभोक्ता बिजली बिल हॉफ योजना से वंचित हो गये है। वर्तमान निर्देश के अनुसार 100 यूनिट से अधिक खपत होने पर बिजली बिल पूरा लगेगा तथा 100 यूनिट का छूट भी नहीं मिलेगा। प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कांग्रेस की सरकार ने 5 वर्षों तक विपरीत परिस्थितियों में भी बिजली उपभोक्ताओं के लिए बिजली बिल हाफ योजना शुरू किया था जिसका लाभ प्रदेश के 44 लाख घरेलू उपभोक्ताओं को मिलता था जिसे 5 साल में लगभग प्रत्येक उपभोक्ता का 40 से 50 हजार रु. तक की बचत हुई है। कांग्रेस सरकार द्वारा शुरू किये गये 400 यूनिट बिजली बिल हॉफ के दायरे में प्रवेश का लगभग हर उपभोक्ता आता था। किसी को बिजली का खपत मान ली 600 यूनिट था उससे ज्यादा भी था तो उसके पहले 400 यूनिट तक की खपत पर बिजली बिल आधा हो जाता था. शेष पर ही उसको पूरा बिल देना पड़ता था।कांग्रेस सरकार के इस फैसले का विरोध करती है।

प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि पिछले माह ही सरकार ने बिजली के दाम चौथी बार बढ़ाया था। घरेलू खपत पर 10 से 20 पैसे प्रति यूनिट की वृद्धि की गई है, गैर घरेलू बिजली की दर 25 पैसे प्रति यूनिट महंगी कर दी गई है। सर्वाधिक बढ़ोतरी कृषि पंप के बिजली के दाम में 50 पैसे प्रति यूनिट की वृद्धि करके की गई थी। डेढ़ साल के भीतर साय सरकार ने घरेलू बिजली की दरों में अब तक कुल 80 पैसे प्रति यूनिट बढ़ोत्तरी की है। भाजपा सरकार बनने के बाद आम जनता को मांग के अनुसार बिजली नहीं मिल रहा है। बिजली कटौती और लो वोल्टेज की समस्या से शहर और गांव की जनता जूझ रहे हैं। कांग्रेस की सरकार के दौरान 24 घंटा बिजली की आपूर्ति होती थी। गर्मी के दिनों में मांग बढ़ने पर दूसरे राज्यों से भी बिजली की खरीदी किया जाता था और आम जनता को 24 घंटा बिजली की आपूर्ति की जाती थी। केंद्र की मोदी सरकार के गलत नीतियों के बलते है बिजली का उत्पादन लागत बढ़ा है. कोयले पर ग्रीन टैक्स चार गुना अधिक बढ़ा दिए। रेलवे का माल भाड़ा अधिक वसूल रहे हैं। धर्मल पॉवरप्लांट को अडानी की कंपनी से महंगे दर पर कोयला खरीदने बाध्य किया जा रहा है। डीजल पर सेंट्रल एक्साइज बढ़ाए जाने से परिवहन में और फायर के लिए उपयोग होने वाले डीजल की लागत बढ़ी है जिसकी भरपाई भी उपभोक्ताओं पर बोझ बढ़ाकर किया जा रहा है। प्रदेश भर से अनाप-शनाप बिजली बिल आने की शिकायत लगातार आ रही है। स्मार्ट मीटर के नाम पर अधिक बिल उपभोक्ताओं को भेजा जा रहा है। अब तो जनता को लूटने के लिए अडानी की कंपनी का प्रीपेड मीटर भी लगाने की तैयारी है। कांग्रेस पार्टी भाजपा सरकार के ऐसे अन्यायपूर्ण फैसले का विरोध करती है। कोयला हमारा, पानी हमारा, जमीन हमारी और हमें ही महंगे दर पर बिजली बेचा जा रहा है। सरकार के इस जनविरोधी निर्णय के खिलाफ कांग्रेस पूरे प्रदेश में आंदोलन करेगी।

**स्थानीय शिक्षाविदों को दरकिनार कर प्रदेश के विश्वविद्यालय में बाहरी कुलपति काबिज:** पत्रकारवार्ता के दौरान श्री बैज ने कहा कि बेहद दुभाग्यजनक है कि भाजपा सरकार बनने के बाद विश्वविद्यालयों में कुलपतियों की नियुक्तियों में बाहरी लोगों को नियुक्त किया जा रहा है। शासकीय विश्वविद्यालयों में कुलपति के नियुक्त प्रदेश के बाहर के लोगों का क्यूं किया जा रहा है। यह प्रदेश के योग्य बुद्धजीवियों प्राध्यापकों का अपमान है। आज प्रदेश के लगभग सभी विश्वविद्यालयों में कुलपति अन्य प्रदेशों के है। भाजपा सरकार बताये कि विभिन्न विश्वविद्यालयों में कुलपतियों की नियुक्तियों के >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# महेन्द्र कर्मा ने सिखाया अपने अधिकारों के लिए लड़ना : देवती

## 76वीं जयंती पर परिजनों और कांग्रेसियों ने किया स्मरण

- बस्तर की शांति और विकास के लिए कर्मा के आदर्शों पर चलने का संकल्प
- गायत्री मंदिर तिराहे पर कर्मा की प्रतिमा में माल्यार्पण के साथ श्रद्धांजलि



दंतेवाड़ा, 5 अगस्त (देशबन्धु)। बस्तर टाईगर शहीद महेन्द्र कर्मा की आज 76 वीं जयंती मनाई गई। इस मौके पर उनके गृहग्राम फरसपाल में विशेष पूजा-अर्चना का आयोजन किया गया। पूर्व विधायक देवती महेन्द्र कर्मा द्वारा स्व. महेन्द्र कर्मा की मूर्ति पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। स्व. कर्मा के सुपुत्र वरिष्ठ नेता छविन्द्र कर्मा, सुपुत्री जिला पंचायत सदस्य तुलिका कर्मा, सुलोचना कर्मा ने भी उनकी शहादत को नमन करते हुए भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। वहीं गायत्री मंदिर स्थित शहीद महेन्द्र कर्मा प्रतिमा पर कांग्रेसियों ने माल्यार्पण कर स्व. कर्मा के दिखाए हुए रास्ते पर चलने का संकल्प लिया। इस मौके पर पूर्व विधायक देवती कर्मा ने कहा कि बस्तर में शांति-बहाली के लिए स्व. कर्मा ने अपना सर्वस्त न्यौछावर कर दिया। जल, जंगल, जमीन के अधिकारों की रक्षा के लिए वे सदैव लड़ते रहे। शहीद महेन्द्र कर्मा का जीवन हम सभी को अपने अधिकारों की रक्षा में प्रतिबद्ध रहने की प्रेरणा देता है। छविन्द्र कर्मा ने कहा कि पिताजी का स्नेह, त्याग और मार्गदर्शन हमारे लिए जीवन की सबसे बड़ी पूंजी है। भले ही आज वह हमारे बीच नहीं है परंतु उनके दिए हुए संस्कार और आदर्श आज भी हमें सही राह दिखाते हैं।

तुलिका कर्मा ने स्व. महेन्द्र कर्मा को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि उनका आशीर्वाद हमें जीवन में आगे बढ़ने की शक्ति देता है, साथ ही उनके सिखाएं हुए मार्ग पर ही चलना उन्हें हमारी सच्ची श्रद्धांजलि होगी। उन्होंने हमेशा दलगत राजनीति से ऊपर उठकर बस्तर में शांति बहाली के लिए कार्य किया। जिला पंचायत सदस्य सुलोचना कर्मा ने कहा कि शहीद महेन्द्र कर्मा ने जो सपना देखा था उन्हें पूरा करना अब हमारी जिम्मेदारी है। आपसी भाईचारे व खुशहाल बस्तर का सपना लेकर वह चले थे, जिसे अब हमें पूरा करना है। इस दौरान प्रवीण राणा, विमल सलाम, सुमित्रा सोरी, इंदिरा शर्मा, इंद्रा ठाकुर, रिंकी वेंजाम, एन नागराज, गणेश दुर्गा, रितेश जैन, रानू राव, संजय विश्वकर्मा, त्रिशांक ठाकुर, जीतू कश्यप समेत बड़ी संख्या में कांग्रेसी मौजूद थे।

स्व शहीद महेंद्र कर्मा की जयंती पर तुलिका कर्मा ने सक्षम के बच्चों के बीच पहुंची। यहां पहुंच उन्होंने सक्षम के बच्चों को भोजन कराया साथ ही स्व.कर्मा के याद में टिफिन बॉक्स का वितरण किया। वहीं सुलोचना कर्मा ने हारम पारा स्थित वृद्धाआश्रम पहुंच फल वितरण किया साथ ही कासोली बालक आश्रम पहुंच बच्चों को भी फल वितरण किया।

# इसे नौकरी नहीं गांव वालों की सेवा माने : कलेक्टर

- बैंकों को गांव-गांव पहुंचायेंगे बैकिंग संवाददाता
- कलेक्टर ने नव नियुक्त बैंकिंग संवाददाताओं को सौंपा मोबाइल
- अटल डिजिटल कनेक्ट योजना के तहत नई शुरूआत



दंतेवाड़ा, 5 अगस्त (देशबन्धु)। ग्रामीण क्षेत्रों में बैंकिंग सेवाओं को सुलभ और सहज बनाने के उद्देश्य से ग्राम पंचायत अटल डिजिटल कनेक्ट योजना के तहत दंतेवाड़ा जिले में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। कलेक्टर कुणाल दुदावत ने पांच ग्राम पंचायतों बड़े बचेली, बालूद, जावंगा, बारसूर, कारली के नये नियुक्त बैंकिंग संवाददाताओं (बैंकिंग कॉरेस्पॉन्डेंट) को मोबाइल डिवाइस प्रदान किए। नये नियुक्त हुए बैंकिंग संवाददाता दूरस्थ ग्राम पंचायतों में बैंकिंग प्रणाली डिजिटलीकरण अन्तर्गत बैंकिंग सेवाएं उपलब्ध करा सकेंगे। इस अवसर पर कलेक्टर श्री दुदावत ने नियुक्त बैंकिंग कॉरेस्पॉन्डेंट से मुखातिब होते हुए कहा कि अब गांवों के लोग घर बैठे ही महतारी वंदन योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, पेंशन, श्रमिक जैसी विभिन्न जनहितकारी योजनाओं का लाभ आसानी से प्राप्त कर सकेंगे। उन्होंने सभी बैंकिंग कॉरेस्पॉन्डेंट से आग्रह किया कि वे न केवल राशि का वितरण करें, बल्कि खातों की जानकारी, लेन-देन और अन्य बैंकिंग सुविधाओं की जानकारी भी ग्रामीणों को उपलब्ध करायें। कलेक्टर श्री दुदावत ने यह भी कहा कि जो बैंकिंग संवाददाता गांव में सबसे अधिक लेन-देन करेगा और ग्रामीणों को अधिक से अधिक सेवाएं देगा, उसे प्रशासन की ओर से सम्मानित किया जाएगा। उनका यह नया दायित्व न केवल एक नौकरी है, बल्कि एक सामाजिक सेवा भी कहलायेगा। साथ ही उन्होंने ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों से आग्रह किया कि वे इस पहल को पूरी तरह सहयोग दें और अपने क्षेत्र को डिजिटल रूप से सशक्त बनाएं। उन्होंने कहा, हमारा उद्देश्य ग्राम पंचायतों को डिजिटल पंचायत बनाना है। जहां हर ग्रामीण को उत्कृष्ट बैंकिंग सुविधा मिले। इस कार्यक्रम में जिला पंचायत के सीईओ जयंत नाहटा और एक्सिस बैंक के शाखा प्रबंधक अर्पित गुप्ता भी उपस्थित थे।

# किरन्दुल से गायब बोलेरो बिहार से बरामद

- हफ्ते भर पहले हुई थी चोरी
- पुराना ड्राइवर निकला आरोपी, वाहन छोड़ कर भागा
- सीसीटीवी फूटेज के जरिये मिला सुराग




दंतेवाड़ा, 5 अगस्त (देशबन्धु)। जिले की किरन्दुल से गायब हुई बोलेरो लगभग एक हफ्ते बाद पुलिस ने बिहार से बरामद कर ली। इस मामले में आरोपी पुलिस की गिरफ्त में नहीं आया। सायबर सेल की मदद से बोलेरो बरामद हुई।

किरन्दुल के केदार साहू ने अपनी बोलेरो क्रमांक सीजी 18 के 7386 को गैरेज में खड़ा किया था। सुबह देखा तो बोलेरो गायब थी। इस मामले में उसने किरन्दुल थाने में एफआईआर दर्ज करायी। एसपी गौरव राय के मार्गदर्शन में टीम गठित की गई। केदार साहू ने पुलिस को बताया कि बोलेरो चोरी में उसके पुराने ड्राइवर आकाश तिवारी का हाथ हो सकता है। इस संबंध में पुलिस ने छानबीन शुरू की। उड़ीसा के बरगढ़ से संबलपुर होकर यह वाहन निकली थी।

सीसीटीवी फुटेज में इसका खुलासा हुआ। पुलिस बिहार के सारण जिले में पहुंची। आकाश तिवारी यही का रहने वाला था। लगभग एक हफ्ते बाद बोलेरो को परसा थाना इसुआपुर जिला सारण से बरामद किया गया। आरोपी बोलेरो छोड़कर फरार हो गया था। इस तरह से 25 जुलाई को चोरी हुई बोलेरो 1 अगस्त को बरामद कर ली गई। इसकी कीमत 3 लाख 20 हजार रूपए बतायी गई है। इस मामले को सुलझाने में थाना प्रभारी किरन्दुल संजय यादव व उनकी टीम एएसआई उत्तम ध्रुव, प्रधान आरक्षक ओमप्रकाश कश्यप, मधुकांत मरकाम, आरक्षक सुभाष प्रसाद, मकसुदन मंडावी और साइबर सेल दंतेवाड़ा की प्रमुख भूमिका रही।

# गुपचुप ठेलों और चौपाटी पर प्रशासन की दबिश

- नष्ट करायी गई दुषित खाद्य सामग्री
- 65 खाद्य नमूनों की हुई जांच, 20 प्रतिष्ठानों पर जुर्माना
- आज भी जारी रहेगा अभियान, लोगों से भी जागरूकता की अपील



दंतेवाड़ा, 5 अगस्त (देशबन्धु)। बारिश और आगामी रक्षाबंधन त्योहार को ध्यान में रखते हुए छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार प्रदेशभर में खाद्य सुरक्षा को लेकर बने खाबों-बने रहिबों राज्य स्तरीय विशेष जांच एवं जन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।

दंतेवाड़ा में भी खाद्य और औषधि प्रशासन के द्वारा अभियान के दौरान खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम के अंतर्गत स्ट्रीट फूड विक्रेताओं, होटल, रेस्टोरेंट, मिठाई दुकानों और किराना दुकानों का निरीक्षण किया गया। चलित खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला के माध्यम से कुल 65 खाद्य नमूनों को जांच हेतु संग्रहित किया गया। जांच के दौरान पुराना बस स्टैंड, नया बस स्टैंड चौपाटी, अंबेडकर पार्क स्थित चौपाटी सहित फास्ट फूड ठेलों से मोमोज, गुपचुप, आलू मसाला, खट्टा-मीठा पानी, फूड कलर, चाउमीन, चिल्ली सॉस, टोमैटो सॉस और खाद्य तेल के नमूने लिए गए। वहीं, होटल और रेस्टोरेंट से बिरयानी चावल, ग्रेवी, पकी दाल, पनीर सहित अन्य व्यंजनों के, मिठाई दुकानों से रसगुल्ला, बर्फी, पेड़ा, खोया, काजू कतली, मेसूर पाक, बेसन लड्डू, नमकीन मिक्सचर, किराना दुकानों से बेसन, सूजी, आटा, मैदा, नमकीन और शक्कर के नमूने जांच के लिए लिए गए।

निरीक्षण के दौरान कई प्रतिष्ठानों में सफाई व्यवस्था मानकों के अनुरूप नहीं पाई गई। इस पर 20 खाद्य प्रतिष्ठानों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए कुल 4 हजार 100 रुपये का चालान किया गया। इसके अलावा पांच व्यापारियों को नोटिस जारी करते हुए अमानक और दूषित खाद्य सामग्री को तत्काल नष्ट कराया गया। विभाग द्वारा चेतावनी दी गई कि भविष्य में यदि ऐसी लापरवाही दोबारा पाई जाती है, तो संबंधित प्रतिष्ठानों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी, जिसमें उनका खाद्य लाइसेंस निलंबित करना भी शामिल है। इस अभियान के माध्यम से खाद्य कारोबारियों को एफएसएसआई के दिशा-निर्देशों की जानकारी दी गई और उन्हें व्यक्तिगत स्वच्छता, किचन की सफाई, खाद्य हैंडलिंग तथा लेबलिंग एवं पैकेजिंग से संबंधित मानकों के प्रति जागरूक किया गया। साथ ही आम नागरिकों को भी स्वच्छ, सुरक्षित और स्वस्थ खानपान की आदतें अपनाने के लिए प्रेरित किया गया।

## एक पेड़ मां के नाम, पर्यावरण संरक्षण का संकल्प



**पीजी कालेज दंतेवाड़ा में जन भागीदारी समिति अध्यक्ष ने किया वृक्षारोपण**

दंतेवाड़ा, 5 अगस्त (देशबन्धु)। आज शासकीय दंतेश्वरी स्नातकोत्तर महाविद्यालय दंतेवाड़ा में एक पेड़ मां के नाम महाविद्यालय में वृक्षारोपण का कार्यक्रम किया गया।

इस वृक्षारोपण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जन भागीदारी अध्यक्ष राहुल असरानी, महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. के एम. प्रसाद, कार्यक्रम के संयोजक डॉ. दिनेश लहरी, दुष्यंत तारम, प्राध्यापक डॉ शिखा सरकार डॉ. रत्ना बाला मोहंती तथा सहायक प्राध्यापक डॉ. अंजली कश्यप, सुश्री धारणा ठाकुर, श्रीमती रेशमा एक्का, बंशीधर चौहान, श्रीमती सरला पैकरा, सिद्धार्थ देवांगन, अमित साहू, सुश्री अंजलि मिंज, क्रीड़ा अधिकारी डॉ. भारती रजक, सहित समस्त अतिथि व्याख्याता कर्मचारी एवं छात्र-छात्राओं ने वृक्षारोपण किया। इस कार्यक्रम में वक्ताओं ने अपने उद्बोधन में कहा कि एक पेड़ मां के नाम पूरे भारतवर्ष में इस कार्यक्रम को किया जा रहा है। इनका मुख्य उद्देश्य पर्यावरण के प्रति जागरूकता लाना है। अतः हर जागरूक व्यक्ति पौधरोपण का संकल्प लेकर कम से कम एक पौधा अवश्य लगाये।

# स्वास्थ मंत्री का चारामा में हुआ भव्य स्वागत



चारामा, 5 अगस्त (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ सरकार के स्वास्थ मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल , छत्तीस गढ़ मेडिकल सर्विसेस कार्पोरेशन के अध्यक्ष दीपक महेस्के का उनके तीन दिवसीय बस्तर प्रवास पर बस्तर के प्रवेश द्वार चारामा में भाजपा कार्यकर्ताओं के द्वारा स्थानीय विश्राम गृह में भव्य स्वागत किया गया। स्वागत पश्चात कार्यकर्ताओं ने स्वास्थ मंत्री को ब्लॉक स्तर में स्वास्थ विभाग की समस्याओं से अवगत कराया और चारामा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को 50 बिस्तर हॉस्पिटल करने की मांग की जिस पर स्वास्थ मंत्री द्वारा उचित आश्वासन देकर जिले के मुख्य स्वास्थ अधिकारी को तत्काल प्रकरण तैयार कर भेजने का निर्देश दिया स्वागत कार्यक्रम में प्रमुख रूप से आलोक ठाकुर, मण्डल अध्यक्ष ओम प्रकाश साहू, प्यारे लाल देवांगन, नेता प्रतिपक्ष संतोष ओझा, खुशी जोतवानी, कैलाश खत्री,दीपक सोनकर, उत्तम साहू,संदीप मेश्राम, अजय जगवानी, प्रियेश सेन, अंकित जैन, सहित मुख्य स्वास्थ अधिकारी डॉ आर सी ठाकुर बीएमओ ओ पी शंखवार सहित बड़ी संख्या में अधिकारी कर्मचारी, भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# खाते में हर माह की 7 तारीख तक पहुंच जाए पेंशन: कलेक्टर

- समाज कल्याण विभाग की समीक्षा बैठक में सख्त निर्देश
- अंत्यावसायी एवं श्रम विभाग की योजनाओं में तेजी लाने के निर्देश



दंतेवाड़ा, 5 अगस्त (देशबन्धु)। कलेक्टर कुणाल दुदावत की अध्यक्षता में समाज कल्याण, जिला अंत्यावसायी तथा श्रम विभाग की महत्वपूर्ण योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान कलेक्टर श्री दुदावत ने समाज कल्याण विभाग के अंतर्गत संचालित सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं की विस्तार से समीक्षा करते हुए यह सुनिश्चित करने को कहा कि समस्त पात्र पेंशनधारियों को पेंशन राशि हर माह की 7 तारीख तक उनके बैंक खातों में डीबीटी (प्रत्यक्ष लाभ अंतरण) के माध्यम से प्राप्त हो जाए। उन्होंने स्पष्ट रूप से निर्देशित किया कि पेंशन हितग्राहियों के सत्यापन कार्य में तेजी लाई जाए और इसके लिए जनपद पंचायतों तथा नगरीय निकायों के बीच प्रभावी समन्वय स्थापित कर कार्य शीघ्र पूर्ण किया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि राष्ट्रीय परिवार सहायता योजना के तहत प्राप्त आवेदनों पर समयबद्ध ढंग से कार्यवाही करते हुए पात्र हितग्राहियों को सहायता राशि का भुगतान सुनिश्चित किया जाए। कलेक्टर ने अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया कि जिले के किसी भी क्षेत्र में इस योजना से संबंधित प्रकरण लंबित नहीं रहने चाहिए। बैठक में अंत्यावसायी विभाग की योजनाओं पर भी फोकस करते हुए कलेक्टर ने अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अन्य पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक वर्ग के आर्थिक सशक्तिकरण हेतु संचालित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए यह निर्देश दिए कि आदिवासी स्वरोजगार योजना एवं अंत्योदय स्वरोजगार योजना के लंबित लक्ष्यों को शीघ्र पूर्ण किया जाए। उन्होंने कहा कि इसके लिए संबंधित विभाग बैंक अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर लंबित प्रकरणों को शीघ्र स्वीकृत कराएं, ताकि लाभार्थियों को समय पर ऋण सुविधा मिल सके। इसके अलावा श्रम विभाग द्वारा पंजीकृत निर्माण श्रमिकों एवं असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के लिए संचालित कल्याणकारी योजनाओं पर भी कलेक्टर ने विशेष रूप से ध्यान केंद्रित किया ओर विभागीय अधिकारियों से योजनाओं की विस्तृत जानकारी लेते हुए यह कहा कि प्रत्येक पंजीकृत श्रमिक तक योजनाओं का लाभ पहुंचे, यह सुनिश्चित करना अत्यंत आवश्यक है।

इसके अलावा जिला शिक्षा अधिकारी एवं डीपीएसओ अधिकारी से समन्वय स्थापित कर पंजीकृत श्रमिकों के बच्चों को भी श्रम आधारित योजनाओं से लाभान्वित करने के निर्देश दिए गए। बैठक में श्रम विभाग की प्रमुख योजनाओं जैसे मिनीमाता महतारी जतन योजना, मुख्यमंत्री नोनी सशक्तिकरण योजना, मुख्यमंत्री नौनिहाल छात्रवृत्ति योजना, मुख्यमंत्री नोनी-बाबू शिक्षा सहायता सहित सभी योजनाओं की समीक्षा की गई। कलेक्टर श्री दुदावत ने अधिकारियों को यह स्पष्ट निर्देश दिए कि सरकार द्वारा चिह्नित प्रत्येक योजना का लाभ वास्तविक जरूरतमंदों तक पहुंचे और कोई भी पात्र श्रमिक या नागरिक इन योजनाओं से वंचित न रह जाए। उन्होंने सभी विभागों से अपेक्षा जताई कि वे आपसी समन्वय से कार्य करते हुए विकास योजनाओं को धरातल पर प्रभावी ढंग से लागू करें। जिले में संचालित समाज कल्याण, जिला अंत्यावसायी तथा श्रम विभाग की योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

# गोंडवाना समाज समन्वय समिति, बड़ेराजपुर ने सलना के लिए नए अध्यक्ष मनोनीत किए



फरसगांव/बड़ेराजपुर , 5 अगस्त (देशबन्धु)। गोंडवाना समाज समन्वय समिति ब्लॉक बड़ेराजपुर ने 02 अगस्त को एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया, जिसमें उपखंड सलना के लिए नए अध्यक्षों का मनोनयन किया गया। इस बैठक में मंगल राम मरकाम को उपखंड सलना का नया अध्यक्ष और माखनलाल मरकाम को कार्यकारी अध्यक्ष मनोनीत किया गया। यह मनोनयन ब्लॉक उपाध्यक्ष रतन सिंह नेताम के नेतृत्व में हुआ। इस अवसर पर समाज के कई प्रमुख पदाधिकारी और सदस्य मौजूद थे, जिनमें ब्लॉक उपाध्यक्ष दिलीप नेताम, उपाध्यक्ष बंशीलाल मरकाम, कोरगांव के अध्यक्ष बुधराम मंडावी, और सलना उपखंड के अन्य सामाजिक पदाधिकारी और वरिष्ठ नागरिक शामिल थे।

बैठक के समापन पर, अध्यक्ष ने नए उपखंड अध्यक्ष मंगल राम को पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया और उन्हें हार्दिक बधाई दी। अध्यक्ष ने मंगल राम को गोंडवाना समाज की गतिविधियों का जिम्मेदारीपूर्वक निर्वहन करने की सलाह भी दी, ताकि समाज को आगे बढ़ाया जा सके। यह मनोनयन गोंडवाना समाज के संगठनात्मक ढांचे को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

## प्रादेशिकी का शेष...

### अपहरण कर मारपीट और...

दंतेश्वरी वार्ड जगदलपुर को हिरासत में लेकर पूछताछ किया गया जिसके द्वारा आयुष राजपूत एवं मिथलेश साहू के साथ मिलकर घटना कारित करना कबूल करने से उक्त दोनों आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायलय पेश किया गया, तथा प्रकरण में हैदराबाद से ही फरार मुख्य आरोपीगण नितिन साहू तथा आयुष राजपूत की लगातार पतासाजी की जा रही है। पता तलाश हेतु अलग अलग दिशाओं में टीम भेजी गई है।

### भाजपा सरकार द्वारा बिजली...

लिए जो आवेदन आये थे उनमें कितने आवेदन स्थानीय शिक्षाविदों के थे तथा उनकी दावेदारी को किस आधार पर दरकिनार किया गया । कांग्रेस प्रदेश के विश्वविद्यालयों में बाहरी कुलपतियों की नियुक्ति का विरोध करती है तथा भविष्य में किसी भी अन्य विश्वविद्यालयों में बाहरी कुलपति की नियुक्ति होती है तो उसका विरोध किया जायेगा। प्रेसवार्ता के दौरान शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुशील मौर्य, ग्रामीण जिलाध्यक्ष प्रेमशंकर शुक्ला, नेता प्रतिपक्ष राजेश चौधरी, उपनेता कोमल सेना, लतानिषाद, जाहिद हुसैन,जावेद खान,अजय बिसाई,ब्लॉक अध्यक्ष राजेश राय, बलराम यादव,संतोष सेठिया, सहदेव नाग,निकेत झा, अनुराग महतो,पार्षद जस्टिन भवानी,सुषमा सुता, बी ललिता राव हेमंत कश्यप,ज्योति राव मौजूद रहे।

# नवाचारों के माध्यम से पढ़ने में जगायें रूचि-

- खंड शिक्षा अधिकारी ने स्कूलों में दी दस्तक
- छात्रों, शिक्षकों और पालकों से सीधा संवाद



दंतेवाड़ा, 5 अगस्त (देशबन्धु)। कलेक्टर कुणाल दुदावत के निर्देशानुसार शिक्षा की गुणवत्ता और स्कूल संचालन व्यवस्था को मजबूत करने के उद्देश्य से आज खंड शिक्षा अधिकारी हरीश सिन्हा द्वारा संकुल केंद्र बचेली 1 एवं 2 के अंतर्गत संचालित प्राथमिक शाला बड़ेपारा बचेली, प्राथमिक शाला पटेलपारा बचेली, पोटाकेबिन प्राथमिक शाला पीएम श्री सरस्वती एवं आदर्श माध्यमिक शाला कन्या आश्रम पीना बचेली का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान श्री सिन्हा ने विद्यालयों की शैक्षणिक गतिविधियों, शिक्षकों की उपस्थिति, विद्यार्थियों की सहभागिता, मध्यान्ह भोजन योजना, टीएलएम (शैक्षणिक सामग्री) के उपयोग, स्वच्छता व्यवस्था तथा विद्यालय परिसरों की भौतिक स्थिति का सूक्ष्मता से अवलोकन किया। शिक्षण कार्य में सक्रियता और छात्रों की कक्षा में भागीदारी की सराहना करते हुए उन्होंने शिक्षकों को निर्देशित किया कि वे बच्चों की बुनियादी दक्षताओं पर विशेष ध्यान दें और मूल्यांकन कार्य नियमित रूप से संपन्न करें। निरीक्षण के उपरांत खंड शिक्षा अधिकारी ने अभिभावकों और स्कूल प्रबंधन समिति (एसएमसी) के सदस्यों से संवाद करते हुए विद्यालय विकास में विभाग द्वारा हर संभव सहयोग प्रदान किया जाएगा। इस अवसर पर आर. संजय द्वारा संकुल स्तर की शैक्षणिक योजनाओं की समीक्षा की गई एवं आवश्यक सुधारात्मक सुझाव दिए गए। उन्होंने शिक्षकों को प्रेरित करते हुए कहा कि वे नवाचारों के माध्यम से बच्चों को रुचिकर एवं प्रभावी शिक्षा प्रदान करें।

# शहर से लेकर गांव तक हर घर तिरंगा अभियान- कलेक्टर

- समय सीमा बैठक में कार्यक्रम की दी जानकारी
- स्कूल-छात्रावासों, पंचायतों और निकायों में होगा पंजीयन
- 8 से स्वाधीनता पर्व 15 अगस्त तक होगा आयोजन



दंतेवाड़ा, 5 अगस्त (देशबन्धु)। समय सीमा बैठक आज हुई। इसमें कलेक्टर कुणाल दुदावत ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर हर घर तिरंगा अभियान की जानकारी दी। उन्होंने विभाग प्रमुखों को बताया कि यह आयोजन आजादी पर्व 15 अगस्त तक तीन चरणों में होगा। इसके तहत प्रथम चरण 8 अगस्त, द्वितीय चरण 9 से 12 अगस्त और तृतीय चरण 13 से 15 अगस्त तक चलेगा। अभियान के दौरान समस्त शासकीय भवनों एवं संस्थानों, आवासीय भवनों में तिरंगा फहराया जाएगा। इसके साथ ही भवनों को रोशनी, उसके परिसरों को, रंगोली से सजाया जाएगा और सेल्फी जोन तैयार किए जाएंगे। हर घर तिरंगा कार्यक्रम का पम्पलेट, बैनर, स्टैंडीज आदि के माध्यम से स्थानीय भाषाओं में प्रचार-प्रसार किया जाएगा। प्रथम चरण के अंतर्गत विद्यालयों और सार्वजनिक स्थलों को तिरंगा आर्ट से सजाकर रंगोली प्रतियोगिताएं, तिरंगे के स्थानीय इतिहास पर प्रश्नोत्तरी, तिरंगा राखी निर्माण हेतु कार्यशालाएं एवं प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। विद्यालयों में तिरंगे के मूल्यों और उसकी भावना से प्रेरित पत्र लेखन प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। द्वितीय चरण 9 से 12 अगस्त के दौरान सार्वजनिक स्थलों पर जनसहभागिता से तिरंगा मेला और तिरंगा कंसर्ट आयोजन किया जाएगा, जिसमें जनप्रतिनिधियों सहित विभिन्न क्षेत्रों के प्रतिभाशाली व्यक्तियों और खिलाड़ियों की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। हर घर तिरंगा कार्यक्रम में जिले के अंतर्गत सार्वजनिक उपक्रमों, स्व-सहायता समूहों, सामाजिक संगठनों आदि के समस्त कर्मचारियों एवं उनके परिवारों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। कॉरपोरेट एवं निजी संगठनों को भी सीएसआर संसाधनों सहित इस अभियान में भाग लेने और सहयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा।

कलेक्टर ने आगे बताया कि हर घर तिरंगा कार्यक्रम में ग्राम सरपंचों, नगरीय निकायों के पदाधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। स्थानीय स्व-सहायता समूहों को तिरंगे के निर्माण के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा तथा ग्राम पंचायतों में तिरंगे की बिक्री एवं वितरण के लिए केंद्र स्थापित किए जाएंगे। राज्य के सभी जिलों में डाकघर और उचित मूल्य की दुकानें तिरंगे के वितरण-बिक्री केंद्र के रूप में कार्य करेंगी। आमजन की अधिकाधिक सहभागिता सुनिश्चित करने हेतु टोल नाकों, चेक पोस्टों आदि पर पंपलेट्स और स्टीकर्स का वितरण किया जाएगा। इसके लिए कलेक्टर ने अधिकारियों को हर घर तिरंगा कार्यक्रम की व्यापक जागरूकता के लिए स्कूलों, छात्रावासों, ग्राम पंचायतों नगरीय निकायों के तहत पंजीयन करवाना सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया। बैठक के दौरान जिला पंचायत सीईओ जयंत नाहटा, अपर कलेक्टर राजेश पात्रे सहित जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद थे।

# नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने हेतु दिए निर्देश

- जिला चिकित्सालय में नए ओटी निर्माण के लिए 80 लाख रूपए की दी स्वीकृति
- स्वास्थ मंत्री ने कोण्डागांव व फरसगांव में चिकित्सालयों का किया निरीक्षण



**कोण्डागांव /फरसगांव** 5 अगस्त (देशबन्धु)। प्रदेश के लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, चिकित्सा शिक्षा एवं बीस सूत्रीय कार्यान्वयन विभाग मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने 5 अगस्त को कोंडागांव जिले के प्रवास के दौरान जिला चिकित्सालय कोंडागांव एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र फरसगांव का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान स्वास्थ्य मंत्री श्री जायसवाल ने मरीजों से बातचीत कर हाल चाल जाना और वहां मिल रहे चिकित्सकीय सुविधाओं की जानकारी लेकर स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से अस्पताल में पहुंचने वाले मरीजों का बेहतर ईलाज की सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि राज्य के नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराना शासन की प्राथमिकता है। स्वास्थ्य मंत्री ने जिला चिकित्सालय कोण्डागांव में नये ऑपरेशन थियेटर के निर्माण हेतु 80 लाख रूपए की स्वीकृति प्रदान की। निरीक्षण के दौरान उनके साथ छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विस कॉरपोरेशन लिमिटेड के अध्यक्ष दीपक महस्के, बस्तर विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष एवं स्थानीय विधायक सुश्री लता उसेंडी, स्वास्थ्य सचिव अमित कटारिया और कलेक्टर श्रीमती नुपुर राशि पन्ना भी उपस्थित थे। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने जिला चिकित्सालय में आपातकालीन चिकित्सा कक्ष, मेजर ओटी वार्ड, सर्जिकल वार्ड सहित विभिन्न वार्डों का निरीक्षण किया। उन्होंने अस्पताल में उपलब्ध सुविधाएं, दवाईयों की उपलब्धता, साफ-सफाई, मरीजों को मिलने वाले भोजन, मेडिकल स्टाफ सहित अन्य आवश्यक जानकारी ली। जिला अस्पताल में चल रहे मरम्मत कार्य के प्रगति की जानकारी लेते हुए उन्होंने सीजीएमएससी के अधिकारियों से एक सप्ताह के भीतर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिला चिकित्सालय में मरीजों की संख्या को देखते हुए बेड की संख्या बढ़ाने और नये ऑपरेशन थिएटर निर्माण कराने की बात कही। इसके पश्चात उन्होंने मातृ शिशु चिकित्सालय में स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग के सोनोग्राफी कक्ष में पहुंचकर कार्य के बारे में जानकारी ली और व्यवस्थित सोनोग्राफी कार्य के लिए आवश्यक व्यवस्था हेतु निर्देशित किया। साथ ही चिकित्सालय में स्टॉफ की कमी को दूर करने के लिए जिला स्तर पर हो सकने वाले भर्ती को शीघ्र करने हेतु निर्देशित किया और बाकी पदों का राज्य स्तर पर भर्ती की बात कही।

इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई, अपर कलेक्टर चित्रकांत चार्ली ठाकुर सहित मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.आर.के.चतुर्वेदी एवं सिविल सर्जन सह अस्पताल अधीक्षक डॉ.प्रेम मंडावी उपस्थित थे।

# माध्यमिक शाला ब्लॉक कॉलोनी कोंडागांव में हुआ बाल कैबिनेट का गठन



**कोण्डागांव**, 5 अगस्त (देशबन्धु)। शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला ब्लॉक कॉलोनी (अंग्रेजी माध्यम) कोंडागांव में बाल कैबिनेट का चुनाव एवं शपथ ग्रहण का कार्यक्रम उत्साहपूर्वक सम्पन्न हुआ। चुनाव में छात्र-छात्राओं ने सक्रिय भागीदारी निभाई एवं लोकतांत्रिक प्रक्रिया को समझते हुए मतदान किया। सभी पदों के लिए विद्यार्थियों ने नामांकन भरा और अपनी नेतृत्व क्षमता का परिचय दिया। शाला में प्रधान पाठक श्रीमती किरण देवांगन के मार्गदर्शन में शिक्षक राहुल कुमार शर्मा, प्रभंजन मिश्रा, श्रीमती पूजा शुक्ला, सुश्री भूमिका गौतम की निगरानी में चुनाव शांतिपूर्ण सम्पन्न हुआ। गणना अधिकारी की भूमिका वशिष्ठ शिक्षक मलखम नेताम ने निभाई। चुनाव में विशेष बात यह रही कि विद्यार्थियों को डिजिटल ईवीएम मशीन ऐप द्वारा मतदान करवाया गया, जिससे विद्यार्थी आधुनिक वोटिंग प्रकिया से परिचित हो सके। बाल कैबिनेट में प्रधान मंत्री कु.सौम्या नाग, वित्त मंत्री कु.मनाली गौतम, शिक्षा मंत्री कु.दीपशिखा कोर्राम, खेल मंत्री शुभम बघेल, कानून एवं सुरक्षा मंत्री कु.क्षमा तिवारी, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता मंत्री कु.वर्षा विश्वास, पर्यावरण मंत्री देवांश शर्मा, कृषि एवं उद्योग मंत्री कु.अनन्या सेठिया, सांस्कृतिक कार्यक्रम मंत्री कु.लावण्या सोनी निर्वाचित हुई। चुनाव उपरांत शपथ ग्रहण का आयोजन किया गया जिसमें शाला प्रबंधन समिति के जनप्रतिनिधि पार्षद मनीष श्रीवास्तव, शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष किशोर शर्मा एवं समस्त समिति सदस्य और पालक, छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## विदाई समारोह: शिक्षक चेतन लाल साहू को भावभीनी विदाई



**फरसगांव**, 5 अगस्त (देशबन्धु)। विकास खंड फरसगांव के अंतर्गत प्राथमिक व उच्च प्राथमिक शाला ऊपर पारा उरंदाबेड़ा में आज शिक्षक चेतन लाल साहू का विदाई समारोह आयोजित किया गया। 15 वर्षों तक इस स्कूल में अपनी सेवाएँ देने वाले साहू सर को विद्यार्थियों, शिक्षकों और ग्रामीणों ने भावभीनी विदाई दी। इस अवसर पर स्कूल के संस्था प्रमुख गणेश पांडे, रामप्रसाद बैध, सुकु मरापी, जीतेंद सांड, कीर्ति उइके, अविनाश साहू, गांव के वार्ड पंच कांति शार्दुल, नारायण जैन और समस्त विद्यार्थियों ने साहू सर को फूलों का हार और गुलदस्ता भेंट कर उनके उत्तम स्वास्थ्य और उज्ज्वल भविष्य की कामना की। समारोह के दौरान बच्चों ने विदाई गीत प्रस्तुत किए, जिससे माहौल गमगीन हो गया। अपने सेवाकाल के अनुभव साझा करते हुए चेतन लाल साहू ने कहा कि उनके लिए इस संस्था में 15 साल बहुत यादगार रहे। इस दौरान उन्होंने बच्चों और स्टाफ के प्रति आभार व्यक्त किया। विदाई समारोह के बाद, वार्ड पंच कांति शार्दुल और नारायण जैन ने स्कूल के बच्चों और सभी अतिथियों को न्योता भोज दिया। सभी ने एक साथ बैठकर भोजन का आनंद लिया। इस कार्यक्रम में सीएसी प्रदीप ठाकुर, शिक्षक गेंदले, प्रताप प्रधान, गौरंग पांडे सहित गांव के गणमान्य नागरिक और स्कूल के सभी बच्चे मौजूद रहे।

# स्वास्थ्य मंत्री को जिले की लचर स्वास्थ्य को लेकर कांग्रेस कमेटी ने सौंपा ज्ञापन



**कोण्डागांव**, 5 अगस्त (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल कोंडागांव जिले के दौरे मे है, इस दौरान कोंडागांव जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों ने जिला अस्पताल में पसरी गंदगी, अव्यवस्था एवं विभागीय लापरवाही की शिकायत को लेकर एक ज्ञापन के साथ स्वास्थ्य मंत्री से मुलाकात किया। मुलाकात के दौरान कांग्रेस नेताओं ने कहा कोंडागांव जिला अस्पताल केवल रिफर सेंटर बनकर रहा गया है। अस्पताल में डॉक्टर्स की कमी है, यहाँ तक कि पोस्ट मार्टम के लिए स्वीपर तक नहीं है। यहां रात के अँधेरे में टॉर्च की रौशनी से डिलवरी कराया जाता है, डीएमएफटी फंड से नियुक्त स्वास्थ्य कर्मचारियों का वेतन 4, 5 माह से पेंडिंग है। वहीं कांग्रेस सरकार के दौरान मोहन मरकाम के विधायक निधि से 32 लाख रुपए का सर्वसुविधायुक्त एम्बुलेंस सहित विभिन्न मदों से प्रदत्त 9-9 एम्बुलेंस स्वास्थ्य विभाग के कार्यालय में धूल खा रहे हैं, स्वास्थ्य विभाग रजिस्ट्रेशन तक नहीं करा पायी है। जिसके चलते जनता को एम्बुलेंस के लाभ आज पर्यन्त नहीं मिल पा रहा है। दोषी अधिकारी कर्मचारियों के विरुद्ध कार्यवाही करने के साथ ही कार्यालय में खड़ी एम्बुलेंस को जनता को समर्पित करने का आग्रह किया गया। ज्ञात हो कि एक दिन पूर्व ही पूर्व मंत्री मोहन मरकाम द्वारा स्वास्थ्य विभाग की लचर व्यवस्था को लेकर प्रेसवार्ता आयोजित कर सरकार एवं स्थानीय प्रशासन को आड़े हांथों लेकर जमकर कोसा था, वहीं 5 अगस्त को मंत्री से मुलाक़ात कर कांग्रेस पदाधिकारियों द्वारा विभाग के विरुद्ध ही लिखित शिकायत करना कहीं न कहीं जनता से जुड़े मुद्दे को कांग्रेस अब भुनाने के मुंड में नजर आ रही है। वास्तव में बात जायज भी है, क्योंकि चाहे कोई भी सरकार हो अगर जनहित में एम्बुलेंस सेवा जनता के लिए दिया है, तो उसका लाभ भी जनता को मिलना चाहिए प्रशासनिक लापरवाही के चलते जनता को लाभ न मिल पाना गलत है। मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कांग्रेस नेताओं से दोषी अधिकारी-कर्मचारियों के विरुद्ध कार्यवाही करने का आश्वासन देते हुए कहा कि एम्बुलेंस सुविधा को भी सुचारु रूप से शुरू कराएंगे। अब देखना होगा विभागीय मंत्री कितने दिनों में खड़ी एम्बुलेंस को सड़क पर दौड़ाते हैं। मंत्री से मुलाक़ात कर ज्ञापन देने के दौरान कोंडागांव जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व जिला अध्यक्ष झूमुकलाल दीवान, प्रभारी महामंत्री रितेश पटेल, ब्लॉक अध्यक्ष संजय करन, शहर अध्यक्ष नरेन्द्र देवांगन, मंडल अध्यक्ष नंदू दीवान, जिला सचिव उमर मेमन, सनी चोपड़ा, रविन्द्र दीवान, सुनील रैकवार सहित कांग्रेस पदाधिकारी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# बोल बम समिति पातरीपारा ने श्रृंगी ऋषि सिहावा से लाकर चढ़ाया जल



**फरसगांव/विश्रामपुरी**, 5 अगस्त (देशबन्धु)। कोंडागांव जिले के बड़ेराजपुर विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत केरागांव के बोल बम समिति पातरीपारा (लिहागांव) के श्रद्धालुओं ने हाल ही में एक कांवड़ यात्रा का सफल समापन किया। यह जत्था 3 अगस्त को सिहावा स्थित श्रृंगी ऋषि आश्रम के लिए रवाना हुआ था और 4 अगस्त को वापस लौटकर लिहागांव के शिव मंदिर में जलाभिषेक किया। श्रद्धालु रास्ते भर च्बोल बमज्ञ के जयकारे लगाते हुए उत्साहपूर्वक आगे बढ़ते रहे। इस यात्रा में हेमलाल मरकाम, महेश मरकाम, तुलसी मरकाम, देवजी मरकाम, रामसिंह मरकाम, रामकुमार मरकाम, माधव मरकाम, कमलेश यादव, सुरेश यादव, रिंकू यादव, नाथूराम मरकाम, हरि नाग, कृष्ण नाग, मोहित नाग, जोहनी मरकाम, संजुला नेताम, डीगेश्वरी मरकाम, बत्ती बाई मरकाम, सामोबाई मरकाम, और जागेश्वर मरकाम सहित कई अन्य भक्त शामिल थे। यह कांवड़ यात्रा क्षेत्र में भक्ति और एकता का एक सुंदर उदाहरण बनी।

## कांग्रेसियों ने मनाया बस्तर टाइगर शहीद महेन्द्र कर्मा जयंती



**कोण्डागांव**, 5 अगस्त (देशबन्धु)। कांग्रेस भवन कोंडागांव में बस्तर टाइगर शहीद महेन्द्र कर्मा की जयंती के अवसर पर 4 अगस्त को श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस सभा में कांग्रेस पदाधिकारियों-कार्यकर्ताओं ने बस्तर टाइगर शहीद महेन्द्र कर्मा के छायाचित्र पर फूलमाला अर्पित कर उन्हें अपनी श्रद्धांजलि दिया। वहीं मौजूद जनों के बीच शहीद महेन्द्र कर्मा की जीवनी को साझा किया गया। श्रद्धांजलि सभा के दौरान पूर्व जिला अध्यक्ष झूमुकलाल दीवान, प्रभारी महामंत्री रितेश पटेल, जे.पी.यादव, शहर अध्यक्ष नरेन्द्र देवांगन, सकुर खान, ब्लॉक अध्यक्ष संजय करन, तबस्सुम बानो, उमर मेमन, सुनील रैकवार, रितेश गोयल, किशोर ध्रुव, सनी चोपड़ा, रविन्द्र दीवान, बुधराम मरकाम, गीतेश बघेल सहित अन्य कांग्रेसजन मौजूद रहे।

## मतदान केंद्रों की युक्तियुक्तकरण को लेकर राजनीतिक दलों की बैठक सम्पन्न

**कोण्डागांव**, 5 अगस्त (देशबन्धु)। भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली द्वारा मतदान केंद्रों के युक्तियुक्तकरण करने के लिए जारी पत्र पर जिला निर्वाचन अधिकारी कोण्डागांव के निर्देश पर सहायक निर्वाचन अधिकारी सह एस.डी.एम. कोण्डागांव अजय उरांव ने जिले में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों से सुझाव प्राप्त करने एक बैठक का आयोजन एसडीएम कार्यालय कोंडागांव में मंगलवार को आयोजित किया। बैठक में सहायक रिटर्निंग ऑफिसर सह एसडीएम अजय उरांव ने बताया कि 1200 से अधिक मतदाता वाले मतदान केंद्रों का युक्तियुक्तकरण किया जाना था

# जिले में विश्व स्तनपान सप्ताह के तहत विविध जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन




**कोण्डागांव**, 5 अगस्त (देशबन्धु)। कोण्डागांव कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना के निर्देश एवं डीपीओ अवनी कुमार बिसवाल के मार्गदर्शन में विश्व स्तनपान सप्ताह के अवसर पर मातृत्व और बाल स्वास्थ्य को प्रोत्साहित करने हेतु जिले में विभिन्न जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन 7 अगस्त 2025 तक चलेगा। इसी क्रम में मंगलवार को उप स्वास्थ्य केन्द्र जामकोटपारा, कोपाबेड़ा, आंगनबाड़ी केन्द्र गिरोला बड़ेपारा तथा गिरोला आवासपारा में विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इन कार्यक्रमों में स्तनपान से जुड़ी विभिन्न महत्वपूर्ण जानकारियाँ दी गईं गुणवत्तापूर्ण स्तनपान विषय पर चर्चा करते हुए माताओं को यह बताया गया कि शिशु के पहले छः माह तक केवल माँ का दूध ही सबसे संपूर्ण आहार है। कार्यक्रम में शिशु दूध के विकल्प, बोतल से दूध पिलाने के दुष्परिणाम और पूरक आहार से जुड़े विषयों पर भी जानकारी दी गई। विशेष ध्यान इस बात पर दिया गया कि स्तनपान कराने वाली माताओं को सही मार्गदर्शन और समर्थन मिले, ताकि शिशु के शारीरिक और मानसिक विकास में सुधार सुनिश्चित किया जा सके। इसके साथ ही 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' अभियान के तहत भी एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें समाज में लैंगिक समानता और बालिकाओं की शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला गया।

इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग मिशन शक्ति से जिला मिशन समन्वयक श्रीमती रीना सिंह ठाकुर, जेंडर विशेषज्ञ उमेश कुमार मरापी, पर्यवेक्षक कोण्डागांव-01 श्रीमती रुखमणी साहू एवं उप स्वास्थ्य केन्द्र से आर.एच.ओ. तथा मितानिन कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# सुश्री लता वर्चुअल चर्चा में शामिल, ''हर घर तिरंगा, घर-घर तिरंगा अभियान की सफलता के लिए



**कोण्डागांव**, 5 अगस्त (देशबन्धु)। ''हर घर तिरंगा, घर-घर तिरंगा अभियानञ्ज कार्यक्रम के अंतर्गत भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुश्री लता उसेंडी द्वारा प्रभारी के रूप में बिहार, झारखंड एवं उड़ीसा राज्य के प्रदेश टोली पदाधिकारीगण एवं सदस्यगणों के साथ वर्चुअल चर्चा में सम्मिलित होकर कार्यक्रम की सफलता सुनिश्चित करने हेतु विचार विमर्श किया गया।

राष्ट्र के आदर्श मूल्यों व सिद्धांतों एवं राष्ट्र प्रेम को हर नागरिकों में जागृत करने के उद्देश्य से भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित किए जाने वाले ''हर घर तिरंगा, घर-घर तिरंगा अभियानञ्ज कार्यक्रम के अंतर्गत प्रभारी के रूप में बिहार, झारखंड एवं उड़ीसा राज्य के प्रदेश टोली पदाधिकारीगण एवं सदस्यगणों से वर्चुअल रूप से जुड़कर कार्यक्रम की सफलता को सुनिश्चित करने महत्वपूर्ण विषयों पर विचार विमर्श किया गया। वर्चुअल कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुश्री लता उसेंडी ने भारतीय जनता पार्टी की वैचारिक और संगठनात्मक यात्रा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि 'एक देश, एक संविधान' के सिद्धांतों ने पार्टी की वैचारिक नींव को मजबूती प्रदान की है। राष्ट्र की एकता और अखंडता के लिए संगठन ने वैचारिक दिशा दी और गरीबों, ग्रामीणों और पिछड़ों के उत्थान की बात की। आज प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सेवा, संगठन और समर्पण, के मूलमंत्र पर काम करती है। जिससे समाज कल्याण के साथ राष्ट्र प्रेम के लिए ''हर घर तिरंगा, घर-घर तिरंगा अभियान कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी बिहार प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल, संयोजक प्रेम रंजन पटेल, सहसंयोजक मुकेश शर्मा, नितिन अभिषेक, श्रीमती अनामिका पासवान, ज्ञान ओझा एवं झारखंड से संयोजक मनोज सिंह, सह संयोजक नंद प्रसाद, शशांक राज, बबलू भगत, श्रीमती सीमा सिंह व उड़ीसा राज्य से भाजपा उड़ीसा प्रभारी विजय पाल सिंह तोमर, संयोजक शारदा प्रसाद, सह संयोजक सीमांचल खातई, रमेश साहू व अन्य सहयोगीजन वर्चुअल रूप से उपस्थित रहे।

# खाद्य सुरक्षा को लेकर चलाया जा रहा 'बने खाबो-बने रहिबो' जागरूकता अभियान



**कोण्डागांव**, 5 अगस्त (देशबन्धु)। राज्य शासन के निर्देशानुसार वर्षा ऋतु के दौरान खाद्य जनित बीमारियों एवं संक्रमण की रोकथाम के उद्देश्य से व्यापक स्तर पर खाद्य एवं औषधि प्रशासन, छत्तीसगढ़ द्वारा 'बने खाबो-बने रहिबो' नाम से विशेष जन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य आम जनता को सुरक्षित, स्वच्छ और गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामाग्री उपलब्ध कराना और उनमें जागरूकता फैलाना है। यह अभियान राज्य के समस्त जिलों में 04 अगस्त से 06 अगस्त 2025 तक आयोजित किया जा रहा है। जिसमें खाद्य एवं औषधि प्रशासन द्वारा जिले के स्ट्रीट फूड वेंडर्स, होटल, रेस्टोरेंट एवं अन्य प्रतिष्ठानों का सघन जांच किया जा रहा है। इस दौरान चलित खाद्य प्रयोगशाला के माध्यम से मौके पर ही खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता की जांच की जा रही है। इसके साथ ही दुकानदारों और आम लोगों को खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के नियमों, अखबारी कागज के उपयोग से होने वाले नुकसान, बासी खाद्य सामाग्री का उपयोग न करने, पीने के पानी की जांच, एक ही तेल को बार बार गर्म कर उपयोग करने से होने वाले नुकसान, फूड हैंडलर्स की स्वच्छता का महत्व आदि के बारे में जानकारी देकर जागरूक किया जाएगा।

इस अभियान के तहत कोण्डागांव में सोमवार होटल, मिठाई दुकान और स्ट्रीट फूड वेंडर्स के 14 प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया और 54 खाद्य सामाग्रियों की मौके पर जांच की गई। इसके अलावा मारवाड़ी भोजनालय से राहर दाल और गुलाबी चना का नमूना लिया गया। इसी प्रकार सुनीता होटल से पेड़ा और बेसन लड्डू का नमूना लिया गया तथा न्यू संजय स्वीट्स से खोवा का नमूना लिया गया, जिन्हें गुणवत्ता जांच हेतु राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला रायपुर भेजा गया है। खाद्य कारोबारकर्ताओं और आम लोगों को वर्षा ऋतु के समय खाद्य की सुरक्षा से संबंधित आवश्यक जानकारी दी गई और त्यौहार के पहले विशेष सावधानी बरतने के लिए निर्देशित किया गया।

# फरसगांव में दिव्यांग बच्चों को मिला सहारा, व्हीलचेयर और सीपी चेयर का वितरण

**फरसगांव**, 5 अगस्त (देशबन्धु)। फरसगाँव विकासखंड के तीन दिव्यांग बच्चों को आज व्हीलचेयर और सीपी चेयर वितरित की गईं, जिससे उनके जीवन में नई उम्मीद जगी है। इन सहायक उपकरणों से अब ये बच्चे आसानी से स्कूल आ-जा सकेंगे और उनकी पढ़ाई भी सुचारु रूप से जारी रह पाएगी।



विकासखंड स्रोत केंद्र फरसगांव में आयोजित इस कार्यक्रम में विकासखंड शिक्षा अधिकारी श्रीराम तारम, सहायक खंड शिक्षा अधिकारी उदित सोनी, बीआरसी अशोक मरकाम और बीआरपी भास्कर वर्मा मौजूद थे जिन बच्चों को ये उपकरण दिए गए, उनमें प्राथमिक शाला चनियागांव का छात्र श्रीजल नेताम (कक्षा 2) और प्राथमिक शाला कोरई का छात्र शिवम, दोनों को सीपी चेयर मिली है। इसके अलावा, उच्च माध्यमिक शाला शंकरपुर के कक्षा 8 के छात्र गुप्तेश्वर को व्हीलचेयर और वॉकर दिया गया है।

खंड शिक्षा अधिकारी ने बताया कि इन बच्चों को स्कूल लाने-ले जाने के लिए स्कॉट अलाउंस भी दिया जाएगा। इसके साथ ही, दिव्यांग प्रमाण पत्र जमा करने के बाद उन्हें समाज कल्याण विभाग की ओर से छात्रवृत्ति भी मिलेगी। उन्होंने शिक्षकों को निर्देश दिया कि वे इन बच्चों को सभी सरकारी सुविधाओं का लाभ दिलाना सुनिश्चित करें और उनकी नियमित उपस्थिति पर ध्यान दें। सहायक उपकरण पाकर बच्चों और उनके माता-पिता के चेहरे पर खुशी साफ दिखाई दे रही थी। यह पहल निश्चित रूप से इन बच्चों को सशक्त बनाएगी और उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ेगी।

उल्टा पुल्टा

टीचर- पानी मे रहने वाले 5 जीव के नाम बताओ.?
पप्पू - मेंढक।
टीचर - वेरी गुड, बाकी चार बोलो..
पप्पू- उसकी मां, उसका बाप, उसकी बहन और उसका भाई!!

## संपादकीय

### पशुओं से हो सम्मानजनक व्यवहार

*लोगों में यह अवांछनीय प्रवृत्ति होती है कि वे पशुओं के साथ बेवजह दुर्व्यवहार करते हैं। फिर वे चाहें पालतू हों या सड़कों पर घूमने वाले अथवा वनों में विचरण करते या चिड़ियाघर में बन्द हों। इंसान को इस प्रवृत्ति से बचना चाहिये। संसार सहअस्तित्व के आधार पर चलता है। इस दुनिया में सभी को जीने का एक सा हक है। यदि जानवरों से बिना किसी वजह के छेड़-छाड़ की जाये तो मूक जानवर भी कई बार पलटकर हमला कर देते हैं। उनके साथ सम्मानजनक व्यवहार होना चाहिये।*

*सड़कों पर खाने की तलाश में घूमते हुए कुत्ते-बिल्लियां या गोवंश- मनुष्यों की ओर से दुर्व्यवहार का शिकार होते हैं। कभी कोई बिना कारण के उन्हें पत्थर मारता है तो कोई डंडे बरसाता है। कई बार तो उन पर लोग पानी तक डालकर उन्हें परेशान करते हैं। बेशक, बस्तियों में घूमते हुए जानवर लोगों का नुकसान करते हैं पर उन्हें नियंत्रित करने के लिये स्थानीय निकाय की मदद ली जानी चाहिये जो उन्हें पकड़कर कांजी हाउसों में बन्द करते हैं। राह चलते कुत्तों से भी सावधानी ज़रूरी है लेकिन यह भी आवश्यक है कि उन्हें बेवजह न छेड़ा जाये। इससे वे अधिक हमलावर हो सकते हैं। उन्हें उनके रास्तों पर निर्विघ्न चलने दिया जाये।*

*घरों, खलिहानों या खेतों में निकल आये सांपों को अनावश्यक मार डाला जाता है जो कोई नुकसान पहुंचाये बगैर अपने रास्ते जाते हैं। छोटे-मोटे जीव-जन्तु भी बिना प्रयोजन के मनुष्यों द्वारा मार दिये जाते हैं। ऐसे ही, चिड़ियाघरों, आरक्षित वनों और जंगल सफारी में भी लोग खुले घूमते या पिंजरों-बाड़ों में बन्द जानवरों, पक्षियों अथवा सरीसृपों को तंग करते हैं। इससे वे आक्रामक हो जाते हैं। पेण्ड्रा-मरवाही वन क्षेत्र के कुम्हारी व नवाटोला गांवों के पास आ गये चार हाथियों को लोग पत्थर मारते देखे गये जिससे वे आक्रामक हो उठे। वन विभाग ने इससे बाज आने की सही सलाह दी है।*

*वनों में घूम रहे प्राणी भी कई बार मानवीय बस्तियों के नज़दीक आ जाते हैं। उनसे बचने के लिये बेहतर है कि उन्हें शांति से निकल जाने दिया जाये। छत्तीसगढ़ के वनों में कुछ ऐसे प्राणी बसते हैं जो अक्सर रिहायशी इलाकों के निकट आ जाते हैं। कुछ के लिये तो स्वयं लोग ही जिम्मेदार होते हैं क्योंकि वे ऐसे जानवरों के विचरण या आवाजाही के रास्तों पर अपनी बस्तियां बसा लेते हैं। दरअसल यह लोगों द्वारा वन्य पशुओं के क्षेत्रों का किया गया अतिक्रमण होता है। फिर जब हाथी, जंगली सुअर, तेंदुएं, हाइना, वन भैंसे घरों व खेतों के निकट आते हैं अथवा उन्हें नुकसान पहुंचाते हैं तो लोगों द्वारा या तो उनके साथ छेड़-छाड़ होती है, अथवा वे वनचरों पर अकारण हमले करते हैं। इन दिनों वीडियो बनाने तथा सेल्फी का प्रचलन हो चला है जिससे वे ज्यादा आक्रामक हो जाते हैं।*

# 15 से पहले केबिनेट विस्तार की संभावना

## चर्चा में अब दो नए नाम

**रायपुर**, 5 अगस्त(देशबन्धु)। साय सरकार में प्रस्तावित मंत्रिमंडल विस्तार की चर्चा एक बार फिर तेज हो गई है। इस चर्चा को तब और ज्यादा बल मिल गया, जब पिछले दिनों दो दिवसीय दिल्ली दौरे से लौटने के बाद मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अपने बयान में यह कहा था कि अब इंतजार खत्म होने वाला है और विस्तार जल्द हो जाएगा।

मंत्रिमंडल विस्तार को लेकर बढ़ती सरगर्मियों के बीच नामों को लेकर उथल-पुथल के हालात अब भी बरकरार हैं। इस बीच भाजपा संगठन के एक भरोसेमंद सूत्र ने अब तक चर्चाओं में रहने वाले नामों के उलट नए नाम की चर्चा छेड़ दी है। इन नामों में अंबिकापुर से विधायक राजेश अग्रवाल, आरंग से विधायक गुरू खुशवंत साहेब और दुर्ग के विधायक गजेंद्र यादव शामिल हैं। इससे पहले तक जिन नामों को लेकर चर्चा रही हैं, उनमें अमर अग्रवाल, गजेंद्र यादव, पुरंदर मिश्रा, राजेश मूणत जैसे विधायकों के नाम शामिल थे।

आरंग सीट से विधायक खुशवंत साहेब सतनामी समाज के गुरु हैं। वह सतनामी समाज के प्रमुख तीर्थ स्थलों में से एक



भंडारपुरी गुरु गद्दी के उत्तराधिकारी हैं। सतनामी समाज के एक दूसरे प्रमुख तीर्थ स्थल गिरौदपुरी की गद्दी के उत्तराधिकारी कांग्रेस सरकार में मंत्री रह चुके गुरु रूद्र कुमार हैं। दोनों ही सतनामी समाज के संत गुरु घासीदास के वंशज हैं, लेकिन राजनीतिक तौर पर दोनों एक-दूसरे के धुर विरोधी हैं।

गुरु बालदास ने साल 2013 के चुनाव के दौरान उन्होंने सतनाम सेना पार्टी का गठन कर चुनाव में अपने उम्मीदवार उतारे थे। अनुसूचित जाति बहुल सीटों पर पार्टी के उम्मीदवार उतरने से वोटों का समीकरण बिगड़ा और इसका फायदा भाजपा को हुआ. भाजपा ने तब राज्य की 10 अनुसूचित जाति की सीटों में से 9 पर जीत दर्ज की थी। मगर साल 2018 के चुनाव में गुरु बालदास की नाराजगी भाजपा को भारी पड़ गई। जब उन्होंने कांग्रेस का समर्थन किया था, लेकिन 2023 के चुनाव के ठीक पहले गुरु बालदास अपने बेटे गुरु खुशवंत साहेब के साथ भाजपा में शामिल हो गए भाजपा ने गुरु खुशवंत साहेब को आरंग से अपना उम्मीदवार बनाया था। उन्होंने पूर्ववर्ती सरकार में मंत्री रहे शिव डहरिया को भारी मतों से हराकर जीत हासिल की थी।

भाजपा के रणनीतिकार की माने तो गुरु खुशवंत साहेब को साय सरकार में मंत्री बनाकर भाजपा अनुसूचित जाति वर्ग के वोट बैंक में अपनी पकड़ मजबूत करना चाहती है। ऐसे में भाजपा को डर है कि अगर गुरु खुशवंत साहेब को मंत्री नहीं बनाया गया, तो गुरु बालदास की नाराजगी मोल लेनी पड़ सकती है और इसका असर आगामी



चुनाव में पड़ सकता है। मंत्रिमंडल विस्तार में संभावित मंत्री के रूप में अंबिकापुर से विधायक राजेश अग्रवाल के नाम की चर्चा ने जोर पकड़ा है। विधानसभा चुनाव में राजेश अग्रवाल ने पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार में उप मुख्यमंत्री रहे टी एस सिंहदेव को मात देकर जीत दर्ज की थी। सरगुजा संभाग की राजनीति में टी एस सिंहदेव का ऊंचा कद रहा है।

मंत्रिमंडल विस्तार को लेकर चल रही चर्चाओं में राजेश अग्रवाल का नाम आने के पीछे सिर्फ राजनीतिक समीकरण ही नहीं हैं, इसके परे भी कई अहम कारण हैं, जो उनकी दावेदारी को मजबूत करते दिख रहे हैं।

बृजमोहन अग्रवाल के सांसद बनने के बाद से वैश्य समाज का सरकार में कोई प्रतिनिधित्व नहीं है।

**गजेंद्र यादव पर रार नहीं**

आरएसएस बैकग्राउंड से आने वाले दुर्ग शहर से विधायक गजेंद्र यादव को मंत्री बनाया जाना लगभग तय है। चर्चा है कि आरएसएस की तरफ से भी उन्हें मंत्री बनाए जाने का दबाव है। आरएसएस से उनके नाम की पैरवी किए जाने की खबर है। साथ ही यादव समाज को साधने के लिहाज से भी मंत्रिमंडल में उन्हें जगह दिए जाने की वकालत की गई है। राज्य के ओबीसी वर्ग में साहू समाज के बाद सर्वाधिक जनसंख्या यादव समाज की है. ऐसे में गजेंद्र यादव की दावेदारी काफी मजबूत बताई जाती है। यादव समाज ने मंत्रिमंडल में समाज का प्रतिनिधित्व दिए जाने की मांग की है

अगर कोई खास बदलाव नहीं हुआ, तो 10 अगस्त को प्रस्तावित मंत्रिमंडल विस्तार को अमलीजामा पहना दिया जाएगा। सूत्र कहते हैं कि राज्यपाल रामेन डेका राज्य के बाहर हैं। मंत्रिमंडल विस्तार को लेकर उनसे अनौपचारिक चर्चा के बाद तारीख तय कर दी जाएगी।

# तहसीलदार जल्द काम पर लौटेंगे, मांगों पर विस्तार से हुई चर्चा : राजस्व मंत्री

**रायपुर**, 5 अगस्त (देशबन्धु)। वेतन विसंगतियों को दूर करने, पदोन्नति समेत 17 सूत्रीय मांगों को लेकर प्रदेशभर के तहसीलदार और नायब तहसीलदार अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं। इससे तहसील दफ्तरों में कामकाज ठप है। लोगों को अपने काम के लिए भटकना पड़ रहा है। तहसीलदारों के हड़ताल पर राजस्व मंत्री टंक राम वर्मा ने कहा, तहसीलदारों के साथ उनकी कई मांगों पर चर्चा हुई है। जल्द वे हड़ताल समाप्त कर काम पर लौटेंगे।

हड़ताल पर गए तहसीलदारों का कहना है कि वे लंबे समय से अपने सेवा शर्तों, वेतन विसंगतियों और पदोन्नति जैसी मांगों को लेकर शासन से बातचीत कर रहे हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस समाधान नहीं निकला है। इसी कारण मजबूर होकर उन्हें हड़ताल पर जाना पड़ा।



तहसीलदार संघ की मुख्यमांगों में हर तहसील में पर्याप्त स्टाफ की नियुक्ति- कंप्यूटर ऑपरेटर, चपरासी, पटवारी, राजस्व निरीक्षक आदि की पोस्टिंग की जाए। डिप्टी कलेक्टर पद पर प्रमोशन की प्रक्रिया में पारदर्शिता- 50-50 का अनुपात (सीधी भर्ती और प्रमोशन) बहाल किया जाए, नायब तहसीलदार को राजपत्रित अधिकारी का दर्जा मिले- पूर्व घोषणा को लागू किया जाए। तहसीलदारों के वेतनमान में जल्द बदलाव किया जाए सरकारी वाहन और ड्राइवर की सुविधा सभी तहसीलों को मिले। निलंबन मामलों में जल्द बहाली हो- 15 दिनों के भीतर जांच पूरी कर बहाल किया जाए।

न्यायालय के मामलों को जन शिकायत में शामिल न किया जाए, न्यायालयीन आदेशों पर एफ आई आर न हो। आउटसोर्सिंग से स्टाफ की भर्ती का अधिकार तहसीलदार को मिले। प्रशिक्षित ऑपरेटर की नियुक्ति हो। सरकारी मोबाइल नंबर दिए जाएं, निजी नंबर की गोपनीयता बनी रहे। हर तहसील में सुरक्षा गार्ड और फील्ड के लिए वाहन उपलब्ध कराया जाए। सड़क दुर्घटना में तत्काल मुआवजा देने की स्पष्ट गाइडलाइन बने। संघ को सरकार से मान्यता मिले- ताकि वह वार्ता और समस्याओं के समाधान में सहभागी बन सके। राजस्व न्यायालय सुधार के लिए विशेषज्ञ कमेटी बने।

# पड़ोसी प्रेमी दोबारा बनाना चाहता था संबंध, विवाद के बाद हत्या गिरफ्तार

**रायपुर**, 5 अगस्त(देशबन्धु)। रायपुर के तिल्दा क्षेत्र में एक अधेड़ महिला क्षिता निर्मलकर की हत्या के मामले में पुलिस ने सनसनीखेज खुलासा किया है इस जघन्य हत्याकांड का मुख्य आरोपी पड़ोसी तरुण मानिकपुरी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

पुलिस के अनुसार हत्या का कारण अवैध संबंध और शारीरिक संबंध बनाने के लिए दबाव डालने को लेकर हुआ विवाद है तिल्दा थाना क्षेत्र में कुछ दिन पहले क्षिता निर्मलकर का नग्न और खून से लथपथ शव उनके घर में पाया गया था प्रारंभिक जांच में मामला संदिग्ध लग रहा था जिसके बाद तिल्दा थाना पुलिस ने गहन जांच शुरू की जांच के दौरान पुलिस को महत्वपूर्ण सुराग मिले जिसके आधार पर पड़ोसी तरुण मानिकपुरी को हिरासत में लिया गया पुलिस पूछताछ में तरुण ने अपना गुनाह कबूल कर लिया। उसने बताया कि क्षिता के साथ उसके अवैध संबंध थे और वह दोबारा शारीरिक संबंध बनाने के लिए दबाव डाल रहा थाण् इस बात को लेकर दोनों के बीच तीखा विवाद हुआण् गुस्से में आकर तरुण ने क्षिता का गला दबाकर उसे जमीन पर पटक दिया जिससे उसकी मौत हो गई हत्या के बाद तरुण ने शव को जमीन से उठाकर पलंग पर रखा और कंबल से ढककर मौके से फरार हो गया तिल्दा थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तरुण मानिकपुरी को गिरफ्तार कर लियाण् पुलिस ने उसके खिलाफहत्या का मामला दर्ज कर लिया है और आगे की जांच जारी है।

# संसद में पहली बार व्यापारियों के लिए विशेष दौरे का आयोजन

## अध्यक्ष ओम बिरला ने कैट प्रतिनिधिमंडल का किया स्वागत



**रायपुर**, 5 अगस्त(देशबन्धु)। संसद में कैट के व्यापारियों के लिए एक विशेष दौरे का आयोजन किया गया। इस ऐतिहासिक अवसर पर देशभर से आए लगभग 150 प्रमुख व्यापारी नेताओं को नए और पुराने संसद भवन का भ्रमण कराया गया और उन्हें संसद सत्र का प्रत्यक्ष अनुभव करने का अवसर भी मिला।

कैट के राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन अमर पारवानी ने बताया कि इस दौरे का मुख्य आकर्षण तब बना जब कैट व्यापारियों को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला ने संसद परिसर स्थित अपने मीटिंग कक्ष में संबोधित किया। अपने संबोधन में श्री बिड़ला ने कहा कि च्कैट व्यापारियों का देशव्यापी संगठन है, जो पूरे देश में व्यापारियों के लिए कार्य कर रहा है। व्यापारी और व्यापार देश की रीढ़ की हड्डी है। व्यापारी न केवल रोजगार सृजित करता है बल्कि देश की अर्थव्यवस्था को भी आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।ज्ज उन्होंने आगे कहा कि बदलते हुए आर्थिक वातावरण को ध्यान में रखते हुए व्यापारियों को अपने स्तर को ऊँचा उठाना होगा। हम सभी को आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रयासरत रहना चाहिए। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संदेश को दोहराते हुए कहा कि च्व्यापारियों को देश और अपने हित मे अब स्वदेशी समान बेचना और खरीदना चाहिएज्ज।

लोकसभा अध्यक्ष ने उपस्थित व्यापारियों को आश्वस्त किया कि व्यापार और व्यापारियों से जुड़े मुद्दों को उनके संज्ञान में लाया जाए तो वे अधिक से अधिक व्यापार से जुड़े विषयों को संसद में चर्चा के लिए लाने का प्रयास करेंगे।

श्री पारवानी ने बताया कि इस अवसर पर कैट ने कहा कि च्देश के व्यापारी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ पूरी मजबूती से खड़े हैं। हम उनके 'भारतीय सामान खरीदो और बेचो' के आह्वान का पूर्ण समर्थन करते हैं और 10 अगस्त से पूरे देश में स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए एक राष्ट्रव्यापी अभियान शुरू किया जाएगा। यह आयोजन व्यापारियों के लिए एक ऐतिहासिक क्षण रहा, जब पहली बार व्यापारियों को संसद में इस प्रकार का विशेष स्वागत और लोकसभा अध्यक्ष से सीधे संवाद का अवसर मिला।

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के साथ सांसद भवन में कैट छत्तीसगढ पदाधिकारी मुख्य रूप से अमर पारवानी, परमानन्द जैन, विक्रम सिंहदेव, सुरिन्द्रर सिंह, भरत जैन, कैलाश खेमानी, अवनीत सिंह, कान्ति पटेल एवं रतनदीप सिंह शामिल थे।

# सेंट्रल जीएसटी की 17 सदस्यीय टीम ने तेंदुआ और सिलतरा के उद्योगों में मारा छापा

**रायपुर**, 5 अगस्त (देशबन्धु)। सेंट्रल जीएसटी की 17 सदस्यीय टीम ने आज राजधानी के अलग.अलग 2 उद्योगों में छापा मारा है। इस कार्रवाई में टीम ने उद्योगों से करीब 40 लाख रुपये की रिकवरी भी की है।




सेंट्रल जीएसटी के प्रिंसिपल कमिश्नर पराग बोलकर, ज्वाइंट कमिश्नर बीएन संदीप और असिस्टेंट कमिश्नर मिर्जा शाहिद बैग के निर्देश पर टीम ने तेंदुआ और सिलतरा के 2 उद्योगों में छापेमार कार्रवाई की है। सेंट्रल जीएसटी की टीम की इस कार्रवाई से कारोबारियों में हड़कंप मचा हुआ है।

मिली जानकारी अनुसार, टीम की कार्रवाई अभी जारी है। इस मामले में कुछ और भी बड़ा खुलासा होने की उम्मीद है। प्रदेश में सेंट्रल जीएसटी की टीम टैक्स चोरी को लेकर समय.समय पर कार्रवाई करती रहती है। इन उद्योगों में भी बड़े पैमाने पर टैक्स चोरी की सूचना मिल रही थी, जिसके बाद इन पर कार्रवाई की गई है।

# आजाद हिंद एक्सप्रेस में पेंट्रीकार मैनेजर से मारपीट

**रायपुर**, 5 अगस्त (देशबन्धु)। पुणे से हावड़ा जा रही आजाद हिंद एक्सप्रेस में जमकर बवाल मचा रायपुर रेलवे स्टेशन के पहले कुछ अवैध वेंडर्स ट्रेन में खाने का पर्चा बांटने के लिए चढ़े जिसके बाद पेंट्रीकार मैनेजर और उनके बीच तू.तू मैं.मैं हुई अपनी धौंस दिखाने के लिए उक्त अवैध वेंडर्स ने रायपुर रेलवे स्टेशन में अपने आधा दर्जन से अधिक लड़कों को बुलाया और दबंगई शुरू की दबंगई इतनी कि

**ट्रेन में जमकर बवाल**

पेंट्रीकार मैनेजर से मारपीट करने के लिए वे ट्रेन के अंदर चढ़ गए जहां विवाद बढ़ गया इसके बाद अवैध वेंडरों को पेंट्रीकार के स्टॉफने मिलकर दबोच लिया और उनकी जमकर कुटाई की और सीधा बिलासपुर ले गए जिसमें पेंट्रीकार के स्टॉफरायपुर के अवैध वेंडर से मारपीट करते नजर आ रहे है हालांकि इस पूरे मामले में जीआरपी बिलासपुर में दोनो पक्षों के खिलाफएफ्आईआर दर्ज किए जाने की तैयारी है।

# बिजली बिल हाफ योजना बंद करने के विरोध में कांग्रेस कल प्रदेश भर में करेगी प्रदर्शन

## अब सभी जिलों में प्रेस कांफ्रेंस कर सरकार को बेनकाब करेंगे

**रायपुर**, 5 अगस्त(देशबन्धु)। बिजली बिल हाफ योजना बंद करने के विरोध में तथा आम जनता को न्याय दिलाने व हाफ बिजली योजना के तहत 400 यूनिट तक बिजली बिल हाफ योजना वापस फिर से शुरू किये जाने की मांग को लेकर कांग्रेस पूरे प्रदेश में विरोध प्रदर्शन करने जा रही है। 6 अगस्त को जिला मुख्यालयों में पत्रकार वार्ता एवं 7 अगस्त को जिला मुख्यालय स्थित बिजली ऑफिस के समक्ष विरोध प्रदर्शन एवं पुतला दहन किया जायेगा।



प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि राज्य भाजपा सरकार द्वारा हाफ बिजली बिल योजना के तहत 400 यूनिट की सीमा को समाप्त कर आम जनता के ऊपर अत्याचार कर रही है। बिजली की दरों में हुई बेतहाशा वृद्धी और हाफ बिजली बिल योजना को समाप्त किये जाने से आमजनता को बिजली बिल के नाम पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि साय सरकार ने मात्र 100 यूनिट के भीतर की खपत वाले का ही बिजली बिल हॉफ करने का निर्णय लिया है। इससे प्रदेश के अधिसंख्यक उपभोक्ता बिजली बिल हाफ योजना से वंचित हो गये है। वर्तमान निर्देश के अनुसार 100 यूनिट से अधिक खपत होने पर बिजली बिल पूरा लगेगा तथा 100 यूनिट का छूट भी नहीं मिलेगा।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि पिछले माह ही सरकार ने बिजली के दाम चौथी बार बढ़ाया था। घरेलू खपत पर 10 से 20 पैसे प्रति यूनिट की वृद्धि की गई है, गैर घरेलू बिजली की दर 25 पैसे यूनिट महंगी कर दी गई है। सर्वाधिक बढ़ोत्तरी कृषि पंप के बिजली के दाम में 50 पैसे प्रति यूनिट की वृद्धि करके की गई थी। डेढ़ साल के भीतर साय सरकार ने घरेलू बिजली की दरों में अब तक कुल 80 पैसे प्रति यूनिट बढ़ोत्तरी की है।

श्री बैज ने कहा कि कांग्रेस पार्टी भाजपा सरकार के ऐसे अन्यायपूर्ण फैसले का विरोध करती है, कोयला हमारा, पानी हमारा, जमीन हमारी और हमें ही महंगे दर पर बिजली बेचा जा रहा है? सरकार के इस जन विरोधी निर्णय के खिलाफ कांग्रेस पूरे प्रदेश में आंदोलन करेगी।

## हाफ बिजली बिल में कटौती के खिलाफ कांग्रेस ने सीएसईबी मुख्यालय के सामने जमकर की नारेबाजी




राज्य सरकार के फैसले के बाद अब प्रदेश में हाफ बिजली बिल योजना का लाभ 100 यूनिट तक ही मिलेगा। इस निर्णय को लेकर कांग्रेस ने आज मोर्चा खोल दिया। राजधानी रायपुर के डंगनिया स्थित सी.एस.ई.बी कार्यालय का कांग्रेसियों ने घेराव कर विरोध जताया। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने मुख्यालय के गेट को तोड़कर अंदर घुसने की कोशिश की।

युकां के प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा के नेतृत्व में यह प्रदर्शन किया गया, जिसमें युवा कांग्रेस, जिला कांग्रेस कमेटी और एनएसयूआई के कार्यकर्ता शामिल हुए। प्रदर्शन में बड़ी संख्या में महिलाएं और कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल हुए। उन्होंने च्महतारी वंदन का पैसा वापस करोज्ज, च्400 यूनिट बिजली योजना बहाल करोज्ज और च्छत्तीसगढ़ की महिलाओं को ठगना बंद करोज्ज जैसे नारे लगाए।

प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा ने कहा कि उद्योगपतियों को फायदा पहुंचाने के लिए सरकार योजनाओं में कटौती कर रही है पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने जनता को राहत देने के लिए 400 यूनिट बिजली बिल हाफ योजना लागू की थी। इस योजना को वर्तमान सरकार ने अब सिर्फ 100 यूनिट कर दिया गया है

उन्होंने बताया कि विद्युत विभाग का कोई अधिकारी वार्ता के लिए बाहर नहीं आया और पुलिस बल बुलाकर प्रदर्शनकारियों को रोका गया यह फैसला जनविरोधी है और वे इसका विरोध जारी रहेगा

इस विरोध प्रदर्शन में गिरीश दुबे जिला कांग्रेस अध्यक्ष, प्रमोद दुबेपूर्व महापौर), पंकज शर्मा, भावेश शुक्ला नीरज पांडेय, ज्ञानेश शर्मा, अमित शर्मा, विनोद कश्यप, तुषार गुहा शिव कुमार मेनन, तुषारा पांडे सहित कई अन्य पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल हुए।

# हेरोइन तीन बार लेते ही लग जाती है लत रायपुर के 250 युवक-युवतियां हैं कंज्यूमर



**रायपुर** 5 अगस्त (देशबन्धु)। पाकिस्तान से आ रहा ड्रग्स हेरोइन राजधानी सहित कई शहरों के युवक.युवतियों को नशे के दलदल में धकेल रहा है। ड्रग्स तस्करी में पकड़े गए मास्टरमाइंड लवजीत सिंह और सुवित श्रीवास्तव और उसके साथियों से क्राइम ब्रांच की टीम ने पूछताछ की। इस दौरान आरोपियों ने खुलासा किया कि हेरोइन की लत बहुत जल्द लगती है। अगर किसी ने अनजाने में भी तीन बार इसका सेवन कर लियाए तो उसे इसकी लत लग जाती है। हेरोइन नहीं लेने पर उसे बेचैनी महसूस होती है। उल्टियां होती हैं। फिर उसे मजबूरी में ड्रग्स लेना पड़ता है। इस तरह उसे हेरोइन की आदत लग जाती है। अधिकांश कंज्यूमरों को पहली बार मुत में ड्रग्स दिया जाता है। दो.तीन बार देने के बाद बंद कर देते हैं। इसके बाद कंज्यूमर एक खुराक ड्रग्स के लिए कितनी भी कीमत चुकाने के लिए तैयार रहता है। पकड़े गए आरोपियों के पास से राजधानी के 250 युवक.युवतियों के नंबर मिले हैं जिन्होंने हेरोइन खरीदी है। ये सभी कंज्यूमर बताए जा रहे हैं। ड्रग्स तस्करी के मास्टरमाइंड लवजीत सिंह और सुवित श्रीवास्तव के खास पैडलर अक्षन चंद्रवंशी के अकाउंट में दो माह में 2800 ट्रांजेक्शन हुए हैं। मतलब 2800 बार हेरोइन के लिए आर्डर दिए गए। आर्डर देने वाले कंज्यूमरों का पुलिस पता लगा रही है। सुवित सॉटवेयर इंजीनियर है। उसका कंस्ट्रक्शन का भी कारोबार है। ज्यादा पैसे कमाने के लिए यह गोरखधंधा चला रहा था। पुलिस के मुताबिक लवजीत और रायपुर में सुवित नेपाल के मोबाइल नंबर का इस्तेमाल करते थे। इससे किसी को शक नहीं होता था। लवजीत के बैंक खाते खंगाले जा रहे हैं। उसके पंजाब के अलावा पाकिस्तान के कई तस्करों से संपर्क में होने का खुलासा हुआ है। फिलहाल पुलिस ने तीन लोगों को रिमांड पर लिया है। उनसे पूछताछ की जा रही है। ड्रग्स कंज्यूमर बने आरोपियों को पार्टी में शौकिया तौर पर पीने के चलते नशे की लत लगी है।

## प्रेमिका बातचीत बंद युवक ने नदी में कूदकर दी जान

**रायपुर** 5 अगस्त (देशबन्धु)। रायपुर में एक युवक ने अपनी प्रेमिका से दुखी होकर खारून नदी में छलांग लगा दी। इससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है। पुलिस के मुताबिक सोमवार को दोपहर करीब 3.30 बजे जितेंद्र नामक युवक ने अचानक खारून में छलांग लगा दी। आसपास के लोगों और गोताखोरों ने उसे बाहर निकाला। तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। बताया जाता है कि एक युवती के साथ उसका प्रेम संबंध था। युवती से उसकी बातचीत बंद हो गई थी। फिलहाल डीडी नगर पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस ने मर्ग कायम किया है।

## 1300 से अधिक किताबों के साथ आगे बढ़ी 'स्मृति पुस्तकालय योजना'

**रायपुर** 5 अगस्त (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देशानुसार रायपुर जिला प्रशासन की अभिनव पहल 'स्मृति पुस्तकालय योजना' के आज 9 दानदाताओं ने 76 पुस्तकें दान की, जिनमें करियर गाइड, प्रतियोगी परीक्षाओं की सामग्री और प्रेरणादायक किताबें शामिल रहीं। दान करने वालों में मीर अली मीर, सचिन साहू, शशांक देवांगन, अनप्रकेडमी, शैलेन्द्र, सुशबाना, विपुल वर्मा, कमल व्यास शर्मा, आरिफ खान ने अपना अमूल्य योगदान दिया। कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह तथा एसएसपी डॉ लाल उम्मेद सिंह ने उन्हें सम्मान पत्र भेंट कर उनके प्रयास की सराहना की। यह पहल बच्चों के लिए न सिर्फ पुस्तकालय बन रही है, बल्कि उम्मीद की एक नई किरण भी साबित हो रही है। दानदाताओं ने कहा, हमारा छोटा सा योगदान किसी बच्चे की जिंदगी में बड़ा बदलाव ला सकता है। जिला प्रशासन ने जनता से अनुरोध है कि इस ज्ञानयात्रा में सहभागी बनें और पुस्तक दान कर समाज में सकारात्मक बदलाव लाने में

# विकारों से मुक्त जीवन ही आत्मा को परमात्मा बनाएगा : मनीष सागर



**रायपुर** 5 अगस्त (देशबन्धु)। टैगोर नगर स्थित पटवा भवन में मंगलवार को चातुर्मासिक प्रवचनमाला में परम पूज्य उपाध्याय प्रवर युवा मनीषी श्री मनीष सागरजी महाराज ने कहा कि हमारा जीवन निर्विकार होना चाहिए। विकार मुक्त जीवन ही हमारी आत्मा की अशुद्धियों को दूर कर परमात्मा बनाएगा। मोह, माया, मान, लोभ, क्रोध आदि विकार जीवन में नहीं होने चाहिए। केवल क्षमा का भाव होना चाहिए। ऐसा काम नहीं करो, जिससे आपको नीचे गिरना पड़े। जैन धर्म भी कहता है- आप नीचे से ऊपर उठो। आत्मा से परमात्मा बनो। जीवन में विकार नहीं करना है। यह अभ्यास होना चाहिए कि स्थिति कैसी भी आए साधना करते-करते ऐसी स्थिति प्राप्त करो कि मन की स्थिति ना बिगड़े। उपाध्याय भगवंत ने कहा कि जब क्रोध आए तो जा भी सकता है। अभ्यास ऐसा हो कि क्रोध नहीं करेंगे। व्यक्ति की आदतें कितनी भी बिगड़ी हो, जब वह अपनों से मिलता है तो विकार नहीं आते। यही प्रयास बाहर भी होना चाहिए। बाहर भी विकार ना आए ऐसा प्रयास करो। आपके भीतर जो योग्यता है वैसा बनने का प्रयास करो। जहां विकार है वहां भार है। जहां विकार नहीं वहां आनंद है। आप में क्रोध नहीं है तो आपको फायदा होगा। क्रोध नहीं होने से आप शांत रहोगे। लगातार अपने योग्यता को बढ़ाएं। इस भाव में नहीं होगा लेकिन आगे आने वाले भवों में प्रयास सफल होगा। ऐसा प्रयास कर ही आत्मा परमात्मा बनेगी। उपाध्याय भगवंत ने कहा कि हम हर चीज प्रारंभ चिंतन से करते हैं। धीरे-धीरे उसे चिंताओं में पहुंचा देते हैं। अंत में चिता ही बच जाती है। चिता में जाने से पूर्व चिंतन की चिंता में रहते हैं। आत्मा ही परमात्मा बनेगी यह आपके भीतर शंका है। आत्मा को पूरी तरह आपने समझा नहीं है। आत्मशक्ति को पहचाना नहीं है। आपको विश्वास नहीं है कि आत्मशक्ति में बहुत ताकत है। जिस दिन अपनी आत्मशक्ति पर भरोसा हो जाएगा, उस दिन आत्मा निर्विकार हो जाएगी। सद्गुरु जो सत्य बताते हैं वह समझ आना चाहिए। विश्वास होगा, तभी आनंद आएगा।

उपाध्याय भगवंत ने कहा कि आत्मा यदि परमात्मा बनेगी तो स्वयं के बल पर ही बनेगी। वह बल आपके रहता है। इसे आत्म स्वरूप कहते हैं। यही स्वयं का स्वरूप है। यह हर आत्मा में मौजूद है। आत्मा के स्वभाव को समझेंगे तो इसकी पहचान भी समझ आती है। आत्मा के अनंत सद्गुण किसी भी गति में कभी नष्ट नहीं हो सकते। आत्मा का स्वभाव किसी से प्रभावित नहीं होता है। जैसे परमात्मा किसी भी परिस्थिति में प्रभावित नहीं होते हैं। उपाध्याय भगवंत ने कहा कि जिस दिन यह अनुभव होगा कि मैं स्वभाव से परमात्मा ही हूं। यह अनुभूति राग और द्वेष को काम करती है।

हमारे परमात्माओं ने पर को

# रामकृष्ण केयर अस्पताल, रायपुर में प्रतिष्ठित राष्ट्रीय विशेषज्ञों के साथ 2 दिवसीय

## ◆ एडवांस्ड सिमुलेशन-बेस्ड ई सी एम ओ कार्यशाला संपन्न



**रायपुर** 5 अगस्त (देशबन्धु)। रामकृष्ण केयर अस्पताल, रायपुर ने इंडियन सोसाइटी ऑफ क्रिटिकल केयर मेडिसिन (रायपुर चैप्टर) और सोसाइटी ऑफ इमरजेंसी मेडिसिन इंडिया (छ.ग. चैप्टर) के सहयोग से 3 एवं 4 अगस्त 2025 को अस्पताल के सी-ब्लॉक, 5वीं मंजिल के ऑडिटोरियम में 2 दिवसीय एडवांस्ड सिमुलेशन-बेस्ड ईसीएमओ कार्यशाला का सफल आयोजन किया। यह कार्यक्रम पूरे मध्य भारत में अपनी तरह का पहला था।

इस महत्वपूर्ण कार्यशाला का संचालन देश के ख्यातिप्राप्त विशेषज्ञों ने किया, जिनमें डॉ. संदीप दीवान (सीनियर डायरेक्टर एवं एचओडी - क्रिटिकल केयर मेडिसिन, फोर्टिस गुड़गांव), डॉ. राहुल पंडित (चेयर क्रिटिकल केयर, एच. एन. रिलायंस फाउंडेशन हॉस्पिटल एंड आरसी मुंबई), डॉ. जुमाना यूसुफ हाजी (कंसल्टेंट क्रिटिकल केयर, फोर्टिस मुलुंड), डॉ. मुनिश चौहान (एडिशनल डायरेक्टर, सीसीएम, फोर्टिस गुड़गांव) और डॉ. प्रतिमा चनाना (सीनियर कंसल्टेंट क्रिटिकल केयर, एच. एन. रिलायंस फाउंडेशन हॉस्पिटल एंड आरसी मुंबई) शामिल रहे। इस कार्यशाला का उद्देश्य क्रिटिकल केयर में कार्यरत डॉक्टरों एवं स्वास्थ्यकर्मियों को ईसीएमओ (एक्स्ट्राकोर्पोरियल मेम्ब्रेन ऑक्सीजनशन) तकनीक में उच्च स्तरीय व्यावहारिक ज्ञान और सिमुलेशन के माध्यम से प्रशिक्षण प्रदान करना था। कार्यक्रम में 50 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया और इसे अपने रोजमर्रा के क्लिनिकल कार्य में बेहद उपयोगी बताया। इस आयोजन को डॉ. संदीप दवे (मैनेजिंग एवं मेडिकल डायरेक्टर) के संरक्षण और डॉ. जावेद अली खान (सीनियर कंसल्टेंट एवं एचओडी कार्डियोलॉजी), डॉ. विनोद आहूजा (कार्डियोथोरेसिक एवं वैस्कुलर सर्जन), डॉ. सुशील जैन (सीनियर कंसल्टेंट पल्मोनोलॉजी), डॉ. विशाल कुमार (एचओडी - क्रिटिकल केयर) एवं डॉ. संतोष सिंह (एचओडी - इमरजेंसी मेडिसिन एवं डीएमएस) के नेतृत्व में सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। डॉ. संदीप दवे ने कहा, ईसीएमओ गंभीर हृदय एवं श्वसन विफलता वाले रोगियों के लिए जीवनरक्षक तकनीक के रूप में उभरा है। सुरक्षित और प्रभावी परिणाम के लिए कौशल आधारित प्रशिक्षण समय की आवश्यकता है।

# हरियर पाठशाला' के तहत 500 पौधों का सामूहिक रोपण

## ◆ 'एक पेड़ लगाना है, धरती को स्वर्ग बनाना है' संदेश के साथ हरियर पाठशाला आगे बढ़ी



**रायपुर**, 5 अगस्त 2025/ रायपुर जिले के आरंग विकासखंड अंतर्गत राखी संकुल में आज दिनांक 5 अगस्त 2025 को राज्य शासन की पर्यावरण संरक्षण संबंधी दो महत्वाकांक्षी योजनाओं 'हरियर पाठशाला' के तहत वृहद स्तर पर पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देशानुसार स्कूलों में हरियाली तथा पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने संकुल स्तरीय आयोजन किया जा रहा है जिसके अंतर्गत शासकीय प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय राखी, कायाबांधा, झांझ, नवागांव सेक्टर 29 खपरी में लगभग 500 पौधों का सामूहिक रोपण किया गया।

इस आयोजन को जनभागीदारी के पर्व के रूप में रूपांतरित करते हुए छात्रों के अभिभावकों, ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया। कार्यक्रम के दौरान सभी ने पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए पूरे उत्साह और प्रतिबद्धता के साथ पौधारोपण किया जिनमें आम, नीम, अमरूद, कटहल जैसे छायादार व फलदार पौधे प्रमुख रूप से शामिल थे। पौधों की देखभाल एवं संरक्षण हेतु विद्यालयों की शाला प्रबंधन एवं विकास समितियों, ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों और छात्रों ने सामूहिक संकल्प लिया।

सभी उपस्थित नागरिकों, जनप्रतिनिधियों, शाला प्रबंधन समितियों, शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं अभिभावकों ने पर्यावरण सुरक्षा में सहभागी बनते हुए पौधों को वृक्ष के रूप में विकसित करने का संकल्प लिया। कलेक्टर डॉ गौरव सिंह के नेतृत्व में जिले में हरियर पाठशाला के तहत पौधरोपण किया जा रहा है। यह आयोजन न केवल विद्यालय परिसरों को हरियाली से समृद्ध किया, बल्कि छात्रों एवं अभिभावकों में पर्यावरणीय चेतना को भी जाग्रत किया। 'एक पेड़ लगाना है, धरती को स्वर्ग बनाना है' के प्रेरक संदेश के साथ यह कार्यक्रम आरंग विकासखंड के लिए एक अनुकरणीय पहल बन गया।

# रामगढ़िया सेवक सभा महिला विंग के द्वारा तियां दा मेला सावन उत्सव



**रायपुर** 5 अगस्त (देशबन्धु)। 2.8.2025 को शाम 3:30 बजे से महाराजा जस्सा सिंह रामगढ़िया भवन टाटीबंध में बड़े ही हर्ष उल्लास से पंजाबी पारंपरिक वेशभूषा में जागो थीम के साथ डांस, ढोल व लजीज पकवान के साथ मनाया गया। महिला विंग द्वारा जागो पर एक्ट के साथ डांस स्टेज पर प्रस्तुत किया गया। रवनीत कौर के द्वारा तियां दे मेले पर स्पीच के माध्यम से इस त्यौहार के बारे में समझाया गया। Auidence के लिए बोलियों का कार्यक्रम रखा गया, गेम्स, और उपहार दिए गए, साथ शॉपिंग स्टॉल्स का भी सब ने आनंद लिया। नवकार ज्वेलर्स की स्पॉन्सरशिप में सिल्वर व गोल्ड के सिक्कों से हाउजी का आयोजन किया गया एवं ट्रैक्टर के सेल्फी जोन का सब ने आनंद लिया। कवलजीत कौर ने मंच संचालन किया।

महिला विंग के BODs तेजिंदर कौर भुई, बलविंदर कौर, कुलदीप कौर, कमलजीत कौर, बलजीत बच्चू, रीना सीरे, अमरजीत जब्बल, मिनी विरदी और टीम की अध्यक्ष प्रदीप कौर, अंशु राणा, नीतू भुई, कवलजीत कौर (सोनू), जसविंदर कौर, सिमरन कौर, जीत कौर, मंजू भामरा, राजविंदर कौर, गीता भामरा, सिमरन आसी व बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## जीवन में लक्ष्य निर्धारित कर उसे पाने का प्रयास करें . शारदा वर्मा



**रायपुर** 5 अगस्त (देशबन्धु)। डागा कन्या महाविद्यालय में दीक्षारंभ समारोह 2025.26 का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीमती शारदा वर्मा पूर्व आयुक्त उच्च शिक्षा विभाग थी। अध्यक्षता अजय तिवारी अध्यक्ष शासी निकाय के द्वारा की गई। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की छायाचित्र पर दीप प्रज्वलन के साथ हुई। श्रीमती वर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि आप भाग्यशाली है कि शहर के संस्कारित व सुव्यवस्थित कालेज में उच्च शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं।



रायपुर। भाठागांव में सोनकर परिवार ने सावन पर्व मनाया।

## छग ने 13 गोल्ड 4 सिल्वर 1 ब्रॉन्ज मेडल जीते



**रायपुर**, 5 अगस्त (देशबन्धु)। 1 से 3अगस्त को गुजरात के मेहसाणा जिले में आयोजित नेशनल पावर लिफ्टिंग चैम्पियन शिप का आयोजन किया गया था जिसमें छग को 13 गोल्ड 4 सिल्वर 1 ब्रॉन्ज मेडल मिला छग पावर लिफ्टिंग एसोसिएशन म के अध्यक्ष मानिक ताम्रकार ने बताया कि इस प्रतियोगिता में 22 राज्यों के 450 खिलाड़ीयों ने भाग लिया जिसमें से छग के विजयी खिलाड़ी में रोहित कुमार चौधरी 3 गोल्ड कीर्ति नायक 1 गोल्ड 1सिल्वर नाहिद अख्तर 1 गोल्ड 1सिल्वर बसना के पार्षद प्रेम राजन 3 गोल्ड आस्था झा 3 गोल्ड मनीरा तांडी 1सिल्वर कृष्णा साहू 1 ब्रॉन्ज तेजस हेड़ाऊ 2 गोल्ड मुकेश कहार को 1 सिल्वर मेडल मिला आलोक शर्मा का भी प्रदर्शन अच्छा रहा।

## दो बदमाश को आर्म्स एक्ट में किया गया गिरफ्तार

रायपुर-पुलिस द्वारा दो बदमाश को धारदार चाकू के साथ गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त हुई है पुलिस को मुखबीर के सूचना मिला की पैठू तालाब के पास शिव नगर रोड में आम जगह पर एक व्यक्ति अपने पास धारदार चाकू रखा है। दूसरे प्रकरण मे रेलवे फाटक के पास चंडी नगर जाने वाले मार्ग पर एक व्यक्ति अपने पास धारदार चाकू रखा है की मुखबीर सूचना पर तस्दीक कार्यवाही हेतु साक्षीगणों को हमराह मे लेकर घटनास्थल पहुँचकर मुखबीर के बताये हुए हुलिये के व्यक्ति को घेराबंदी कर पूछताछ कर आरोपीयो के कब्जे से 1.1 धारदार चाकू जप्त कर आरोपी के विरुध्द अपराध धारा 25 आयुध अधिनियम का कारित करना पाये जाने से अपराध पंजीबध्द कर विवेचना मे लिया जाकर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांण्ड पर भेजा गया।

# हरि चूड़ियों की खनक के साथ जिजाऊ ब्रिगेड रायपुर द्वारा रंगीला सावन महोत्सव कार्यक्रम






**रायपुर**, 5 अगस्त (देशबन्धु)। मराठा सेवा संघ प्रणीत जिजाऊ ब्रिगेड रायपुर द्वारा सावन उत्सव कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया। जिसमें सर्वप्रथम राष्ट्र माता जिजाऊ की तैलीय चित्र पर जिजाऊ ब्रिगेड छत्तीसगढ़ प्रदेशअध्यक्षा शिवमति पक्षवी भोंसले द्वारा माल्यार्पण व राष्ट्रीय महासचिव शिवमति वैशाली ताई पवार, जिलाध्यक्ष शिवमति मनीषा गायकवाड़, उपाध्यक्ष शिवमती नमिता ठोकने, पुष्पा भोसले सुरेखा गायकवाड द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई और तत्पश्चात जिला उपाध्यक्ष श्रीमती उषा काकडे मालती जाधव के द्वारा बहुत ही सुंदर जिजाऊ वंदना की गई शिवमति मनीषा इंगले व उषा काकडे द्वारा सभी जिजाऊ बहनों का हल्दी कुमकुम लगाकर स्वागत किया गया।

### सावन सुंदरी बनी दिव्या

सांस्कृतिक कार्यक्रम में एकल नृत्य में शिवमति युगान्तिका दानी द्वारा बहुत ही सुंदर घुमर नृत्य ने सभी का मन मोह लिया जिसे सांस्कृतिक सचिव रानिका भोंसले द्वारा पुरस्कृत किया गया पूजा थाली सजाओ प्रतियोगिता में प्रथम हर्षिता भोसले, द्वितीय अर्चना धोत्रे जाह्नवी कृदत्त तृतीय रही विजेताओं को उपाध्यक्ष शिवमति मंजू इंगले द्वारा पुरस्कृत किया गया, सावन प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में सभी प्रतिभागी को सचिव शिवमति शिल्पा धोत्रे द्वारा पुरस्कृत किया गया। सर्कल दौड़ में प्रथम सीमा काड़े द्वितीय आरती ठोकने तृतीय रेणुका ठोकने रहे इन विजेताओं को शिवमति श्रेया शिंदे द्वारा पुरस्कृत किया गया, सावन क्वीन दिव्या ढीगे घोषित की गई जिसे जिला अध्यक्ष शिवमति मनीषा गायकवाड़ द्वारा ताज पहनाया गया तथा शिवमति मेघा इंगले द्वारा पुरस्कृत किया गया तथा रनर अप में छाया इंगले, वीणा वाहिले को पुरस्कृत किया गया सावन प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में सभी प्रतिभागी को सचिव शिवमति शिल्पा धोत्रे द्वारा पुरस्कृत किया गया। अंत में जिला कार्यकारिणी द्वारा रंगीला सावन नृत्य ने सबको मंत्रमुग्ध कर दिया कार्यक्रम की मुख्य विशिष्ट अतिथि हरसंभव फाउंडेशन की अध्यक्ष पुष्पलता त्रिपाठी को अध्यक्ष शिवमती मनीषा गायकवाड़ द्वारा स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया गया इस अवसर पर मराठा सेवा संघ मध्यभारत की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष शिवमति रश्मिबाला भोसले, जिजाऊ ब्रिगेड राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष शिवमति दिशा ताई धोत्रे उपस्थित रही जिला सचिव शिवमति शिल्पा धोत्रे द्वारा आए सभी जिजाऊ बहनों का आभार व्यक्त किया गया।

## 11 हजार पार्थिव शिवलिंग निर्माण सहित रुद्राभिषेक का आयोजन होगा:पं विजय झा

**रायपुर**, 5 अगस्त (देशबन्धु)। सामाजिक संगठन समग्र ब्राह्मण परिषद् छत्तीसगढ़ द्वारा प्रतिवर्षानुसार श्रावण माह के शुक्ल प्रदोष को ग्यारह हजार पार्थिव शिवलिंग निर्माण सहित रुद्राभिषेक पूजन एवं महाआरती का आयोजन आज बुधवार 6 अगस्त को पुरानी बस्ती स्थित श्री महामाया देवी मंदिर के सत्संग भवन हाल में सम्पन्न होगा। समग्र ब्राह्मण संगठन के प्रदेशाध्यक्ष डा.भावेश शुक्ला व्प्रराशरऋ एवं श्री महामाया देवी मंदिर सार्वजनिक न्यास समिति के व्यवस्थापक एवं मैथिल ब्राह्मण समाज रायपुर के अध्यक्ष पं.विजय कुमार झा ने बताया कि समग्र ब्राह्मण परिषद् छत्तीसगढ़ द्वारा श्री महामाया देवी मंदिर पब्लिक ट्रस्ट के सौजन्य से इस आयोजन का यह चौथा वर्ष है? इस आयोजन में सम्मिलित होने के लिये समस्त सनातनी हिन्दू समाज के लोगों से अपील की गई है। इस आयोजन में सहभागिता में किसी भी? प्रकार का कोई शुल्क नहीं है। समस्त आयोजन निशुल्क है। आयोजन में सम्मिलित के लिए श्रद्धालुओं को केवल एक परात, आरती पूजा हेतु थाली, कांसे या स्टील का लोटा एवं अभिषेक के लिये श्रृंगी लाने का निवेदन किया गया है। शेष पूजा के लिये समस्त पूजन सामग्री संगठन द्वारा निशुल्क उपलब्ध कराई जावेगी।

## रायपुर पुलिस की बड़ी कामयाबी

# 50 लाख रुपए कीमत के 250 गुम मोबाइल फोन बरामद

**रायपुर,** 5 अगस्त (देशबन्धु)। रायपुर पुलिस ने गुम हुए 250 मोबाइल फोनए जिनकी कीमत लगभग 50 लाख रुपये है को बरामद कर उनके मालिकों को सौंप दिया ये मोबाइल उत्तर प्रदेश, ओडिशा, महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल, झारखंड और बिहार सहित विभिन्न राज्यों से बरामद किए गए,इस साल 2025 में अब तक पुलिस ने 550 गुम मोबाइल फोन, जिनकी कुल कीमत 1.10 करोड़ रुपये है,को उनके स्वामियों को वापस किया है पुलिस उप महानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डा लाल उमेद सिंह के निर्देश पर एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट और थाना पुलिस की संयुक्त टीम ने विशेष अभियान चलाया आवेदकों द्वारा दर्ज शिकायतों के आधार पर तकनीकी विश्लेषण और अन्य राज्यों की पुलिस के साथ समन्वय स्थापित कर इन मोबाइलों को ढूंढा गया कई मामलों में गुम मोबाइल धारकों ने फोन बंद कर दिए लेकिन पुलिस ने उनकी तस्दीक कर मोबाइल बरामद किए कुछ मोबाइल कुरियर के माध्यम से मंगवाए गए जबकि कुछ धारकों ने स्वयं कुरियर कर जमा किए रायपुर पुलिस ने जनता से अपील की है कि मोबाइल गुम होने पर तुरंत पोर्टल पर शिकायत दर्ज करें और नजदीकी थाना या साइबर सेल से संपर्क करें इससे मोबाइल का अपराध में दुरुपयोग रोका जा सकता है।

**मालिकों को सौंपे इस साल 1.10 करोड़ के फोन वापस दिलवाए**



पुलिस ने सलाह दी कि मोबाइल को हमेशा पासवर्ड प्रोटेक्टेड रखें साथ ही यदि कोई लावारिस मोबाइल मिले तो उसे सिविल लाइन रायपुर के साइबर सेल कार्यालय में जमा करें

# ढाबों में गैरकानूनी रूप से शराब का सेवन न कराएं



**ढाबा मालिकों की बैठक**

**रायपुर,** 5 अगस्त (देशबन्धु)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय के निर्देश अनुरुप आज मंदिर हसौद थाना में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नया रायपुर और थानाप्रभारी आरंग एवं मंदिर हसौद के साथ मुख्य सड़कों पर स्थित ढाबा मालिकों की बैठक ली गई और उन्हें स्पष्ट रूप से निर्देशित किया गया कि वे अपने ढाबों में गैरकानूनी रूप से शराब का सेवन न कराएं। ढाबों को रात 12 बजे के बाद अनिवार्य रूप से बंद कर दिया जाए। ढाबा मालिक अपने ढाबों में सीसीटीवी कैमरे लगाएं जो सुरक्षा की दृष्टि से सड़क की ओर और ढाबे के अंदर भी फोकस करें। अपने ढाबों में गैरकानूनी गतिविधियों को न होने दें।यदि ढाबे में कोई व्यक्ति नशीली गतिविधियों में शामिल है तो इसकी सूचना तत्काल संबंधित थाने को दी जाए।

# ग्रीन पालना अभियान: हरियाली के साथ नए जीवन की शुरुआत




**नए शिशु के जन्म पर माताओं को भेंट किए जा रहे 5 फलदार पौधे**

**रायपुर,** 5 अगस्त (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मंशा के अनुरूप, जिला प्रशासन रायपुर ने पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक प्रेरणादायक पहल ग्रीन पालना अभियानज्की शुरुआत की है। इस अनूठी पहल के अंतर्गत, सरकारी अस्पतालों में प्रसव उपरांत माताओं को 5 फलदार पौधों ञ्ज आम, अमरूद, जामुन, पपीता और मुनगा की सौगात दी जा रही है।

आज इस अभियान के तहत धरसींवा ब्लॉक 01, तिल्दा ब्लॉक 01, आरंग ब्लॉक 04, अभनपुर ब्लॉक 03, बिरगांव रायपुर 07 और शहरी रायपुर 01, कुल 17 प्रसूताओं को यह पौधे भेंट किए गए।

कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह के मार्गदर्शन में चल रहे इस महाअभियान के तहत अब तक कुल 1543 माताओं को लगभग 7715 पौधे वितरित किए जा चुके हैं।

यह पहल न केवल नवजात शिशु के जीवन की नई शुरुआत का प्रतीक है, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए हरियाली और स्वच्छ पर्यावरण का संदेश भी देती है।

# रायपुर नगर निगम में भ्रष्टाचार का खेल




- **ठेकेदार मालामाल, राजकोष खाली**
- **प्लेसमेंट कर्मचारी समान काम समान वेतन की लगा रहे गुहार**

**रायपुर,** 5 अगस्त (देशबन्धु)। नगर पालिका निगम रायपुर में भ्रष्टाचार और अनियमितताओं का मामला सामने आया है जिसने निगम की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए है प्लेसमेंट कर्मचारी संघ का आरोप है कि निगम के अधिकारियों ने ठेका प्रणाली के जरिए अपने रिश्तेदारों को लाभ पहुंचाने के लिए फर्जी पद सृजित किए हैं जिससे राजकोष को करोड़ों रुपये का नुकसान हो रहा है वहीं प्लेसमेंट कर्मचारी समान कार्य के लिए समान वेतन की मांग को लेकर महापौरए सभापति और कमिश्नर से गुहार लगा रहे हैं

**ठेका प्रणाली में अनियमितता :** दस्तावेजों के मुताबिकए नगर निगम के अधीक्षण अभियंता ने पद सृजित किया है इसी आधार पर कई सालों से इन पदों का ठेका दिया जाता है इन पदों पर कार्यरत कर्मचारियों को 38,000 से लेकर 97,400 रुपए तक मासिक वेतन दिया जा रहा है। प्रोजेक्ट मैनेजर .97,400 रुपये, सीनियर मोबाइल ऐप डेवलपर. 65,000 रुपये, बिजनेस एनालिस्ट. 49,000 रुपये, जूनियर प्रोग्रामर वेब डिजाइनर. 38,000 रुपये, डाटा एंट्री ऑपरेटर 18,000 रुपये, सर्वेयर 19,500 रुपये।

प्लेसमेंट कर्मचारी संघ के अध्यक्ष संजय एड़े ने कहा समान कार्य करने वाले प्लेसमेंट कर्मचारियों को 8.10 साल के अनुभव के बावजूद मात्र 12,000 से 14,000 रुपये का वेतन मिल रहा है वर्षों से तकनीकी सहायताए डेटा प्रबंधन और अन्य कार्यों में योगदान दे रहे हैं लेकिन उन्हें उचित वेतन से वंचित रखा जा रहा है हमारी मांग है कि हमारे वेतन में बढ़ोतरी की जाए जैसे ठेका कर्मचारियों को दिया जा रहा है

**कर्मचारियो की मांग, समान कार्य समान वेतन :** प्लेसमेंट कर्मचारी संघ के उपाध्यक्ष अजीत कसार ने कहा महापौर मीनल चौबे सभापति और कमिश्नर से शिकायत की है कि एक ही कार्य के लिए ठेका कर्मचारियों को कई गुना अधिक वेतन क्यों दिया जा रहा है उन्होंने मांग की है कि समान कार्य के लिए समान वेतन लागू किया जाए सचिव खेमू लाल निषाद ने कहा पद सृजन और सेटअप स्वीकृति का काम संचालनालय और मंत्रालय से होता है लेकिन निगम के अधिकारी वैकल्पिक व्यवस्था के नाम पर सालों से यह खेल चला रहे हैं

**रिश्तेदारों के लिए खेल :** सूत्रों के अनुसार निगम के अधिकारियों ने ये पद अपने परिजनों और रिश्तेदारों के लिए सृजित किए हैं आरोप है कि किसी अधिकारी ने अपने साले को किसी ने साली को तो किसी ने भतीजे को इन ठेका पदों पर नियुक्त किया है यह खुलासा निगम की कार्यप्रणाली में पारदर्शिता और निष्पक्षता की कमी को दर्शाता है।

**महापौर मीनल चौबे ने दिए जांच के आदेश :** महापौर मीनल चौबे ने इस मामले को गंभीरता से लिया है उन्होंने कहा पिछली सरकार में निगम में भ्रष्टाचार का बोलबाला था जैसे ही हमें ठेका प्रक्रिया की जानकारी मिली हमने तत्काल नए टेंडर को रोक दिया अधिकारियों को मामले की जांच के आदेश दिए हैं महापौर ने दोषियों पर कार्रवाई का आश्वासन दिया है

# रायपुर में आधा दर्जन फ्लैटों में चोरी

**दो अंतर्राज्यीय चोर गिरफ्तार 6.20 लाख का माल बरामद**

**रायपुर,** 5 अगस्त (देशबन्धु)। रायपुर पुलिस ने थाना आमानाकाए कबीर नगर और न्यू राजेंद्र नगर क्षेत्रों में आधा दर्जन फ्लैटों में चोरी करने वाले दो अंतर्राज्यीय चोरों को गिरफ्तार किया है महाराष्ट्र के निवासी विनोद सन्नी गौर 22 और रेयान उर्फअमन फैय्याज शेख 20 को अम्बिकापुर से पकड़ा गया दोनों आरोपियों ने घूमते हुए फ्लैटों को निशाना बनाकर चोरी की वारदातों को अंजाम दिया और घटना के बाद फरार हो गए थे पुलिस ने इनके कब्जे से 36 ग्राम सोने के जेवर 843 ग्राम चांदी के जेवर 9 हाथ घड़ियां एक आईफोन और तीन मोबाइल फोन सहित कुल 6.20 लाख रुपये का माल बरामद किया आरोपियों के खिलाफथाना आमानाका में कबीर नगर में और न्यू राजेंद्र नगर में धारा 331;3 305 बी एन एस के तहत मामले दर्ज किए गए हैं अन्य शिकायतों के आधार पर भी प्राथमिकी दर्ज की जाएगी



मामले की शुरुआत तब हुई जब पगाटिका कलवा ने आमानाका थाने में शिकायत दर्ज की कि 3 अगस्त को उनके सटर्लिंग होम सरोवर पोर्टिको के पास स्थित फ्लैट का ताला तोड़कर सोने.चांदी के जेवर चोरी हो गए इसी तरह लोकनाथ देवांगन और भावना यदु ने कबीर नगर और न्यू राजेंद्र नगर थानों में अपने फ्लैटों में चोरी की शिकायत दर्ज की।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डा लाल उमेद सिंह के निर्देश पर एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट और थाना पुलिस की संयुक्त टीम ने सीसीटीवी फुटेज तकनीकी विश्लेषण और मुखबीरों की मदद से आरोपियों का पता लगाया जांच में पाया गया कि सभी चोरियां एक ही तरीके से की गईं जिसमें फ्लैटों को निशाना बनाया गया अम्बिकापुर में दोनों को पकड़कर पूछताछ में उन्होंने अपराध कबूल लिया।

# अवैध शराब के साथ आरोपी युवक पकड़ाया



**रायपुर,** 5 अगस्त (देशबन्धु)। पुलिस को मुखबीर से सूचना मिला कि ग्राम भण्डारपुरी निवासी रामकुमार धीवर ग्राम सिर्री के डबरी पार में अवैध रूप से बिक्री करने हेतु सफेद रंग की प्लास्टिक बोरी में शराब रखा हुआ है जिसकी तस्दीकी हेतु थाना खरोरा पुलिस पार्टी रवाना होकर गवाहो को नोटिस तामिल पश्चात् साथ में लेकर मुखबीर द्वारा बताये स्थान पर रेड कार्यवाही कर आरोपी रामकुमार धीवर को एक सफेद रंग की प्लास्टिक बोरी में अवैध रूप से शराब रखे हुए पकड़ा गया। आरोपी को शराब रखने के संबंध में कागजात पेश करने नोटिस दिया गया जो कोई कागजात पेश नहीं होना लिखित में दिया जिनके कब्जे से एक सफेद रंग की प्लास्टिक बोरी में रखे 45 पौवा देशी मदिरा मसाला शोले जिसके प्रत्येक पोवा में 180.180 मि.ली शराब भरी हुई जुमला मात्रा 08 लीटर 100 मि.ली किमती 4500 रूपये को समक्ष गवाहन जप्त किया गया है। आरोपी के विरूध्द अपराध घटित करना साक्ष्य पाये जाने से विधिवत् गिरफ्तार कर गिरफ्तारी की सूचना परिजनों को देकर न्यायिक रिमाण्ड पर माननीय न्यायालय पेश किया गया।

## सीजीएमएससी घोटाला, ईडी की बड़ी कार्रवाई

# मोक्षित कॉर्पोरेशन के संचालक शशांक चोपड़ा और उनके परिवार की 40 करोड़ की संपत्ति सीज




**रायपुर,** 5 अगस्त (देशबन्धु)। सीजीएमएससी दवा घोटाला केस में ईडी ने मोक्षित कॉर्पोरेशन के संचालक शशांक चोपड़ा और उनके परिवार के सदस्यों की 40 करोड़ की संपत्ति सीज किया है। ईडी ने 30 और 31 जुलाई को कारोबारी शशांक चोपड़ाए उनके परिवार के सदस्यों के अलावा स्वास्थ्य अफसरों के कुल 20 ठिकानों पर छापेमारी की थी। इस पूरे मामले में 40 करोड़ की संपत्ति जब्त की गई है। करीब साढ़े 4 सौ करोड़ के दवा खरीद घोटाले की एसीबी ईओडब्लू जांच कर रही है। इस मामले में स्वास्थ्य विभाग में बड़े सप्लायर मोक्षित कार्पोरेशन के संचालक शशांक चोपड़ा समेत अन्य 6 लोग जेल में हैं। इनमें स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी भी हैं। घोटाले की जांच में अब ईडी की भी एंट्री हो गई है। दरअसल सीजीएमएससी रीएजेंट घोटाले की जांच कर रहे ईओडब्लू ने करोड़ों के रीएजेंट घोटाले में संलिप्त 6 तकनीकी अधिकारी व विभागीय अधिकारियों को दोषी ठहराते हुए स्पेशल कोर्ट में चालान पेश किया था। इन पर गंभीर आरोप है। सीजीएमएससी में रीएजेंट खरीदी में हुए करोड़ों के घोटाले का मास्टर माइंड मोक्षित कारपोरेशन के डायरेक्टर शशांक चोपड़ा है। मोक्षित कार्पोरेशन ने निविदा हथियाने के लिए घुसखोर तकनीकी अधिकारियों को पहले अपने पक्ष में किया और फिर पर्चेस आर्डर का 0.2 से 0५5 प्रतिशत बतौर कमीशन रिश्वत भी दिया। मोक्षित कार्पोरेशन ने कुछ दूसरी कम्पनियों से मिलकर पूल टेंडरिग की। दूसरी कम्पनियों के दाम अधिक थे कम दाम होने पर मोक्षित को ठेका दे दिया गया। इसके बाद मोक्षित ने काफी ज्यादा दामों पर सप्लाई की। 8 रुपए में आने वाली क्रीम 23 रुपए में बेचीं गई। रीएजेंट और ट्रीटमेंट मशीनों के दाम भी बहुत अधिक थे। मशीन को हर जगह स्थापित करना था मगर ऐसा नहीं किया गया। जिस जगह मशीनें स्थापित की गईं वहां भी इन्हें अचानक लॉक कर दिया गया। इसका परिणाम यह हुआ कि शासन को करीब 400 करोड़ का घाटा हुआ है। इस दौरान 95 लाख के रीएजेंट बर्बाद हुए थे। इस मामले में ईओडब्ल्यू और एसीबी ने भारतीय दंड संहिता की धारा 409 एवं 120 बी तथा भ्रष्टाचार निवारण अधिनियमए 1988 की धारा 13;1,, 13;2, एवं 7;सी, के तहत अपराध दर्ज किया। कई सरकारी अफसरों को भी गिरफ्तार किया गया जो इसमें शामिल रहे। शशांक चोपड़ा को गिरफ्तार कर कोर्ट के आदेश पर जेल भेज दिया गया। उसने अपनी जमानत के लिए हाईकोर्ट में याचिका पेश की। चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा की सिगल बेंच में सुनवाई हुई। सुनवाई उपरांत कोर्ट ने मामले की गंभीरता को देखते हुए जमानत आवेदन को खारिज कर दिया था

# कर्मचारियों ने बच्चों संग मनाया जन्मदिन

- **पौष्टिक आहार और मुस्कान के साथ 'प्रोजेक्ट आओ बाँटें खुशियाँ' आगे बढ़ा**
- **'प्रोजेक्ट आओ बाँटें खुशियाँ' के तहत कलेक्टर ने कर्मचारियों को दी जन्मदिन की बधाई**



**रायपुर,** 5 अगस्त (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर प्रधानमंत्री पोषण शक्ति योजना तथा न्योता भोज के तहत जिला प्रसाशन की अभिनव पहल च्प्रोजेक्ट आओ बांटे खुशियांज्की शुरुआत की जिसके तहत जिला रायपुर में विभिन विभाग में कार्यरत शासकीय अधिकरियों एवं कर्मचारियों को जन्मदिन की शुभकामनाएं दी जा रही है एवं जन्मदिन आंगनबाड़ी या स्कूल में मनाने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है।

कलेक्टर डॉ गौरव सिंह ने च्प्रोजेक्ट आओ बाँटें खुशियाँज्के तहत कल 22 लोगों का जन्मदिन था जिसमें से 6 लोगो को फ़ोन कर जन्मदिन की शुभकामनएं दी एवं उनसे अपना जन्मदिन नजदीकी आंगनबाड़ी या स्कूल में मनाने के लिए प्रोत्साहित किया था 7 इस प्रोजेक्ट के तहत शासकीय अधिकारी एवं कर्मचारी स्कूली बच्चों को पौष्टिक आहार दे उनसे मिले और उनके साथ खुशियाँ बांटे।

इसी कड़ी में आज स्वास्थ्य सुपरवाइजर श्रीमती मंजू घोष ने आगनबाड़ी केंद्र पहुंचकर बच्चों को खीर पूड़ी खिलाकर अपना जन्मदिन मनाया, व्याख्याता श्रीमती गायत्री पटेल ने रविशंकर शुक्ल परिसर स्थित स्कूल में बच्चों को केक, चॉकलेट एवं पेंसिल भेंट कर मनाया एवं स्वास्थ्य कर्मचारी श्रीमती कुसुम घोष ने आंगनबाड़ी केंद्र लालपुर के बच्चों के साथ केक काटकर और बिस्किट बांटकर मनाया।

प्रोजेक्ट के तहत आज कलेक्टर डॉ सिंह ने 9 कर्मचारियों से फोन में बात कर जन्मदिन की पूर्व संध्या शुभकामनाएं दी। साथ ही जिला प्रशासन की तरफ से 9 कर्मचारियों को एसएमएस से ई-कार्ड के माध्यम से जन्मदिन का बधाई संदेश भेजा गया एवं नजदीकी आंगनबाड़ी अथवा स्कूल की जानकारी दी गई।

# अग्रवाल सभा की प्रथम कार्यकारिणी बैठक आज

**रायपुर,** 5 अगस्त (देशबन्धु)। अग्रवाल सभा की प्रथम कार्यकारिणी बैठक कल 6 अगस्त को विजय अग्रवाल अध्यक्ष अग्रवाल सभा की अध्यक्षता में होगी। प्रचार प्रसार प्रभारी प्रमोद जैन ने बताया कि अग्रवाल सभा की यह प्रथम कार्यकारिणी बैठक है जिसमें अध्यक्ष विजय अग्रवाल जी द्वारा नई गठित समितियों की जानकारी के साथ आने वाले अग्रसेन जयंती बाबत भी चर्चा होगी। उपरोक्त बैठक शाम 6बजे विमतारा शांतिनगर में रखी गई है।जिसमें अग्रवाल सभी की जो 2025 से 2028 हेतु कार्यकारिणी घोषित हुए है सभी इस बैठक में उपस्थित रहेंगे।

# उत्कृष्ट खिलाड़ियों की सूची जल्द जारी होगी : खेल मंत्री



**रायपुर,** 5 अगस्त (देशबन्धु)। प्रदेश में उत्कृष्ट खिलाड़ियों को अब आखिरकार उनका हक मिलने वाला है।उत्कृष्ट खिलाड़ियों की सूची जारी करने को लेकर खेल मंत्री टंक राम वर्मा ने कहा, खिलाड़ियों का इंतजार जल्द खत्म होगा खेल दिवस के पहले उत्कृष्ट खिलाड़ियों की सूची जारी हो जाएगी।

उत्कृष्ट खिलाड़ियों की सूची काफी समय से जारी नहीं की गई थी।शिकायतों के बाद खेल एवं युवा कल्याण विभाग हरकत में आया था। खेल मंत्री टंकराम वर्मा ने खेल एवं युवा कल्याण विभाग के अधिकारियों की बैठक लेकर उत्कृष्ट खिलाड़ियों की सूची जल्द तैयार कर जारी करने के निर्देश दिए थे। अब इस मामले में एक बार फिर खेल मंत्री का बयान सामने आया है।उन्होंने खेल दिवस से पहले उत्कृष्ट खिलाड़ियों की लिस्ट जारी करने की बात कही है।

# गाली गलौच से मना करने पर धारदार हथियार से हमला

**रायपुर,** 5 अगस्त (देशबन्धु)। रामनगर चौकी अंतर्गत कल रात करीब 11.00 आहत को आरोपीगण गाली गलौच कर रहे थे जिसे मना किए तो इसी बात पर विवाद हो गया। जिसपर आरोपीगण मिलकर दोनों आहत के साथ धारदार हथियार से वार कर चोट पहुंचाये है। एक आहत का इलाज चल रहा है खतरे से बाहर है दूसरे का इलाज बाद छुट्टी कर दिए है। आरोपियों को तत्काल हिरासत में लेने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा निर्देशित किया गया। घटना के बाद से तीन आरोपी ट्रेन से भाग रहे थे जिसे नागपुर स्टेशन में आरपीएफके सहयोग से हिरासत में लिए है। दो आरोपी को धरसीवा क्षेत्र से हिरासत में लिया गया है।

# सार्वजानिक स्थान गांजा पीते एक व्यक्ति पकड़ाया

**रायपुर,** 5 अगस्त (देशबन्धु)। पुलिस को मुखबीर से सूचना प्राप्त हुई कि कारी तालाब गार्डन आमापारा सार्वजनिक स्थान मे एक व्यक्ति गांजा पी रहा है कि उक्त सूचना पर थाना आजाद चौक पुलिस द्वारा मौके पर पहुंचा, मौका पर आरोपी आयुश शुक्ला पिता गिरिष शुक्ला उम्र 24 वर्ष सा. शुक्ला बाडा ब्राहमणपारा थाना आजाद चौक जिला रायपुर जिसे समक्ष गवाहन को घेराबंदी कर पकड़ा गया तथा आरोपी के पास से एक कागज के पुडिया मे गांजा करीबन 20 ग्राम किमती लगभग 200 रूपया एक नग मिटटी का बना हुआ काले रंग का चीलम एवं लाल रंग का चिंदी एवं एक नग माचिस डिब्बा को विधिवत जप्त कर को कब्जे में लिया गया। आरोपी को आज विधिवत गिरफ्तार कर थाना आजाद चौक मे धारा 27 एनडीपीएस एक्ट पंजीबद्ध किया जाकर आरोपी आयुश शुक्ला को न्यायिक रिमाण्ड में भेजा गया है।

उल्टा पुल्टा

टीचर- पानी मे रहने वाले 5 जीव के नाम बताओ.?
पप्पू - मेंढक।
टीचर - वेरी गुड, बाकी चार बोलो..
पप्पू- उसकी मां, उसका बाप, उसकी बहन और उसका भाई!!

# महापौर-निगम आयुक्त ने किया इंदिरा मार्केट का निरीक्षण

## राखी दूकानों सहित अन्य कब्जों पर जताई नाराजगी, निगम अमले को दिये तत्काल कार्रवाई के निर्देश



**दुर्ग**, 5 अगस्त (देशबन्धु)। महापौर अलका बाघमार और निगम आयुक्त सुमित अग्रवाल ने आज इंदिरा मार्केट का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने इंदिरा प्रतिमा स्थल पर राखी दूकानों एवं ठेला पसरा वालों द्वारा किये गये बेजा कब्जों को लेकर गहरी नाराजगी जताई। इस निरीक्षण में उन्होंने साथ चल रहे निगम अधिकारियों को प्रतिमा स्थल के आसपास की दूकानों की चूना मार्किंग द्वारा सीमा तय करने के निर्देश देते हुए निर्धारित सीमा से बाहर दूकान निकालने वालों पर जुर्माना कार्रवाई के निर्देश दिये। यदि दूकानदार नगर निगम की व्यवस्था नहीं मानते तो उनकी दूकान तत्काल हटा देने के निर्देश भी दिये।

महापौर श्रीमती बाघमार ने सड़क घेरकर राखी के पंडाल लगाये जाने पर नाराजगी जाहिर करते हुए छोटे आकार के पंडाल लगाने और सड़क का पर्याप्त हिस्सा यातायात के लिये खाली छोड़ा जाये। पसरा वालों के लिये अलग से मार्किंग के भी निर्देश दिये गये। इस निरीक्षण के दौरान पचरी पारा जाने वाली गली के पास निर्मित चबूतरे को भी जेसीबी की सहायता से तोड़ा गया। महापौर व निगम आयुक्त ने त्यौहारी सीजन में इंदिरा मार्केट और प्रतिमा स्थल पर भीड़ भाड़ को नियंत्रित कर यातायात को सुचारू बनाये जाने को अपनी प्राथमिकता बताते हुए इस कार्य में व्यापारियों व नागरिकों से भी सहयोग की अपील की।

आज के इस निरीक्षण कार्यक्रम के दौरान एमआईसी प्रभारीगण नरेन्द्र बंजारे, ज्ञानेश्वर ताम्रकार, नीलेश अग्रवाल, स्वास्थ्य अधिकारी धमेन्द्र मिश्रा, उपअभियंता श्रीमती ठाकुर, कर्मशाला अधीक्षक शोएब अहमद, ईश्वर वर्मा, गौतम साहू व निगम अमला मौजूद रहा।

# जनपद पंचायत दुर्ग का मामला कलेक्टर तक पहुंचा, कांग्रेसी सदस्यों ने सौंपा ज्ञापन

■ वित्त आयोग की राशि के आबंटन में पक्षपात का आरोप



**दुर्ग**, 5 अगस्त (देशबन्धु)। जनपद पंचायत दुर्ग में 15 वें वित्त आयोग की राशि के आबंटन में पक्षपात का मामला अब कलेक्टर तक पहुंच गया है। जनपद पंचायत में विपक्ष में बैठे कांग्रेस समर्थित सदस्यों ने आज कलेक्टर को ज्ञापन सौंप कर राशि आबंटन पर पक्षपात करने सीईओ पर कांग्रेस सदस्यों पर व्यंग्य करने व तरह तरह की टिप्पणी करने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है।

नई जनपद पंचायत के गठन के साथ शुरू हुआ विवाद अभी तक नहीं थमा है। हर सामान्य सभा में विवाद की स्थिति तूल पकड़ने लगी है। ताजा मामला 15 वें वित्त आयोग की राशि का है। विगत दो सत्रों में मिली सत्र 24-25 में 72 लाख व वर्ष 25-26 में 1 करोड़ 55 लाख की राशि को पक्षपात पूर्ण तरीके से भाजपा समर्थित सदस्यों को वितरित कर देने का आरोप लगाते हुए कांग्रेस सदस्यों द्वारा धरना प्रदर्शन किया जा रहा है। आज भी जनपद पंचायत के गेट पर धरना दिया। विपक्षी सदस्यों का आरोप है कि सीईओ रूपेश पाण्डेय ने उनके धरना स्थल पर पहुंचकर अब तक 5 साल तक ऐसे ही भुगतना पड़ेगा की टिप्पणी कर दी। इससे सदस्य और बिफर गये। इसके बाद कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की। आज के धरना प्रदर्शन में बैठने वाले सदस्यों में राजेन्द्र ठाकुर, किशोरी लाल देशमुख, संतोष कृष्णा देशमुख, दामिनी मुकेश साहू, प्यारी बाई निषाद, मितानिन ठाकुर, लीलावती रूपेश देशमुख, ढालेश साहू, नंदू साहू, झमित गायकवाड़ सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

# गंजपारा दुर्गा उत्सव समिति के अध्यक्ष पिडियर ने की कार्यकारिणी की घोषणा



**दुर्ग**, 5 अगस्त (देशबन्धु)। विगत दिनों शारदेय नवरात्र पर्व को लेकर श्री गंजपारा दुर्गा उत्सव समिति दुर्गा धाम पुरानी गंज मंडी गंज पार दुर्ग की बैठक आहूत हुई। बैठक में शारदे नवरात्र पर्व पर होने वाले विभिन्न आयोजन एवं माता की प्रतिमा स्थापना हेतु वर्ष 2025-26 एवं 26-27 हेतु नवीन कार्यकारणी का गठन किया गया गंजपारा दुर्गा उत्सव समिति के अध्यक्ष रवि पिडियार ने संरक्षक मंडल के दिशा.निर्देश पर यह कार्यकारणी का गठन किया संरक्षक मंडल में क्रमश: कमलनारायण रूंगटा, महेंद्र सेक्सरीया, संतोष रूंगटा, संजय रुंगटा, चतुर्भुज राठी, कृष्ण कुमार दुबे, शालिग्राम दुबे, किशोर जैन एवं विनीत जैन ने कार्यकारणी का अनुमोदन किया कार्यकारणी में क्रमश:

संयोजक. नवल अग्रवाल, शैलेष तिवारी, विवेक मिश्रा, मुकेश राठी।

अध्यक्ष रवि पिडियर, महासचिव मनोज शर्मा, कार्यकारी अध्यक्ष विकेश मिश्रा रिचू, अमित यादव।

कोषाध्यक्ष. जितेन्द्र (जित्तू) राठी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष. पंकज रूंगटा, दीपक चोपड़ा, मोनू नामदेव, गणेश अग्रवाल, सतबीर शर्मा।

सचिव. महेंद्र गांधी, रणछोड़ भुतडा, राजू अग्रवाल, ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

# बच्चों के मोबाइल व लेपटाप पर ध्यान रखें, साइबर अपराध की एक बड़ी कुंजी है यह : एसएसपी



रक्षाबंधन एवं सामाजिक सुरक्षा पर ब्रम्हाकुमारीज का आयोजन

**दुर्ग**, 5 अगस्त (देशबन्धु)। प्रजापिता ब्रम्हाकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय बघेरा में रक्षाबंधन एवं सामाजिक सुरक्षा का कार्यक्रम किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एसएसपी विजय अग्रवाल ने सामाजिक सुरक्षा के लिये परिवार की सुरक्षा पर ध्यान देने को ज्यादा महत्वपूर्ण मानते हुए कहा कि प्रत्येक अभिभावक अपने बच्चों की गतिविधियों पर ध्यान दें। उनके हाथ में दिये गये मोबाईल पर ध्यान देते हुए सोशल मीडिया एकाउंट को एक बार जरूर देखिये। श्री अग्रवाल ने सायबर फ्राड के लिये मोबाइल व लेपटाप को महत्वपूर्ण कुंजी बताया।

श्री अग्रवाल ने बताया कि सायबर फ्राड का एक बहुत बड़ा हिस्सा बच्चों के सोशल मीडिया के प्रयोग से गलत असर पड़ रहा है। घर में अभिभावक अपने बच्चों से बहुत अनभिज्ञ है। परिवार में बिखराव का यह भी बड़ा कारण है। विशेष रूप से बच्चियों पर इसका काफी दुष्प्रभाव पड़ रहा है। श्री अग्रवाल ने कहा कि बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिये उनसे बात करके उनकी समस्याएं समझिये। सिर्फ बात करने से 50 प्रतिशत समस्या हल हो जाती है। उन्होंने इसके लिये घरों में सीसीटीवी कैमरा लगाने पर भी जोर दिया। इस मौके पर ब्रम्हाकुमारी रीटा बहन ने रक्षा बंधन के आध्यात्मिक एवं सामाजिक संदर्भ पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि रक्षा बंधन थोरिटी व प्रोटेक्शन का त्यौहार है। उन्होंने कहा कि जिस तरह आप अपनी बहन को राखी बंधवाने के बाद खर्ची देते है। वैसे भी यहां भी खर्ची के रूप में आप अपनी गलत और नकारात्मक सोच नकारात्मक संस्कार को यहां छोड़ जाये और श्रेष्ठ संस्कारों व श्रेष्ठ विचारों से श्रेष्ठ संसार बनायें।

इस अवसर पर ब्रम्हाकुमारी की ओर से चैतन्य प्रभा एवं गणमान्य नागरिकगण उपस्थित थे।

# नगर निगम के पास सड़क पानी बिजली के लिये फंड नहीं और सावन मेले के नाम पर किए लाखों खर्च : कोहले

**दुर्ग**, 5 अगस्त (देशबन्धु)। नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष संजय कोहिले ने कहा है कि नगर निगम द्वारा चलाया गया निगम सरकार आपके द्वार कार्यक्रम पूरी तरह खोखला साबित हो रहा है। सड़क पानी, बिजली जैसी सुविधाएं नगर निगम परिषद जनता को दे नहीं पा रही है। महासफाई अभियान भी टांय टांय फिस्स हो चुका है। श्री कोहले ने आारोप लगाया कि नगर निगम के पास विकास कार्यो के लिये एक रूपया भी नहीं है। माली हालात ठीक नहीं बताई जा रही है और लाखों रूपयें सावन मेले में खर्च किये जा रहें है।

श्री कोहले ने सवाल उठाया कि नगर निगम की माली हालत ठीक नहीं है फिर सावन मेले के लिये प्राइवेट भवन क्यों लिया गया। नगर निगम के अपने पास दो दो भवन है। उन्होंने आरोप लगाया कि वर्तमान में जो कार्य नगर निगम द्वारा कराये जा रहे है। वह पुराने स्वीकृत कार्य है। वर्तमान में नगर उत्थान की जो राशि स्वीकृत हुई है वह पूर्व परिषद द्वारा ही स्वीकृत की जा चुकी है। उन्होंने कहा कि महापौर पुराने कार्यो की वाहवाही लूटने नये की बजाय नये कार्यो को स्वीकृत कराकर शासन से राशि लेकर आये और ठेकेदारों को पुराने हो चुके कार्यो का भुगतान करायें। नेता प्रतिपक्ष श्री कोहले ने भाजपा शक्ति नगर नगर निगम पर एक छोटी सी पुलिया न बना पाने, जगह जगह लगे कचरों का ढेर, सभी वार्डो में स्ट्रीट लाईट की गंभीर समस्या, पेयजल समस्या सहित अनेक ज्वलंत समस्याओं का उल्लेख करते हुए नगर निगम की वर्तमान भाजपा सरकार को सभी मोर्चे पर फेल होने आरोप लगाया है। उन्होंने बताया कि नगर निगम दुर्ग द्वारा खरीदी गई सवा करोड़ रूपये पाण्ड क्लीनर मशीन जलकुंभी निकालने के लिये पिछली परिषद द्वारा खरीदी गई थी मगर यह मशीन अब दुर्ग नगर निगम छोड़कर अन्य निगमों में भेजी जा रही है।

# कर्मचारी नगर में महापौर ने किया वृक्षारोपण



**दुर्ग**, 5 अगस्त (देशबन्धु)। स्थानीय कर्मचारी नगर में आदर्श महिला समिति द्वारा सावन और हरेली उत्सव के उपलक्ष्य में सघन वृक्षारोपण कार्यक्रम महापौर अलका बाघमार एवं एमआईसी प्रभारियों द्वारा किया गया। समिति की अध्यक्ष इंदु ठोक के नेतृत्व में यहां पर सदस्यों एवं नागरिकों ने गुलमोहर, नीम सहित विभिन्न प्रजाति के वृक्ष लगाये।

कार्यक्रम के प्रारंभ में महापौर अलका बाघमार ने स्वयं भी अपने एमआईसी साथी ज्ञानेश्वर ताम्रकार के साथ पौधारोपण किया। उन्होंने वृक्षारोपण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए नागरिकों से अधिक से अधिक वृक्षारोपण कर उनकी सुरक्षा का भी आव्हान किया।

# प्री इंजीनियरिंग एवं प्रीमेडिकल प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी हेतु आवेदन आमंत्रित

**दुर्ग**, 5 अगस्त (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ शासन के आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग द्वारा राज्य के अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के 12वीं कक्षा उत्तीर्ण 100 विद्यार्थी (अनुसूचित जनजाति 64 एवं 26 अनुसूचित जाति) जो ड्राप लेकर प्री इंजीनियरिंग एवं प्री मेडिकल की तैयारी करना चाहते हैं, ऐसे इच्छुक पात्र अभ्यर्थियों से 11 अगस्त शाम 4 बजे तक आवेदन आमंत्रित किया गया है। इच्छुक पात्र अभ्यर्थी जिले के सहायक आयुक्त आदिवासी ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

# जीव को सद्गति की ओर ले जाने वाला पथ ही धर्म है : लब्धियशा



**दुर्ग**, 5 अगस्त (देशबन्धु)। विश्व में जितने भी धर्म है, हिन्दू, सिक्ख-बौद्ध, ईसाई, सभी धर्म की एक ही परिभाषा ह दुर्गति में गिरते हुए जीव को थाम लें, धारण कर ले, यही धर्म है। नाम भले ही अलग.अलग है लेकिन मूल में जीव को सद्गति की ओर ले जाने वाला पथ ही धर्म है। भगवान महावीर स्वामी ने फरमाया कि मोक्ष के अभिलाषी जीव को पापों से बचना चाहिए। पाप से मुक्त बनने का प्रयास करना चाहिए। जो जीव पाप के परिणाम को जानता है, समझता है, वह पाप करने से डरता है, अर्थात पाप कार्य से दूर हट जाता है। उक्त उद्गार साध्वी लब्धियशा मसा ने श्री उवसग्गहरं पार्श्व तीर्थ चातुर्मास प्रवचन में व्यक्त किए। प्रवचन श्रृंखला में आराधकों को ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤




# राज्य स्तरीय रोजगार मेला सितम्बर के प्रथम सप्ताह रायपुर में

**दुर्ग**, 5 अगस्त (देशबन्धु)। कौशल विकास तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार विभाग के अंतर्गत संचालक रोजगार एवं प्रशिक्षण के निर्देशानुसार राज्य स्तरीय रोजगार मेला का आयोजन माह सितम्बर के प्रथम सप्ताह में रायपुर में होना प्रस्तावित हैए जिसके लिए निजी क्षेत्र के तकनीकी एवं गैर तकनीकी क्षेत्र में उपलब्ध विभिन्न सेक्टर जैसे.आईटी, कम्प्यूटर, हॉस्पिटल, हॉस्पिटालिटी, फार्मेसी, सेल्स एवं मार्केटिंग, बैंकिंग, फाईनेंस एवं एकाउटिंग, इंश्योरेंस, सर्विस सेक्टर आदि के लगभग 10 हजार रिक्त पदों के लिए रोजगार मेला में भर्ती की कार्यवाही की जाएगी। रोजगार मेले में 8वीं, 10वीं, 12वीं, स्नातक, स्नातकोत्तर, आईटीआई, डिप्लोमा, इंजीनियरिंग शैक्षणिक योग्यताधारी आवेदक भाग ले सकते हैं। नियोजक एवं आवेदक दोनों के लिए पंजीयन की प्रक्रिया पूरी तरह ऑनलाइन होगी। सभी प्रतिभागियों को छत्तीसगढ़ रोजगार विभाग की वेबसाइट पर जाकर अनिवार्य रूप से पंजीयन कराना होगा। बिना पंजीयन के आवेदकों को मेले में भाग लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी। पंजीयन प्रक्रिया से संबंधित जानकारी के लिए जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र से संपर्क कर सकते हैं।

# चाकू से हमला, आरोपी जेल भेजा गया

**दुर्ग**, 5 अगस्त (देशबन्धु)। पुलगांव थाने के तहत जेवरा सिरसा चौकी के ग्राम सिरसाखुर्द में गत रात्रि मांगने पर पैसा न देने से उठे विवाद के कारण एक युवक ने कमल कुंभकार (30 वर्ष) को आरोपी ने चाकू के हमले से घायल कर दिया। इस मामले में आरोपी प्रहलाद यादव को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। हमले में प्रयुक्त चाकू बरामद कर लिया गया है।

पुलिस के अनुसार गत रात्रि प्रार्थी नया तालाब सिरसाखुर्द के पास खड़ा था तभी आरोपी ने वहां पहुंचकर उससे पैसे की फरमाईश की। पैसा न देने पर आरोपी ने गाली गलौच करते हुए उसे चाकू से मार दिया। चाकू लगने से घायल प्रहलाद यादव के दाये हाथ के पंजे एवं सिर के बाई तरफ चोट लगने से काफी खून निकला। उसे तुरंत डाक्टरी मुलाहिजा कराकर उपचार उपलब्ध कराया गया। पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध धारा 296, 119(1), 351 (2) बीएनएस एवं 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उसे घटना के कुछ देर बाद गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद उसे न्यायालय में प्रस्तुत कर जेल भेज दिया गया।

# खेल एवं खिलाड़ियों के माध्यम से देश आगे बढ़े यही क्रीड़ा भारती का लक्ष्य : मिलिंद डांगे



**दुर्ग**, 5 अगस्त (देशबन्धु)। खेल और खिलाडि़ियों को लेकर कार्य करने वाले राष्ट्रव्यापी संगठन क्रीड़ा भारती की आवश्यक बैठक में विभिन्न विषयों पर चर्चा करने के साथ.साथ आगामी कार्यक्रमों पर भी विचार विमर्श हुआ।

इस बैठक में क्रीड़ा भारती के राष्ट्रीय कोष प्रमुख मिलिंद डांगे विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक में कीड़ा भारती के पदाधिकारियों के साथ.साथ खिलाड़ी, कोच और खेल संगठनों के प्रतिनिधि भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

श्री मिलिंद डांगे ने कहा कि क्रीड़ा भारती ऐसा संगठन है जो खेल और खिलाड़ियों के साथ.साथ संपूर्ण समाज की चिंता करता है। देश के हर नागरिक की सेहत अच्छी रहे यही क्रीड़ा भारती का लक्ष्य है क्योंकि अच्छी सेहत वाले नागरिक एक मजबूत राष्ट्र का निर्माण करते हैं और खेलों के माध्यम से ही देश के नागरिकों को अच्छी सेहत और आरोग्य मिल सकता है।

क्रीड़ा भारती के आगामी कार्यक्रमों के संबंध में मिलिंद डांगे ने बताया कि आगामी 29 अगस्त को मेजर ध्यानचंद की जयंती पर मनाए जाने वाले राष्ट्रीय खेल दिवस को विशेष रूप से मनाया जाना है। क्रीड़ा ज्ञान प्रतियोगिता के बारे में उन्होंने बताया कि इसका ऑनलाइन पंजीकरण प्रारंभ हो चुका है। इस परीक्षा का आयोजन खिलाड़ियों, छात्रों अभिभावकों और नागरिकों के बीच खेलों को लेकर अधिक रुचि ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

# रेशने आवास जलभराव प्रभावितों को 5 सौ रुपये अतिरिक्त मिलेंगे



**भिलाईनगर**, 5 अगस्त (देशबन्धु)। वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन द्वारा मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से रेशने आवास कोसा नगर जलभराव प्रभावितों के लिए पूर्व में 6-6 हजार रूपये की सहायता राशि घोषणा के बाद प्रभावित 62 परिवारों के लिए एक और खुशखबरी है। विधायक रिकेश सेन ने बताया कि सभी को रक्षाबंधन त्यौहार के मद्देनजर 5-5 सौ रूपये की अतिरिक्त राशि राहत के तौर पर अब जोड़ दी गई है। दो से तीन दिन के भीतर राहत राशि का चेक प्रभावित परिवारों को दे दिया जाएगा। आपको बता दें कि जुलाई महीने में भारी वर्षा के दौरान कोसा नगर में जलभराव की स्थिति में अनेक लोगों के घर पानी जा घुसा था। इससे उनके घरेलू सामान को क्षति पहुंची थी, साथ ही पानी निकासी तक वहां के रहवासियों का जीवन अस्त व्यस्त रहा। विधायक रिकेश सेन ने तत्काल सभी प्रभावितों को राहत राशि के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से चर्चा की नतीजतन उन्होंने तत्काल सूचीबद्ध प्रभावित परिवारों को 6-6 हजार रूपये की राहत राशि दिए जाने की घोषणा की थी। वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने बताया कि अगस्त माह से त्यौहारों का शुभारंभ हो गया है। आगामी दिनों रक्षाबंधन भी है। मुख्यमंत्री की घोषणा पश्चात चूंकि जिला प्रशासन की सूची प्रेषित करने और राशि आबंटन में कुछ समय लगता है, अब सभी प्रभावितों के चेक लगभग बन गए हैं और वितरण भी दो दिन के भीतर प्रारंभ कर दिया जाएगा। त्यौहार को ध्यान रखते हुए 500 रूपये की अतिरिक्त राशि राहत मद में जोड़ कर दी जा रही है ताकि हमारी माताएं बहनें जलभराव से हुई क्षति को ठीक कराते हुए अतिरिक्त राशि से मिष्ठान्न भी ले सकें।

# प्रदेश के तीर्थ स्थल हो रहे विकसित-मुख्यमंत्री



**भिलाईनगर,** 05 अगस्त (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय पवित्र श्रावण मास के दौरान भिलाई में आयोजित सात दिवसीय शिव महापुराण कथा के समापन समारोह में आज मंगलवार को सपत्निक सम्मिलित हुए। बोल बम समिति द्वारा आयोजित शिव महापुराण कथा में सिहोर मध्यप्रदेश के कथावाचक पं. प्रदीप मिश्रा ने शिव महापुराण की अमृतमय कथा से हजारों श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध किया। मुख्यमंत्री श्री साय ने कथा वाचक पं. मिश्रा और व्यास पीठ से जुड़े संत जनों का छत्तीसगढ़ की 3 करोड़ जनता की ओर से स्वागत एवं अभिवादन किया। उन्होंने आयोजन समिति को तथा समस्त शिव भक्तों व श्रद्धालुओं को पवित्र श्रावण मास की बधाई दी। मुख्यमंत्री श्री साय ने इस अवसर पर कहा कि भिलाई में विगत सात दिनों से शिव महापुराण कथा की अविरल धारा बह रही है। उन्होंने कहा समापन दिवस पर कथा में शामिल होना मेरे लिए सौभाग्य की बात है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भगवान महादेव की कृपा छत्तीसगढ़ वासियों पर बरसती रहे। छत्तीसगढ़ में भगवान महादेव विभिन्न जगहों पर अलग.अलग नाम से विराजमान है। जहां पर लोग श्रद्धा भाव से पूजा अर्चना करते आ रहे है। मुख्यमंत्री श्री साय ने बताया कि जशपुर में मधेश्वर महादेव विराजमान है, जो विश्व का सबसे बड़ा प्राकृतिक शिवलिंग है। कर्वधा में बाबा भोरमदेव, रायपुर में महेश्वर महादेव, राजिम में कुलेश्वर महादेव, गरियाबंद में भूतेश्वर महादेव तथा खरौद में लक्ष्मणेश्वर महादेव के रूप में भगवान महादेव श्रद्धालुओं को दर्शन दे रहे है। उन्होंने कहा कि संपूर्ण छत्तीसगढ शिवमय है। मुख्यमंत्री ने बताया कि उनके गृह ग्राम बगिया में भी फलेश्वर महादेव विराजमान है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ में महादेव के साथ आदिशक्ति देवी माता की भी कृपा है। दंतेवाड़ा में मां दंतेश्वरी, डोंगरगढ़ में मां बम्बलेश्वरी, रतनपुर में मां महामाया और चंद्रपुर में मां चंद्रहासिनी, सूरजपुर में सूरजगढ़ी माता विराजमान है। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ में 5 प्रमुख शक्तिपीठों के विकास के लिए शक्ति कॉरीडोर योजना प्रारम्भ की गई है। उन्होंने बताया कि प्रभु श्रीराम ने अपने वनवास के समय 10 वर्ष छत्तीसगढ़ में बिताए है। इस दौरान उन्होंने भक्त माता शबरी के जूठे बेर भी खाए थे। छत्तीसगढ़ प्रभु श्रीराम का ननिहाल है। मुख्यमंत्री ने बताया कि अब तक 22 हजार से अधिक श्रद्धालु अयोध्या धाम में प्रभु श्रीराम के दर्शन का लाभ प्राप्त कर चुके है। उन्होंने कहा कि यह योजना श्रद्धालुओं को प्रभु श्रीराम के प्रति श्रद्धा से जोड़ने का सशक्त माध्यम बनी है। मुख्यमंत्री श्री साय ने बताया कि प्रदेश सरकार छत्तीसगढ़ के सभी तीर्थ स्थलों को विकसित कर रही है। इसी कड़ी में कर्वधा स्थित भोरमदेव के विकास के लिए 146 करोड़ की राशि स्वीकृत की गई। समापन अवसर पर मुख्यमंत्री श्री साय सपत्निक आरती में शामिल हुए और उन्होंने प्रदेश की सुख.समृद्धि और खुशहाली की कामना करते हुए कहा कि भोले बाबा महादेव की कृपा सभी श्रद्धालुओं पर बनी रहे। इस अवसर पर विधायक अहिवारा डोमनलाल कोर्सेवाड़ा, दुर्ग शहर विधायक गजेन्द्र यादव, वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन, महापौर भिलाई नीरज पाल, संभाग आयुक्त एस.एन. राठौर, आईजी आर.जी.गर्ग, कलेक्टर अभिजीत सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल एवं नगर पालिक निगम भिलाई के आयुकत्त राजीव कुमार पाण्डेय व अन्य अधिकारीगण तथा आयोजन समिति के दयासिंह सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुजन उपस्थित थे। समिति के अध्यक्ष दया सिंह ने मुख्यमंत्री, उपस्थित विधायकों का स्वागत किया ।

## पश्चिम बंगाल बॉक्सिंग में जीता स्वर्ण



**भिलाईनगर,** 5 अगस्त (देशबन्धु)। गुरुनानक इंग्लिश सीनियर सेकेंडरी स्कूल सेक्टर-6 भिलाई के छात्रों ने पश्चिम बंगाल में आयोजित सीबीएसई स्पोट्र्स क्लस्टर-2 नेशनल टूर्नामेंट के अंडर-17 बॉक्सिंग स्पर्धा में विद्यालय के छात्र आर्यन सिंह ने साथ 60-63 किलोग्राम भार वर्ग में रजत पदक और मयंक डंग ने 46-49 किलोग्राम भार वर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर विद्यालय के नाम के साथ-साथ शहर का भी नाम रोशन किया। विद्यार्थियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर विद्यालय के प्रबंधक, प्राचार्य एवं विद्यालय के समस्त सदस्य ने आशीर्वाद तथा बधाई दी। स्कूल प्रबंधन के अनुसार गुरुनानक इंग्लिश मीडियम स्कूल सेक्टर-6 के बच्चों द्वारा शिक्षा के साथ-साथ खेल में भी उल्लेखनीय प्रदर्शन किया है।

# चेम्बर का प्रतिनिधि निगम आयुक्त से मिले



**भिलाईनगर**, 5 अगस्त (देशबन्धु)। आज मंगलवार को भिलाई स्टील सिटी चैंबर ऑफ़ कॉमर्स भिलाई द्वारा शीजू एंथोनी राजस्व सचिव निगम भिलाई के नेतृत्व में निगम भिलाई के आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय से मुलाकात कर ज्ञापन दिया गया। उपरोक्त विषय पर विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण के समय एप्लीज पद्धति पर आवंटित भूमि से संबंधित संयंत्र की कार्यशैली एवं निगम के गठन के पश्चात उपरोक्त भूमि पर संयंत्र की कार्यशैली से संबंधित दस्तावेज उपलब्ध कराए गया । भिलाई स्टील सिटी चैंबर ऑफकॉमर्स आयुक्त से संयंत्र की अवैधानिक गतिविधियों पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाई जाए एवं शहर के प्रभावित वर्ग को राहत दिलाई जाए। स्टील सिटी चैंबर ऑफ़ कॉमर्स के अध्यक्ष ज्ञानचंद जैन ने राजीव कुमार पांडेय आयुक्त निगम से उपरोक्त विषय पर छत्तीसगढ़ शासन राजस्व अधिनियम के विभिन्न धाराओं के तहत वर्ष 2003 से वर्ष 2024 तक तत्कालीन आयुक्त गणों ने संयंत्र को पत्र लिखकर पर रोक लगाने का निवेदन किया। प्रबंधन की किसी कार्यशैली में कोई बदलाव नजर नहीं आया। संयंत्र के इस अव्वैधानिक वसूली पर रोक लगाई जाये। चेम्बर न छत्तीसगढ़ शासन के राजस्व को भी नुकसान पहुंचा रहा है ऐसी स्थिति में नगर पालिका निगम भिलाई की कार्यशैली में बदलाव की अपेक्षा आपके माध्यम से करते हैं । प्रतिनिधि मंडल में चेंबर अध्यक्ष ज्ञानचंद जैन, महासचिव दिनेश सिंघल, सलाहकार सदस्य रामकुमार गुप्ता, अजय दीक्षित, के.एन. प्रेमनाथ, शेखर संगैवार, उमा महैश्वर गणेश ताम्रकार, सत्य नारायण बंछोर, रुपेश जैन शामिल थे।

# बिजली बिल हाफ योजना समाप्त करना जनविरोधी निर्णय-कांग्रेस



**भिलाईनगर**, 5 अगस्त (देशबन्धु)। जावेद खान प्रवक्ता जिला कांग्रेस कमेटी ने लिखित जारी बयान में राज्य शासन द्वारा 400 यूनिट तक की बिजली बिल हाफ योजना को समाप्त करना राज्य के लाखों उपभोक्ताओं के लिए एक अत्यंत पीड़ादायक एवं जनविरोधी निर्णय है। यह योजना आम नागरिकों, मध्यम वर्ग, छोटे व्यवसायियों एवं किसानों को सीधी राहत देने के लिए बनाई गई थी। जिससे उन्हें महँगाई के इस दौर में थोड़ी राहत मिलती थी। राज्य सरकार के इस कदम से अब उपभोक्ताओं को उनके खपत के अनुसार पूरा बिजली बिल देना होगा। जिससे उन पर आर्थिक बोझ में अप्रत्याशित वृद्धि होगी। यह निर्णय खासकर उन परिवारों पर भारी पड़ेगा जो सीमित आय में गुजारा करते हैं और जिनकी मासिक बिजली खपत 400 यूनिट के भीतर रहती थी। पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने इस योजना के माध्यम से जनहित को प्राथमिकता दी थी और लोगों को महँगाई से राहत दिलाने का प्रयास किया था, लेकिन वर्तमान सरकार ने इसे एक झटके में बंद कर दिया, जो यह दर्शाता है कि उनकी प्राथमिकताओं में आम जनता नहीं है। हम इस निर्णय का विरोध करते हैं और मांग करते हैं कि राज्य सरकार इस जनहितकारी योजना को पुनः चालू करे, जिससे जनता को राहत मिल सके। यदि सरकार ने जल्द इसका पुनर्विचार नहीं किया, तो कांग्रेस जनता के साथ मिलकर सड़कों पर उतरकर इसका पुरजोर विरोध करेगी। सरकार का आदेश है कि जो उपभोक्ता सौ युनिट के अंदर खपत करेगा उसे ही पचास युनिट की छुट रहेगी, सौ युनिट से ज्यादा जलाने वाले उपभोक्ता को छुट नही मिलेगी पहले हर माह जितना भी जलाओ चार सौ युनिट का आधा मिल ही जाता था इस तरह से तो बिजली उपभोक्ताओं के साथ मजाक कर रही है।

# जलजनित बीमारियों की रोकथाम हेत अभियान जारी




**भिलाईनगर**, 5 अगस्त (देशबन्धु)। नगर पालिक निगम भिलाई के वार्ड-30 प्रगति नगर अंतर्गत शांति पारा टाट पट्टी मोहल्ला एवं वार्ड-36 श्याम नगर अंतर्गत टाटा लाईन क्षेत्र में जलजनित मौसमी बिमारियों के रोकथाम हेतु निगम का विशेष दस्ता एवं जिला स्वास्थ्य विभाग की काम्बेक्ट की संयुक्त टीम द्वारा 86 घरों में जाकर 346 सदस्यों से संपर्क कर स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक पूछताछ की गई। पीलिया से प्रभावित नए केश निरंक है। कुल 73 घरों में 1000 क्लोरिन टेबलेट जल शुद्धिकरण हेतु वितरण किया गया। साथ ही सभी सदस्यों में जन जागरूकता लाने के उददेश्य से पानी उबालकर ठंडा कर सेवन करने एवं बाजार के बासी खादय पदार्थ का सेवन नहीं करने की स्वास्थ्य शिक्षा दी गई एवं पाम्पलेट वितरण किया गया। वार्डो में मच्छर लार्वा नियंत्रण हेतु एक्यूगार्ड एवं वयस्क मच्छरो के रोकथाम हेतु मैलाथियान दवा का छिड़काव किया गया। कुल 275 कुलर, टंकी, कन्टेनर की जांच की गई। जिसमें 48 कुलरो में पुराना पानी भरा पाया गया। जिसे खाली कराया गया। मच्छर लार्वा नियंत्रण हेतु 73 कुलर में एक्यूगार्ड एवं व्यस्क मच्छरो के नियंत्रण हेतु 82 कुलर में मैलाथियान का छिड़काव किया गया। मोहल्ले में स्थित पक्की, कच्ची नालियों के जमा पानी में एक्यूगार्ड एवं मैलाथियान दवाई का छिड़काव कराया गया। इस दौरान वरिष्ठ स्वच्छता निरीक्षक के. के. सिंह, सुपरवाइजर सुदामा परगनिया, राजेश डहरे, जिला स्वास्थ्य विभाग से सीपीएम संजीव दुबे, बीईटीओ हितेन्द्र कोसरे, सेक्टर सुपरवाइजर विजय सेजुले, एएनएम राधिका भरद्ववाज क्षेत्र के मितानीनो के साथ उपस्थित रहे।

# बालमुकुंदेश्वर महादेव मंदिर अभिषेक पूजन से सराबोर



**भिलाईनगर**, 5 अगस्त (देशबन्धु)। कैम्प 01 के बालमुकुंदेश्वर महादेव मंदिर भगवान शिव की भक्ति में सराबोर रहा। भोलेनाथ का अभिषेक पूजन करने सुबह से ही मंदिर में भक्तों की भीड़ उमड़ती रही। चारों ओर हर हर महादेव और बम भोले का जय घोष गूंजता रहा। प्रत्येक वर्ष अनुसार संकट मोचन हनुमान मंदिर कैम्प-1 के प्रांगण में बालमुकुंदेश्वर महादेव का श्रावण मास में आचार्य पंडित ओमप्रकाश द्विवेदी द्वारा निशुल्क रुद्राभिषेक एवं पूजन कराया जाता है। इस वर्ष श्रावण के अंतिम सोमवार के दिन सभी श्रद्धालुओं द्वारा भगवान शिव का अभिषेक एवं श्रृंगार किया गया जिसमें त्रश्री अच्युतानंद पांडे, सच्चिदानंद पांडे, आशुतोष पांडे, अनुज पांडे, संजय मिश्रा, मनीष धर द्विवेदी ललित धर द्विवेदी, कार्तिक, रमेश गुप्ता, रामानंद पांडे, मिथिलेश गुप्ता, छोटू, चंदन, रौनक घर द्विवेदी, उदय गुप्ता, ऋषभ गुप्ता, गौरव गुप्ता, संजय जयसवाल, और कई भक्तजन उपस्थित रहे भगवान भोलेनाथ सभी भक्तों का कल्याण करें।

# भिलाई महिला समाज ने मनाया स्थापना दिवस

**भिलाईनगर,** 5 अगस्त (देशबन्धु) भिलाई महिला समाज ने महात्मा गांधी कला मंदिर सिविक सेंटर में अपना स्थापना दिवस मनाया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ की कुलपति प्रो. डॉ. लवली शर्मा उपस्थित रही। विशेष अतिथियों महिला समाज की उपाध्यक्ष श्रीमती प्रणोती मुखोपाध्याय, श्रीमती मोली चक्रवर्ती, श्रीमती छवि निगम, श्रीमती आशा रानी, श्रीमती स्मिता गिरि, श्रीमती पूनम कुमार, श्रीमती रेणुका रवींद्रनाथ उपस्थित रहीं। मुख्य अतिथि एवं गणमान्यजनों द्वारा वार्षिक स्मारिका का विमोचन किया गया तथा भिलाई महिला समाज की 68 वर्ष की यात्रा पर आधारित लघु फिल्म प्रदर्शित की गई। इस अवसर पर भिलाई महिला समाज की महासचिव श्रीमती सोनाली रथ, सह सचिव श्रीमती दीपान्विता पॉल, कोषाध्यक्ष श्रीमती शिखा जैन, सह.कोषाध्यक्ष श्रीमती रीता तिवारी सहित विभिन्न क्लबों एवं इकाइयों की सदस्याएँ एवं कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। प्रो.डॉ. लवली शर्मा ने कहा कि यह उनके जीवन का पहला ऐसा आयोजन है, जिसमें उन्होंने इतनी बड़ी संख्या में महिलाओं को एक साथ देखा है। उन्होंने इसे अनूठा, सुंदर और विविध रूपों में शक्ति से परिपूर्ण बताया। डा. शर्मा ने कहा कि महिलाएँ, चाहे वे कार्यरत हों या गृहिणी, प्रायः अपनी जिम्मेदारियों में इतनी गहराई से संलग्न रहती हैं कि स्वयं के लिए समय ही नहीं निकाल पातीं। ऐसे में इस प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम समय.समय पर आयोजित किए जाने चाहिए, क्योंकि ये न केवल जीवन को समृद्ध करते हैं बल्कि आत्मा को भी ऊर्जा और आनंद प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि महिलाएँ स्वभावतः सशक्त और समर्थ होती हैं और यदि वे दृढ़संकल्पित हों तो वे न केवल अपने और अपने परिवार, बल्कि पूरे राष्ट्र के उत्थान में भी महत्त्वपूर्ण योगदान दे सकती हैं। डा. शर्मा ने भिलाई महिला समाज की सभी सदस्याओं से आह्वान किया कि वे अपनी जिम्मेदारियों को पूर्ण निष्ठा और ईमानदारी के साथ निभाएँ और राष्ट्र के सर्वांगीण कल्याण में सक्रिय भागीदारी करें। उपाध्यक्ष श्रीमती स्मिता गिरि ने कहा कि भिलाई महिला समाज ने सदैव सेवाए निष्ठा और आत्मनिर्भरता को अपने कार्यों का केंद्र बनाया है। उन्होंने 1970 के दशक में आचार्य विनोबा भावे और मदर टेरेसा ने भिलाई महिला समाज की गतिविधियों का अवलोकन किया था। श्रीमती गिरि ने आभार व्यक्त किया। इस वर्ष यह ट्रॉफी सेक्टर-5 क्लब तथा सेक्टर.10 क्लब ने संयुक्त रूप से जीतीं। कार्यक्रम में सांकृतिक में भिलाई महिला समाज की विभिन्न इकाइयों एवं क्लबों की सदस्याओं ने भाग लिया। कार्यक्रम के प्रारंभ में श्रीमती छवि निगम द्वारा कुलपति प्रो.डॉ. लवली शर्मा के जीवन वृत्त का परिचय दिया गया। महासचिव श्रीमती सोनाली रथ ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती उत्तरा मिश्रा, श्रीमती आशा राय ने किया तथा कोषाध्यक्ष श्रीमती शिखा जैन ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया।



# ओमान ने जीता स्वर्ण पदक




**नदिनीनगर,** 5 अगस्त (देशबन्धु)। दुर्ग जिले के नंदिनी अहिवारा निवासी पावर लिफ्टर ओमान सिंह ठाकुर ने राष्ट्रीय स्तर पर अपनी ताकत का लोहा मनवाते हुए स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया है। बिलासपुर में आयोजित राष्ट्रीय पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिता में इस शानदार प्रदर्शन के बल पर उनका चयन गुवाहाटी में होने वाली आगामी अंतरराष्ट्रीय स्पर्धा के लिए भी कर लिया गया है। नेशनल पावर लिफ्टिंग एसोसिएशन द्वारा 31 जुलाई से 3 अगस्त तक बिलासपुर में एक राष्ट्रीय टूर्नामेंट का आयोजन किया गया था। यह प्रतियोगिता इसलिए भी बेहद महत्वपूर्ण थी क्योंकि इसी के माध्यम से 30 नवंबर से 2 दिसंबर तक गुवाहाटी में होने वाले अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट के लिए भारतीय टीम का चयन किया जाना था। इस प्रतिष्ठित राष्ट्रीय प्रतियोगिता में देश के 18 राज्यों से आए लगभग 250 खिलाड़ियों ने भाग लिया। कड़े मुकाबले के बीच ओमान सिंह ठाकुर ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया। उनकी इस ऐतिहासिक सफलता पर नेशनल पावर लिफ्टिंग एसोसिएशन के प्रदेश महासचिव उदल वाल्मीकि ने उन्हें बधाई दी और गुवाहाटी में होने वाली अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए अपनी शुभकामनाएं प्रेषित कीं। ओमान की इस उपलब्धि से उनके गृह क्षेत्र नंदिनी अहिवारा सहित पूरे खेल जगत में खुशी की लहर है।

# दानदाता द्वारा प्रदत्त पांच लाख की लागत से बनेगा भवन



**भिलाईनगर,** 5 अगस्त (देशबन्धु)। भिलाई वरिष्ठ नागरिक महासंघ के लिए भवन निर्माण हेतु 5 लाख रुपए दान करने वाले दानदाता गरीबदास साहू के से श्रावण मास के अंतिम सोमवार को वार्ड.21 कुरूद में भूमि पूजन का कार्य संपन्न हुआ। विधायक रिकेश सेन आकस्मिक कार्य की वजह से कार्यक्रम में उपस्थित नहीं हो सके। इस अवसर पर प्रसिद्ध संस्कृताचार्य डॉ महेशचंद्र शर्मा मुख्य अतिथि थे। अध्यक्षता महासंघ के अध्यक्ष घनश्याम कुमार देवांगन ने की। दुर्ग जिला देवांगन समाज के अध्यक्ष पुरानिक राम देवांगन विशेष अतिथि थे। उल्लेखनीय है कि वरिष्ठ नागरिक गरीब दास साहू ने अपनी दिवंगत माता स्व. श्रीफूलिया साहू की स्मृति में भवन निर्माण हेतु भिलाई वरिष्ठ नागरिक महासंघ को 5 लाख रुपए का दान दिया है। डॉ महेश चंद्र शर्मा ने दानदाता गरीबदास की प्रशंसा करते हुए कहा कि दानदाता का स्थान हमेशा ऊंचा रहता है। यह उनकी दिवंगत माता के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है। घनश्याम देवांगन ने दानदाता गरीबदास साहू एवं उनके परिजनों का श्रीफलए पुष्प गुच्छ एवं गमछा भेंटकर सम्मान किया। घनश्याम कुमार देवांगन एवं पदाधिकारियों ने वरिष्ठ नागरिक महासंघ की विभिन्न रचनात्मक गतिविधियों के संचालन के लिए एक बड़े हाल सहित सर्वसुविधायुक्त भवन की आवश्यकता प्रतिपादित की जिसमें वरिष्ठ नागरिकों के मनोरंजन हेतु खेल सामग्रीए वाद्ययंत्र एवं पुस्तकालय आदि की सुविधा हो। त इस हेतु वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन से मांग की गई है। इस पर विधायक ने वरिष्ठ नागरिकों के लिए सर्वसुविधायुक्त भवन बनाकर देने का आश्वासन दिया है। भूमि पूजन के अवसर पर जगदीशराम साहू, रतनलाल गोयल, एन पी मिश्रा, पुरानिक राम देवांगन, घनश्याम कुमार देवांगन, पुरुषोत्तम साहू, गजानंद साहू, दिनेश गुप्ता, श्रीमती अर्चना मूले, बलबीर सिंह सहगल, महेंद्र सोनवानी, डॉ कांतिलाल विश्वकर्मा, बाबूलाल सहित अनेक उपस्थित थे।

# निगम ने अवैध कब्जे को किया बेदखल



**भिलाईनगर,** 5 अगस्त (देशबन्धु)। नगर पालिक निगम भिलाई के वार्ड-29 वृन्दा नगर में शासकीय विद्यालय के पीछे रोड निर्माण में आ रहे अवैध निर्माण को हटाया गया। जोन-2 के सहायक राजस्व अधिकारी शरद दुबे ने बताया कि वृन्दा नगर के मोहल्ले में रोड निर्माण किया जा रहा है। जहां स्थानीय नागरिको ने अपने घरों के सामने कबाड़ का सामान रखने अस्थायी निर्माण कर अवैध कब्जा किया गया है। नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय के संज्ञान में लाकर उनके निर्देशानुसार मोहल्ले वासियों के अवैध कब्जाधारियों से सहमति प्राप्त किया गया। ततपश्चात जोन राजस्व विभाग का अमला जे.सी.बी के माध्यम से अवैध निर्माण को ध्वस्त कर हटाने की कार्यवाही की गई। कार्यवाही के दौरान निगम कर्मचारी उपस्थित रहे। निगम प्रशासन के अनुसार इस तरह की कार्यवाही आगे भी जारी रहेगी।

# कल्याण महाविद्यालय में मनाया प्रेमचन्द जयंती



**भिलाईनगर,** 5 अगस्त (देशबन्धु)। कल्याण कालेज सेक्टर-7 में प्रेमचंद जयंती मनाई गई। हिन्दी विभाग के तत्वावधान और विभागाध्यक्ष डॉ.सुधीर शर्मा, डॉ. फिरोज़ा जाफ़र अली और डॉ. अंजन कुमार के सुयोग्य निर्देशन में हिन्दी के शोधार्थियों द्वारा प्रेमचंद जयंती का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। डॉ. मणिमेखला शुक्ल सरस्वती वंदना और एस. कृष्णा रूपेश के स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। डॉ. सुधीर शर्मा ने कहा कि आज से लगभग पाँच शताब्दी पूर्व एक आदर्श समाज की स्थापना के लिए जो कार्य महाकवि तुलसीदास ने किया। वैसा ही कार्य बीसवीं शताब्दी में प्रेमचंद ने अपने कथा साहित्य के माध्यम से किया। तुलसी और प्रेमचंद दोनों ही हमारे देश और साहित्य संस्कृति के गौरव हैं। डॉ. फिरोजा जाफर अली ने प्रेमचंद को युग.पुरुष बताते हुए कहा प्रेमचंद ने तत्कालीन समाज में व्याप्त सभी पहलुओं पर लेखनी चलाते हुए समाज को एक नयी दिशा देने का महत्वपूर्ण कार्य किया। वे अपनी कहानियों और उपन्यासों के पात्र यथार्थ की जमीन से चुनते थे और उनके माध्यम से कथा में संवेदनशीलता के साथ.साथ यथार्थ को सींचते थे। महाविद्यालय के प्राचार्य डा ॅविनय शर्मा ने कहा कि श्प्रेमचंद की कहानियों को पढ़कर ही हम बड़े हुए हैं। उनकी प्रसिद्ध कहानी ईदगाह के बारे में चर्चा की गई। डॉ.रामा यादव ने कहा कि जिस लमही क्षेत्र में प्रेमचंद का जन्म हुआ, पले बढ़े, हम भी उसी क्षेत्र के हैं। हमें गर्व होता है कि हमारे क्षेत्र के एक साहित्यकार की ख्याति आज लगभग शताब्दी वर्ष बाद भी कम नहीं हुई है। डॉ.के.एन. दिनेश ने कहा कि प्रेमचंद ने तत्कालीन समय और समाज को अपने साहित्य में उकेरा है। डॉ.मणिमेखला शुक्ला ने प्रेमचंद को देश का महान साहित्यकार माना और कहा कि प्रेमचंद ने अपनी लेखनी से समाज को उपकृत किया है। डॉ. शबाना, डॉ. अंजन कुमार ने अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम में निमाई प्रधान, जितेंद्र, अंजली भटनागर, घनश्याम टंडन, बिमला नायक, पूरन अजय, रजनी पटेल, राकेश कुमार उपस्थित थे।

**आज मतदाता सूची पुनरीक्षण एवं मतदान केन्द्र युक्तियुक्तकरण को लेकर होगी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों की बैठक**

बेमेतरा,5 अगस्त (देशबन्धु)। भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, छत्तीसगढ़ रायपुर के निर्देशों के तहत फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों के पुनरीक्षण कार्यक्रम 2025 की तैयारी शुरू कर दी गई है। इस प्रक्रिया से पहले 1200 से अधिक मतदाता वाले मतदान केन्द्रों का युक्तियुक्तकरण किया जाना अनिवार्य है।



# पोषण विहिप जिला मंत्री,प्रदीप बजरंग दल संयोजक बनाए गए

## शिवम दुबे डौण्डी को संगठन में जिला सह संयोजक की दी गई जिम्मेदारी

### धर्मांतरण,गौ तस्करी,लव जिहाद पर विहिप लगातार जिले में चला रहे अभियानः बलराम गुप्ता






**दल्लीराजहरा/डौण्डी,**5 अगस्त (देशबन्धु) जिला विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल संगठन में नए लोगों को नवीन जिम्मेदारी दी गई है। जिनको प्रांतीय संगठन पदाधिकारियों की सहमति से प्रांत मंत्री विहिप छत्तीसगढ़ विभूति भूषण पांडेय ने बिलासपुर प्रांत बैठक में दायित्व की घोषणा की विश्व हिंदू परिषद जिला मंत्री के दायित्व पर पोषण बनपेला (किसना,देवरी) को नियुक्त किया गया वही जिला कोषाध्यक्ष राजेश सोनी व जिला सह मंत्री उमेश सेन सहित जिला बजरंग दल जिला संयोजक का दायित्व प्रदीप मिनपाल,जिला सह संयोजक बजरंग दल शिवम दुबे( डौंडी) को संगठन में जिम्मेदारी दी गई है। जिला मंत्री बनाए गए पोषण बनपेला जिला के डौंडीलोहारा ब्लाक के किसना ग्राम पंचायत के सरपंच रह चुके हैं। वहीं डौंडीलोहारा जनपद पंचायत के उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी भी पूर्व में सम्हाल चुके हैं। मूलतः कृषक परिवार से आने वाले बनपेला लंबे समय से हिंदुत्व विचारों को लेकर क्षेत्र में सक्रिय रहे है जिनको संगठन ने जिला में बड़ी जिम्मेदारी देते हुए जिला मंत्री बनाया है। बालोद जिला में विगत तीन वर्षों में विश्व हिंदू परिषद ने तेजी के साथ संगठन कार्यों को आगे बढ़ाया हैं। व जिला में नए युवाओं को शामिल कर हिंदुत्व के कार्य को धर्म समाज हित के कार्य भी किए जा रहे है। जिला के पांचों ब्लाक जिनमें डौंडीलोहारा, गुण्डरदेही,गुरूर बालोद ग्रामीण,डौंडी में संगठन तैयार किया गया है वहीं दल्ली राजहरा नगर व बालोद नगर में भी संगठन से जुड़कर लोग काम कर रहे है। धर्मांतरण,गौ तस्करी व लव जिहाद जैसे बड़े विषयों को लेकर विहिप लगातार जिले में अभियान चला रहा है विश्व हिंदू परिषद बालोद जिला के द्वारा जिले के अंदर लगातार धर्मांतरण,मतांतरण,अवैध प्रार्थना सभाओं को लेकर जन आंदोलन किए जा रहे हैं वहीं हिंदुत्व को मजबूती मिले इसलिए छोटे छोटे बच्चों को धार्मिक शिक्षा मिले इसके लिए,जिला केंद्र बालोद शहर में पूजा जैन जिला बाल संस्कार केंद्र प्रमुख के नेतृत्व में बच्चों को सप्ताह में एक दिन संस्कार शाला भी चलाया जा रहा है। जिला अध्यक्ष विश्व हिंदू परिषद बलराम गुप्ता जिला उपाध्यक्ष अजय अग्रवाल, नीलेश श्रीवास्तव जिला मातृशक्ति संगठन संयोजिका सत्या साहू,योगिता साहू,मोनू सोनवानी,शंकर साहू,प्रेम शुक्ला,जितेंद्र सहाड़ा,देवेंद्र साहू,कैलाश साहू,जानकी यादव,उषा साहू सहित अन्य संगठन के बड़े पदाधिकारी विहिप से जुड़कर लगातार कार्य कर रहे है। इस अवसर पर

जिलाध्यक्ष बलराम गुप्ता ने संगठन विस्तार को लेकर कहा कि प्रांत बैठक में दिए गए निर्देशों के तहत संघ संगठन के शताब्दी वर्ष में बालोद जिला में विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा वहीं हिंदू धर्म समाज को जोड़ने घर घर संपर्क भी करेंगे हिंदू सम्मेलनों का आयोजन किया जाएगा वहीं आदिवासी समाज के अनुसूचित जनजाति समाज के बंधुओं के साथ मिलकर सामाजिक समरसता का कार्यक्रम भी करेंगे व संगठन से जोड़ने का काम भी किया जाएगा बालोद जिला में जिला,प्रखंड गठन के बाद आगे खंड स्तर पर व गांव समिति का निर्माण भी करने की योजना है। जिनमें गांव के युवाओं को मातृशक्ति बहनों को संगठन में जोड़ा जायेगा।

# समय-सीमा बैठक के बाद कलेक्टर ने सुनी जनदर्शन में लोगों की समस्याएं

**बेमेतरा,**5 अगस्त (देशबन्धु)। कलेक्टर श्री रणबीर शर्मा की उपस्थिति में आज मंगलवार को समय सीमा की बैठक के बाद कलेक्टरेट के दृष्टि सभा कक्ष में जनदर्शन आयोजित की गई। जिसमें जिले के अलग-अलग क्षेत्र के लोग अपनी-अपनी मांग, समस्याएं एवं शिकायतें लेकर आये। इस दौरान जनदर्शन में आने वाले सभी लोगों की समस्याओं का निराकरण भी किया गया। आज के जन चौपाल में कलेक्टर ने लोगों की समस्याओं को गौर से सुना और संबंधित अधिकारियों से दूरभाष पर और समक्ष बुलाकर संबंधित आवेदनों का त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए। कुछ आवेदन मौके पर ही निराकरण किए गए। आज जनदर्शन में विभिन्न शिकायत एवं समस्याओं से संबंधित 29 आवेदन प्राप्त हुए। तात्कालिक महत्व की समस्याओं का जहां त्वरित निराकरण किया। वहीं गंभीर और जांच के आवेदनों को टीएल पंजी पर दर्ज करके, इनका निराकरण करने के निर्देश संबंधित अफसरों को दी।



इस दौरान जनदर्शन में दूरदराज के गांवों से अपनी समस्याओं के समाधान हेतु पहुंचे लोगों में से वार्ड नं. 15 व 17 के समस्त मोहल्ला वासी ने वार्ड नं. 17 गौरव पथ-नवीन बाजार से सिंघौरी मार्ग की नाली सफाई कराने के संबंध में आवेदन दिया, तहसील नवागढ़ वार्ड नं. 13 लालबंद पारा निवासी खेलनदास कुर्रे ने अपनी पत्नी के मृत्यु उपरांत उत्तराधिकारी प्रमाण पत्र हेतु संबंध में आवेदन दिया, तहसील बेमेतरा के ग्राम अमोरा निवासी रानीबाई ने आमगली को अतिक्रमण करने से बेदखल करने के संबंध में आवेदन दिया, तहसील बेमेतरा के ग्राम चोरभट्ठी के समस्त ग्रामवासी ने गांव के कोटवार को हटाकर दूसरा कोटवार नियुक्ति किये जाने के संबंध मे आवेदन दिया, तहसील बेरला ग्राम मनियारी निवासी रविन्द्र भास्कर चौबे ने रोजगार सहायक एवं पंचायत द्वारा कार्यवाही में नहीं लिये जाने की शिकायत के संबंध में आवेदन दिया। इसके अलावा आम नागरिकों ने निराश्रित पेंशन दिलाने, बैटरी चलित ट्रायसायकल हेतु, प्रधानमंत्री आवास दिलाने, कटा हुआ रकबा जोड़ने, खाद गड्ढा को हटाये जाने, आम रास्ता खुलवाने, वृद्धा पेंशन हेतु दिव्यांगता पेंशन दिलाये जाने आदि से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए है। कलेक्टर ने ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और उनके निराकरण के लिए ग्रामीणों को आश्वासन दिलाया। इस अवसर पर सी.ई.ओ जिला पंचायत प्रेमलता मंडावी, एडीएम अनिल वाजपेयी सहित विभिन्न विभाग के अधिकारीगण उपस्थित थे।

# ब्लाक कांग्रेस ने विभिन्न समस्याओं को लेकर जिलाधीश के नाम सौंपा ज्ञापन

**7 दिवस के भीतर हल नहीं होने पर किया जायेगा क्रमिक धरना प्रदर्शन एवं चक्काजाम**

**गंडई** पंडरिया,5 अगस्त (देशबन्धु)। ब्लाक कांग्रेस कमेटी गंडई के तत्वावधान में गंडई नगर में विभिन्न समस्याओं को लेकर आज दोपहर 03 बजे जिलाधीश के नाम पर स्थ्रूको 9 बिंदुओं का ज्ञापन सौपा गया। साथ ही 07 दिवस के भीतर समस्याओं का हल नही होने पर क्रमिक धरना प्रदर्शन एवं चक्काजाम किए जाने की बात भी कही गई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार गण्डई नगर एवं परिक्षेत्र के 9 समस्याओं को लेकर जिलाधीश के नाम पर स्थ्रूको ज्ञापन सौंपा गया जिसमे मुख्य रूप से मेन चौक गण्डई से टकरीपारा तक सड़क अत्यंत जर्जर हो गया है, तत्काल मरम्मत संधारण करने, मेन चौक गण्डई से बहेराभाठा (भडभड़ी) तक सड़क अत्यंत जर्जर है। तत्काल मरम्मत संधारण करने, टिकरीपारा वार्ड क्र. 11, 12, 13, 14 एवं 5 में पीने की पानी एवं आम निस्तार पानी समस्या के निदान करने बाबत् प्रस्ताव राज्य शासन को पानी टंकी हेतु भेजा चुका है अतिशीघ्र स्वीकृति प्रदान करने, विद्युत कटौती व स्मार्ट मीटर लगने से बिजली बिल में वृद्धि से नगर एवं गण्डई परिक्षेत्र में आम जनता में



सरकार एवं प्रशासन के प्रति भारी जन आकोश, गण्डई के मुख्य मार्गो एवं ग्राम पंचायतों में फसल एवं राहगिरो को आवारा पशुओं के कारण जनधन की हानि के रोकथाम हेतू आवश्यक ठोस कार्यवाही करने, नगर पंचायत एवं ग्रामीण क्षेत्रों में अवैध शराब को लेकर खासकर महिलाओं में भारी आकोश है जिसका निराकरण ठोस कार्यवाही करने, कन्या हारयर सेकेन्ड्री विद्यालय गण्डई के सामने से शराब भठ्?ठी को अन्यत्र स्थानांतरित करने हेतु आवश्यक कार्यवाही, किसानो को सिंचाई हेतु सुरही जलाशय शीघ्र पानी छोड़ने की मांग किया गया है। यह भी बताया गया है कि क्षेत्र में बरसात नहीं होने के कारण फसल पानी की कमी के वजह से भारी नुकसान हो रहा है इसे प्राथमिकता में लेकर कार्यवाही करने, गण्डई दुर्ग, रायपुर को जोड़ने वाली दनिया पुल जो पुर्ववर्ती सरकार के समय से स्वीकृत है कार्य को प्राथमिकता से कार्य शीघ्र शुरू कराने कार्यवाही की मांग किया गया है। ज्ञापन में निवेदन किया गया है कि मांगों को प्राथमिकता में लेकर 07 दिवस तक निराकरण करने को कहा गया है। साथ ही कहा गया है कि अगर उपरोक्त समस्याओं के निराकरण में देरी होने पर ब्लाक कांग्रेस कमेटी गण्डई इन समस्याओं का निराकरण को लेकर आम जनता के साथ उग्र आंदोलन करने पर बाध्य होगी। इस अवसर पर लाल टारकेश्वर शाह खुशरो अध्यक्ष नगर पंचायत गंडई, भिज्ञेश यादव अध्यक्ष ब्लाक कांग्रेस कमेटी गंडई, मोहसिन खान, संजू सिंह चंदेल, रंजित चंदेल, दामोदर जायसवाल, अमित टंडन मीडिया प्रभारी ब्लाक कांग्रेस कमेटी गंडई और कांग्रेसीजन उपस्थित थे।

# नपा दल्ली राजहरा में हर घर तिरंगा अभियान का शुभारंभ

**दल्लीराजहरा,**5 अगस्त (देशबन्धु)। नगर पालिका परिषद दल्ली राजहरा में छत्तीसगढ़ शासन, संस्कृति विभाग, नवा रायपुर अटल नगर के दिशा निर्देश अनुसार नपाध्यक्ष तोरण साहू के मार्गदर्शन एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी भूपेंद्र वार्डेकर के आदेशानुसार 2- 15 अगस्त 2025 तक चलने वाले अभियान में तिरंगा रैली का आयोजन कर शुभारंभ किया गया। इस अभियान के अंतर्गत 79वें



स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर हर घर तिरंगा कार्यक्रम का आयोजन दिनांक 2 से 15 अगस्त तक तीन चरणों में (प्रथम चरण दिनांक 02 से 08 अगस्त तक, द्वितीय चरण दिनांक 09 से 12 अगस्त तक, तृतीय चरण दिनांक 13 से 15 अगस्त तक) किया जाना है जो की हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता स्वतंत्रता का उत्सव ,स्वच्छता के संग के थीम पर आधारित होगा। इस अभियान के अंतर्गत समस्त भारतीय नागरिकों को राष्ट्रीय ध्वज अपने घर पर फहराने के लिए प्रेरित किया जाएगा। इस अवसर पर आयोजित रैली में स्वास्थ्य अधिकारी रामगोपाल चंद्राकर, निकाय के अधिकारी व कर्मचारी, पीआईयू विक्रांत कुमार साहू एवं समस्त स्वच्छता दीदियों के साथ

# जबलपुर इंटरसिटी एक्सप्रेस शुरू होने से जनता को सीधे मिल रही सुविधा : जसमीत

**डोंगरगढ़,**5 अगस्त (देशबन्धु)। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के तहत आने वाले डोंगरगढ़ को जबलपुर इंटरसिटी एक्सप्रेस स्टॉपेज देने पर खुशी जाहिर करते हुए शहर भाजपा मंडल अध्यक्ष जसमीत सिंह बन्नोवाना ने कहा कि रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव जी द्वारा धर्मनगरी को जबलपुर इंटरसिटी एक्सप्रेस का स्टॉपेज देना महत्वपूर्ण निर्णय है उनके इस निर्णय से छत्तीसगढ़ ,महाराष्ट्र ,मध्य प्रदेश इन तीन राज्यों की जनता को रेल यात्रा करने में सीधे ट्ठ सीधे सुविधा मिल रही है



साथ ही व्यापार, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं तथा धार्मिक पर्यटन को नई गति देगा । इस ट्रेन से डोंगरगढ़ से राजनांदगांव, जबलपुर, दुर्ग, भिलाई, रायपुर, गोंदिया एवं नागपुर जैसे महत्वपूर्ण नगरों की यात्रा और भी सरल व सुलभ हो जाएगी। अध्यक्ष जसमीत सिंह बन्नोवाना ने इस महत्वपूर्ण उपलब्धि हेतु प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह एवं प्रभारी मंत्री विजय शर्मा, सांसद संतोष पांडे, पूर्व सांसद मधुसूदन यादव, अभिषेक सिंह, पूर्व विधायक रामजी भारती, विनोद खांडेकर, भाजपा जिला अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया है। अध्यक्ष जसमीत सिंह ने कहा कि यह डोंगरगढ़ की जनता की वर्षों पुरानी मांग थी, जिसे हमने संकल्प के रूप में लिया और निरंतर प्रयास करते रहे। यह केवल एक रेलवे स्टॉपेज नहीं, बल्कि डोंगरगढ़ की धार्मिक, सांस्कृतिक एवं आर्थिक पहचान को राष्ट्रीय स्तर पर नई ऊंचाई व प्रगति देने वाला निर्णय है।

## महिला को विषैले सांप ने डसा, हालत गंभीर



**खैरागढ़** ,5 अगस्त (देशबन्धु)। खैरागढ़ ब्लॉक के ग्राम रीवागहन की 40 वर्षीय महिला सुनीता पति मुकेश चंदेल मंगलवार की शाम अपने खेत में काम कर रही थीं, तभी अचानक एक विषैले सांप ने उनके पैर में डंस मार दिया। घटना करीब शाम 4 बजे की है। सांप के डसते ही महिला की तबीयत बिगड़ने लगी और वे बेहोश होकर गिर पड़ीं। परिजन तत्काल निजी वाहन से उन्हें खैरागढ़ सिविल अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। घटना के बाद परिजनों और ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। ग्रामीणों का कहना है कि हाल के दिनों में खेतों के आसपास झाड़ियों और सांपों की संख्या बढ़ने से खतरा बढ़ गया है।

# छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी समाज की महिलाओं ने मनाया हरेली उत्सव

**कुम्हारी,**5 अगस्त (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी समाज महिला नगर इकाई द्वारा वार्ड क्र. 3 कुर्मी भवन में हरेली उत्सव एवं डॉ. खूबचंद बघेल की 125 वीं जयंती बड़े ही उत्साह के साथ मनाई गई। उक्त आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में दुर्गराज के राजप्रधान ईश्वरी वर्मा उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुम्हारी नगरपालिकाध्यक्ष श्रीमती मीना वर्मा ने की। विशिष्ट अतिथि समाज के नवनियुक्त अध्यक्ष मनोज वर्मा थे। मुख्य अतिथि ईश्वरी वर्मा ने अपने सम्बोधन में डॉ. खूबचंद बघेल की जीवनी से सम्बंधित जानकारी समाज के लोगों को सविस्तार पूर्वक दी। मीना वर्मा ने समाज स्वजातियों को हरेली उत्सव की शुभकामनाएं एवं बधाई दी। वरिष्ठ भाजपा नेता व अध्यक्ष मनोज वर्मा ने समाज के क्रियाकलापों की संपूर्ण जानकारी देते हुए कहा कि समाज के अनेक महापुरुषों ने अपना श्रेष्ठ योगदान देकर समाज की प्रतिष्ठा को बढ़ाया है। उनका स्मरण करते हुए सतत आगे बढ़ने तथा परस्पर सहयोग से सामाजिक सुदृढ़ता को बनाए रखते हुए एकजुट होकर आगे बढ़ें। आयोजन में समाज के बच्चों, युवाओं तथा महिलाओं ने अनेक कार्यक्रम में भाग लिया जिसमें विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर समाज के मुख्य रूप से विजय वर्मा, गोविन्द बघेल, अनुज वर्मा, दिनेश वर्मा, नगर महिला अध्यक्षा योगिता वर्मा, वीणा वर्मा, नंदिनी वर्मा, पुष्पा वर्मा, गोंदा वर्मा, गंगा वर्मा, राधा वर्मा, रेवती वर्मा, सरिता बिजौरा, रिंकू वर्मा, कीर्ति वर्मा, चित्रलेखा वर्मा, दीपक वर्मा, गोकुल वर्मा, उर्वशी वर्मा एवं शांति वर्मा सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित रहे।



# विधायक ईश्वर साहू एवं कांवड़ यात्रियों ने किया भोलेनाथ का जलाभिषेक

**देवकर,**5 अगस्त (देशबन्धु)। शिव भक्ति लीन आस्था ओर विश्वास की 18 किलोमीटर कांवड़ यात्रा हुई पुरी विधायक ईश्वर साहू एवं कांवड़ यात्रियों ने किया भोलेनाथ का जलाभिषेक भगवामय हुआ .सहसपुर परपोडीं मंडल नगर पंचायत देवकर में मंडल अध्यक्ष नारद वर्मा जी के नेतृत्व में किया गया. 4 अगस्त को मां महामाया मंदिर प्रांगण साजा से साजा विधायक ईश्वर साहू और उनके साथ 300 से अधिक कांवड़ियों ने मां महामाया मंदिर प्रांगण साजा से सहसपुर भोलेनाथ जी मंदिर तक 18 किलोमीटर की यात्रा शुरू की जो 4 अगस्त को सहसपुर भोलेनाथ जी की मंदिर में पूजा - अर्चना और जलाभिषेक के साथ पूर्ण हुई। छत्तीसगढ़ वासियों की कामना हेतु यह कांवड़ यात्रा साजा विधायक ईश्वर साहू जी के नेतृत्व में शुरू की गई। जो सड़क मार्ग होते हुए,तेंन्दुभाटा ,मोहभाटा , मोहगांव,भेजे पारा , अकलवार नगर पंचायत देवकर ओर नोकेशा और सहसपुर मंदिर भोलेनाथ जी के शिवजी के जलाभिषेक के साथ पूरी हुई।इस दौरान नगर पंचायत देवकर में हजारों की संख्या में शिवभक्तों, सामाजिक व हिन्दू संगठनों, भाजपा के पदाधिकारी, कार्यकर्ताओ ,नगर पंचायत देवकर विधायक प्रतिनिधि अजय अग्रवाल जी ने साजा विधायक महोदय ईश्वर साहू जी को खुमरी पहनकर और भव्य स्वागत किया ,और पुष्प वर्षा,ढोल - बाजों ,डी जे ,सुवा नेतृ ,करके उनका भव्य स्वागत किया।हर हर महादेव और बोल बम के नारों के साथ पूरा नगर देवकर शिव भक्ति में लीन और भगवामय हो गया।इस दौरान सहसपुर मंदिर में लगभग 2000 से अधिक शिवभक्तों ने मंदिर आगमन पर उनका भव्य स्वागत किया,डी जे और भक्तिमय गीतों, पुष्प वर्षा से विधायक ईश्वर साहू और उनके साथ पधारे कांवड़ यात्रियों का सभी ने अभिनंदन किया। यह पहला अवसर होगा।जब सहसपुर मंदिर में श्रद्धालुओं की इतनी भीड़ पहुंची जहां लोगों ने



खुले दिल से विधायक ईश्वर साहू जी और उनके साथ कदम मिलाकर चलने वाले कांवड़ियों की साजा से सहसपुर मंदिर तक कांवड़ यात्रा की प्रशंसा की।इस अवसर पर जनपद पंचायत साजा उपाध्यक्ष एवं परपोडीं मंडल अध्यक्ष नारद वर्मा, पूर्व नगर पंचायत साजा हरिशंकर टावरी , किसान मोर्चा सदस्य मूलचंद शर्मा, वरिष्ठ भाजपा नेता चंद्रोशेखर साहू, विधायक प्रतिनिधि अजय अग्रवाल,परपोडीं मंडल महिला मोर्चा अध्यक्ष सुश्री विनीता अग्रवाल दीदी, सेवा सहकारी समिति मर्यादित देवकर अध्यक्ष बुधारु साहू, पार्षद गण, रविशंकर सोनी, सुरेश सिन्हा,माखन निषाद,देवेश गुप्ता,धनी राम देवांगन, श्रीमती वर्षा साहू , श्रीमती पुष्पा साहू, श्रीमती सलमा बी , पूर्व नगर पंचायत देवकर अध्यक्ष चिंता पटेल, वरिष्ठ भाजपा नेता मुन्नू चक्रधारी, मीडिया विभाग सह प्रभारी राकेश पाण्डेय, त्रिभुवन साहू, ब्रंद्री सिन्हा,गोल्डी साहू, संतोष निषाद,,अवध राम साहू, प्रवीण साहू ,लवकुश साहू, दिनेश यादव, धमेंद्र पटेल,छकलू साहू,दीपक सिन्हा,सौरभ सपहा,प्रेमी यादव ,प्रकाश सोनी,संजू साहू अर्जुन सिन्हा,कल्लू सिन्हा, नकुल सिन्हा एवं वरिष्ठ भाजपा नेता,पदाधिकारी, कार्यकर्ताओ गण उपस्थित थे।

# 'शीतल कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला छुईखदान की जनभागीदारी समिति का अध्यक्ष नियुक्त'

छुईखदान ,5 अगस्त (देशबन्धु)।नगर की मुख्य कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला छुईखदान की जनभागीदारी समिति अध्यक्ष की जिम्मेदारी शीतल नवनीत जैन को सौंपी गई है। वे लगातार शिक्षा , समाजसेवा , महिला स्वालंबन, और मोटिवेशनल स्पीकर के रूप नगर और समाज में लगातार काम करते आ रही है । उनके इस मनोनयन पर नगर में हर्ष का वातावरण है और यह नियुक्ति क्षेत्र की बालिका शिक्षा के लिए एक सशक्त कदम माना जा रहा है। शीतल नवनीत जैन बतौर ट्यूटोरियल शिक्षिका और समाज सेविका महिला सशक्तिकरण और सामाजिक जागरूकता के क्षेत्र में लगातार सक्रिय भूमिका निभा रही हैं। उनकी योग्यता को देखते हुए शासन-प्रशासन एवं संगठन ने यह महती जिम्मेदारी उन्हें सौंपी है।अपने मनोनयन पर उन्होंने छत्तीसगढ़ राज्य के मुख्यमंत्री माननीय विष्णु देव साय, विधानसभा अध्यक्ष आदरणीय डॉ. रमन सिंह, प्रभारी मंत्री लखन देवांगन, सांसद संतोष पांडे, सैड़ो विधायक विक्रांत सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष बिसेसर साहू, सहित पूरे जिला एवं मंडल के समस्त वरिष्ठ पदाधिकारियों और भाजपा परिवार के प्रति आभार व्यक्त किया।



उन्होंने कहा "मैं इस दायित्व के माध्यम से शासकीय कन्या शाला में पढ़ने वाली छुईखदान नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र की बेटियों के शैक्षणिक विकास, संसाधन वृद्धि और शिक्षा नीतियों के बेहतर क्रियान्वयन के लिए पूरी निष्ठा के साथ कार्य करूंगी। यह जिम्मेदारी मेरे लिए केवल पद नहीं, सेवा का माध्यम है स्कूल हर की बालिका को बेहतर शिक्षित और मजबूत बनाना है ।"

स्थानीय अभिभावकों, शिक्षकों एवं समाज के प्रबुद्धजनों को विश्वास है कि शीतल जैन के नेतृत्व में न केवल शाला का शैक्षणिक स्तर और अधिक सुदृढ़ होगा, बल्कि राज्य सरकार की बालिका शिक्षा विकास नीतियों का बेहतर क्रियान्वयन भी संभव हो सकेगा।

## निधन

### श्रीमती इन्द्राणी गुप्ता




पिथौरा, 5 अगस्त (देशबन्धु)। आरंग( बैहार) निवासी श्री मनमोहन गुप्ता की धर्मपत्नी श्रीमती इन्द्राणी गुप्ता की आज आकस्मिक निधन हो गया। अंतिम संस्कार कल दिनांक 06/08/25 दिन बुधवार को बैहार के मुक्तिधाम मे सुबह 10 बजे होगा। वह रामकुमार गुप्ता (पत्रकार ) नंदकुमार गुप्ता के भाभी थी तथा मनीष गुप्ता व दुर्गेश गुप्ता के माँ थी।

### डॉ. संजय वर्मा

**बलौदाबाजार**, 5 अगस्त (देशबन्धु)। ग्राम गैतरा निवासी डॉक्टर संजय वर्मा का गत दिवस निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा में श्रद्धांजलि देने काफी लोग शामिल हुए। वे झड्डुवा वर्मा गोटिया के मंझला पुत्र एवं महेंद्र, नरेंद्र वर्मा के भाई थें। डॉ. संजय वर्मा के निधन होने पर गावों में शोक व्याप्त है।

### गिरधर पटेल

थानखम्हरिया, 5 अगस्त। समीपस्थ ग्राम तोरन निवासी गिरधर पटेल ( 68 वर्ष ) का 4 अगस्त को दुखद निधन हो गया अंत्येष्टि गॉव के मुक्तिधाम में की गयी। सहज, सरल, धार्मिक प्रवृत्ति के गिरधर पटेल विद्युत विभाग के सेवानिवृत्त कर्मचारी थे। वे बंधुराम पटेल, थानेश्वर पटेल के अनुज तथा गिरीश पटेल के पिता थे। नगर तथा तोरन के प्रबुद्ध नागरिकों ने शोक संवेदना व्यक्त की है।



## प्रादेशिकी का शेष...

**गंजपारा दुर्गा उत्सव समिति...**

नितिन रुंगटा, अमित बंछोर, आशीष सेक्सरीया। सह सचिव. ऋषि साहू, राहुल साहू, मनोज सिन्हा, पंकज यादव, आदित्य शर्मा, हर्षद पारख, आलेख दुबे एवं कार्यकारणी सदस्य में सौरभ पंड्या, जितेंद्र जैन, विकास गुप्ता, कृष्ण यादव, राकेश चक्रधारी, को जिम्मेदारी सौंपी गई । श्री गंजपार दुर्गा उत्सव समिति विभिन्न आयोजन करने जा रही है जिस पर विस्तृत चर्चा की गई एवं आम समिति से कार्यक्रम तय किया गया है । बैठक में खंडेलवाल समाज के वरिष्ठ सदस्य ब्रजमोहन खंडेलवाल एवं संजय खंडेलवाल द्वारा समिति के संरक्षक एवं राधाकृष्ण मंदिर समिति महेश कालोनी के संरक्षक चतुर्भुज राठी का दुर्ग सहित राजनांदगांव में राम रसोई के सफल संचालन निमित्त सम्मान किया गया ।बैठक समापन पूर्व समिति के सदस्यों द्वारा पद्मश्री सुरेन्द्र दुबे सहित समिति के दिवंगत सदस्यों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। बैठक का संचालन मनोज शर्मा आभार प्रदर्शन रवि पडियार ने किया ।

**प्री इंजीनियरिंग एवं प्रीमेडिकल ...**

विकास कार्यालय (कलेक्ट्रेट परिसर) में अपने आवेदन पत्र जमा कर सकते हैं। आवेदन पत्र का प्रारूप, पात्रता की शर्तें, परीक्षा केंद्र, चयन प्रक्रिया एवं परीक्षा परिणाम से संबंधित समस्त जानकारी विभाग की वेबसाईट पर उपलब्ध है, जिसे अभ्यर्थी डाउनलोड कर सकते हैं।

**जीव को सद्गति की ओर...**

संबोधित करते हुए साध्वी लक्ष्ययशा मसा ने कहा कि जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए सात सोपान है। समय का सदुपयोग, सकारात्मक सोच, सदैव हंसते रहना, दूसरों की सही प्रशंसा करना (प्रोत्साहन देना), दूसरों की बाते ध्यान से सुनना (विनम्रता से सुनना), बिना शर्त के प्रेम करना और दूसरे को बिना शर्त के भूलों के लिए क्षमा करना । आत्मा ही आत्मा का मित्र है, शरीर धर्म आराधना का साधन है। जीवन में धर्म की परिणति के लिए सतत् जागृति की आवश्यकता है । जागृत रहने का नाम जीवन है, सोये रहना मृत्यु है । जीवन कितनी लम्बी है यह महत्वपूर्ण नहीं है बल्कि जीवन कैसा है यह महत्वपूर्ण है। श्रावण सुदी 12 को प्रवर्तिनी वंदना : तीर्थ के परोपकारी, तीर्थोद्धार जीर्णोद्धार यात्रा के प्रेरक सम्बल, अनेकों तीर्थों के सृजन में, अनेको भक्तों के जीवन को धर्म से ओतप्रोत करने वाली महान साध्वी रत्ना श्री वाचंयमा पूज्य बेन मसा के 88 वें जन्म दिवस पर शासनरत्ना. प्रवर्तिनी वंदना कार्यक्रम 6 अगस्त को सुबह आयोजित है।

**खेल एवं खिलाड़ियों के ...**

पैदा करने के उद्देश्य प्रतिवर्ष कराया जाता है, ये ऑनलाइन परीक्षा आगामी 14 सितंबर को होनी है, उसके लिए क्रीड़ा भारती से जुड़े सभी सदस्य स्कूल और कॉलेज में विशेष रूप से संपर्क कर अधिक से अधिक विद्यार्थियों को क्रीड़ा ज्ञान प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करें । वर्ष 2036 के ओलंपिक में कबड्डी को शामिल करने के लिए देशभर में प्रमुखता से कबड्डी का आयोजन क्रीड़ा भारती ने अपने हाथ में लिया है। क्रीड़ा भारती समस्त प्रकार के खेलों के खिलाड़ियों के लिए काम करती है किंतु भारतीय परिवेश के खेलों को बढ़ावा देना हमारी प्राथमिकता है। क्रीड़ा भारती के प्रांत अध्यक्ष और बॉडी बिल्डिंग के राष्ट्रीय निर्णायक संजय शर्मा ने क्री ?ा भारती के कार्यों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि 1992 से निरंतर संगठन कार्य कर रहा है। क्रीड़ा भारती के माध्यम से जीजा माता सम्मान देने जैसे आयोजन करके खिलाड़ियों की माता का सम्मान करने जैसे कार्यक्रम भी लगातार होते हैं। प्रान्त मंत्री सुमित उपाध्याय, प्रान्त संगठन मंत्री कौशलेंद्र पटेल, विभाग संयोजक विनोद नायर मंचस्थ रहे। कार्यक्रम का संचालन बालक दास डाहरे ने किया। बैठक में उपस्थित जनों में अंतरराष्ट्रीय बैडमिंटन खिलाड़ी संगीता राजगोपालन असिस्टेंट डायरेक्टर खेल कल्पना स्वामी, विभाग सह संयोजक डॉ सुनील साहू, राजेन्द्र पाध्ये, उपाध्यक्ष आरती शुक्ला, जिला मंत्री महेश यादव, वॉलीबॉल कोच पूनम मिश्रा, पीटीआई संध्या दुबे, किशन कुमार साहू, उत्तम कुमार बौद्ध, हितेश कुमार साहू, एथलेटिक्स महावीर सपहा, सुरेश कुमार कोसरिया, मीना साहू, नितेश सिंह, विशालदीप नायर, प्रमोद वाघ, एम वेणुगोपाल राव, रमेश कुमार दुबे, डोमेन्द्र निषाद, रामगोपाल यादव, दुष्यंत देशलहरे शामिल रहे।

# स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारी जोरों पर, अधिकारियों की जिम्मेदारियां तय, कलेक्टर ने दिए सख्त निर्देश

**बेमेतरा** ,5 अगस्त (देशबन्धु)। स्वतंत्रता दिवस 2025 को गरिमामयी, प्रेरणादायक और सुव्यवस्थित ढंग से मनाने के उद्देश्य से कलेक्टर श्री रणबीर शर्मा की अध्यक्षता में आज कलेक्टोरेट के दिशा सभाकक्ष में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में 15 अगस्त की सभी तैयारियों, रजत जयंती वर्ष आयोजन, जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति और प्रशासनिक दायित्वों की समीक्षा की गई। कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देश दिए कि स्वतंत्रता दिवस के पूर्व एक शाम शहीदों के नाम कार्यक्रम को प्रभावशाली और जनभागीदारी से भरपूर बनाया जाए, ताकि नागरिकों विशेषकर युवाओं में देशभक्ति की भावना प्रबल हो। 13 अगस्त को अंतिम रिहर्सल एवं 14 अगस्त को



सांस्कृतिक और देशभक्ति कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। 14 और 15 अगस्त की रात सभी शासकीय कार्यालयों में प्रकाश की व्यवस्था अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के रजत जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में 15 अगस्त 2025 से 6 फरवरी 2026 तक प्रस्तावित कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की गई। यह आयोजन दो चरणों में होगा ङ्क पहला चरण 15 अगस्त से 31 अक्टूबर तक और दूसरा 1 नवम्बर से 6 फरवरी 2026 तक। सभी विभागों को निर्देशित किया गया है कि वे साप्ताहिक कार्यक्रमों की कार्ययोजना तैयार करें और उनमें जनसहभागिता व लोकहित की गतिविधियों को प्रमुखता दें। साथ ही हर घर तिरंगा अभियान को उत्साहपूर्वक, व्यापक स्तर पर और सामाजिक समरसता के साथ संपन्न कराने के निर्देश दिए गए। स्कूलों, पंचायतों, नगरीय निकायों, और सरकारी संस्थानों में झंडावंदन के साथ रैलियों और जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने को कहा गया।

बैठक में सुशासन तिहार के तहत प्राप्त आवेदनों के त्वरित निराकरण की समीक्षा की गई। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना अंतर्गत पात्र कृषकों को समय पर लाभ पहुंचाने और कृषक पंजीयन में आ रही समस्याओं के समाधान हेतु कृषि विभाग को विशेष दिशा-निर्देश दिए गए। पीएम मातृत्व वंदना योजना और वय वंदन योजना की भी विस्तार से समीक्षा करते हुए हितग्राहियों को समयबद्ध लाभ वितरण के निर्देश दिए गए। कलेक्टर शर्मा ने जिले के समस्त शासकीय कार्यालयों में 9 अगस्त से 15 अगस्त 2025 तक वृक्षारोपण अभियान चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक कार्यालय, विद्यालय, पंचायत भवन एवं सार्वजनिक स्थल में अधिकाधिक पौधे रोपित कर पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा दिया जाए।

## विधायक दीपेश साहू की पहल

# श्रीराम एकेडमी में एमएलए फेलोशिप कार्यक्रम का शुभारंभ

- प्रतिभाशाली छात्रों को मिलेगा एक लाख रुपये तक का पुरस्कार,
- दो सौ छात्रों को मिलेगा विधानसभा भ्रमण का अवसर



**बेमेतरा,** 5 अगस्त (देशबन्धु)। बेमेतरा विधायक दीपेश साहू ने शिक्षा के क्षेत्र में एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए विधायक फेलोशिप कार्यक्रम ङ्ग सपनों की उड़ान का शुभारंभ किया। यह आयोजन श्रीराम एकेडमी, बेमेतरा में हुआ, जिसमें जिलेभर से आए सैकड़ों छात्र-छात्राएं, प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के प्रतिनिधि तथा गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत विधायक दीपेश साहू ने प्रोजेक्टर के माध्यम से रिमोट दबाकर की। मंच पर उपस्थित सभी अतिथियों का गुलाब फूल भेंट कर स्वागत किया गया। श्री साहू ने प्रथम पंजीयन फॉर्म भरवाकर कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत की ।इस फेलोशिप कार्यक्रम के तहत चयनित प्रतिभागियों को प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर एक लाख रुपये का पुरस्कार मिलेगा। द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले को 51 हजार रुपये, तृतीय स्थान वाले को 31 हजार रुपये दिए जाएंगे। प्रथम दस स्थान प्राप्त करने वाले सभी प्रतिभागियों को 5,100 रुपये का प्रोत्साहन मिलेगा।शीर्ष एक सौ प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र और शील्ड प्रदान की जाएगी। शीर्ष दो सौ प्रतिभागियों को छत्तीसगढ़ विधानसभा का शैक्षणिक भ्रमण कराया जाएगा। पंजीयन प्रक्रिया 11 अगस्त से शुरू होकर 30 अगस्त तक चलेगी।

विधायक दीपेश साहू ने अपने संबोधन में कहा कि बेमेतरा के बच्चों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है, उन्हें केवल उचित मार्गदर्शन और अवसर की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि उन्होंने स्वयं शिक्षक के रूप में अपने जीवन की शुरुआत की थी, इसलिए शिक्षा का महत्व भली-भांति जानते हैं। इसी सोच के साथ इस फेलोशिप कार्यक्रम की शुरुआत की गई है, ताकि आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के छात्र भी आत्मविश्वास के साथ प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर सकें। उन्होंने आगे कहा कि श्रीराम एकेडमी के माध्यम से पहले से ही निशुल्क कोचिंग दी जा रही है, जिसका सकारात्मक परिणाम सुंदरलाल शर्मा विश्वविद्यालय की परीक्षाओं में देखने को मिला है। अब यह फेलोशिप कार्यक्रम छात्रों को नई ऊर्जा और लक्ष्य प्रदान करेगा। मेरा सपना है कि हर गांव से एक भारतीय प्रशासनिक सेवा या भारतीय पुलिस सेवा का अधिकारी निकले, और यह तभी संभव होगा जब हम शिक्षा को प्राथमिकता दें। इसी सोच के साथ मैं स्वयं छात्रों का नामांकन कर रहा हूं।

**पत्रकारों ने व्यक्त किए अपने विचार-** कार्यक्रम में उपस्थित वरिष्ठ पत्रकारों ने इस पहल की सराहना की। सिटी प्रेस क्लब के अध्यक्ष दिनेश दुबे ने कहा कि विधायक दीपेश साहू ने युवाओं की भावनाओं को समझते हुए एक ऐतिहासिक और सकारात्मक कदम उठाया है। मात्र नौ माह में श्रीराम एकेडमी के दो छात्रों ने राज्य स्तर पर स्थान प्राप्त कर कोचिंग की गुणवत्ता को सिद्ध किया है। श्रमजीवी पत्रकार संघ के अध्यक्ष जितेंद्र शुक्ला ने कहा कि श्रीराम एकेडमी केवल एक कोचिंग सेंटर नहीं, बल्कि शिक्षा का मंदिर है। वरिष्ठ पत्रकार किशोर तिवारी ने कहा कि छात्रों की सफलता इस बात का प्रमाण है कि कोचिंग और विधायक साहू का मार्गदर्शन सही दिशा में है। वरिष्ठ पत्रकार अमीन पप्पू रवानी ने कहा कि प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए श्रीराम एकेडमी अब एक भरोसेमंद नाम बन चुका है। यह योजना गरीब और मध्यमवर्गीय छात्रों को बड़ा मंच दे रही है। वरिष्ठ पत्रकार योगेश सिंह राजपूत ने कहा कि सपना वह नहीं जो सोते समय देखा जाए, बल्कि सपना वह है जो जागकर पूरा किया जाए।

विधायक साहू ने वही सपना साकार करने की दिशा में ठोस कदम उठाया है। वे केवल जनप्रतिनिधि नहीं, बल्कि दूरदर्शी सोच के प्रतीक हैं। कार्यक्रम का संचालन मनीष वर्मा द्वारा किया गया।

इस अवसर पर सिटी प्रेस क्लब के अध्यक्ष दिनेश दुबे, श्रमजीवी पत्रकार संघ के अध्यक्ष जितेंद्र शुक्ला, वरिष्ठ पत्रकार किशोर तिवारी, अमीन पप्पू रवानी, योगेश सिंह राजपूत, कोमल सिंह राजपूत, भूपेंद्र साहू, योगिता साहू, अरुण कुमार, अरुण पुरैना, ईश्वर सिंह राजपूत, सुफल मानिकपुरी, योगेश राजपूत, ममता ग्वालवंशी, उमाशंकर दिवाकर, सुरेंद्र मैड़ी धिवर, मोहन पटेल, युवराज पटेल, परमेश्वर यादव, हिमाचल शर्मा, लाल सिंह ठाकुर, अजीत सिंह राजपूत, ताम्रध्वज साहू, भारत चतुर्वेदी, तोमेश्वर खरे, ओमकार सियान तथा श्रीराम एकेडमी के शिक्षक वाई डी साहू, दिलीप मंथन, भूषण साहू, लिकेश साहू, स्मिता सिंह, पम्पी साहू, मनीष वर्मा, मोहित निषाद, गोपी निषाद सहित सैकड़ों छात्र-छात्राएं एवं शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

# जिला परिवहन कार्यालय परिसर में किया गया वृक्षारोपण, फलदार व छायादार पौधों का किया गया रोपण

**बालोद,** 5 अगस्त (देशबन्धु)। मंगलवार को जिला परिवहन कार्यालय परिसर बालोद में एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत जिला परिवहन अधिकारी प्रकाश रावटे के मार्गदर्शन में वृहद वृक्षारोपण किया गया जंहा नीम, कदम, करंज, पीपल, शीसम, अर्जुन, गुलमोहर जैसे छायादार व आम, अमरूद, सेब, कटहन, बेल, जामुन, शहतूत, नारियल, जैसे फलदार एवं कार्यालय परिसर में सुंदरता लाने अशोक व अन्य पोधों का रोपण किया गया।



सभी पौधों को खाद व पानी देकर सुरक्षा हेतु घेराबंदी भी किया गया। इस वृक्षारोपण में जन समृद्धि सेवा संस्थान बालोद ने भी अपनी विशेष सहभागिता निभाई।

जिला परिवहन अधिकारी प्रकाश रावटे ने बताया कि एक पेड़ माँ के नाम एक प्रयास है जो हमारी मातृभूमि और प्रकृति के प्रति हमारे सम्मान और समर्पण को दर्शाता है। इस अभियान का उद्देश्य माँ के नाम पर एक पेड़ लगाना और एक स्थायी स्मृति बनाना है जो न केवल पर्यावरण की रक्षा करेगा बल्कि एक हरे और अधिक समृद्ध भविष्य के निर्माण में भी योगदान देगा। माँ और प्रकृति दोनों ही जीवन का मूल आधार हैं और इस पहल के माध्यम से हम अपनी जिम्मेदारी निभा रहे हैं। पेड़ के बिना जीवन असंभव है। पेड़ पृथ्वी की अनमोल संपदा है। इन पौधों का रोपण कर हमें भूलना नही है बल्कि इसकी सुरक्षा व समुचित देखभाल भी करना है जो हम सबकी जिम्मेदारी है। पेड़ के बिना जीवन असंभव है। पेड़ पृथ्वी की अनमोल संपदा है इस लिए एक अविस्मरणीय स्मृति बनाने के लिए सभी को एक पेड़ अवश्य लगाना चाहिए। उक्त वृक्षारोपण कार्यक्रम में विशेष रूप से जिला परिवहन अधिकारी प्रकाश रावटे, जयप्रकाश साहू, रवि ठाकुर रमाकांत ठाकुर, सुमन देशलहरे, सूश्मा जायसवाल, तारेश हिरवानी, तुकेश हिरवानी मनीष तिवारी चंद्रशेखर साहू, परिवहन सुविधा केन्द्र के संचालक मनीष साहू, इमरान खान, होमेन्द्र गंजीर, लक्की चांडक, इकेश्वर पटेल, विजय साहू जन समृद्धि सेवा संस्थान बालोद से लता गंजीर, कविता सन्याल, अंकिता सन्याल आदि उपस्थित रहे। उक्त वृक्षारोपण कार्यक्रम में सहभागिता व सहयोग के लिए जयप्रकाश साहू सर ने सभी को बधाई दिए और आभार व्यक्त किया।

# त्योहारी सीजन में मिलावटखोरी पर सख्ती

**बेमेतरा,** 5 अगस्त (देशबन्धु)। रक्षाबंधन एवं आगामी त्योहारी सीजन को ध्यान में रखते हुए खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिले में मिलावटखोरी और खराब खाद्य सामग्री पर कड़ी निगरानी शुरू कर दी गई है।



राज्य शासन नियंत्रक, खाद्य एवं औषधि प्रशासन छत्तीसगढ़ तथा जिला कलेक्टर श्री रणबीर शर्मा के निर्देशानुसार एवं अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बेरला के मार्गदर्शन में जिले में च्बने खाबों बने रहिबोंज्ज अभियान का शुभारंभ 4 अगस्त 2025 से किया गया है। इस अभियान के तहत चलित खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला के माध्यम से बेरला विकासखंड के विभिन्न क्षेत्रों में खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया। इस विशेष जांच अभियान के दौरान मिठाई दुकान, रेस्टोरेंट, ढाबा, होटल, गुपचुप सेंटर आदि प्रतिष्ठानों से कुल 68 खाद्य नमूने संकलित किए गए। प्रारंभिक परीक्षण में से 6 खाद्य नमूने अवमानक पाए गए, जिन्हें मौके पर ही नष्ट कर दिया गया।

जिन प्रतिष्ठानों से अवमानक नमूने मिले- बीकानेर स्वीट्स - कलाकंद, काजू कतली, वासु होटल एण्ड रेस्टोरेंट - कुंदा, मिल्क केक, श्री कैफे एण्ड रेस्टोरेंट - दोसा मसाला, न्यू देवांगन भोजनालय -कुक्ड राइस

इन प्रतिष्ठानों से लिए गए नमूनों को आगे परीक्षण के लिए खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजा गया है। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद दोषियों के विरुद्ध खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अंतर्गत सख्त कार्रवाई की जाएगी।

निरीक्षण के दौरान खाद्य प्रतिष्ठानों को निम्नलिखित निर्देश दिए गए जिसमे अखबारी कागज का उपयोग न करें, बासी या खराब खाद्य पदार्थ न परोसें, वेज और नॉनवेज वस्तुओं को अलग-अलग कंटेनरों में रखें, मिठाइयों में केवल स्नस्स्ढ्ढ से अनुमोदित खाद्य रंग का उपयोग करें, खाद्य निर्माण में प्रयुक्त कच्चे माल की गुणवत्ता, भंडारण, हैंडलिंग और बिक्री तक स्वच्छता का विशेष ध्यान रखें, कार्यस्थल की सफाई और खाद्य कर्मियों की व्यक्तिगत स्वच्छता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा यह भी स्पष्ट किया गया कि आने वाले दिनों में यह अभियान जिले के अन्य ब्लॉकों में भी जारी रहेगा। यह सुनिश्चित किया जाएगा कि जिलेवासियों को त्योहारी सीजन में शुद्ध, गुणवत्तायुक्त और सुरक्षित खाद्य सामग्री उपलब्ध हो।

## सावन मेला महोत्सव

# श्रद्धा, संस्कृति और समाज का अद्भुत संगम बना भिंभौरी का वृंदावन

**बेमेतरा,** 5 अगस्त (देशबन्धु)। नगर पंचायत भिंभौरी के वृंदावन चौक में आयोजित शिव शक्ति युवा सावन मेला महोत्सव 2025 भक्ति, संस्कृति और जनसहभागिता का जीवंत उदाहरण बन गया। इस आयोजन में श्रद्धालुओं और नागरिकों का भारी जनसैलाब उमड़ा।



इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष बेमेतरा श्रीमती कल्पना योगेश तिवारी विशेष रूप से उपस्थित रहीं। उन्होंने आयोजन समिति एवं नगरवासियों के आमंत्रण पर पहुंचकर आयोजन की गरिमा को और बढ़ाया। उन्होंने इस सांस्कृतिक महोत्सव को छत्तीसगढ़ की लोकआस्था और सामाजिक एकता का प्रतीक बताया।

श्रीमती कल्पना योगेश तिवारी ने कहा च्भक्ति और लोकसंस्कृति से जुड़े ऐसे आयोजन हमारी सांस्कृतिक विरासत को जीवित रखते हैं। सावन महोत्सव न केवल धार्मिक आस्था का पर्व है, बल्कि यह सामाजिक समरसता और लोक परंपराओं को भी सहेजता है। मैं आयोजन समिति और समस्त भिंभौरी वासियों को हार्दिक बधाई देती हूं।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से उपस्थित नगर पंचायत भिंभौरी अध्यक्ष श्री संदीप परगनिहा, उपाध्यक्ष श्रीमती पुष्पा साहू, पार्षदगण एवं सैकड़ों की संख्या में ग्रामीणजन।

अन्य विशिष्ट अतिथियों में संतोष पाटिल, प्रवीण पाटिल, भोजेन लखन, चक्रधारी पाटिल, सोमेश पाटिल, यशवंत वर्मा, जितेंद्र पाटिल, रमेश पाटिल, जीतू साहू, ग्राम सभा अध्यक्ष अमर साहू सहित कई गणमान्य नागरिक शामिल रहे।

कार्यक्रम में शिव भक्तों द्वारा भक्ति गीत, झांकियां, धार्मिक नृत्य और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने आयोजन को अविस्मरणीय बना दिया। हर-हर महादेव! बोल बम!

# हत्या की नियत से वाहन चढ़ाने वाला आरोपी गिरफ्तार

## घटना में प्रयुक्त वाहन को भी किया गया जप्त

**बेमेतरा,** 5 अगस्त (देशबन्धु)। 24 जून को प्रार्थी विकास तिवारी पिता रामाश्रय शर्मा उम्र 32 वर्ष, ग्राम मटका थाना व जिला बेमेतरा द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि ग्राम मटका में तिवारी धर्मकांटा एवं ट्रेडर्स का संचालक है। दिनांक 11.06.2025 को सुबह लगभग 09-25 बजे जब वह अपने धर्मकांटा में उपस्थित था, उसी समय उसके पिताजी रामाश्रय शर्मा बोर चालू करने पीछे गए थे। अचानक झगड़े की आवाज सुनकर जब वह मौके पर पहुंचा, तो देखा कि पड़ोसी सुरेन्द्र जाट उसके पिताजी के साथ विवाद कर रहा था। बीच-बचाव करने के पश्चात जब वह अपने पिताजी को लेकर धर्मकांटा के पीछे आया, तभी सुरेन्द्र कुमार जाट ने हत्या की नीयत से अपनी कार क्रमांक ष्टत्र 04 स्रक्क-5551 को चलाते हुए इसके उपर के ऊपर वाहन चढ़ा दिया, जिससे वह गिर गया। इसके बाद सुरेन्द्र कुमार जाट ने वाहन को रिवर्स करते हुए पुन: उसके ऊपर चढ़ाने का प्रयास किया। इस हमले में इसके उपर (विकास) को सीने, पेट, बाएं पैर की जांघ और शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आईं। घायल अवस्था में प्रार्थी को प्राथमिक उपचार हेतु जिला अस्पताल बेमेतरा ले जाया गया, जहाँ से उन्हें सेक्टर 9 अस्पताल भिलाई रिफर किया गया। वहां दिनांक 11.06.2025 से 16.06.2025 तक भर्ती रहकर इलाज कराया गया। इस रिपोर्ट पर थाना बेमेतरा में धारा 109 भारतीय न्याय संहिता (क्चहृस्) के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।



घटना की जानकारी वरिष्ठ अधिकारियों को दी गई, जिस पर मामले की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री रामकृष्ण साहू (भा.पु.से.) के निर्देशानुसार, अति. पुलिस अधीक्षक श्रीमती ज्योति सिंह एवं एसडीओपी बेमेतरा श्री मनोज तिर्की के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी सिटी कोतवाली बेमेतरा उप निरीक्षक मयंक मिश्रा के साथ थाना स्टाफ द्वारा विवेचना कार्य प्रारंभ की गई।

विवेचना के दौरान आरोपी सुरेन्द्र कुमार जाट, उम्र 33 वर्ष, निवासी मटका, थाना बेमेतरा, से पूछताछ की गई, जिसमें उसने अपराध करना स्वीकार किया। घटना में प्रयुक्त वाहन कार क्रमांक ष्टत्र 04 स्रक्क-5551 को जप्त कर लिया है।

आरोपी सुरेन्द्र कुमार जाट पिता स्व. भेरूराम जाट उम्र 33 वर्ष, निवासी मटका, थाना सिटी कोतवाली बेमेतरा, जिला बेमेतरा को दिनांक 03.08.2025 को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में न्यायिक रिमांड पर प्रस्तुत किया गया।

इस संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी सिटी कोतवाली बेमेतरा उप निरीक्षक मयंक मिश्रा, उप निरीक्षक शैल शर्मा, सउनि दीनानाथ सिन्हा, आरक्षक रमन चंद्राकर सहित थाना बेमेतरा के समस्त पुलिस स्टाफ का महत्वपूर्ण एवं सराहनीय योगदान रहा।

# समाज सेवी सुशीला देवी के निधन पर सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने दी श्रद्धांजलि





**थान खम्हरिया,** 5 अगस्त (देशबन्धु)। नगर की सामाजिक श्रीमति सुशीला देवी सिंघानिया, पति स्वर्गीय सागरमल सिंघानिया को श्रद्धांजलि सभा में लोगों ने उनके सामाजिक व परिवार में व्यावहारिक मिलनसार व्यक्तित्व के कार्यों और योगदान की सराहना की। रायपुर लोकसभा सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने रानी सती माता मंदिर में आयोजित शोक सभा कार्यक्रम में श्रद्धांजलि श्रद्धा सुमन अर्पित की आपने बताया, यह परिवार विगत तीस वर्षों से पार्टी व मेरे साथ व्यक्तिगत रूप से जुड़ा हुआ है। इसे मेरा आत्मीय संबंध है। पवन सिंघानिया जी पार्टी से व मेरे से व्यक्तिगत रूप से जुड़े हुए हैं। सुशीला देवी समाज के लिए आदर्श व प्रेरणा थी। आगे आपने कहा हम सभी प्रभु के अधीन है। प्रकृति के आगे हम मजबूर हो जाते हैं। हमेशा उनका प्यार व स्नेह मिला। इस अवसर पर पं. ओमप्रकाश जोशी, पं. श्रीकांत जोशी, विजय अग्रवाल, कैलाश मुरारका, कचरू सिंघानिया, रामा सिंघानिया, श्याम सिंघानिया, नारायण भूषानिया, प्रेम सिंघानिया, आशीष राज सिंघानिया, कमल सिंघानिया, श्रवण सिंघानिया, सुरेश सिंघानिया, रजत बोर्ड के अध्यक्ष प्रहलाद रजक संजय सिंघानिया राजेश सिंघानिया व सामाजिक, पारिवारिक व अन्य संगठनों के लोग उपस्थित थे।

# चंडी धाम मंदिर में सामूहिक शिव अभिषेक किया गया



**थान खम्हरिया,** 5 अगस्त (देशबन्धु)। सावन माह के चौथे सोमवार को शिव भक्तों ने प्राचीन चंडी मंदिर करमू में शिव अभिषेक किया। यह एक धार्मिक अनुष्ठान है। भगवान शिव को प्रसन्न करने के लिए किया जाता है। मंदिर पर घंटा, घड़ियाल बम, बम भोले के उद्घोष से वातावरण पूरी तरह से शिव मय दिखाई दे रहा था। भगवान शिव की पूजा अर्चना कर वेद मंत्रों के बीच सभी ने जलाभिषेक किया। साथ ही कांवरियों ने भी पूजा अर्चना की, पुजारी पं.संजय मिश्रा ने भेट वार्ता के दौरान बताया। सावन माह के दौरान नियमित रूप से शिवलिंग पर जल चढ़ाने से शिवजी की विशेष कृपा प्राप्त होती है। साथ ही इसमें जातक को जीवन के दुखों और बाधाओं से मुक्ति मिल जाती है। आगे आपने बताया, सावन का महीना भगवान शिव को समर्पित होने और वर्षा ऋतु के आगमन के कारण प्रसिद्ध है। यह महीना हिंदुओं के लिए विशेष महत्व रखता है। इस अवसर पर गिरीश शर्मा, हेमेंद्र शर्मा, बालमुकुंद साहू( शिक्षक), अखिलेश बनाफ़र, धर्मपाल वर्मा, सनत पाटिल, संजय सेन, हरगोविंद अग्रवाल ने विशेष पूजा अर्चना की।

# मारवाड़ी कावर संघ कुटी धाम मंदिर से जल लेकर रवाना हुए




**थान खम्हरिया,** 5 अगस्त (देशबन्धु)। स्थानीय मारवाड़ी कांवरिया संघ द्वारा प्रतिवर्षा अनुसार पैदल कांवर यात्रा निकाली गई। जो भोरमदेव के शिव मंदिर में जल अभिषेक करेंगे। कुटी मंदिर स्थित नर्मदा कुंड से जल भरकर कांवरिया जय घोष करते हुए रवाना हुए। नगर के देव स्थल सिद्धेश्वर हनुमान मंदिर, राधा कृष्ण जमात मंदिर में पूजा अर्चना कर रवाना हुए। आज बुधवार को लगभग 12-00 बजे भोरमदेव में शिवलिंग पर जल अर्पित कर नगर व क्षेत्र की सुख समृद्धि की कामना करते है। अर्पण के बाद भोजन प्रसादी लेकर शाम तक घर वापस लौटते हैं। कावरियों में उत्साह और उमंग देखने को मिलता हैं।

# भावना बोहरा द्वारा अमरकंटक में काँवड़ यात्रियों की सेवा के चौथे वर्ष 30000 से अधिक कांवड़ियों और शिवभक्तों के लिए की गई नि:शुल्क भोजन एवं विश्राम की व्यवस्था

**कवर्धा,** 5 अगस्त (देशबन्धु)। सावन माह में कबीरधाम जिले से अमरकंटक जाने वाले कांवड़ यात्रियों एवं श्रद्धालुओं की सेवा हेतु निरंतर चौथे वर्ष भी भावना बोहरा द्वारा 11 जुलाई से 6 अगस्त तक उनके ठहरने एवं भोजन हेतु निऱ्शुल्क व्यवस्था की गई थी। इस दौरान लगभग 30,000 कांवड़ यात्रियों एवं शिवभक्तों का मेला मैदान, नया पालिका परिसर, अमरकंटक में आगमन हुआ जहाँ संस्थान के सदस्यों द्वारा उनका स्वागत कर सेवा की गई। परिसर में प्रतिदिन हजारों की संख्या में कबीरधाम जिले से कांवड़ यात्रियों एवं श्रद्धालुओं का आगमन जारी रहा वहीं संध्या आरती में प्रतिदिन हजारों की संख्या में भक्तजनों ने शामिल होकर शिवजी की आराधना कर भोजन एवं प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान भक्तिमय भजन संध्या एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी भव्य आयोजन किया गया।

इस अवसर पर भावना बोहरा ने कहा कि सावन माह के अवसर पर कबीरधाम जिले से अमरकंटक जाने वाले शिव भक्तों और कांवड़ यात्रियों के कठिन यात्रा में पुण्य का भागीदार बनने का हमें एक सौभाग्यशाली अवसर प्राप्त हुआ। भावना समाज सेवी संस्थान के सदस्यगण भी 11 जुलाई से 6 अगस्त तक उनकी सेवा में दिन-रात अनवरत जुटे हुए थे ताकि उन्हें किसी भी प्रकास की कोई असुविधा न हो। मेला मैदान, नया पालिका परिसर,अमरकंटक में कबीरधाम जिले के कांवड़ यात्रियों के कठिन यात्रा के बाद विश्राम हेतु उनके ठहरने व भोजन की नि:शुल्क व्यवस्था की गई थी जहां प्रतिवर्ष श्रद्धालुओं एवं कांवड़ यात्रियों का आगमन हो रहा है साथ हर वर्ष शिवभक्तों की बढ़ती संख्या हमारे प्रयासों एवं मन को संतुष्टि व प्रसन्न करने वाली है। इस वर्ष लगभग 30000 हजार से अधिक की संख्या में श्रद्धालुओं व कांवड़ियों का आगमन हुआ और उनकी सेवा करने का अवसर मिलना हमारे लिए परम सौभाग्य की बात है। इस दौरान हमारे इस प्रयास में भावना समाज सेवी संस्थान के सदस्यों, कबीरधाम जिले के वरिष्ठजनों, प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से समाज सेवकों व पूरे कबीरधाम जिले की जनता ने अपना भरपूर सहयोग, आशीर्वाद एवं मार्गदर्शन हमें दिया और उनके इसी अपार स्नेहरूपी आशीर्वाद से हमें यह कार्य करने का अवसर मिला जिसके लिए मैं सभी का आभार व्यक्त करती हूँ।





इस अवसर पर भावना बोहरा ने कहा कि हमारे इस प्रयास से उनके चेहरों पर आई ख़ुशी और कठिन यात्रा के बाद उन्हें सुविधा मिली उसे देखकर बहुत ही प्रसन्नता हुई है। मैं कबीरधाम जिले से पधारे समस्त कांवड़ यात्रियों और श्रद्धालुओं का हार्दिक स्वागत करती हूँ और आभार भी व्यक्त करती हूँ की हमें इस पुण्य का भागीदार बनने का अवसर प्रदान किया। हमारी धार्मिक सभ्यता के प्रसार एवं उसे संजोने में आप सभी का यह अतुलनीय योगदान हमारी आने वाली पीढ़ियों को भी प्रेरित करेगा इसके साथ ही सनातन धर्म, संस्कृति उसकी गौरवशाली महिमा को भी पोषित तथा संरक्षित करने का कार्य करेगा।

इस वर्ष सावन का माह मेरे लिए भी बहुत ही भाग्यशाली रहा। हमारे कांवड़ यात्रियों की भक्ति भावना से प्रेरणा लेकर और माँ नर्मदा एवं भगवान भोलेनाथ के आशीर्वाद से मुझे भी माँ नर्मदा मंदिर अमरकंटक से भोरमदेव मंदिर तक 151 किलोमीटर की कांवड़ यात्रा करने का अवसर प्राप्त हुआ। छत्तीसगढ़ वासियों की सुख-समृद्धि एवं प्रदेश की खुशहाली हेतु इस यात्रा में मेरे साथ सैकड़ों कांवड़ियों ने भी कदम से कदम मिलाकर साथ दिया और 7 दिनों में हमने घने जंगलों, उफनती नदियों, बिहड़ रास्तों को पार करते हुए अपनी यात्रा पूर्ण की।

भावना बोहरा ने आगे कहा कि कांवड़ यात्रा हमारी धार्मिक परंपरा और भगवान भोलेनाथ के प्रति आस्था एवं विश्वास का प्रतीक है। श्रावण मास के शुभ अवसर पर कांवड़ यात्रियों की सेवा करने एवं यात्रा के सहभागी बनने का हमें पुण्य अवसर मिला। प्रतिदिन यहां होने वाले भजन संध्या में भी हजारों की संख्या में शिवभक्तों की उपस्थिति हमें अपने इन प्रयासों को निरंतर जारी रखने के लिए बल प्रदान करती है। हमारी धार्मिक परंपरा व संस्कृति को जिवंत रखने और हमारी आने वाली पीढ़ियों को इससे अवगत कराने के लिए इतनी कठिन यात्रा करके पधारे कांवड़ियों की सुविधा, सात्विक भोजन एवं विश्राम हेतु यहां हर प्रकार की सुविधा उपलब्ध रही। संस्थान के सदस्यों द्वारा भी उनकी सुविधा में कोई कमी न हो उसका विशेष ध्यान रखा गया और 6 अगस्त को भी हजारों की संख्या में कांवड़ियों का आगमन हुआ। मैं सभी का हृदय से अभिनंदन करती हूँ और इस प्रयास में अपना सहयोग प्रदान करने वाले प्रत्येक व्यक्ति के प्रति आभार व्यक्त करती हूँ।

# रामलला दर्शन योजना की ट्रेन आज से होगी रवाना

- छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड के अध्यक्ष नीलू शर्मा के अथक प्रयासों से राम लला दर्शन योजना की ट्रेन अब राजनांदगांव से होगी रवाना
- दुर्ग में होगा 20 मिनट का स्टॉपेज

**राजनांदगांव,** 5 अगस्त (देशबन्धु)। रामलला दर्शन योजना के अंतर्गत छत्तीसगढ़ राज्य के श्रद्धालुओं को प्रभु श्री राम लला के दर्शन हेतु अयोध्या धाम ले जाने की ऐतिहासिक पहल को एक और नया विस्तार मिला है।

छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड के अध्यक्ष श्री नीलू शर्मा जी के अथक प्रयासों से अब यह ट्रेन 06 अगस्त 2025 को दुर्ग संभाग के जिला *राजनांदगांव* से रवाना होगी। ट्रेन *सुबह 11ः00 बजे* राजनांदगांव रेलवे स्टेशन से ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया जाएगा और *दुर्ग रेलवे स्टेशन पर 20 मिनट का स्टॉपेज* रहेगा। दुर्ग के जनप्रतिनिधि गण दुर्ग रेल्वे स्टेशन में यात्रियों का स्वागत और अभिनंदन करेंगे।



गौर तलब है कि राजनांदगांव के यात्रियों द्वारा दुर्ग संभाग की इस स्पेशल ट्रेन को राजनांदगांव से रवाना करने के लिए लगातार मांग की जा रही थी। छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड के अध्यक्ष का पदभार ग्रहण करते ही श्री नीलू शर्मा जी ने इस मांग को गंभीरता से लिया और दिशा में प्रयास प्रारंभ करते हुए लगातार रेल्वे के सक्षम अधिकारियों से पत्र व्यवहार और व्यक्तिगत बैठक कर इस कार्यवाही को एक ठोस दिशा प्रदान की और उनके सतत प्रयासों से ही ये सफलता प्राप्त हो सकी।

राम लला दर्शन योजना की ट्रेन अब राजनांदगांव से रवाना होने के निर्णय से राजनांदगांव के श्रद्धालु यात्रियों में खुशी की लहर है। राजनांदगांव वासी इस विशेष उपलब्धि के लिए अपने लाड़ले जनप्रतिनिधि श्री नीलू शर्मा के अथक प्रयासों की मुक्त कंठ से प्रशंसा कर रहे हैं।

इस विशेष ट्रेन के माध्यम से **दुर्ग एवं बस्तर संभाग के संयुक्त रूप से 850 श्रद्धालु ** अयोध्या धाम के लिए रवाना होंगे।

इस विशेष अवसर पर टूरिज्म बोर्ड के अध्यक्ष श्री नीलू शर्मा यात्रियों के स्वागत के लिए स्वयं राजनांदगांव रेल्वे स्टेशन में उपस्थित रहेंगे। साथ ही स्थानीय विधायक, जनप्रतिनिधि गण, जिला प्रशासन के अधिकारी गण और टूरिज्म बोर्ड, आई आर सी टी सी के अधिकारी गण भी उपस्थित रहेंगे।

यह भी उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा प्रदेश वासियों को उनके जीवनकाल में एक बार अयोध्या धाम में श्री राम लला के दर्शन कराए जाने की महत्वाकांक्षी योजना के तहत *दिनांक 23 फरवरी 2024* को छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड एवं इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कॉर्पोरेशन (ढ्ढक्रष्टञ्जष्ट) के बीच एमओयू संपादित किया गया था।

तब से अब तक इस योजना के अंतर्गत *रायपुर, बिलासपुर, सरगुजा एवं दुर्ग-बस्तर संभागों* से कुल मिलाकर *23,800 से अधिक श्रद्धालु यात्रियों* को अयोध्या धाम में श्री राम लला के दर्शन के अलावा बनारस में काशी विश्वनाथ जी के दर्शन का भी सौभाग्य प्राप्त हो चुका है।

अयोध्या धाम के लिए यह स्पेशल ट्रेन सेवा विभिन्न संभागों के लिए *साप्ताहिक रूप से लगातार जारी* रहेगी।

छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड की यह पहल प्रदेशवासियों को आस्था और सांस्कृतिक मूल्यों से जोड़ते हुए अपने भांजा राम के ननिहाल के रिश्ते को जीवंत कर रही है।

# भाजपा द्वारा शक्ति केंद्र स्तर पर तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी



**राजनंदगांव,** 5 अगस्त (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी द्वारा 4 अगस्त से लेकर 14 अगस्त तक तिरंगा यात्रा कार्यक्रम का आगाज जिले भर में किया जा रहा है। जिसके लिए जिला संयोजक मूलचंद लोधी को बनाया गया है, सहसंयोजक के रूप में कैलाश शर्मा, श्रीमती शीला टाकेश सिन्हा, श्री संतोष सिंह पूर्व सैनिक एवं राजेश शर्मा पूर्व सैनिक को बनाया गया है।

मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी अनुसार, जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने बताया कि तिरंगा यात्रा के पदेन सदस्य के रूप में महापौर मधुसूदन यादव एवं श्रीमती किरण वैष्णव को शामिल किया गया है। आगामी 8 अगस्त 2025 को राजनांदगांव जिले की कार्यशाला होगी तथा मंडल कार्यशाला 10 अगस्त तक करनी होगी, एवं विभाजन विभीषिका का कार्यक्रम 14 अगस्त को तय किया गया है। जिले एवं सभी मंडलों में शक्ति केदो में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जाएगा

आने वाले समय में घर-घर तिरंगा फहराने के अभियान को द्रुत गति देने के लिए संगठन द्वारा यह नियुक्ति की गई है।

जिला संयोजक के माध्यम से मंडल स्तर पर टीम तैयार कर घर-घर तिरंगा लहराने की योजना शुरू हो चुकी है। जिस पर अमल करते हुए प्रदेश भाजपा ने विगत दिनों रायपुर स्थित कुशाभाऊ ठाकरे परिसर भाजपा कार्यालय में यह जवाबदारी मूलचंद लोधी को सौंपी और तिरंगा यात्रा तथा घर-घर तिरंगा की तैयारी के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए।

# मोहारा फिल्टर प्लांट को निगम स्वत: संचालित करें: पिल्ले

## तभी जल जनित रोगों से बचाया जा सकेगा शहरवासियो को

राजनांदगांव, 5 अगस्त (देशबन्धु)। नलों में आए दिन हो रही गंदा पानी सप्लाई से लोगों की परेशानी को देखते हुए नगरनिगम नेता प्रति पक्ष संतोष पिल्ले ने कहा कि निगम मोहारा फिल्टर प्लांट को निजी एजेंसी तेजस (अमृत मिशन) को देने के बजाय वह खुद ही संचालित करें। तब ही नगरवासियों को नलों से शुद्ध पानी की सप्लाई हो किया जा सकेगा और लोगों को बारिश के दिनों में जल जनित रोगों से बचाया जा सकेगा।



नेता प्रति पक्ष श्री पिल्ले ने कहा कि मोहारा जल संयंत्र से आए दिन फिटकरी का रोना रहता है। प्लांट में पानी को शुद्ध करने कितना फिटकरी डाली जाती है इसका भी कोई देखरेख करने वाला नहीं है। फिल्टर प्लांट से फिटकरी (एलम) गायब होने की शिकायत बनी रहती है। जिसके अभाव में पानी साफ नहीं किया जा पा रहा। इस वजह से शहरवासियो को नलों से गंदा पानी की आपूर्ति हो रही है। वैसे भी इन दिनों बरसात के कारण पानी में गंदगी रहती है जिसे सफाई के लिए फिटकरी की ज्यादा मात्रा डाली जाना जरूरी होता है। लेकिन मोहारा जल संयंत्र से फिटकरी का गायब हो जाना कई संदेहों को जन्म दे रहा है।

श्री पिल्ले ने कहा कि बेहतर ? होगा कि मोहारा फिल्टर प्लांट के कर्ताधर्ता व कर्मचारियों की मनमानी और संबंधित कंपनी की लापरवाही को देखते हुए नगर निगम फिल्टर प्लांट को खुद ही संचालित करें तब ही न केवल नलों से गंदा पानी आना रोका जा सकेगा अपितु लोगों को जल जनित रोगों से भी बचाया जा सकेगा।

# बिजली बिल हाफ योजना में कटौती कर महतारी वंदन योजना का पैसा वसूल रही भाजपा सरकार: गुलशन तिवारी

खैरागढ़, 5 अगस्त (देशबन्धु)। युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष गुलशन तिवारी ने प्रदेश की भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए आरोप लगाया कि महतारी वंदन योजना के नाम पर महिलाओं को 1000 रुपये देकर सरकार वही पैसा बिजली बिल और महंगाई के जरिए वापस ले रही है। उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने आम जनता को राहत देने के लिए बिजली बिल हाफ योजना के तहत 400 यूनिट तक आधे बिल की छूट दी थी, जिससे लाखों परिवारों को बड़ी राहत मिली। लेकिन भाजपा सरकार ने इस योजना को कमजोर कर केवल 100 यूनिट तक सीमित कर दिया है और बिजली दरों में भी वृद्धि कर दी है। भाजपा ने महिलाओं को 1000 रुपये की सौगात नहीं दी, बल्कि उनके हक की छूट छीन ली और अब बिजली बिल में वह पैसा वसूल रही है, तिवारी ने कहा 500 रुपये में गैस सिलेंडर का वादा अधूरा महिलाओं को 500 रुपये में गैस सिलेंडर देने का वादा भी अभी तक पूरा नहीं हुआ। उल्टा रसोई गैस की कीमतों और बिजली दरों में बढ़ोतरी से महिलाओं की जेब और घर के बजट पर अतिरिक्त बोझ डाला जा रहा है।



**कांग्रेस सरकार ने राहत दी, भाजपा ने छीनी**

तिवारी ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने केवल वादे नहीं किए, बल्कि उन्हें निभाया और जनता को सीधी राहत दी। भाजपा सरकार ने आते ही इन जनहित योजनाओं को समाप्त या सीमित कर दिया। उन्होंने चेतावनी दी कि युवा कांग्रेस जनता के साथ हुए इस धोखे को बर्दाश्त नहीं करेगी और सड़कों से लेकर सदन तक इन जनविरोधी नीतियों के खिलाफ संघर्ष जारी रखेगी।

# बच्चों के भविष्य से खिलवाड़! बैगलेस डे समाप्त करने के आदेश का विधायक प्रतिनिधि ने किया विरोध

**खैरागढ़,** 5 अगस्त (देशबन्धु)। प्रदेश में बच्चों के सर्वांगीण विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से संचालित शनिवार बैगलेस डे को समाप्त करने के निर्णय पर जनप्रतिनिधियों और शिक्षाविदों में गहरी नाराजगी है। खैरागढ़ क्षेत्र के विधायक प्रतिनिधि मनराखन देवांगन ने इस आदेश को राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की भावना के विपरीत बताते हुए कड़ा विरोध दर्ज कराया है। देवांगन ने कहा कि वर्षों से शनिवार को बैगलेस डे के तहत स्कूलों में योग, प्राणायाम, खेल, संगीत, चित्रकला जैसी रचनात्मक और शारीरिक गतिविधियां आयोजित होती रही हैं। यह पहल बच्चों के तनाव को कम करने, रचनात्मकता निखारने और आत्मविश्वास बढ़ाने में अहम भूमिका निभाती रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 बच्चों के समग्र विकास पर बल देती है, जिसमें कला, संगीत, शारीरिक शिक्षा और रचनात्मकता को पाठ्यक्रम का अनिवार्य हिस्सा माना गया है। ऐसे में बैगलेस डे को समाप्त करना बच्चों के मानसिक व रचनात्मक विकास के साथ अन्याय है। विधायक प्रतिनिधि ने मुख्यमंत्री से आग्रह किया कि इस असंवेदनशील निर्णय को तुरंत रद्द कर पूर्व व्यवस्था बहाल की जाए, ताकि शनिवार को बच्चों को रचनात्मक गतिविधियों में भाग लेने का अवसर मिलता रहे। उन्होंने कहा कि इस फैसले को लेकर शिक्षकों, अभिभावकों और विद्यार्थियों में भी गहरा असंतोष है।



# वार्ड 37 में शौचालय जीर्णोद्धार कार्य पूर्ण

**राजनांदगांव,** 5 अगस्त (देशबन्धु)। वार्ड क्रमांक 37, महावीर वार्ड अंतर्गत ठाकुरदैय्या (डबरीपारा) क्षेत्र में स्थित 8 सीटर शौचालय का जीर्णोद्धार कार्य पूर्ण कर लिया गया है। यह कार्य क्षेत्रवासियों की लंबे समय से चली आ रही मांगों में से एक था, जिसे प्राथमिकता देते हुए तय समय में पूर्ण किया गया।




इस अवसर पर वार्ड पार्षद जैनम बैद ने जानकारी देते हुए कहा कि ङ्कनिकाय चुनाव के दौरान किए गए वादों को निभाना हमारी प्राथमिकता और जिम्मेदारी दोनों है। जनता से जो कहा, उसे पूरा करना ही जनप्रतिनिधि की सच्ची जवाबदेही है। यह कार्य विधानसभा अध्यक्ष डा. रमन सिंह, सांसद संतोष पाण्डेय एवं महापौर मधुसूदन यादव के मार्गदर्शन व सहयोग से संभव हो सका है।

जैनम ने बताया कि, इसके साथ ही वार्ड के अन्य हिस्सों में भी विकास कार्य करवाए जा रहे हैं। इसमें नाली निर्माण सहित अधोसरंचना के कार्य शामिल हैं। इसके अतिरिक्त कुछ विकास कार्यों की स्वीकृति मिल चुकी है जल्द ही उनपर भी काम शुरु किया जाएगा।

शौचालय के जीर्णोद्धार से ठाकुरदैय्या क्षेत्र के नागरिकों को स्वच्छता और स्वास्थ्य के क्षेत्र में बड़ी सुविधा मिलेगी। पार्षद बैद ने बताया कि आने वाले समय में महावीर वार्ड को नगर का एक आदर्श और उत्कृष्ट वार्ड बनाने के लिए वे लगातार कार्यरत रहेंगे। उन्होंने इस विकास कार्य को सफल बनाने में वार्डवासियों के सहयोग और समर्थन के लिए हृदय से आभार व्यक्त किया।

# कल संत रामबालकदास के जन्मोत्सव पर होंगे अनेक आयोजन



**थान खम्हरिया,** 5 अगस्त (देशबन्धु)। श्री पाटेश्वरधाम से जुड़े भक्तों द्वारा 7 अगस्त को बालयोगेश्वर संत श्री रामबालकदास जी महात्यागी का 49 वॉ जन्मदिन हर्षोल्लास के साथ मनाया जायेगा। इस अवसर पर मॉ कौशल्याधाम में देश के अनेक स्थानों से आये श्रद्धालु विभिन्न आयोजनों में भाग लेंगे। मॉ कौशल्याधाम में 7 अगस्त को सुबह से अनेक कार्यक्रम आयोजित होंगे जो देर शाम तक चलेंगे। 108 शिवलिंगों का महारूद्राभिषेक किया जायेगा। गौशाला में गौ भण्डारा होगा संत सम्मेलन आयोजित किया जायेगा जिसमें शदाणी दरबार रायपुर के संत श्री युधिष्ठिर लाल जी, विश्व विख्यात भागवतरत्न हिंदू शेरनी दीदी साध्वी सरस्वती जी सहित अनेक संत महात्मा सम्मिलित होंगे। श्री पाटेश्वर संस्कार वाहिनी एवं शिक्षक संघ के संयुक्त तत्वावधान में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जायेगा। इस अवसर पर प्रदेश एवं देश के अनेक स्थानों से भक्तगण मॉ कौशल्याधाम पहुॅचेंगे।

# खपरी दरबार का ऐतिहासिक निर्णय पूर्ण शराबबंदी लागू ,14 सदस्यीय समिति करेगी सख्त निगरानी

**खैरागढ़,** 5 अगस्त (देशबन्धु)। बढ़ते अवैध शराब कारोबार और पुलिस संरक्षण की आशंका के बीच, ग्राम खपरी के ग्रामीणों ने दो दिनों में तीन बैठकों के बाद सर्वसम्मति से पूर्ण शराबबंदी लागू करने का बड़ा फैसला लिया है। अब गांव में कच्ची महुआ शराब का निर्माण, विक्रय और सेवन पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा।



शराबबंदी को प्रभावी बनाने के लिए ग्रामीणों ने 14 सदस्यीय निगरानी समिति बनाई है। समिति को अधिकार होगा शराबबंदी पर सतत निगरानी नियम तोड़ने वालों पर जुर्माना

सूचना देने वालों को इनाम बार-बार चेतावनी के बाद सामाजिक बहिष्कार शराब बनाने/बेचने वालों को पकड़कर थाने पहुंचाना समिति के सदस्य ङ्क राजेश निषाद, लक्की नेताम, पन्नू यादव और दीनदयाल जंघेल ने कहा, ग्राम में पूर्ण शराबबंदी लागू है। सख्त नियम बने हैं और समिति पूरी प्रतिबद्धता के साथ ग्राम एवं प्रशासनिक स्तर पर कार्यवाही करेगी।

### ग्रामीणों के बनाए नियम

अवैध शराब बेचने पर 20,000 जुर्माना सूचना देने पर 5,000 तक इनाम चेतावनी के बाद भी बिक्री करने वालों का सामाजिक बहिष्कार शराब बनाने/बेचने वालों को ग्रामीण स्वयं पकड़कर पुलिस को सौंपेंगे

### पुलिस पर संरक्षण का आरोप

बैठक में ग्रामीणों ने थाना प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाए। उनका कहना है कि कुछ शराब कारोबारी 25,000 से 50,000 तक की रिश्वत देकर पुलिस से सेटिंग कर लेते हैं। कई बार माफिया खुलेआम कहते पाए गए हमारा थाना में सेटिंग है, हम पकड़े भी जाएं तो पैसा देकर छूट जाएंगे, हमारा कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता।

### जनजागरण की मिसाल

इन आरोपों से आहत ग्रामीणों ने प्रशासन की मदद के बिना स्वयं संगठित होकर शराब के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। यह पहल पूरे क्षेत्र के लिए मिसाल बन सकती है, जहाँ शासन की लापरवाही के बीच जनता खुद आगे बढ़कर समाज की दिशा बदल रही है।

# विश्वविद्यालय के हिन्दी विभाग में धूमधाम से मनाई गई तुलसीदास जयंती

**खैरागढ़,** 5 अगस्त (देशबन्धु)। इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय के हिन्दी विभाग द्वारा मंगलवार, 5 अगस्त को संकाय स्तर पर तुलसी जयंती समारोह का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम विभाग द्वारा प्रतिवर्ष आयोजित किया जाता है, जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों को गोस्वामी तुलसीदास एवं उनकी रचनाओं के बारे में गहन जानकारी प्रदान करना है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कुलपति प्रो. डा. लवली शर्मा रहीं, जबकि अध्यक्षता प्रो. डा.मृदुला शुक्ल, अधिष्ठाता कला संकाय ने की। विशिष्ट अतिथियों में प्रभारी कुलसचिव डा. सौमित्र तिवारी, सेवानिवृत्त प्रोफेसर डा. कांशीनाथ तिवारी और हिन्दी विभागाध्यक्ष प्रो. राजन यादव शामिल थे। कुलपति ने अपने उद्बोधन में कहा कि तुलसीदास की रचनाएं अनेक भाषाओं में अनुवादित हुई हैं, ऐसे महान रचनाकार को जानना विद्यार्थियों के लिए आवश्यक है। प्रो. मृदुला शुक्ल ने रामचरितमानस की धार्मिक, सामाजिक और मानवीय महत्ता पर प्रकाश डाला। डा. सौमित्र तिवारी ने तुलसीदास के जीवन प्रसंग को बताते हुए कहा कि उनकी रचनाएं सकारात्मक ऊर्जा देती हैं। प्रो. राजन यादव ने कविता पाठ कर तुलसीदास की वाणी का बखान किया और विद्यार्थियों को इस तरह की प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रेरित किया।



पद गायन प्रतियोगिता में उभरे प्रतिभाशाली स्वर समारोह के दूसरे चरण में विनय पत्रिका एवं गीतावली पर आधारित पद गायन प्रतियोगिता हुई। निर्णायक मंडल में डा. साधना अग्रवाल, डा. पूर्णिमा केलकर और जगदेव नेताम शामिल थे। प्रतियोगिता में आर्य सिद्धांत ने प्रथम, आर्य सिद्धार्थ ने द्वितीय और समृद्धि तिवारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। श्रुति कौशिक, चांदनी मानिकपुरी और आन्या गुप्ता को सांत्वना पुरस्कार दिए गए। अन्य प्रतिभागियों में किशन साहू, निधि चन्द्रा, समिता मंडावी, यशु तनवरे, दिव्यानी पाण्डेय, कुशाल सेन, तेजेश्वरी जंघेल और तेजलाल ने भी उत्कृष्ट प्रस्तुति दी। निर्णायकों ने प्रतिभागियों की सराहना की और तुलसीदास जी के आदर्शों को जीवन में अपनाने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम का संचालन डा. देवमाईत मिंज एवं गीतेश्वरी साहू ने किया। आयोजन में चांद शेख, रामेश्वरी, लोभान वर्मा, वर्षा देवांगन और समीरचंद साहू का विशेष योगदान रहा। इस अवसर पर डा. मंगलानंद झा, डा. कौस्तुभ रंजन, डा. लक्ष्मी श्रीवास्तव सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# विधानसभा अध्यक्ष की उपस्थिति में उप मुख्यमंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक संपन्न

**राजनांदगांव,** 5 अगस्त (देशबन्धु)। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह की उपस्थिति में उप मुख्यमंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री विजय शर्मा की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभाकक्ष में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। उप मुख्यमंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री विजय शर्मा ने शासन द्वारा जिले में संचालित विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों की गहन समीक्षा की गई। इस दौरान बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण वैष्णव, महापौर मधुसूदन यादव, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित के अध्यक्ष सचिन बघेल, कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे, पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग, वनमंडलाधिकारी आयुष जैन, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित थे।

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि जिले के विकास के संबंध में व्यापक चर्चा की गई है। उन्होंने कहा कि शासन की योजनाओं के विभिन्न कार्यों में गति बढ़ाने की जरूरत है तथा प्रगति का असर दिखना चाहिए। उन्होंने कहा कि राजनांदगांव जिले की टीम बहुत अच्छा कार्य कर रही है। आप सभी में क्षमताएं है तथा अपने मेहनत से जिले को आगे बढ़ाएं और सर्वोच्च स्थान प्राप्त करें। उन्होंने टीम को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने प्रधानमंत्री सुर्यघर मुफ्त बिजली योजना से नागरिकों को लाभान्वित करने के लिए कार्ययोजना बनाने कहा। उन्होंने कहा कि आरडीएसएस योजना शासन की महत्वपूर्ण योजना है। जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युतीकरण को मजबूती मिलेगी। इसे प्राथमिकता देते हुए करने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि अवैध शराब पर कार्रवाई के लिए उदाहरण प्रस्तुत करें, ताकि कड़ी कार्रवाई को देखते हुए दूसरे कोचिए ऐसा नहीं करें।

उप मुख्यमंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री विजय शर्मा ने कहा कि समीक्षा बैठक परिणाम मूलक रही। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के मार्गदर्शन में सभी समन्वित तरीके से बहुत अच्छा कार्य करेंगे। उन्होंने इस दौरान सभी विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। समीक्षा के दौरान उन्होंने कहा कि आरडीएसएस योजना अंतर्गत कार्यों में गति लाने की जरूरत है। इस योजना अंतर्गत जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में लगभग 2500 ट्रांसफार्मर लगाए जाएंगे। इसके साथ ही विद्युतीकरण के लिए बहुत से विद्युत पोल भी लगाए जाएंगे। यह कार्य गुणवत्तापूर्ण तरीके से होना चाहिए और इसकी सोशल ऑडिट होना चाहिए। उन्होंने जिले में अवैध शराब की बिक्री पर कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने जिले में राजस्व प्रकरणों से संबंध में जानकारी ली तथा पंचायतों में ही निर्विवाद बटवारा के प्रकरणों का समाधान करने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि जिले में अच्छा कार्य हो रहा है। उन्होंने कहा कि जिला चिकित्सालय में जलभराव की समस्या का समाधान किया गया है। प्लिन्थ हाईट बढ़ाने से अब इस समस्या का निराकरण हो गया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत कार्यों में गति लाने के लिए जनप्रतिनिधियों, युवाओं तथा स्वयं सेवी संस्थाओं की सहभागिता होनी चाहिए। इसके लिए कालेज के विद्यार्थियों को ग्रामीण क्षेत्रों में प्रवास के लिए भेजने तथा उनसे फीडबैक लेने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि इस कार्य में जनप्रतिनिधियों की सहभागिता होनी चाहिए। उन्होंने जिले में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत बनाए जा रहे विभिन्न उत्पादों को फ्लिप कार्ड एवं अमेजन से जोडऩे के लिए कहा, ताकि समूह की महिलाएं ऑनलाईन ऑर्डर से जुड़ेगी और आर्थिक दृष्टिकोण से मजबूत बनेंगी। उनके उत्पादों की बिक्री के लिए स्थायी तौर पर मार्केटिंग की दिशा में कदम बढ़ाने की जरूरत है। उन्होंने जिले में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों के संबंध में जानकारी ली। लोक निर्माण विभाग अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क एवं पुलिया निर्माण के कार्यों को प्राथमिकता देते हुए करने के निर्देश दिए। जहां ठेकेदार द्वारा समय पर कार्य नहीं किया गया है, वहां रि-टेंडर करते हुए कार्य प्रारंभ करने के लिए कहा। उन्होंने सभी विभागों द्वारा किए जा रहे कार्यों की गहन समीक्षा की।




कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने बताया कि अटल मॉनिटरिंग पोर्टल के डैश बोर्ड में राजनांदगांव जिला इस माह तीसरे स्थान पर रहा है। शासन की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत 175 निर्धारित मापदण्डों के अनुरूप कार्य किया जा रहा है। शासन की योजनाओं के बेहतरीन क्रियान्वयन के लिए हरसंभव प्रयास किए जा रहे है। उन्होंने बताया कि 1 सितम्बर से ग्रामीण क्षेत्रों में घर-घर सर्वे करते हुए आय, जाति एवं निवास प्रमाण पत्र बनाने के कार्य में तेजी लाने के लिए तथा अधिक से अधिक लोगों को लाभान्वित करने के लिए कार्य किया जाएगा। जिले में रामलला दर्शन योजना अंतर्गत 93 व्यक्ति रवाना हो रहे है। प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना अंतर्गत कार्यक्रमों में इसके संबंध में जानकारी प्रदान की जा रही है। उन्होंने जिले में चल रहे विकास कार्यों के संबंध में जानकारी प्रदान की। उन्होंने बताया कि जिले में राजस्व प्रकरणों के निराकरण के लिए तहसील स्तर पर राजस्व शिविर लगाए जा रहे है तथा सुशासन तिहार अंतर्गत जिले में राजस्व प्रकरणों के निराकरण के लिए कार्य किया जा रहा है।

पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग ने बताया कि जिले में लगभग ढाई करोड़ रूपए के अवैध शराब का विनष्टीकरण किया गया है। जिले में अवैध शराब की बिक्री पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। गौ तस्करी करने वाले गैंग पर कार्रवाई जारी है। गुम इंसान प्रकरण, अभियान मुस्कान, बीट प्रणाली, राजस्व प्रकरण, जुंआ-सट्टा, ट्रैफिक एवं कानून व्यवस्था, ड्रायविंग लायसेन्स निलंबन, मोटर व्हीकल एक्ट, दुर्घटना रोकथाम हेतु अन्य आवश्यक उपाय, स्कूल बसों की चेकिंग तथा स्कूली बच्चों के सुरक्षित परिवहन की व्यवस्था, आवारा मवेशियों को रोड से हटाने की कार्रवाई, शहर के भीतर पार्किंग व्यवस्था, अतिक्रमण हटाने अभियान के तहत कार्रवाई के संबंध में जानकारी दी।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह ने मिशन जल रक्षा के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि जल संरक्षण के लिए जिले में लगभग 4647 जल संरचना तैयार की गई है। स्वच्छ भारत मिशन के तहत जिले के 544 ग्रामों में डोर टू डोर कचरा संग्रहण का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2024-25 में 13450 आवास स्वीकृत किया गया है तथा आवास मित्र की नियुक्ति की जा चुकी है। राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत महिला स्वसहायता समूह द्वारा गुणवत्तायुक्त उत्पाद बनाए जा रहे है। उनके उत्पादों की बिक्री के लिए कार्य किया जा रहा है। उन्होंने ग्राम पंचायतों में फ्री-वायफाय इंटरनेट सुविधा के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने मनरेगा के तहत किए जा रहे कार्य, ओडीएफ, अटल डिजिटल सुविधा केन्द्र, महतारी सदन एवं महिला समूह की आजीविका मूलक गतिविधियों के संबंध में जानकारी दी। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों ने अपनी बात रखी तथा विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई।

समीक्षा बैठक में स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत आयुष्मान कार्ड व आयुष्मान वय वंदन कार्ड, मोबाईल वेन, ओपीडी की स्थिति, दवाईयों के प्रबंधन, जन औषधि केन्द्रों एवं सिकलसेल डायग्नोसिस, वन विभाग अंतर्गत कैम्पा योजना, तेन्दूपत्ता संग्रहण एवं चरणपादुका योजना, महिला एवं बाल विकास विभाग अंतर्गत महतारी वंदन योजना, प्रधानमंत्री मातृवंदना योजना एवं मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग अंतर्गत जल जीवन मिशन के तहत घरेलू नल कनेक्शन की प्रगति एवं जलाशय एवं बांधों में जल भराव की स्थिति, विद्युत विभाग अंतर्गत प्रधानमंत्री सुर्यघर मुफ्त बिजली योजना, ट्रांसफार्मर की उपलब्धता एवं रिवैम्पड डिस्ट्रीब्यूशन सेक्टर स्कीम, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा अंतर्गत महतारी सदन निर्माण, क्रेडा विभाग अंतर्गत कुसुम योजना, शिक्षा विभाग अंतर्गत शिक्षा गुणवत्ता हेतु नवाचार, पीएमश्री शाला योजना की समीक्षा की गई।

## संपादकीय

### पशुओं से हो सम्मानजनक व्यवहार

लोगों में यह अवांछनीय प्रवृत्ति होती है कि वे पशुओं के साथ बेवजह दुर्व्यवहार करते हैं। फिर वे चाहें पालतू हों या सड़कों पर घूमने वाले अथवा वनों में विचरण करते या चिड़ियाघर में बन्द हों। इंसान को इस प्रवृत्ति से बचना चाहिये। संसार सहअस्तित्व के आधार पर चलता है। इस दुनिया में सभी को जीने का एक सा हक है। यदि जानवरों से बिना किसी वजह के छेड़-छाड़ की जाये तो मूक जानवर भी कई बार पलटकर हमला कर देते हैं। उनके साथ सम्मानजनक व्यवहार होना चाहिये।

सड़कों पर खाने की तलाश में घूमते हुए कुत्ते-बिल्लियां या गोवंश- मनुष्यों की ओर से दुर्व्यवहार का शिकार होते हैं। कभी कोई बिना कारण के उन्हें पत्थर मारता है तो कोई डंडे बरसाता है। कई बार तो उन पर लोग पानी तक डालकर उन्हें परेशान करते हैं। बेशक, बस्तियों में घूमते हुए जानवर लोगों का नुकसान करते हैं पर उन्हें नियंत्रित करने के लिये स्थानीय निकाय की मदद ली जानी चाहिये जो उन्हें पकड़कर कांजी हाउसों में बन्द करते हैं। राह चलते कुत्तों से भी सावधानी ज़रूरी है लेकिन यह भी आवश्यक है कि उन्हें बेवजह न छेड़ा जाये। इससे वे अधिक हमलावर हो सकते हैं। उन्हें उनके रास्तों पर निर्विघ्न चलने दिया जाये।

घरों, खलिहानों या खेतों में निकल आये सांपों को अनावश्यक मार डाला जाता है जो कोई नुकसान पहुंचाये बगैर अपने रास्ते जाते हैं। छोटे-मोटे जीव-जन्तु भी बिना प्रयोजन के मनुष्यों द्वारा मार दिये जाते हैं। ऐसे ही, चिड़ियाघरों, आरक्षित वनों और जंगल सफारी में भी लोग खुले घूमते या पिंजरों-बाड़ों में बन्द जानवरों, पक्षियों अथवा सरीसृपों को तंग करते हैं। इससे वे आक्रामक हो जाते हैं। पेण्ड्रा-मरवाही वन क्षेत्र के कुम्हारी व नवाटोला गांवों के पास आ गये चार हाथियों को लोग पत्थर मारते देखे गये जिससे वे आक्रामक हो उठे। वन विभाग ने इससे बाज आने की सही सलाह दी है।

वनों में घूम रहे प्राणी भी कई बार मानवीय बस्तियों के नज़दीक आ जाते हैं। उनसे बचने के लिये बेहतर है कि उन्हें शांति से निकल जाने दिया जाये। छत्तीसगढ़ के वनों में कुछ ऐसे प्राणी बसते हैं जो अक्सर रिहायशी इलाकों के निकट आ जाते हैं। कुछ के लिये तो स्वयं लोग ही जिम्मेदार होते हैं क्योंकि वे ऐसे जानवरों के विचरण या आवाजाही के रास्तों पर अपनी बस्तियां बसा लेते हैं। दरअसल यह लोगों द्वारा वन्य पशुओं के क्षेत्रों का किया गया अतिक्रमण होता है। फिर जब हाथी, जंगली सुअर, तेंदुएं, हाइना, वन भैंसे घरों व खेतों के निकट आते हैं अथवा उन्हें नुकसान पहुंचाते हैं तो लोगों द्वारा या तो उनके साथ छेड़-छाड़ होती है, अथवा वे वनचरों पर अकारण हमले करते हैं। इन दिनों वीडियो बनाने तथा सेल्फी का प्रचलन हो चला है जिससे वे ज्यादा आक्रामक हो जाते हैं।

**उल्टा पुल्टा**

चिंटू ने जिनी से मांगा- मुझे एक बड़ी गाड़ी दे दो,
जिसमें बहुत सारे लोग मुझसे बात करने के लिए हों
और मेरे पास नोटों से भरा बैग हो.
जिनी ने चिंटू को बस का कंडक्टर बना दिया.

## पटेश्वर महादेव का जल अभिषेक और शिव कीर्तन में उमड़े श्रद्धालु



**नवापारा राजिम,** 5 अगस्त (देशबन्धु)। सावन के चौथे सोमवार को पंचकोशी धाम पटेश्वर महादेव का जल अभिषेक एवम महा आरती का आयोजन किया गया जिसमें आसपास के गांव के लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए सुबह से लेकर शाम तक शिव भक्तों का तांता लगा रहा सुबह से ही पंडितों के द्वारा पूजा अर्चना किया गया शिवलिंग में बेलपत्र, धतूरा, फूल पान आदि चढ़कर जल अभिषेक कर आशीर्वाद प्राप्त किया, पटेश्वर नाथ की जयकारा हो रही थी और लोग हर हर महादेव का भी घोस कर रहे थे अभिषेक उपरांत विशाल भंडारा व भजन मां बेटा मानस परिवार पटेवा, नवदीप भजन संध्या नवापारा राजिम एवं गुरु के कृपा छत्तीसगढ़ी लोकरंग पंडवानी बोरिद के द्वारा संगीत में भजन का शुभारंभ किया गया दीपक सिंह एवं माधुरी सेन की मधुर आवाज में शिव जी की भजन के द्वारा शिव भक्त भगवान भोलेनाथ की भजनों पर झूमते ,थिरकते नजर आए अभनपुर क्षेत्र की विधायक इंद्र कुमार साहू ने जल अभिषेक में शामिल होकर शिव भक्तों के बीच नाचने लगे साथ ही प्रवीण कल्ला ने भी विशाल त्रिशूल यात्रा के साथ पंचकोशी धाम पटेश्वर नाथ की जलभिषेक में शामिल हुए तत्पश्चात विधायक इंद्र कुमार साहू ने अभनपुर क्षेत्र की खुशहाली समृद्धि और जल कल्याण की कामना की उन्होंने कहा कि यह आयोजन छत्तीसगढ़ की गौरव शांति सांस्कृतिक परंपरा को जीवंत बनाए रखने का कार्य करती है ।

## रफी नाइट कार्यक्रम में जगन्नाथ प्रसाद देवांगन गौरव सम्मान से सम्मानित



**कटगी/बलौदाबाजार,** 5 अगस्त (देशबन्धु)। राष्ट्रीय पर्यावरण खनिज एवम् संरक्षण मंच छत्तीसगढ़ के प्रदेशाध्यक्ष के के वर्मा द्वारा आयोजित रफीनाइट कार्यक्रम में जगन्नाथ प्रसाद देवांगन को गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया। यह कार्यक्रम नगर भवन बलौदाबाजार में आयोजित किया गया था, जिसमें टंकराम वर्मा कैबिनेट मंत्री छत्तीसगढ़ शासन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन ने किया। कार्यक्रम में कलेक्टर दीपक सोनी और गणवीर धम्मशील वनमंडलाधिकारी भी उपस्थित थे।

जगन्नाथ प्रसाद देवांगन राज्यपाल पुरस्कृत और गोल्डन बुक ऑफवर्ल्ड रिकॉर्ड से सम्मानित उत्कृष्ट प्रधानपाठक हैं। उन्हें मंत्री वर्मा के हाथों गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया। जगन्नाथ प्रसाद देवांगन ने इस सम्मान के लिए के के वर्मा, मिथलेश वर्मा, रामाधार पटेल अध्यक्ष पत्रकार संघ, नरेंद्र शर्मा और उनकी टीम का आभार व्यक्त किया। श्री देवांगन को सुनील तिवारी, आदमखान, हेमंत साहू और अन्य आत्मीय जनों ने उन्हें हार्दिक बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की।

## अमेरा में दीप महायज्ञ जारी



**अमेरा/बलौदाबाजार,** 5 अगस्त (देशबन्धु)। गायत्री प्रज्ञा मंडल द्वारा इन दिनों दीप महा यज्ञ का आयोजन घरों में जाकर किया जा रहा है। इन दौरान गांव के बहुत में जाकर सरावा दी दीप महा यज्ञ, विद्या आरंभ संस्कार, संकल्प पाठ, गायत्री मंदिर द्वारा आयोजित किया जा रहा है । इस यज्ञ का मुख्य उद्देश्य मानव में देवत्व का उदय, धरती पर स्वर्ग का अवतरण इसी उद्देश्य की पुर्ती हेतु गृहे गृहे यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। लोगों को अंधकार से प्रकाश की ओर, ज्ञान की ओर ले जाना है। यह यज्ञ अभी तक बसंती कन्नोजे, अनिता कन्नौजे, रामकुमारी पटेल, रमा वर्मा, नीरा बाई साहु, खिलेश्वरी सेन, पुष्पा पटेल, निशा पटेल, धनेश्वरी पटेल, शारदा मानिकपुरी, रामेश्वरी पटेल, मोतीलाल पटेल, चोवाराम पटेल, दुखुराम वर्मा के घरों में आयोजित किया जा चुका है, जो लगातार जारी है।

## राजिम मेला को मिलेगा नया रूप, 20 करोड़ 23 लाख की लागत से विकसित होंगे स्नान घाट, प्लेटफार्म और आरती स्थल



**राजिम,** 5 अगस्त (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ शासन के जलसंसाधन विभाग द्वारा गरियाबंद जिले के फिंगेश्वर विकासखंड स्थित प्रसिद्ध राजिम मेला के विकास हेतु 20 करोड़ 23 लाख 50 हजार रुपये की द्वितीय पुनरीक्षित प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है। यह राशि महानदी तट पर श्रद्धालुओं की सुविधा और धार्मिक आयोजन के बेहतर प्रबंधन के लिए मंजूर की गई है।

इस परियोजना के तहत 480 मीटर लंबाई में स्नान प्लेटफार्म, गंगा आरती घाट, शाही स्नान कुण्ड और सीढ़ियों का निर्माण किया जाएगा, जो चौबेबांचा पुल तक फैला होगा। यह राशि राज्य योजना के बजट शीर्ष 'महानदी परियोजना' के अंतर्गत खर्च की जाएगी।

राज्य शासन का उद्देश्य राजिम मेले को और अधिक सुव्यवस्थित तथा श्रद्धालुओं के लिए सुविधाजनक बनाना है। इस दिशा में यह विकास कार्य एक महत्वपूर्ण कदम है। शासन का प्रयास है कि धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजनों के लिए आवश्यक बुनियादी ढांचे को सशक्त किया जाए, जिससे राज्य की सांस्कृतिक विरासत को और अधिक समृद्ध किया जा सके।

## स्वर्ण होटल में महिलाओं ने मनाया सावन उत्सव



**महासमुंद,** 5 अगस्त (देशबन्धु)। स्टेशन रोड स्थित स्वर्ण होटल में अयोध्या नगर एवं बेमचा की महिलाओं ने सवन उत्सव मनाया। इस दौरान महिलाओं ने विभिन्न खेलों का आयोजन किया। साथ ही संगीत का कार्यक्रम भी रखा गया उपस्थित महिलाओं ने सावन उत्सव का आनंद लेते हुए एक दूसरे को बधाई दी। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से प्रभा निर्मलकर, लक्ष्मी चंद्राकर, निशा चंद्राकर, ईशा ध्रुव, दामिनी निर्मलकर, चंद्रप्रभा ध्रुव, पायल ध्रुव, रेखा ध्रुव, गुलेश्वरी साहू, प्रज्ञा, मैत्री, अनुपमा मानिकपुरी, शैलसो सोनवानी, सोनू ठाकुर, रीना भारद्वाज आदि मौजूद थे।

## कांग्रेसियों ने महेंद्र कर्मा की जयंती मनाई



**महासमुंद,** 5 अगस्त (देशबन्धु)। स्थानीय कांग्रेस भवन में 5 अगस्त को शहीद महेंद्र कर्मा के जयंती के अवसर पर उन्हें याद किया गया। इस अवसर पर डॉ. रश्मि चंद्राकर ने कहा कि छत्तीसगढ़ के आदिवासी नेता और भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस से संबंधित थे। स्व. कर्मा 2004 से 2008 तक विधानसभा में विपक्ष के नेता और 2000 से 2004 तक छत्तीसगढ़ सरकार में उद्योग व वाणिज्य मंत्री रहे। उन्हें बस्तर टाइगर कहा जाता था क्योंकि उन्होंने माओवाद नक्सलवाद के खिलाफसंघर्ष में खुलकर भाग लिया, विशेषकर सलवा जुडूम आंदोलन के संस्थापक के रूप में। झीरम घाटी हमलाक25 मई 2013 की भयावह घटना दोपहर लगभग 4 बजे सुकमा जिले की दरभा घाटी झीरम घाटी में हुई, जब कांग्रेस की परिवर्तन यात्रा वाली गाड़ियों का काफिला लौट रहा था माओवादियों ने पहले सड़क पर पेड़ काटकर मार्ग रोका, फिर आईईडी विस्फोट किया जिससे चौथा वाहन पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और पांच मीटर चौड़ी गड्ढा बनी । जब वाहन धीमा हुआए तब लगभग 250 हथियारबंद नक्सलियों ने दोनों तरफसे गोलियाँ चलाईं। गोलीबारी लगभग 90 मिनट तक चली ।इस हमले में कुल लगभग 32 लोग मारे गए जिसमें वरिष्ठ कांग्रेस नेता आदिवासी प्रतिनिधि, पुलिस व जवान शामिल थे। श्रद्धांजलि सभा में डॉ रश्मि चंद्राकर जिला अध्यक्ष, खिलावन बघेल,गौरव चंद्राकर, गुरमीत चावला, सुनील चंद्राकर,अजय थवाईत, दिनेश दुबे,रवि साहू,बसंत चंद्राकर,मुन्ना ठाकुर, सन्नी महानंद, नूकेश महंत, सुभाष शर्मा,तुलसी देवदास,भानु सोनी,मोंटी आदि उपस्थित थे।

## टीबी के मरीजों को अतिरिक्त पोषण सहायता देने सामने आ रहे नगर के समाजसेवी संगठन



**चार माह में बांट चुके दो सौ से अधिक मरीजों को फूड बास्केट**

**बलौदाबाजार,** 5 अगस्त (देशबन्धु)। प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत टीबी का उपचार ले रहे मरीजों को समाज के सक्षम वर्ग द्वारा निक्षय मित्र बन अतिरिक्त पोषण सहयोग प्रदान किया जाता है। इसी कड़ी में नगर के श्री भूतेश्वर नाथ मंदिर ट्रस्ट, वर्ल्ड ब्राह्मण फेडरेशन और सहयोग संगठन समाज सेवी संस्थाओं ने निक्षय मित्र बन कर टीबी मरीजों को पोषण आहार वितरित किया है। समाज सेवी संगठनों द्वारा चार माह में 210 पोषण आहार के फूड बास्केट वितरित किया जा चुका है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.राजेश कुमार अवस्थी ने बताया कि प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान अंतर्गत कोई भी सक्षम व्यक्ति जैसे जनप्रतिनिधि, व्यापारी, कर्मचारी, समाज सेवी संघ आदि टीबी के मरीजों को निक्षय मित्र बन के उन्हें अतिरिक्त पोषण सहयोग प्रदान करते हैं जिसमें मुख्यत: प्रोटीन पोषक तत्व पाए जाते हैं। मरीज को इस अतिरिक्त आहार से टीबी रोग से लड़ने में सहायता मिलती है। उन्होंने समाज के लोगों से अधिक से अधिक संख्या में निक्षय मित्र बन इस नेक कार्य में सहयोग की अपील की है जिससे देश से टीबी रोग का उन्मूलन किया जा सके। गौरतलब है कि टीबी एक संक्रामक रोग है जो हवा के माध्यम से फैलता है। दो हफ्ते से अधिक खांसी, शाम को हल्का बुखार, पसीना आना,छाती में दर्द, वजन में कमी, भूख न लगना, बच्चों में वजन का न बढ़ना ये कुछ ऐसे लक्षण हैं जो टीबी होना प्रकट करते हैं। लक्षण होने पर नजदीक के अस्पताल में संपर्क करना चाहिए। मरीज 6 माह के डॉट्स के उपचार से पूरी तरह ठीक हो जाता है।

उक्त फूड बास्केट वितरण में सहयोगी के रूप में प्रवीण शुक्ला, मनीष शुक्ला, भाटापारा विमला दीक्षित, अरविंद शुक्ला, शालीन शुक्ला, बुधराम अग्रवाल, संतोष वैष्णव, मनीषा शुक्ला, रोशनी शुक्ला, प्रज्ञा शुक्ला, अभिनव शुक्ला, गीता मिश्रा, प्रणव अवस्थी, शैलजा मिश्रा, डॉ. प्रभा आनंद शुक्ला, शिवम सिंह, आरती दुबे, मोरध्वज श्रीवास्तव, शीला शुक्ला, सुनीता मिश्रा, कमला दुबे, करुणा दुबे, कीर्ति शर्मा एवं डॉ. निशा झा आदि शामिल है।

## लखमईसत्ती के ग्रामीणों ने अवैध शराब, जुआ बंद कराने के लिए कसडोल थाने में सौंपा ज्ञापन



**ग्रामीणों ने बैठक में लिया अनेक निर्णय**

**कटगी/बलौदाबाजार,** 5 अगस्त (देशबन्धु)। आदर्श ग्राम पंचायत कटगी के आश्रित गांव लखमईसत्ती में आसामाजिक तत्व के लोगो ने अवैध शराब और बावन पत्ती का अड्डा बना लिया था, जिससे गांव का माहौल दिनों दिन बिगड़ता जा रहा था, वृद्ध जवान से लेकर बच्चें शराब और जुवा गिरफ्त जकड़े जा रहें है। गांव-लखमईसत्ती बिगड़ी व्यवस्था को देखते हुए तीनो पंचो एवं गांव के लोगो की सहमती से में बैठक रखा था, जिसमें गांव की अव्यवस्था को सुधारने के लिए सर्वसम्मति निर्णय लिए और कुछ सामाजिक दंड का प्रावधान किया गया है।

जुआ खेलने और खेलना दोनो ही कार्य एक सामाजिक बुराई है, इस बुराई से कुप्रभाव से घर-परिवार गांव में गलत असर सभी पड़ रहा है ,इससे आर्थिक, सामाजिक कुप्रभाव से बचने के लिए जुआ खेलना व खेलाना दोनों ही प्रतिबंधित किया गया है। और नियम का उल्लंघन करने वाले को दस हजार रुपये का दंड राशी गांव समाज मे जमा करना होगा। और शराब पीना और पिलाना अपने गांव में बेचना अनेको सामाजिक बुराईयों है इसे भी प्रतिबंधित किया गया है। अवहेलना करने वाले को 50000 पचास हजार अर्थ दण्ड देना होगा। एवं इस बात की सूचना >> शेष पृष्ठ 9 पर >

## शासकीय प्राथमिक शाला भेंडरी में प्रथम पालक शिक्षक सम्मेलन का आयोजन



**शिक्षा जीवन जीने का कला की कला सिखाती है : तुलेश्वरी साहू**

**राजिम,** 5 अगस्त (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ शासन स्कूल शिक्षा विभाग के आदेशानुसार शासकीय प्राथमिक शाला भेंडरी संकुल केंद्र लोहरसी में 04अगस्त को प्रथम पालक शिक्षक सम्मेलन का आयोजन किया गया। संस्था के प्रधान पाठक राज्य पाल शिक्षक सम्मान से पुरस्कृत भागचंद चतुर्वेदी द्वारा शासन से पालक शिक्षक सम्मेलन के बिंदुओं को विस्तार पूर्वक बताया गया ।राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत बच्चों के सर्वांगीण विकास पर एफएल एन आधारित बिंदुओं के माध्यम से बच्चों के विकास हेतु विद्यालय एवं पालक के मध्य बेहतर समन्वय, बच्चों की समस्त गतिविधियों से पालक एवं शिक्षक दोनों को अवगत करवाना, बच्चों के मन में पढ़ाई के प्रति सकारात्मक माहौल बनाना, बच्चों के शाला त्याग रोकने पालकों की भूमिका सुनिश्चित करना ।लेखन एव पठन कौशल के विकास हेतु बच्चों द्वारा तैयार मासिक दीवार पत्रिका को पालकों दिखाना,शाला में प्रिंट रिच वातावरण का प्रदर्शन, बच्चों को जोड़ी में पढ़ने के अवसर प्रदान कर सीखने को स्थाई एवं रोचक बनाने का प्रयास,सामुदायिक सहभागिता से बच्चों को शाला >> शेष पृष्ठ 9 पर >

## कलेक्टर की अध्यक्षता में 'उद्योग-बैंकर्स संवाद' कार्यशाला



**धमतरी जिले में उद्योग और व्यापार की अपार संभावनाएं : कलेक्टर मिश्रा**

**धमतरी,** 5 अगस्त (देशबन्धु)। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा की अध्यक्षता में आज स्थानीय होटल में 'उद्योग-बैंकर्स संवाद' विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला रैम्प (ऱ्ऋस्क्क) योजना के अंतर्गत सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (स्स्स्ध्व), महिला उद्यमी, स्व-सहायता समूह (स।त्र) तथा कारीगरों को बैंक ऋण, वित्तीय योजनाओं एवं सरकारी सहायता से जोड़ने के उद्देश्य से आयोजित की गई।

कलेक्टर श्री मिश्रा ने कहा कि धमतरी जिले में उद्योग और व्यापार की अपार संभावनाएं हैं। जिले को जल्द ही बड़ी रेल सेवा से जोड़ने की प्रक्रिया अंतिम चरण में है, जिससे परिवहन की सुविधा में क्रांतिकारी बदलाव आएगा। वर्तमान में राष्ट्रीय राजमार्ग तो बन ही चुका है, वहीं निकट भविष्य में हाईस्पीड एक्सप्रेस वे और औद्योगिक कॉरिडोर के माध्यम से जिले को पड़ोसी राज्यों के महानगरों और बंदरगाहों से जोड़ा जा रहा है।

उन्होंने कहा कि धमतरी में जलस्त्रोतों की भरपूर उपलब्धता है यहां छोटे-बड़े डेम हैं, जो उद्योगों को आवश्यक जल आपूर्ति सुनिश्चित करते हैं। जिले में उत्पादित सामग्री को सड़क, रेल और समुद्री मार्ग से देश के अन्य हिस्सों और विदेशों तक भेजने की व्यापक संभावनाएं हैं। विशाखापटनम बंदरगाह की दूरी घटकर 5-6 घंटे होने से निर्यात की दिशा में भी नए द्वार खुलेंगे।

कलेक्टर ने यह भी कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य और बुनियादी ढांचे के क्षेत्र में तेजी से सुधार हो रहा है। पक्की सड़कों से अब दूरस्थ अंचलों में भी बारहमासी आवागमन की सुविधा उपलब्ध हो गई है, जिससे विकास की मुख्यधारा हर गांव और जन तक पहुँच रही है। उन्होंने नए उद्यमियों की जिज्ञासाओं का समाधान किया।

कार्यशाला में जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक इंद्रकुमार टिलवानी, प्रमुख बैंक जैसे भारतीय स्टेट बैंक, बैंक ऑफ इंडिया, पंजाब नेशनल बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा आदि के अधिकारी, स्टार्टअप प्रतिनिधि, महिला उद्यमी, डिस्ट्रिक्ट रिसोर्स पर्सन, विभिन्न विभागों के अधिकारी, औद्योगिक संगठन पीएमएफएमई और पीएमईजीपी योजनाओं के लाभार्थी और >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# जैन समाज ने यति यतनलाल की 49 वीं पुण्यतिथि बड़े धूमधाम से मनाई



**महासमुंद,** 5 अगस्त (देशबंधु)। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, संत, नि:स्पृह पूज्य यति यतनलाल जी म.सा की 49वीं पुण्यतिथि के अवसर पर 4 अगस्त को स्थानीय जैन समाज ने विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया। परम पूज्य विवेकसागर जी एवं शासनरत्नसागर जी मसा की पावन निश्रा में वल्लभ भवन जैन मंदिर में गुणानुवाद सभा का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम मंगलाचरण एवं पूज्य यति जी की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन से कार्यक्रम की शुरुवात की गई। फिर जैन श्री संघ के वरिष्ठ सदस्य शरद मालू एवं पारस चोपड़ा ने पूज्य यतनलाल जी का जीवन परिचय विस्तृत रूप से दिया। तत्पश्चात अशोक बरडिया, याशिका चोपड़ा, लाव्या चोपड़ा, हेमंत झाबक, देवराज लुनिया एवं ललिता बरडिया ने गीत एवं शब्दों के माध्यम से यति यतनलाल जी के प्रति श्रद्धा सुमन अर्पित किया। अंत में पूज्य विवेकसागर जी मसा ने यति यतनलाल जी के बारे में बताते हुए कहा कि यतनलाल जी की महासमुंद संघ के ऊपर बहुत कृपा रही है। उनके जीवन के बारे में सिर्फ़ जानना ही नहीं अपितु जीना भी होगा, और यही वास्तविक श्रद्धांजलि होगी। पूज्य यति जी ने देश की स्वतंत्रता के लिए अपना सारा जीवन न्योछावर कर दिया। महात्मा गांधी जी और जवाहरलाल नेहरू जी से उनका घनिष्ठ संबंध था। पारस चोपड़ा ने बताया की देश के आज़ाद होने के बाद यति जी को कांग्रेस सरकार ने सांसद की टिकट का प्रस्ताव दिया था, जिसे उन्होंने यह कहकर ठुकरा दिया था कि देश आज़ाद हो चुका है मेरा काम हो गया है। अब मैं सिर्फ जनसेवा का कार्य करूँगा। साल 1960 के दशक में यति जी ने रायपुर को छोड़कर महासमुंद को अपनी कर्मभूमि बना लिया और यहाँ श्री विवेक वर्धन सेवा आश्रम की स्थापना की। यति जी का निर्वाण 4 अगस्त 1976 को मुंबई के हॉस्पिटल में हुआ। मध्यप्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री श्यामाचरण जी जब उनकी समाधि में आये थे तो उनका वक्तव्य था किए यहाँ आकर ऐसा लगता है जैसे किसी तीर्थ का दर्शन हो गया। छत्तीसगढ़ सरकार यति यतनलाल जी के नाम से अहिंसा पुरस्कार भी प्रत्येक वर्ष प्रदान करती है। पूज्य यति जी द्वारा आश्रम परिसर में दमा की दवा दी जाती थी, जो आज भी अनवरत शरद पूर्णिमा के दिन आश्रम में प्रदान की जाती है। इस अवसर पर जतन सेवा संस्थान द्वारा दिव्यांगों को कृत्रिम पैर प्रदान किया गया। हितग्राहियों को पूज्य विवेकसागर जी ने मांसाहार और शराब त्याग करने का शपथ दिया। शाश्वत सेवा ग्रुप द्वारा यति यतनलाल जी की जीवनी पर आधारित पुस्तक का पूज्य विवेकसागर जी मसा की निश्रा में वरिष्ठजनों के हाथों विमोचन कराया गया। विवेक वर्धन सेवा आश्रम ट्रस्ट द्वारा आज हर्बल चिकित्सा शिविर का आयोजन मेघ भवन में किया गया जिसमे रायपुर से पधारे नाड़ी वैद्य पारस जी चोपड़ा ने अपनी सेवायें दी। आश्रम ट्रस्ट द्वारा शाम को यति जी की समाधि के समक्ष भक्ति आयोजित की, जिसने सभी में संगीत के माध्यम से उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। उक्त जानकारी जैन संघ के सचिव रितेश गोलछा एवं ललिता बरडिया ने दी।

### अजमेर से कलश यात्रा महासमुंद पहुँची

3 अगस्त रविवार को अजमेर दाड़ाबाडी के जीर्णोद्धार के लिए अजमेर से निकली कलश यात्रा महासमुंद पहुंची। जिसे श्री शांतिनाथ भवन से जैन मंदिर तक गाजे बाजे के साथ लाया गया और बधा कर वल्लभ भवन में विराजित किया गया। श्रावक श्राविकाओं ने बढ़ चढ़कर उसमें सोना चाँदी अर्पण किया जो कि अजमेर दाड़ाबाडी के जीर्णोद्धार में उपयोग में लाई जाएगी। रायपुर से पधारे जीर्णोद्धार समिति के सदस्य सुपारस गोलछा ने अजमेर में होने वाले निर्माण को चलचित्र के माध्यम से लोगों के समक्ष रखा। संघ के सचिव रितेश गोलछा ने बताया कि अपने द्रव्य का सदुपयोग करने के लिए यह एक अच्छा अवसर है। यदि किसी को अपने धन का उपयोग अजमेर में निर्माणाधीन दादाबाडी के लिए करना है तो वो एक निर्धारित राशि देकर कूपन प्राप्त कर सकते हैं। कलश भराने के बाद शाश्वत सेवा ग्रुप द्वारा यति श्री यतनलाल जी की जीवनी पर आधारित एक मनमोहक नाट्य प्रस्तुत किया गया। इस नाट्य में गांधी, नेहरू सहित महासमुंद के सेठ हनुतमल पीचा, भिखमचंद मालू आदि का किरदार बखूबी निभाया गया। कार्यक्रम की रचना श्रीमती ललिता बरडीया द्वारा की गई एवं मंच संचालन कुमारी रेखा कोचर और रिया गोलछा ने किया। यति यतनलाल जी की मुख्य भूमिका में कुशल चोपड़ा ने शानदार अभिनय किया।

# बम्हनेश्वर नाथ का हुआ गंगा जल से अभिषेक



**महासमुंद,** 5 अगस्त (देशबंधु)। सावन के अंतिम सोमवार को बम्हनी स्थित भगवान बम्हनेश्वर नाथ का गंगा जल से अभिषेक किया गया। यहां शनिवार से सोमवार तक लगातार आयोजन होते रहा है। शनिवार को गंगा आरती समिति द्वारा 1008 दीप से श्वेतगंगा की आरती की गई। रविवार को सहस्त्र जलधारा अभिषेक किया गया। अंतिम सावन सोमवार को करीब 5 लीटर गंगा जल से बम्हनेश्वर नाथ का अभिषेक किया गया। मुख्य जजमान होरीलाल पाण्डेय, सह जजमान सुनील अग्रवाल, सुखीराम साहू, संतोष दुबे से ऋषभ महराज ने विधि विधान से पूजन उपरांत रूद्राभिषेक किया। उल्लेखनीय है कि इसके पूर्व प्रत्येक सोमवार को दूध, भांग व कपूर युक्त जल से रूद्राभिषेक किया गया था। इस दौरान दर्शन लाभ लेने दर्शनार्थी पहुंचे रहे। मंदिर कमेटी के अध्यक्ष संतोष अग्रवाल ने बताया कि श्रावणी पूजन की पुर्णाहुति रक्षाबंधन के दिन 9 अगस्त को होगा। उन्होंने श्रद्धालुओं से भाग लेने की अपील की है। पूजन में शामिल होने पार्षद शुभ्रा मनीष शर्मा भी पहुंचे थे।

# कांवरियों की सेवा कार्यक्रम में शामिल हुए नपाध्यक्ष



**महासमुंद** 5 अगस्त (देशबंधु)। पुरातात्विक स्थल सिरपुर में साहू युवा मंच द्वारा आयोजित कांवरियों की सेवा कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू शामिल हुए। उन्होंने समाज के युवाओं द्वारा बोलबम कांवरियों की सेवा कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि भगवान गंधेश्वर नाथ के भक्तों की सेवा करने का पुण्य अवसर मिलना भी सौभाग्य की बात है। इस अवसर पर पार्षद पीयूष अमृत साहू, डॉ देवेंद्र साहू, ढालू राम साहू, नंदू साहू, विकास साहू, डॉ तरुण साहू, विनय साहू, मनीष साहू, सुभाष साहू, रत्नेश साहू, सीतेश साहू, जितेंद्र साहू, चंदन साहू, केशव राम साहू, अजय साहू आदि उपस्थित थे। इसी तरह ग्राम लचकेरा स्थित लचकेश्वर नाथ मंदिर में सावन मास के अंतिम सोमवार को जलाभिषेक कार्यक्रम में श्री साहू शामिल हुए। इस दौरान ग्रामीणों उन्हें भगवान शिव का चित्र व श्रीफल भेंटकर उनका सम्मान किया। नपाध्यक्ष साहू ने भगवान लचकेश्वर नाथ की पूजा कर ग्राम वासियों की सुख समृद्धि की प्रार्थना की। कार्यक्रम में अरुण ध्रुव सरपंच, उदय राम निषाद उपसरपंच, यदु राम साहू, विज्जु सिन्हा, रूपेश साहू, सुरेश निषाद, पप्पू साहू, यादराम यादव, मुकेश ध्रुव आदि उपस्थित थे।

# जय बड़ादेव महिला समूह की प्रेरक यात्रा, बकरी पालन से आत्मनिर्भरता की ओर



**महासमुंद,** 5 अगस्त (देशबंधु)। जिले के गुलझर ग्राम की महिलाओं ने यह कर दिखाया है कि आत्मनिर्भरता का मार्ग दूर नहीं, बस सही दिशाए दृढ़ इच्छाशक्ति और सामूहिक प्रयास चाहिए। वर्ष 2019 में गठित जय बड़ादेव महिला समूह ने स्थानीय संसाधनों का बेहतर उपयोग कर अपने लिए आजीविका का स्थायी जरिया बनाया और अपनी आर्थिक हालात को नई दिशा दी। समूह की अध्यक्ष श्रीमती गोमती ध्रुव बताती हैं कि प्रारंभ में उन्होंने बकरी पालन को व्यवसाय के रूप में अपनाया। क्योंकि ग्रामीण परिवेश में बकरी पालन के लिए अतिरिक्त प्रशिक्षण और जानकारी की आवश्यकता दूसरे व्यवसायों के मुकाबले कम था। उनके अनुसार बकरी पालन सिर्फ पशुपालन नहीं, बल्कि आत्मनिर्भरता की नई राह बन गई। उन्होंने बताया कि बिहान योजना के अंतर्गत उन्होंने 1 लाख रुपए की प्रारंभिक राशि का ऋण लिया। नियमित किस्तों और बेहतर आय के चलते वे ऋणमुक्त हुई और आगे चलकर 2 लाख तथा फिर 4 लाख का ऋण लेकर व्यवसाय का विस्तार किया। नियमित ऋण अदायगी से समूह को 15 हजार रुपए का आरएफऔर 60 हजार रुपए का सीआईएफभी मिला। आज समूह की 8 महिला सदस्यों के पास चार से पाँच बकरियाँ हैं। वे न केवल बकरी पालन कर रही हैं, बल्कि उससे उत्पन्न बकरी खाद को तैयार कर बेचकर प्रति माह 4 से 5 हजार रुपये तक की अतिरिक्त आय अर्जित कर रही हैं। बकरी खाद की गुणवत्ता और जैविक प्रकृति के कारण इसकी मांग पुणे जैसे बड़े शहरों में भी बनी हुई है। हाल ही में जिला पंचायत परिसर में लगे आकांक्षा हाट में समूह द्वारा लगाए गए स्टॉल में बकरी खाद को लोगों का जबरदस्त प्रतिसाद मिला। इससे महिलाओं का उत्साह और आत्मविश्वास और भी बढ़ा है। गोमती ध्रुव और उनकी साथी महिलाओं ने यह बता दिया कि यदि ग्रामीण महिलाएं संगठित होकर काम करें और सरकार की योजनाओं का सही लाभ उठाएंए तो वे अपनी आजीविका को मजबूत ही नहीं, बल्कि गांव की अन्य महिलाओं के लिए प्रेरणा भी बन सकती हैं। वे शासन की बिहान योजना और अन्य आजीविका उन्मुख योजनाओं के लिए धन्यवाद देती हैं, जिन्होंने उन्हें यह मंच और अवसर प्रदान किया।

# सेवानिवृत्त अधिकारियों को दी विदाई




**महासमुंद,** 5 अगस्त (देशबंधु)। सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी संघ महासमुंद द्वारा रविवार को सेवानिवृत्त अधिकारियों का विदाई सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसमें 04 सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारियों जी एन सिदार, एन सी सिदार, के एस ठाकुर, जी एस ध्रुव को विदाई दी गई। सेवानिवृत्त अधिकारियों ने सेवाअवधि में किए गए कार्यों का अनुभव साझा किया। इस अवसर पर संघ के अध्यक्ष सी आर साहू, उपाध्यक्ष एल एल साहू, उपाध्यक्ष जे एल बाघ, प्रांतीय संगठन सचिव गोपाल चंद्र भोई ने उनके कार्यों की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य व उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। आभार प्रदर्शन प्रकाश पण्डा व मनोज कुमार ध्रुव ने किया।

# अंतिम सोमवार को ओम नम: शिवाय का जाप गुंजा कौशिक कॉलोनी में



**महासमुंद** 5 अगस्त (देशबंधु)। स्वामी शिवानंद आश्रम ऋषिकेश से जुड़े संस्था दिव्य जीवन संघ महासमुंद ने योग, अध्यात्म एवं धर्म के गतिविधियों में विगत 30 वर्षों से अपना योगदान शहर सहित आसपास ग्रामीण इलाके में दे रहे हैं। श्रावण मास में प्रत्येक सोमवार को शिव मंदिर में ओम नम: शिवाय का जाप सभी सदस्य करते हैं इस वर्ष पहले सोमवार को दलदली, दूसरे सोमवार को कनेकेरा, तीसरे सोमवार त्रिमूर्ति कॉलोनी और अंतिम सोमवार कौशिक कॉलोनी में सुबह 7 से 8 बजे तक तक जाप चलता रहा। इस जाप में प्रमुख रूप से दौलत चन्द्राकर, सागर सर, तारेन्द्र चन्द्राकर, सेवनलाल चन्द्राकर, चन्द्रहास चन्द्राकर, दाऊलाल चन्द्राकर, परमानंद बजाज, संजीव साहू, दिलीप क्षत्रिय, चोइथराम राजपाल, दीपक अग्रवाल, अशोक अग्रवाल, विजय नंदवानी, लालदास मनिकपुरी, देवेन्द्र चन्द्राकर, नुकेश चन्द्राकर, प्रदीप चन्द्राकर, कोमल गुप्ता, त्रिलोक चन्द्राकर, के आर चन्द्राकर, हेमलाल ठाकुर, चंद्रिका प्रसाद चन्द्राकर, लक्ष्मीनाथ चन्द्राकर, विजय कुमार पाहुजा, निरंजना चन्द्राकर, सरला सूचक, प्रतीक्षा चन्द्राकर, हेमलता साहू, नेहल सूचक, सविता चन्द्राकर, किरन चन्द्राकर, सिखा साहू, ईश्वरी चन्द्राकर, सुशीला क्षत्रिय, शशिप्रभा चन्द्राकर, पूर्णिमा साहू, तृषा चन्द्राकर, देवकुमार साहू, हेमंत बोथरा, देवकुमार साहू, प्रकाश चन्द्राकर, हरेकृष्ण भार्गव, अजय गुप्ता, परमानंद चन्द्राकर, रामनिवास चंद्राकर आदि मौजूद थे।

# हर हर महादेव के नारे से गुंजा भलेसर



**बागबाहरा,** 5 अगस्त (देशबन्धु)। श्रावण मास का पवित्र अवसर सच्ची श्रद्धा और पूर्णआस्था से परिपूर्ण महीना। आदिदेव महादेव के अनन्य भक्त महीने भर सच्चे भाव से भगवान भोलेह्मनाथ की पूजा उपासना में लीन होते हैं तथा श्रावण में पूरे मास कांवड़ियों के द्वारा शिवालयों में बोल बम के जयघोष के साथ जलाभिषेक किया जाता है। इसी कड़ी में सुदूर वनांचल ग्राम भलेसर में बोलबम कांवड़िया विकास समिति के तत्वाधान में ग्राम के शिवालय में श्रवण मास के अंतिम सोमवार के पवन अवसर पर श्री राम चरित्र मानस गान का आयोजन किया गया था। आयोजन में आतिथ्य स्वीकार कर सम्मिलित हुए उपाध्यक्ष जिला पंचायत महासमुंद श्री भीखम सिंह ठाकुर जी। श्री ठाकुर जी ने अपनी उपस्थिति प्रदान कर भगवान भोलेनाथ से क्षेत्र की कुशलता, सुखी और समृद्ध जीवन की मंगलकामना की एवं उपस्थित ग्रामीण एवं श्रद्धालुओं को संबोधित किया। श्री ठाकुर जी ने अपने संबोधन में कहा कि ईश्वर के प्रति आस्था बनाए रखने के साथ - साथ विशेष रूप से शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के क्षेत्र में जागरूक होने की बात कही एवं आयोजन के सफल संचालन के लिए आयोजन समिति को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर श्री भीखम सिंह ठाकुर जी सहित कांवड़िया समिति के अध्यक्ष मंडलेश्वर सिन्हा, संरक्षक रेखराम सिन्हा, सरपंच अरुण चंद्राकर, पूर्व सरपंच बलराम सिन्हा, तेजस्वी चंद्राकर, मनीष चंद्राकर, डिगेश सिन्हा, हरिश्चंद्र सिन्हा, बहुर देशकर, चीकू देवांगन, प्रकाश ध्रुव सहित क्षेत्र के श्रद्धालु भक्त जन एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# विधायक कार्यालय में आवश्यक बैठक



**बागबाहरा,** 5 अगस्त (देशबन्धु)। खल्लारी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत बागबाहरा स्थित विधायक कार्यालय में आगामी श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव 2025 के सफल आयोजन हेतु एक आवश्यक बैठक आयोजित की गई। यह बैठक छत्तीसगढ़ शासन के पूर्व संसदीय सचिव एवं वर्तमान विधायक श्री द्वारिकाधीश यादव की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई।

बैठक में यादव समाज की विभिन्न शाखाओं से बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित हुए। सर्वसम्मति से महोत्सव की तैयारियों के लिए एक संचालन समिति का गठन किया गया, जिसमें समाज के अनुभवी, जागरूक एवं सक्रिय सदस्यों को सम्मिलित किया गया है। बैठक में कार्यक्रम की तिथि, समय, स्थल, सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ, झांकियाँ, भजन संध्या एवं अतिथियों के स्वागत-सत्कार संबंधी विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई।

इस अवसर पर विधायक श्री द्वारिकाधीश यादव ने कहा श्रीकृष्ण जन्माष्टमी केवल एक धार्मिक पर्व नहीं, बल्कि सामाजिक एकता और सांस्कृतिक परंपराओं का प्रतीक है। समाज की सक्रिय भागीदारी से इस महोत्सव को भव्य और गरिमामय रूप में आयोजित किया जाएगा।

बैठक में मुख्य रूप से राजू यादव, विनोद यादव, प्रीतम यादव, हरिशंकर यादव, खोनऊ यादव, दीपक यादव, दुर्गेश यादव हृदय राम यादव, यशवंत यादव, कुबेर यदु, किरण यदु, ज्योति यादव, कुलेश्वरी यादव, हेमंत यादव, सोमन यादव, डुमनलाल यादव, हबेलाल यादव, मंता यादव, सुंदर यादव, चरण यादव, फगुनू यादव, चंद्रिका यादव, भीखम यादव, रामभूषण यादव, संतोष यादव, दशरथ यादव, ठंडा राम यादव, नजारू यादव, दुरपत यादव, कन्हैया यादव, धर्मराज यादव, , रामसिंग यादव, भूषण यादव, पतित यादव, रोहित यादव, प्रदीप यादव, दशरम यादव, भुवन यादव, फुलेश्वरी यादव, सोनऊराम यादव, नजाकसिंह यादव, परमराज यादव भी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

### एक पेड़ मां के नाम 2.0 अभियान

# पौधों की नवाचारी सुरक्षा के साथ ग्रीन केयर द्वारा पौधारोपण

- प्लास्टिक पाइप का सुरक्षा कवच लगाया
- गड्ढे भी हैंड मशीन से खोदे गए
- ग्राम बामनडीह में 90 पौधों का रोपण पूर्ण
- माता रामप्यारी शर्मा द्वारा अपने 90 वें जन्म दिन पर लगाया था पहला पौधा




**बागबाहरा,** 5 अगस्त (देशबन्धु)। ग्रीन केयर सोसायटी इंडिया द्वारा प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के आव्हान पर वर्ष 2024 में देश के विभिन्न भागों में लगाए थे अनेक पौधे 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान में। इस वर्ष याने 2025 में भी ग्रीन केयर द्वारा 'एक पेड़ मां के नाम 2.0 अभियान' अंतर्गत पौधारोपण एवं जनजागरुकता शुरू किया है।जिसके अंतर्गत महासमुंद जिले के बागबाहरा कोमाखान क्षेत्र के ग्राम बामनडीह निवासी माता रामप्यारी शर्मा ने अपने 90 वें जन्म दिन पर अपने हाथों से शमी का पौधा रोपित कर कार्यक्रम की शुरुवात की थी। उसके पश्चात वर्षा होने के बाद क्रमश: शेष पौधों का रोपण शुरू किया गया। आज पौधारोपण समापन अवसर पर विशेष रूप से ग्रीन केयर सोसायटी इंडिया के अध्यक्ष डॉ विश्वनाथ पाणिग्राही पहुंचे एवं अपने हाथों से छोटे हैंड मशीन से पौधारोपण हेतु गढ़े किए तथा पौधा रोपण किए। मशीन से गड्ढा खोदना भी ग्रामीण क्षेत्र के लिए एक नवाचारी कार्य है।

गौरतलब है कि 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान पौधारोपण में ग्रीन केयर के साथ कंधे से कंधा मिलाकर डॉ विजय शर्मा, दिलीप शर्मा, राजेंद्र शर्मा, शिव उपाध्याय, पंडित कीर्ति शर्मा, सच्चीज्ञान उपाध्याय धनेश्वर उपाध्याय, गौरव उपाध्याय, लच्छी राम यादव सहयोग प्रदान कर रहे हैं तथा प्लास्टिक पाइप लगाकर पौधों की जो नई तरह से सुरक्षा व्यवस्था की गई है उसमें भी सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। मां पाटमेंश्वरी मंदिर से पहुंच मार्ग के दोनों ओर पौधारोपण किया गया।फलदार, छायादार देशी वृक्षों का अधिकतर रोपण किया। पौधे नि:शुल्क प्रदान करने हेतु वनमण्डलाधिकारी महासमुंद, परिक्षेत्र अधिकारी बागबाहरा एवं वन विभाग का ग्रीन केयर के डायरेक्टर अमुजूरी विश्वनाथ ने धन्यवाद पत्र प्रेषित किया।

# सशिमं में विद्यार्थियों के बनाए 111 पार्थिव शिवलिंगों का पूजन सोत्साह सम्पन्न



**बागबाहरा,** 5 अगस्त (देशबन्धु)। पवित्र श्रावण मास के अवसर पर स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर उ.मा. विद्यालय में सोमवार को 111 पार्थिव शिवलिंग का पूजन कार्यक्रम उत्साहपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ। विद्यालय में अध्ययनरत भैया-बहनों ने कला शिक्षा के अंतर्गत 'मूर्ति कला में मिट्टी से शिवलिंग बनाकर पूजन' विषय के अंतर्गत मिट्टी के इन पार्थिव शिवलिंगों का निर्माण किया था। इस तरह की गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों को भारतीय परंपरा और संस्कृति से परिचित कराना इस आयोजन का उद्देश्य था।

इस कार्यक्रम में कक्षा अरुण से द्वादश के विद्यार्थी उत्साहपूर्वक भाग लेकर आकर्षक 111 शिवलिंगों का निर्माण कर विद्यालय में लाए और विद्यालय में इन पार्थिव शिवलिंगों का पूजन पूरे विधि-विधान से किया गया। पूजन कार्यक्रम विद्यालय की वरिष्ठ आचार्य सिम्मी दुबे ने संपन्न करवाया और विद्यालय के प्राचार्य नन्दूराम निर्मलकर व उनकी पत्नी गायत्री निर्मलकर पूजन कार्यक्रम में मुख्य यजमान के रूप में उपस्थित रहीं। सभी भैया/बहिनों के साथ मिलकर पूजन और आरती कर प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान प्राचार्य श्री निर्मलकर ने भैया/बहिनों को पूजन के महत्व के बारे में बताया कि पार्थिव शिवलिंग पूजन करने से धन-धान्य, आरोग्य की प्राप्ति के साध ही शारीरिक और मानसिक कष्टों से मुक्ति मिलती है। उक्त पूजन कार्यक्रम में सभी आचार्य/दीदी, भैया/बहिन एवं अभिभावकगण उपस्थित रहे।

# जिले में नशे के खिलाफ मोर्चा, समन्वय समिति की बैठक में कलेक्टर ने दिए सख्त निर्देश

- नशे के खिलाफ सख्ती, जागरूकता और कार्रवाई का रोडमैप तैयार



**गरियाबंद,** 5 अगस्त (देशबन्धु)। जिले में नशीली दवाओं और मादक पदार्थों पर नियंत्रण को लेकर प्रशासन ने कमर कस ली है। कलेक्टर बी.एस. उइके और पुलिस अधीक्षक निखिल कुमार राखेचा की संयुक्त अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक में नशामुक्ति को लेकर विस्तृत रणनीति पर चर्चा हुई। बैठक में साफ संकेत दिया गया कि नशे के कारोबार को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। बैठक में कलेक्टर उइके ने कहा कि नशीली दवाओं, अवैध शराब और मादक पदार्थों की जिले में आमद को रोकने के लिए हर स्तर पर समन्वय जरूरी है। उन्होंने पुलिस, आबकारी, औषधि, स्वास्थ्य, समाज कल्याण, महिला एवं बाल विकास, शिक्षा विभाग सहित सभी संबंधित अधिकारियों को सतर्कता के साथ कार्रवाई करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने जिले की सीमा से सटे इलाकों में नशीली दवाओं की आवाजाही रोकने के लिए चेक पोस्ट और बैरियर पर लगातार सघन जांच के निर्देश दिए। वहीं, स्कूल और कॉलेज परिसर के 100 मीटर के भीतर तंबाकू, गुटखा, सिगरेट, और अन्य नशीली वस्तुओं की बिक्री पर तत्काल रोक लगाने कोटपा अधिनियम के तहत सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए।

बैठक में निर्णय लिया गया कि नशामुक्ति के लिए हेल्पलाइन नंबर 14446 और मादक पदार्थों की रिपोर्टिंग के लिए नंबर 1933 का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाएगा। इसके लिए गांव-गांव दीवाल लेखन और मुनादी करवाई जाएगी। साथ ही सार्वजनिक स्थल जैसे चौक, गार्डन या शिक्षण संस्थान के पास नशा करने वालों की गतिविधियां की शिकायत के लिए 94792-25884 नंबर जारी किया गया। जिसमें कॉल अथवा व्हाट्सएप से गोपनीय रूप से सूचना दे सकते हैं। कलेक्टर ने स्पर्श क्लिनिक के जरिए नशे की लत से ग्रस्त मरीजों को उपचार और परामर्श देने की व्यवस्था मजबूत करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने ड्रग कंट्रोल विभाग को मेडिकल स्टोरों पर औचक जांच कर नशीली दवाओं के स्टॉक और बिक्री की निगरानी करने का निर्देश दिया।

बैठक में अपर कलेक्टर पंकज डाहिरे, एएसपी जितेन्द्र चंद्राकर, समाज कल्याण उप संचालक डी.पी. ठाकुर, कार्यक्रम अधिकारी अशोक पांडेय, जिला उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक दीनबंधु ध्रुव, सहायक ड्रग कंट्रोलर संजय राजपूत समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे। सभी विभागों को मिलकर अभियान को धरातल पर उतारने की जिम्मेदारी सौंपी गई।

## आपदा पीड़ित परिवारों को 8 लाख रूपये की आर्थिक सहायता

बलौदाबाजार, 5 अगस्त (देशबन्धु)। प्राकृतिक आपदा से मृत 2 लोगों के निकट परिजनों के लिए 8 लाख रूपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। प्रत्येक व्यक्ति के लिए 4-4 लाख रूपये की स्वीकृति प्रदान की गई है। कलेक्टर दीपक सोनी ने राजस्व पुस्तक परिपत्र की धारा 6-4 के तहत ये स्वीकृतियां प्रदान की हैं।



# श्री हरदेव लोधी समाज आरंग का परिक्षेत्र स्तरीय महिला एवं युवा सम्मेलन का किया गया आयोजन

◆ **लोधी समाज से आने वाली खैरागढ़ विधायक यशोदा वर्मा और लोक गायिका सीमा कौशिक ने बताए अपने अनुभव**



**आरंग,** 5 अगस्त (देशबन्धु)। श्री हरदेव लोधी समाज परिक्षेत्र आरंग के द्वारा वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी चौक आरंग में परिक्षेत्र स्तरीय महिला एवं युवा प्रकोष्ठ का सम्मेलन आयोजित किया गया। कार्यक्रम में लोधी समाज से खैरागढ विधायक यशोदा निलाम्बर वर्मा, छत्तीसगढ़ की प्रसिद्ध लोक गायिका और राष्ट्रीय महिला लोधी, लोधा, लोध, महासभा की राष्ट्रीय महिला उपाध्यक्ष सीमा कौशिक, राष्ट्रीय महिला महासचिव लोधी लोधा लोध महासभा तरला दमाहे के साथ रायपुर महिला जिला कार्यकारिणी के सदस्यों द्वारा समाज में महिलाओं को आत्मनिर्भर सशक्त बनने, और युवाओं को समाजिक कार्यों में रूचि लेने संबंधी विचार रखा गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि रही विधायक यशोदा नीलांबर वर्मा ने अपनी राजनैतिक सफर की जानकारी देते हुए महिलाओं को प्रोत्साहित किया।

### सम्मेलन में महिला प्रकोष्ठ एवं युवा प्रकोष्ठ का हुआ पुर्नगठन - रत्ना तथा महेश बने अध्यक्ष

इस कार्यक्रम में सामाजिक रूप से पुर्व महिला और युवा कार्यकारिणी का कार्यकाल पूर्ण होने उपरांत महलाओ द्वारा महिला तथा युवाओं द्वारा युवा पदाधिकारियों का चयन किया। महिला प्रकोष्ठ में श्रीमती रत्ना लोधी अध्यक्ष, श्रीमती नंदनी लोधी उपाध्यक्ष, श्रीमती मोनी गारूड़िक सचिव, श्रीमती भावना लोधी कोषाध्यक्ष एवं श्रीमती सुनीता लोधी संरक्षक के रूप में चुनी गई। इसी प्रकार युवा प्रकोष्ठ में महेश लोधी अध्यक्ष, प्रकाश लोधी उपाध्यक्ष, जय प्रकाश लोधी सचिव, शुभम लोधी कोषाध्यक्ष, विकास लोधी संरक्षक के रूप में चयनित हुए। श्री हरदेव लोधी समाज के अध्यक्ष शैलेन्द्र लोधी ने आभार प्रदर्शन करते हुए कहा कि युवा समाज का भविष्य हैं और मुख्य रूप से महिला सदस्यों द्वारा ही जन्म से लेकर मृत्यु तक सामाजिक रीति रिवाज निभाए जाते हैं, ऐसे में सामाजिक सुधार के लिए समाज के सभी अंगों को मिलकर कार्य करना होगा, तभी समाज विकास को प्रगति मिलेगी ।लोधी समाज के पदाधिकारियों ने सभी चयनित महिला और युवा प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से टुकेश्वर लोधी उपाध्यक्ष, शांतिलाल लोधी कोषाध्यक्ष, संजय कुमार मजगहे सचिव, कुबेर लोधी सहसचिव, लक्ष्मीनारायण लोधी संरक्षक, सलाहकारगण गणपत राम लोधी, सूरज लोधी, कैलाश लोधी, गजानंद गारूड़िक, नरेन्द्र लोधी पार्षद, संतोष लोधी पार्षद सभी कार्यकारिणी सदस्यों के साथ बहुतायत संख्या में महिला एवं युवा साथी उपस्थित रहे ।

# अवैध गांजा परिवहन पर थाना सरिया की कार्रवाई

## गांजा परिवहन करने वाले 2 आरोपी तथा गांजा खरीदने वाले 1 आरोपी गिरफ्तार





**बिलाईगढ़** 5 अगस्त(देशबंधु)। थाना प्रभारी प्रमोद यादव के नेतृत्व मे दिनांक 4/08/2025 को जरिये मुखबीर सुचना पर ग्राम खैरगढ़ी,नाला पुल के पास मेन रोड में घेराबंदी कर ओड़िशा से टीवीएस स्कूटी में आ रहे 02संदिग्ध व्यक्तियों के कब्जे से स्कूटी में सफेद बोरी में रखा हुआ 05 पैकेट मादक पदार्थ गांजा कुल 11किलो 655 ग्राम एवं घटना मे प्रयुक्त 02 नग मोबाईल एवं एक टीवीएस स्कूटी कुल जुमला किमती लगभग 216000 रूपये को जप्त किया गया। दौरान विवेचना आरोपियों से पूछताछ करने पर राकेश साहू उर्फ़ राहुल हाल निवासी चांदमारी जिला रायगढ़ को गांजा ले जाकर बिक्री करना बताया गया।आरोपी राहुल साहू को हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर दोनों आरोपियों से लगातार गांजा मंगाकर खरीदना स्वीकार किया। तीनों आरोपीगण के विरूद्ध थाना सरिया मे अप क्र 175/25 धारा 20 क्रङ्खस्त्रक्कस्न एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर ,विधिवत कार्यवाही करते हुए आरोपीगणों को न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है।सम्पूर्ण कार्यवाही मे थाना प्रभारी प्रमोद यादव,प्र.आर. सुरेंद्र सिदार, मोहन गुप्ता, सत्यम मंडलोई,आरक्षक , राजकुमार साव, लक्ष्मी पटेल, अनुज सिदार, दिलीप साव एवं साइबर सेल से रामकुमार मानिकपुरी,विजय यादव एवं समस्त थाना स्टाफ का विशेष योगदान रहा।

## कौड़ियां से शिव भक्तों का जत्था शिव धाम के लिए रवाना



**पलारी,** 5 अगस्त (देशबन्धु)। बोल बम कांवरिया संघ कौड़ियां से शिवभक्त पवित्र सावन मास में अपने आराध्य भगवान शिव को जल अर्पित करने श्वेत गंगा बम्हनी (महासमुंद) से जल लेकर सिरपुर के गंधेश्वर महादेव मंदिर तक पैदल यात्रा करके आते हैं। यह परंपरा विगत 35 वर्षों से भी अधिक समय से चला आ रहा है। जनपद सदस्य उमेश यदु,सरपंच प्रदीप वर्मा ने हरी झंडी दिखाकर शिव भक्तों को रवाना किया उक्त अवसर पर उपसरपंच विष्णु साहू,पूर्व सरपंच हरिशंकर वर्मा,सनत वर्मा,डीलेश्वर यादव,इंद्रकुमार वर्मा,रोहन वर्मा,मोतीलाल कन्नौजे, परस वर्मा, बालाराम साहू, जोहन साहू,देवचरण साहू,महेश यादव,खिलेंद्र चंद्राकर, और गांव के नागरिक भी उपस्थित थे।

# कांग्रेस के मासिक बैठक में पूर्व मंत्री डॉ. डहरिया ने बस्तर टाइगर को दी श्रद्धांजली

**बैठक में मंडल विस्तार और संगठन की मजबूती पर हुई चर्चा**

**भाजपा की नाकामी को जनता तक ले जाने के लिए कांग्रेस के सिपाही तैयार: पूर्व मंत्री डॉ शिवकुमार डहरिया**



आरंग, 5 अगस्त (देशबन्धु)। हर माह की तरह मंगलवार को आरंग के राजीव भवन में कांग्रेस की मासिक बैठक आयोजित की गई।इस बैठक में पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ शिवकुमार डहरिया प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।बैठक के पूर्व कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बस्तर टाइगर स्व.महेंद्र कर्मा को उनकी जयंती पर याद किया। पूर्व मंत्री डॉ शिवकुमार डहरिया ने स्व.महेंद्र कर्मा को याद करते हुए कहा कि बस्तर टाइगर स्व.महेंद्र कर्मा के बलिदान को प्रदेश की जनता कभी नहीं भूलेगी।बस्तर में जल ,जमीन और आदिवासी के हक के लिए लड़ने वाले स्व.महेंद्र कर्मा ने कांग्रेस पार्टी को प्रदेश में स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

मासिक बैठक में बड़ी संख्या में उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री डॉ शिवकुमार डहरिया ने कहा कि भाजपा के आने से किसानो को खाद,यूरिया नहीं मिल रहा,महिलाओ को योजनाओं का लाभ नहीं मिल रहा युवा बेरोजगारो को रोजगार नहीं मिल रहा।यहां हर वर्ग के लोग परेशान है,बिजली बिल हॉफ योजना में कटौती कर दी।प्रदेश की जनता के लिए हित के लिए कांग्रेस ने जो योजनाएं लागू की थी उसे भाजपा ने बंद कर दी है। भाजपा सरकार अपने व्यापारी मित्रो को खुश करने के लिए यहां के बेशकीमती जंगलों को काट रही है।वर्तमान समय में सोशल मीडिया का राजनीतिक जीवन,सामाजिक जीवन में बहुत महत्व है।सोशल मीडिया ग्रुप में पार्टी के मिले निर्देशों का पालन सभी को करना है।विरोधी पार्टी जो भी टिप्पणी करते है उसका मुंहतोड़ जवाब कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं को देना चाहिए।आने वाले समय में प्रदेश की जनता भाजपा को अपने वोट से जवाब देगी।बैठक में उपस्थित कार्यकर्ताओं को जिलाध्यक्ष उधोराम वर्मा,ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष कोमल साहू,प्रभारी हितेंद्र ठाकुर,रामधनी वर्मा,विराज चंद्राकर,चंद्रशेखर चंद्राकर, मंगलमूर्ति अग्रवाल, गोपाल चतुर्वेदी ने संबोधित किया। बैठक में बड़ी संख्या में आरंग विधानसभा क्षेत्र के पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# काम में लापरवाही पर कार्य एजेंसी ब्लैकलिस्ट करने के निर्देश, समीक्षा बैठक में नदारद 12 ठेकेदारों को कारण बताओ नोटिस

**जल जीवन मिशन की धीमी रफ्तार पर गरियाबंद कलेक्टर सख्त**



**गरियाबंद,** 5 अगस्त (देशबन्धु)। जल जीवन मिशन में लापरवाही बरत रही एजेंसियों पर अब जिला प्रशासन सख्त हो गया हैं। कलेक्टर बीएस उइके ने कार्यों में देरी कर रही एजेंसियों के अनुबंध समाप्त करने और उन्हें ब्लैकलिस्ट करने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही, मंगलवार को समीक्षा बैठक में अनुपस्थित रहने वाले 12 ठेकेदारों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए है। मंगलवार को कलेक्टर बी.एस. उइके ने संयुक्त जिला कार्यालय में मिशन से जुड़ी एजेंसियों और ठेकेदारों की बैठक ली। उन्होंने विकासखंडवार प्रगति की समीक्षा करते हुए कहा कि हर घर तक नल-जल पहुंचाना केंद्र सरकार की प्राथमिकता है। काम में किसी भी तरह की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि जो एजेंसियां तय समयसीमा में कार्य पूरा नहीं कर रही हैं, उनके विरुद्ध अनुबंध समाप्त कर ब्लैकलिस्ट की कार्रवाई की जाए। वहीं बचे हुए कार्यों को तेज गति से पूर्ण करने के लिए श्रमबल बढ़ाया जाए। कलेक्टर ने जल जीवन मिशन के सब-इंजीनियरों को सख्त निर्देश दिए कि वे कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग करें। उन्होंने कहा कि यदि कहीं भी लापरवाही पाई गई, तो संबंधित अधिकारी की जिम्मेदारी तय की जाएगी। बैठक में पीएचई विभाग के ईई विप्लव घृतलहरे, सभी एसडीओ, ठेकेदार और निजी एजेंसियों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

## शिवालयों में गूंजे हर-हर महादेव के जयकारे



खरोरा, 5 अगस्त (देशबन्धु)। भगवान शिव की भक्ति और आराधना को समर्पित पावन मास सावन का आज अंतिम सोमवार है। अंतिम सोमवार ही दिन क्षेत्र के से मंदिरों में विशेष पूजा अर्चना के साथ भगवान शिव का जलाभिषेक करने श्रद्धालु बड़ी संख्या में पहुंचे। श्रावण मास का अंतिम सोमवार है मंदिरों में सुबह से ही भक्तों का ताता लगा हुआ था ।बड़ी संख्या में श्रद्धालुणन भगवान भोलेनाथ का अभिषेक करने से मंदिर पहुंचे शिवालयों में हर-हर महादेव के जयकारों से नजर आ रहे हैं ।सावन सोमवार पर रवि योग ,मौना पंचमी और शोधन योग बन रहे हैं । दुर्भल संयोग योग में पूजा अर्चना करने से अपार सुख समृद्धि और सौभाग्यव मिलता है ।

## भखारा प्रेस क्लब के राजेश रात्रे अध्यक्ष,युगल किशोर साहू बने सचिव



**भखारा,** 5 अगस्त (देशबन्धु)। बीते सोमवार को भखारा प्रेस क्लब का चुनाव संपन्न हुआ जिसमें नए पदाधिकारी का चयन किया गया।जिसमें भखारा प्रेस क्लब के सभी सदस्यों के द्वारा सर्वसम्मति से राजेश रात्रे को अध्यक्ष नियुक्त किया गया।वहीं खिलेश साहू को उपाध्यक्ष एवं युगल किशोर साहू को पूर्व कार्यकाल बेहतर कार्य को देखते हुए दूसरी बार संगठन का सचिव चुना गया।भखारा प्रेस क्लब के निवर्तमान अध्यक्ष थानेश्वर साहू के द्वारा नए अध्यक्ष का साल व श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। साथ ही उन्होंने कहा कि संगठन हित में हमेशा कार्य करने की बात कही। नवनियुक्त प्रेस क्लब अध्यक्ष राजेश रात्रे ने कहा कि मैं हमेशा संगठन की हित में कार्य करूंगा और पूरे क्षेत्र में पत्रकारिता की नई नींव रखा जाएगा।उक्त प्रेस क्लब के चुनाव के दौरान संरक्षक मोहम्मद रसीद,प्रीतम टण्डन,सुरज सिन्हा, दिग्विजय साहू,थानेश्वर साहू,कैलाश टाण्डे मौजूद रहे।साथ ही संगठन का विस्तार किया गया।जिसमें अंचल के दो पत्रकार प्रेस क्लब भखारा में जुड़कर सदस्यता लिया

## गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा के लिए पालक बालक और शिक्षक का समन्वय जरूरी है :जामवंती साहू





**पलारी,** 5 अगस्त (देशबन्धु)। विकास खंड पलारी के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दतान प में शासन के आदेशानुसार शिक्षक पालक बैठक का आयोजन किया गया। मां सरस्वती वंदना से कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। उक्त कार्यक्रम में उपस्थित जनपद सदस्य श्रीमती जामवंती नीलकमल साहू ने अपने उद्बोधन में शिक्षा गुणवत्ता पर जोर दिया शिक्षक पालक और बालक तीनों मिलकर एक अच्छा गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा में महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं तीनों में समन्वय जरूरी है। विकास खंड शिक्षा अधिकारी नरेश वर्मा ने पालकों को बच्चों के शिक्षा दीक्षा पर विशेष ध्यान देने के लिए प्रेरित किया। इसके अलावा शाला विकास समिति के अध्यक्ष साधराम बार्ले व्याख्याता विजय कुर्रे धर्मेंद्र रात्रे ने भी विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर प्रमुख रूप से मुख्य नगरपालिका अधिकारी नगर पंचायत पलारी मनोज बंजारा विकास खंड शिक्षा अधिकारी नरेश वर्मा जनपद सदस्य जामवंती नीलकमल साहू विधायक प्रतिनिधि मोहन ध्रुव केसरी वर्मा हेमकुमार साहू सुंदर फेकर रामसिंह साहू महेश्वर साहू सुनिल पात्रे जनक ध्रुव प्राचार्य मनोज वर्मा डॉ कोमल वैष्णव पीके साहू विजय कुर्रे अरविंद ध्रुव रविशंकर साहू देवेन्द्र लहरे योगेश वर्मा समन्वयक पूजा जायसवाल महेश्वरी वर्मा गीता श्रेय कविता साहू मोंगरा साहू आदि उपस्थित थे।मंच संचालन डॉ कोमल वैष्णव ने किया।

# कुर्मी बोर्डिंग तिल्दा में महिलाओं का तीज मिलन



**कोहका/ तिल्दा ,** 5 अगस्त (देशबन्धु)। स्थानीय कुर्मी बोर्डिंग नेवरा में महिलाओं का तीज मिलन कार्यक्रम आयोजित किया गया था जिसमें दसों राज से महिलाओं ने हिस्सा लिया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केंद्रीय अध्यक्ष खोड़सराम कश्यप थे विशेष अतिथि चंद्रकला वर्मा, रामखिलावन वर्मा थे अध्यक्षता राज प्रधान ठाकुर राम ने किया वही नगर अध्यक्ष दुर्गेश वर्मा ने मेधावी बच्चों को सम्मान किया गया प्रदेश अध्यक्ष अनिल वर्मा द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन रखा गया था जिसमें महिलाओं व पुरुषों ने बढ़कर हिस्सा लिया लोगों ने व्यंजन रोटी ठेठरी कुर्मी का मजा लिया साथ ही विभिन्न महिलाओं के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया जिसे राज प्रधान द्वारा सम्मान किया गया वहीं महिला व पुरुषों ने ढेलवा झूला का मजा लिया खुर्शी दौड़ और नित्य का आनंद लिया सभी आगंतुकों को नगर व राज द्वारा सम्मानित किया गया ।

# बोर्ड रिजल्ट में गरियाबंद ने रचा इतिहास

## पुनर्मूल्यांकन के बाद जारी स्थायी मेरिट लिस्ट में दो छात्रों ने जिले का बढ़ाया मान




गरियाबंद, 5 अगस्त (देशबन्धु)। राज्य के बोर्ड परीक्षा परिणामों में गरियाबंद जिले ने एक बार फिर शैक्षणिक उत्कृष्टता का परचम लहराया है। कक्षा 10वीं व 12वीं के पुनर्मूल्यांकन के उपरांत माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा जारी स्थायी मेरिट सूची में जिले के दो छात्रों ने राज्य स्तर पर टॉप रैंक हासिल कर जिले को गौरवान्वित किया है।

**भूपेश नागेश और शैलेंद्र ने बनाया मेरिट में स्थान**

सरस्वती शिशु मंदिर हायर सेकेंडरी स्कूल, देवभोग के छात्र भूपेश कुमार नागेश ने 98.80त्न अंक अर्जित कर राज्य में तीसरा स्थान प्राप्त किया है। यह परिणाम पुनर्मूल्यांकन के उपरांत घोषित स्थायी मेरिट सूची में सामने आया है। वहीं, हायर सेकेंडरी स्कूल, सड़क परसुली के छात्र शैलेन्द्र कुमार शोरी ने विशेष पिछड़ी जनजाति वर्ग में राज्य में पहला स्थान प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। बोर्ड द्वारा हर वर्ष इस वर्ग के लिए अलग मेरिट सूची जारी की जाती है, जिसमें शैलेन्द्र ने शीर्ष स्थान पाया। मंगलवार को कलेक्टर भगवान सिंह उइके ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में दोनों प्रतिभावान छात्रों को सम्मानित किया। उन्होंने कहा यह जिले के लिए अत्यंत गौरव का क्षण है। दूरस्थ ग्रामीण अंचल से निकलकर इन छात्रों ने पूरे राज्य में जिले का नाम रोशन किया है।

इस मौके पर जिला शिक्षा अधिकारी जगजीत सिंह धीर, डीएमसी शिवेश शुक्ला, बीईओ गजेंद्र ध्रुव, बीआरसी छन्नू सिन्हा सहित अन्य अधिकारी एवं प्राचार्यगण उपस्थित थे। सभी ने छात्रों को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

# थानेश्वर मन्दिर में अनवरत चल रही है शिव पुराण कथा






पिथौरा , 5 अगस्त (देशबन्धु)। नगर के थानेश्वर मंदिर में श्रावण पर्व के अवसर पर शिव पुराण की कथा प्रतिदिन चल रही है जिसे सुनने के लिए जिसे सुनने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु जुट रहे है । आज शिव पुराण की कथा कहते हुए लखनपुर निवासी भागवताचार्य पंडित शैलेंद्र मिश्रा, ने कहा कि भगवान की कथा का रसपान करना चाहिए, शिव पुराण की कथा रसामृत है । इसलिए फल की आशा किए बिना शरणागत भाव से शिव भक्ति में रत रहना चहिए। पं. मिश्रा ने वैद्य और सन्त में समानता बताते हुए कहा कि जिस प्रकार वैद्य मरीज की इच्छा के अनुरूप दवाई नही देता बल्कि ऐसा दवाई देता है जो सुपथ्य हो उसी तरह संत भी परमात्मा से मिलन का सुपथ दिखते है । पं. मिश्रा ने आगे कहा कि राज्य के राजा को पोषक होना चहिए, शोषक नहीं होना चाहिए ।मानव जीवन परमार्थ के लिए बना है अत: हमें सदेव कल्याण कारी बोलना ,सुनना और कल्याण कारी कार्य करते रहना चहिए ।महीने भर तक चलने वाले कथा की श्रृंखला में पं. कृष्ण कुमार शर्मा पंडित गेंद लाल तिवारी पंडित भागीरथी दुबे और पंडित शैलेंद्र मिश्रा ने संगीतमय शिव कथा कहते हुए श्रद्धालुओं को बांधे रखा। कथा श्रावण मास की पूर्णिमा अर्थात रक्षाबंधन तक अनवरत रूप से चलेगी।

## निधन

### श्रीमती इन्द्राणी गुप्ता



पिथौरा, 5 अगस्त (देशबन्धु)। आरंग( बैहार) निवासी श्री मनमोहन गुप्ता की धर्मपत्नी श्रीमती इन्द्राणी गुप्ता की आज आकस्मिक निधन हो गया। अंतिम संस्कार कल दिनांक 06/08/25 दिन बुधवार को बैहार के मुक्तिधाम मे सुबह 10 बजे होगा। वह रामकुमार गुप्ता (पत्रकार ) नंदकुमार गुप्ता के भाभी थी तथा मनीष गुप्ता व दुर्गेश गुप्ता के माँ थी।

### डॉ. संजय वर्मा

**बलौदाबाजार,** 5 अगस्त (देशबन्धु)। ग्राम गैतरा निवासी डॉक्टर संजय वर्मा का गत दिवस निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा में श्रद्धांजलि देने काफी लोग शामिल हुए। वे झड्डवा वर्मा गोटिया के मंझला पुत्र एवं महेंद्र, नरेंद्र वर्मा के भाई थें। डॉ. संजय वर्मा के निधन होने पर गावों में शोक व्याप्त है।

## प्रादेशिकी का शेष...

### लखमईसत्ती के ग्रामीणों ने...

देने वाले को 10000 दस हजार रुपये पुरुस्कार दिया जायेगा। इस बुराईयों को गांव में प्रतिबंधित करने के लिए सभी ग्रामीणों से किया गया है। गांव में अवैध शराब की बिक्री और बावन पत्ती के खेल को रोकने के लिए ग्रामवासी और सरपंच जय सिंग पैकरा, उपसरपंच सत्यनारायण देवांगन, पंच गंगाराम साहू, शिवकुमारी साहू,राजेंद्र थवाईत, वर्षा श्रीवास,ने थाना प्रभारी कसडोल को ज्ञापन सौंपा है।

### शासकीय प्राथमिक शाला...

से बाहर सीखने के अवसर सुलभ करवाना, बच्चों के उपलब्धि विद्यार्थी सूचकांक की जानकारी के अलावा,मुख्यमंत्री गुणवत्ता शिक्षा अभियान के तहत सामाजिक अंकेक्षण द्वारा बच्चों एवं स्कूलों का ग्रेडेशन, छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के 25वीं वर्षगांठ रजत जयंती के अवसर पर 15 अगस्त से 31मार्च तक होने वाले विविध आयोजनों , निशुक पाठयपुस्तक ,गणवेश, नवोदय चयन परीक्षा 2026 के सम्बन्ध में जानकारी प्रदान चंचा परिचर्चा उपस्थित पालक एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा किया गया।

### कलेक्टर की अध्यक्षता में...

स्थानीय उद्यमी भी बड़ी संख्या में उपस्थित थे ।बैंक अधिकारियों ने उपस्थित उद्यमियों को मुद्रा योजना, ष्टत्रञ्जरूस्श्व, स्टार्टअप लोन सहित विभिन्न ऋण और वित्तीय योजनाओं की जानकारी दी। उद्यमियों को प्रत्यक्ष संवाद का अवसर मिला, जिसमें उन्होंने अपने व्यवसायिक समस्याएं साझा कीं। मौके पर ही कई ऋण प्रस्तावों पर प्राथमिक कार्यवाही की गई।

जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र के प्रबंधक प्रशांत चंद्राकर ने कहा कि इस प्रकार के संवाद कार्यक्रम स्र्स्स्ध क्षेत्र को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल हैं। भविष्य में भी इस तरह के आयोजन किए जाएंगे। उन्होंने सभी बैंक अधिकारियों, उद्यमियों एवं विभागीय प्रतिनिधियों को आभार प्रकट किया।

# सिहावा क्षेत्र की सुख-समृद्धि हेतु भव्य महा रुद्राभिषेक एवं भंडारा



**नगरी,** 5 अगस्त (देशबन्धु)। सावन सोमवार के अंतिम पावन अवसर पर सिहावा क्षेत्र की विधायक अंबिका मरकाम के विशेष संयोजन में कोटेश्वर धाम एवं कर्णेश्वर धाम में भव्य महा रुद्राभिषेक तथा विशाल भंडारे का आयोजन विधि-विधान के साथ सम्पन्न हुआ। इस धार्मिक आयोजन में क्षेत्र की सुख-शांति, उत्तम वर्षा, फसल की समृद्धि और जनकल्याण की कामना के साथ भगवान शिव का विशेष पूजन, महामृत्युंजय मंत्र जप, रुद्राभिषेक एवं शिवधारा जलाभिषेक सम्पन्न हुआ। पूजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं, भक्तों और कार्यकर्ताओं ने भाग लिया और धार्मिक अनुष्ठान से पुण्य लाभ प्राप्त किया। महा रुद्राभिषेक भगवान शिव को समर्पित एक अत्यंत प्रभावशाली वैदिक अनुष्ठान है, जिसमें जल, दूध, दही, घी, मधु, गंगाजल, बेलपत्र, पुष्प आदि से शिवलिंग का अभिषेक कर लोकमंगल की कामना की जाती है। धार्मिक मान्यता है कि इससे वातावरण शुद्ध होता है, नकारात्मक शक्तियों का नाश होता है, और समृद्धि, स्वास्थ्य व शांति की प्राप्ति होती है। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम में सावित्री मंडावी (विधायक, भानुप्रतापपुर), प्रतिमा चंद्राकर (पूर्व विधायक), जनक ध्रुव (विधायक, बिन्द्रानवागढ़), ओंकार साहू (विधायक, धमतरी), विपिन साहू तारनी चंद्राकर (पूर्व जिला पंचायत सदस्य) एवं मीना बंजारे (पूर्व जिला पंचायत सदस्य, धमतरी)भानेद्र ठाकुर , आलोक जाधोव ,कमेलश मिश्रा, सचिन भंसाली, भरत लहरे, सन्नी मरकाम, मोनी ध्रुव, विशेष रूप से उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने महा रुद्राभिषेक में भाग लेकर क्षेत्र की समृद्धि हेतु ईश्वर से प्रार्थना की। विधायक अंबिका मरकाम ने अपने संदेश में कहा कि श्रावण मास के अंतिम सोमवार को भगवान भोलेनाथ का रुद्राभिषेक कर समूचे क्षेत्र के सुख, समृद्धि और सामाजिक सौहार्द की कामना की गई है। धार्मिक परंपराओं और लोकआस्था को सशक्त करने वाला यह आयोजन सभी श्रद्धालुजनों के सहयोग से सफल हुआ है। कार्यक्रम उपरांत विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें हज़ारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर धर्मलाभ प्राप्त किया।

## कई जगह हुआ भंडारा



सावन माह के अंतिम सोमवार को क्षेत्र में कई जगहों पर बोलबम ने नाचते गाते खुशियां मनाई भगवान भोलेनाथ के भजन कीर्तन करते खूब नाच गाना किया ढोल नगाड़े जोर जोर से बजे इनकी धुन पर बम थिरकते रहे, जिसे देखने लोगो का हुजूम सड़कों पर खड़ा रहा। इनकी अगुआई में लोगों ने बमों की सेवा में जगह जगह भंडारे की व्यवस्था रखी, जहां महाप्रसाद के रूप में खीर, पूरी सहित चने का वितरण किया गया। नगर के तहसील ऑफिस के सामने विशाल भंडारे में मोरज पटेल, नगर व्यवस्था समिति अध्यक्ष नन्द यादव, प्रदीप जैन ने परिजनों और सहयोगियों के साथ महाप्रसादी की सेवा अर्पण किया, जहां हजारों की संख्या में लोग महाप्रसादी लिए।

# सरयू साहित्य द्वारा संस्कृति प्रसार का अभियान

## भाटापारा में हुआ रामायण ज्ञान परीक्षा



**भाटापारा,** 5 अगस्त (देशबन्धु)। विभिन्न रचनात्मक आयोजनों तथा जनसरोकारों से जुड़े अभियानों द्वारा निरंतर सक्रिय सरयू साहित्य परिषद द्वारा संस्कृति प्रसार एवं राम महिमा अनुष्ठान के तहत विगत पांच वर्षो से निरंतर रामायण ज्ञान परीक्षा प्रतियोगिता का आयोजन तुलसी जयंती के उपलक्ष्य मे किया जा रहा है इस वर्ष भी अनुष्ठान की उत्साहपूर्वक बानगी नजर आयी।

**नगरपालिका कन्या शाला मे हुई परीक्षा:** समस्त ब्राम्हण प्रकल्पों की भागीदारी से आयोजित होने वाले रामायण ज्ञान परीक्षा प्रतियोगिता मे इस वर्ष अखंड ब्राम्हण समाज सेवा समिति नारी प्रकोष्ठ के विशेष सहयोग के रुप मे अहम कड़ी जुड़ी तथा सरयू साहित्य परिषद समस्त ब्राम्हण प्रकल्पों की भागीदारी तथा मातृशक्तियों के विशेष योगदान से राम महिमा बखान का यह अनुष्ठान स्थानीय नगर पालिका कन्याशाला मे हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ।

### अखंड ब्राम्हण समाज सेवा समिति नारी प्रकोष्ठ का विशेष सहयोग

**पूजन अर्चन से हुआ शुभारंभ:** वैकल्पिक प्रश्नो पर आधारित एक घण्टे अवधि की परीक्षा शुभारंभ के पूर्व पूजन अर्चन की कड़ी संपन्न हुई तथा पं दीपक पाण्डेय के सानिध्य मे समाज के वरिष्ठ सदस्य लखन लाल एवं पूर्व कृषि उपज मंडी अध्यक्ष सुशील शर्मा सहित उपस्थित समस्त जनों द्वारा रामचरितमानस एवं गोस्वामी तुलसीदास जी का पूजन अर्चन किया गया, उदबोधन की कड़ी मे परिषद के अध्यक्ष गौरीशंकर शंकर शर्मा, अखंड ब्राम्हण समाज सेवा समिति नारी प्रकोष्ठ अध्यक्ष कविता शर्मा एवं मुकेश शर्मा द्वारा परीक्षार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनकी भागीदारी की सराहना की गयी।

### सुशील शर्मा द्वारा प्रोत्साहन उपहार की घोषणा

राजेन्द्र जोशी एवं प्रकाश तिवारी के परीक्षा प्रभार तथा मानिक प्रसाद मोनू दुबे के पंजीयन प्रभार मे कनिष्ठ एवं वरिष्ठ दो वर्गो मे आयोजित हुई परीक्षा मे गौड़ ब्राम्हण समाज महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष बबीता भृगु, डॉ सीमा अवस्थी एवं उषा मिश्रा द्वारा पर्यवेक्षक की भूमिका का निर्वहन किया गया परीक्षार्थियों की उत्साहपूर्ण भागीदारी की सराहना करते हुए लालसोट ब्राम्हण समाज अध्यक्ष सत्यनारायण जोशी एवं समाजसेवी नरेश चौबे द्वारा शुभकामनाए दी गयी वहीं रचनात्मक कार्यों मे प्रोत्साहन के लिए सदैव अग्रणी पूर्व कृषि उपज मंडी अध्यक्ष सुशील शर्मा द्वारा समस्त प्रतिभागियों को प्रोत्साहन उपहार देने की घोषणा की गयी।

परीक्षा अनुष्ठान को सफल बनाने मे हरिहर शर्मा, राकेश चौबे, दिनेश शर्मा, सचिन्द्र शर्मा, सीमा तिवारी, सुषमा मिश्रा, सरिता रानी शर्मा, मीता शर्मा, निशा शर्मा, आदि की अहम भागीदारी रही।

# पीएमश्री स्कूल कसडोल में अभिभावक शिक्षक बैठक का आयोजन



**कसडोल/बलौदाबाजार,** 5 अगस्त (देशबन्धु)। नगर पंचायत कसडोल में संचालित पीएमश्री स्कूल कसडोल में छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार अभिभावक शिक्षक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से शाला विकास समिति के अध्यक्ष गणेशशंकर साहू, सदस्य तेजस्वी साहू, अभिजीत श्रीवास और सभी छात्र छात्राओं के अभिभावक उपस्थित हुए। सर्वप्रथम कार्यक्रम की शुभारंभ मां सरस्वती और छत्तीसगढ़ महतारी के पूजन के साथ किया गया।

आपको बता दे कि सरकार शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के लिए नित नए प्रयोग करते रहती है। इसी तारतम्य में आज 1 अगस्त को प्रथम पालक शिक्षक बैठक का आयोजन किया गया। जहां स्कूलों को लेकर राज्य सरकार द्वारा जारी निर्देशो को पढ़ कर सुनाया गया साथ ही पढ़ाई के स्तर को ऊंचा उठाने हेतु विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा किया गया जिसमें बच्चों के लिये घर का वातावरण, स्टडी कॉर्नर, शैक्षणिक गुणवत्ता, अनुशासन, पालकों का सहयोग एवं सलाह आदि विषयों पर चर्चा की गई और बच्चो को पढ़ाई को आसान बनाने हेतु शासन द्वारा संचालित दीक्षा ऐप, जादुई पिटारा, डिजिटल लाइब्रेरी की जानकारी भी प्रदान किया गया कि किस तरह से इसका उपयोग बच्चो को पाठ्यक्रम आप घर बैठे भी अध्ययन करा सकते है जिसके लिए डाउनलोड कराया गया जिससे बच्चो को पाठ्यक्रम समझने में आसानी होगी। कार्यक्रम के समापन पर पीएमश्री स्कूल के प्राचार्य संतोष कुमार वर्मा ने सभी अभिभावकों को धन्यवाद ज्ञापित किया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में पीएम श्री स्कूल के प्राचार्य, जनभागीदारी समिति और समस्त शिक्षकों ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# बिजली हाफ़ योजना बंद कर भाजपा सरकार ने उपभोक्ताओं की कमरतोड़ दी है : सुशील शर्मा



**भाटापारा,** 5 अगस्त (देशबन्धु)। प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि एवं पूर्व मंडी अध्यक्ष सुशील शर्मा ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय सरकार के तुगलकी फरमान का पुरजोर विरोध करते हुये कहा कि भूपेश सरकार की महत्वकांछी बिजली हाफ योजना को बंद कर आर्थिक रूप से आम उपभोक्ताओ की कमरतोड़ दी है, चरम सीमा से भी ऊपर बड़ती हुई महंगाई के दौर में भाजपा सरकार ने अपने अविवेकपूर्ण निर्णय से आम जनता के ऊपर महंगाई का बोझ लाद कर अवमानवीय अत्याचार कर रही है इसे जनता जनार्दन कदापि बर्दास्त नहीं करेगी, कांग्रेस पार्टी का एक एक कार्यकर्ता इस तुगलकी फरमान के खि़लाफ़ एक एक उपभोक्ताओ से जनसंपर्क कर प्रदेश कांग्रेस के निर्देश पर जन आंदोलन करेगा।

सुशील शर्मा ने आगे कहा कि भूपेश बघेल के नेतृत्व में कांग्रेस सरकार ने आम उपभोक्ताओ को महंगाई से राहत देने 400 यूनिट तक की बिजली खपत करने पर बिजली बिल हाफ की योजना बनाई थी येसी जन आकांक्षी योजना को बंद कर भाजपा सरकार ने मात्र 100 यूनिट तक की बिजली खपत होने पर बिजली बिल हाफ करने की घोषणा की है इस निर्णय से प्रदेश के अधिकांश उपभोक्ता बिजली बिल हाफ योजना से वंचित हो गये है।बिजली बिल हाफ योजना को बंद करना जनता के साथ कठोर अन्याय प्रतीत होता है, वर्तमान तुगलकी फरमान के अनुसार 100 यूनिट से अधिक बिजली खपत होने पर बिजली बिल उपभोक्ताओं को पूरा लगेगा तथा 100 यूनिट की छूट भी नहीं मिलेगी, हमारी कांग्रेस सरकार के समय उपभोक्ता को 400 यूनिट की बिजली खपत होने पर बिजली बिल हाफ योजना का लाभ हर हालत में मिलता था चाहे उपभोक्ता की बिजली खपत 800 यूनिट ही क्यो ना हो जाये।400 यूनिट के बाद शेष बिजली खपत का पूरा बिल देना होता था किंतु अब येसा नहीं होगा, हम सभी कांग्रेस जनों और उपभोक्ताओ के दुवारा सत्ता के नशे में मदहोश सत्तासीन भाजपा सरकार के इस जन विरोधी बिजली बिल योजना का पुरजोर विरोध करते हुये सरकार को इस तुगलकी फरमान को वापस लेने बाध्य करने जनआंदोलन किया जायेगा।

# जनपद उपाध्यक्ष ने ग्रामीणों के साथ किया कांवड़ियों का भव्य स्वागत



**बागबाहरा,** 5 अगस्त (देशबन्धु)। खल्लारी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत बिहाझर में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी बड़े धूमधाम से सावन माह के अंतिम सोमवार के दिन कार्यक्रम का आयोजन किया गया ग्राम बिहाझर के गोपेश्वर नाथ बोल बम समिति के लगभग सैकड़ों सदस्यों द्वारा रूद्रेश्वर धाम धमतरी से जल उठाकर पांच दिनों की पैदल यात्रा कर गांव पहुंचे युवाओं का उत्साह बढ़ाने जनपद पंचायत बागबाहरा के उपाध्यक्ष श्री तरुण व्यवहार ने ग्रामीणों के साथ मिलकर कांवड़ियों का आरती एवं चरण धोकर पुष्प वर्षा के साथ डीजे के धुन में स्वागत किया उपाध्यक्ष ने कहा कि भगवान भोलेनाथ पर अटूट विश्वास रख कांवड़ियों ने अपना यात्रा सफल किया आज के वर्तमान समय में व्यक्तिगत जीवन आस्था का होना बेहद महत्वपूर्ण है जिससे हम तनाव मुक्त नशा मुक्त एवं खुशहाल जीवन जी सके जनपद उपाध्यक्ष ने क्षेत्र की खुशहाली एवं समृद्धि के लिए शिव लिंग में जलाभिषेक किया और बिहाझर, खोपली, भदरसी, नरतोरी, टेडीनारा सहित अन्य ग्रामों के रामचरित मानस कार्यक्रम में अतिथि के रूप में शामिल हुए मुख्य रूप से श्री सुनील व्यवहार, गोविंद साहू, बोल बम समिति के सदस्य मार्गदर्शक हेमलाल साहू जी भीखम यादव, त्रिलोक साहू, सोमलालसाहू, चोवा सिन्हा, लेखराज साहू, डिगेश्वर साहू मार्गदर्शक हेमलाल साहू जी भीखम यादव, त्रिलोक साहू, सोमलालसाहू, चोवा सिन्हा, लेखराज साहू, डिगेश्वर साहू इत्यादि उपस्थित रहे।

# शिव मंदिर में हुआ भव्य महाआरती का आयोजन



### 5 वर्षों से जारी हैं शिव की आरती

**कसडोल/बलौदाबाजार,** 5 अगस्त (देशबन्धु)। विगत 5 वर्षो से नगर कसडोल में शिव की महाआरती किया जा रहा है। आपको बता दे कि सावन के अंतिम सोमवार को श्री नर्मदेश्वर शिव मंदिर समिति के साथ नगरवाशियों के द्वारा नगर के रामसागर तालाब स्थित शिव मंदिर में भव्य महाआरती का आयोजन किया गया। इस दौरान नगर सहित आस पास के गांव से बड़ी संख्या में श्रद्धालु महाआरती में शामिल हुए।

गौरतलब है कि सर्वप्रथम नगरवासियों द्वारा सावन मास में शिव मंदिर परिसर में रुद्र अभिषेक, शस्त्र धारा का आयोजन किया गया इसके बाद अंतिम सोमवार को भगवान भोलेनाथ के अलावा माँ गंगा की 1 घंटे की भव्य महाआरती किया गया। इस दौरान नगर की खुशहाली की कामना किया गया। इधर मौजूदा नपा अध्यक्ष नागेश्वर साहू ने कहा कि कुश की नगरी कसडोल में सावन की पवित्र माह में हमारे नर्मदेश्वर महादेव मंदिर में भव्य महाआरती कार्यक्रम पिछले कई वर्ष से रखा जा रहा है इस वर्ष और भी भव्य हमारे समितियों के सदस्य द्वारा आज कसडोल के आमजनता शामिल हुए है मै कुश की नगरी कसडोल में समस्त श्रद्धालुओं का स्वागत अभिनंदन करता हूँ। नगर पंचायत कसडोल की पूर्व अध्यक्ष श्रीमती नीलू चंदन साहू ने कहा कि प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी भव्य गंगा महाआरती हुआ जिसमें पूरे नगरवासियों ने हिसा लिया ये पिछले 5 वर्ष से हो रहा है सर्वप्रथम 2020 में मैने शुरुवात किया था और प्रतिवर्ष महाआरती हो रहा है। इसके अलावा नगर के भावेश यादव ने भी इस कार्यक्रम की सराहना की।

# हजारों वर्षों तक जीवित रहने वाले वृक्ष हमारे कई पीढ़ियों को करते हैं जीवन प्रदान : आर के रजक




**नवापारा राजिम,** 5 अगस्त (देशबन्धु)। समीपस्थ ग्राम सोनेसिल्ली मे राष्ट्रीय सेवा योजना सेठ फूलचंद अग्रवाल स्मृति महाविद्यालय नवापारा व ग्रामीणों के संयुक्त तत्वाधान में आज विद्यालय परिसर, शीतला तालाब के किनारे वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया प् जिसमें सैकड़ों पौधों का पौधा रोपण किया गया जिसमें प्रमुख रुप से अशोक, पीपल, आम, जामुन, कटहल, गुड़हल, नीम, बरगद, सीताफल, गुलमोहर रोपित किया गया प् । ग्राम के सरपंच अजय साहू ने कहा की वृक्षो का संरक्षण करें, हरे भरे वृक्षों की कटाई रोकना चाहिए, इस हेतु वृक्ष अवश्य लगाएं इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के स्वयं सेवको ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। स्वयं सेवको ने एक रैली के माध्यम से ग्राम सोनेसिल्ली के निवासियों को पेड़ो के महत्व को बताया । साथ ही घर घर जाकर स्वछता का पाठ पढ़ाया । इस कार्यक्रम में डॉ आर. के. रजक ने कहा की वृक्ष हमारे जीवन का आधार है उनका संरक्षण संवर्धन सभी का दायित्व है हजारों वर्षों तक जीवित रहने वाले वृक्ष हमारे कई पीढ़ियों को जीवन प्रदान करते हैं प्रकृति ने हमें निरूशुल्क उपहार के रूप में हमें दिया है हम अपने दायित्वों को समझे। इस गरिमामयी कार्यक्रम मे सरपंच अजय साहू, उपसरपंच तारा चंद साहू , गणेश प्रसाद साहू प्रधानपाठक, अरुण साहू पंच, महेश साहू, काशी राम यादव, समय लाल साहू प्रधान पाठक, रामकुमार (मुन्ना) महाविद्यालय के वरिष्ठ एवं कनिष्ठ सहित 32 स्वयं सेवकों की गरिमामय उपस्थिति रही । उक्त कार्यक्रम ग्रामीण जिला संगठक रायपुर डॉ आर के रजक के नेतृत्व में सम्पन्न हुआ।

# आदर्श ग्राम पंचायत कटगी में विशेष ग्राम सभा का आयोजन



**कटगी/बलौदाबाजार,** 5 अगस्त (देशबन्धु)। आदर्श ग्राम पंचायत कटगी में आज एक विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया। इस बैठक में सभी पंचों ने अपने-अपने वार्ड की समस्याओं से सरपंच जय सिंह पैकरा को अवगत कराया। सरपंच ने आश्वस्त किया कि सभी वार्ड की समस्याओं का समाधान धीरे-धीरे किया जाएगा।

सरपंच जय सिंह पैकरा ने बताया कि एक सप्ताह के अंदर बाजार पारा निस्तारी नाली और सोना चौक निस्तारी नाली का काम शुरू किया जाएगा। इससे क्षेत्र के निवासियों को काफी राहत मिलेगी। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायत कटगी के विकास के लिए सभी पंचों और ग्रामीणों का सहयोग आवश्यक है। विशेष आम सभा बैठक में सरपंच जय सिंह पैकरा, उप सरपंच सत्यनारायण देवांगन, सचिव विवेकानंद जांगड़े, रोजगार सहायक फलींदर यादव और पंचगण डां विनोद देवांगन, राजेद थवाईत, भागवत थवाईत, चन्द्र मौली शर्मा, बलराम श्रीवास, शाहरुख कुरैशी, सीताराम देवांगन, देव नारायण देवांगन, रेशम राकेश गंगाराम साहू, शिव कुमारी साहू, वर्षा श्रीवास व ग्रामीण उपस्थित थे। सभी ने मिलकर ग्राम के विकास के लिए चर्चा की और समस्याओं का समाधान निकालने का प्रयास किया। ग्राम पंचायत कटगी के विकास के लिए सरपंच और पंचों की यह पहल सराहनीय है।

# लोमस ऋषि आश्रम में श्रावणी अनुष्ठान पूरे महीने तक नित्य पार्थिव लिंगों का निर्माण कर अभिषेक सम्पन्न

**नवापारा राजिम,** 5 अगस्त (देशबन्धु)। त्रिवेणी संगम तट पर स्थित श्री लोमस ऋषि आश्रम में चल रहे श्रावणी अनुष्ठान पूरे महीने तक नित्य पार्थिव लिंगों के निर्माण व साथ ही साथ अभिषेक कार्य संपन्न हो रहे हैं। जिसमें अलग-अलग दिन अलग-अलग शिवलिंग का निर्माण करके पूजा अभिषेक कर श्रद्धा पूर्वक त्रिवेणी संगम में विसर्जित किए जा रहे हैं। आयोजनकर्ताओ डॉ.पन्नालाल वशिष्ठ ने अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में अभिषेक पूजा धार्मिक कर्म की समय 11.30 से 3बजे के बीच में शामिल होकर पुण्य धार्मिक लाभ ले। कार्यक्रम के दौरान 7 अगस्त दोपहर 2 बजे से पांच विभूतियों का सम्मान समारोह 8 अगस्त को 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक यज्ञ हवन एवं पूर्ण होती के अलावा 9 अगस्त को प्रात: 10 बजे से 1.30 तक शिवगढ़ यात्रा के साथ समस्त कार्यक्रम का समापन होगा डॉक्टर पन्नालाल वशिष्ठ ने बताया कि इस प्रकार का धार्मिक आयोजन अंचल में पहली बार आयोजित हो रहा है, ऋषि परंपरा सनातनी वैदिक श्रावणी अनुष्ठान में हिस्सा लेने वाले सभी भक्तों से अपील कि अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर पुण्य धार्मिक लाभ ले।



# गोस्वामी तुलसीदास जयंती महोत्सव मनाया गया कुर्रा में



**नवापारा राजिम,** 5 अगस्त (देशबन्धु)। समीपस्थ ग्राम पंचायत कुर्रा में श्री बालाजी मानस शक्ति केन्द्र पिपरौद के अंतर्गत रविवार को गोस्वामी तुलसीदास जयंती महोत्सव तारिणी महिला मानस मंडली, श्री हरे राम मानस मंडली, श्री बजरंग मानस मंडली, व समस्त पंचायत पदाधिकारियों, ग्रामीण जन के विशेष सहयोग से मनाया गया जिसमें सुबह 9 बजे मां कौशल्या जिला मानस संघ रायपुर व श्री बालाजी मानस शक्ति केन्द्र पिपरौद, ग्राम पंचायत सरपंच श्रीमती पुष्पा डमेस साहू ग्रामीण विकास समिति के पदाधिकारियों और पंडित जी के द्वारा मंत्रोच्चार किया गया जिसमें जय बजरंग मा. मं.कुर्रा द्वारा मंगलाचरण किया गया, श्री पवन पुत्र महिला मा.मं. नवापारा, नव ज्योति मा. परिवार तर्री नवापारा, श्री राधेश्याम सीताराम मा. मं. ठेलकाबांधा, जय बूढ़ादेव म.मा. मं. थनौद, श्री शिव मा. मं. उमरपोटी, जय मां सरस्वती महिला मानस मंडली कोकड़ी, अंतिम में श्री हरे राम मानस मंडली कुर्रा द्वारा किया गया इस दौरान ग्राम पंचायत सरपंच व पंचगण सहित ग्राम के समस्त कर्मचारी गण एवं ग्राम के समस्त जाति के प्रमुख का सम्मान गोस्वामी तुलसीदासजी के छायाचित्र व श्रीफल से किया गया , इस अवसर पर अभनपुर विधायक इन्द्र कुमार साहू, जनपद सदस्य कुंती साहू, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती चंद्रकला ध्रुव पहुंचे थे।

# पेंशनर्स महासंघ के जिला इकाई का किया गया विस्तार

**बलौदाबाजार,** 5 अगस्त (देशबन्धु)। भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ छत्तीसगढ़ प्रदेश के बलौदाबाजार के जिलाध्यक्ष खोडसराम कश्यप ने जिले के पांचों विकासखण्ड में विभिन्न पेंशनर्स संघ से जुड़े समस्त पेंशनरों को आमंत्रित कर पेंशनर्स महासंघ के जिला इकाई का विस्तार किया। उन्होंने महासंघ के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि पेंशनर चाहे किसी भी संगठन में जुड़े हो उन्हें महासंघ जो सभी संघों को एक मंच पर लाकर पेंशनरों की एकता को मजबूत करने की लगातार कोशिश कर रहा है बैठक में जिला के हर विकास खंड से 200 सदस्यों को जोड़ने का लक्ष्य रखा है इस प्रकार जिला में 1000 सदस्य जोड़े जायेंगे।



जिला के सभी विकासखण्ड से उपस्थित पेंशनरों ने सर्वसम्मति से महासंघ की जिला इकाई का विस्तार किया गया। जिसमें मुबारक हुसैन सिमगा महामंत्री बनाए गए। सचिव कोमल वर्मा बलौदाबाजार, उपाध्यक्ष अशोक कुमार निर्मल कर पलारी, टी एस चौहान कसडोल, सहसचिव रामकुमार सेन बलौदाबाजार, कार्यालय सचिव सुरेंद्र वर्मा बलौदाबाजार, कार्यकारिणी में डूंगाराम वर्मा भाटापारा, महेंद्र वर्मा बलौदाबाजार, मनराखन कन्नौजे पलारी, मेलूराम नेताम बलौदा बाजार बनाए गए। सभा में पेंशनधारी कल्याण संघ सिमगा से मुबारक हुसैन ने बताया कि यह संगठन सिमगा, भाटापारा बलौदाबाजार में पूरी सक्रियता से संगठन को मजबूत बनाए हुए है। पलारी के रामखिलावन वर्मा ने बताया कि पलारी में पेंशनर समाज का संगठन सक्रिय है। कसडोल में पेंशनर्स एसोसिएशन सक्रिय है। जिला के सभी संगठनों को इस महासंघ के बेनर तले एकजुटता से काम करना है।

रायपुर में आयोजित हुए महासंघ के प्रथम प्रांतीय सम्मेलन की विस्तृत जानकारी जिलाध्यक्ष खोडसराम कश्यप ने दी। आगामी बैठक में जिला के सभी विकासखंडों का वृहद स्तर पर दौरा कार्यक्रम बनाया जायेगा। जिला इकाई में शेष पदाधिकारियों को जिम्मेदारी दी जाएगी। महामंत्री मुबारक हुसैन ने अपने ओजस्वी उद्बोधन से संगठन के मजबूत बनाने और पेंशनरों को आपसी मेल-मिलाप,एक दूसरे के हमदर्द बनने जैसे मानवीय संवेदना को महासंघ के माध्यम से और सार्थक बनाने पर बल दिया। राजगीत से सभा का शुभारंभ और राष्ट्र गान से समापन किया गया। सभा में शत्रुघ्न लाल वर्मा, डॉ राधेश्याम पटेल, नारायण लाल चन्द्राकार, कोमल सिंह वर्मा, देवेन्द्र कश्यप, खिलावन वर्मा सहित जिला के संगठन प्रेमी पेंशनर्स उपस्थित थे।

# कंजिया में मनरेगा से बना आंगनबाड़ी भवन

## बच्चों को मिला सुरक्षित शिक्षा और पोषण केंद्र

**बलौदाबाजार,** 5 अगस्त (देशबन्धु)। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के तहत ग्राम पंचायत कंजिया में आंगनबाड़ी भवन का निर्माण पूरा हो गया है। इस निर्माण कार्य से न केवल ग्राम के ग्रामीणों को रोजगार उपलब्ध हुआ बल्कि बच्चों के लिए एक सुरक्षित और बेहतर शिक्षा एवं पोषण केंद्र भी बना।




मनरेगा के तहत 8 लाख रुपये की लागत से यह भवन तैयार किया गया और इसके निर्माण के दौरान ग्रामीणों को लगभग 804 मानव दिवस का रोजगार भी मिला जिससे उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार हुआ। भवन निर्माण से पहले आंगनबाड़ी सेवाओं को संचालित करने के लिए उपयुक्त स्थान उपलब्ध नहीं था। बच्चों को असुविधा होती थी और माताओं को भी बच्चों के पोषण व देखभाल के लिए उचित सुविधा नहीं मिल पाती थी।

इन परिस्थितियों को देखते हुए ग्राम पंचायत कंजिया ने आंगनबाड़ी भवन के निर्माण की पहल की। निर्माण के दौरान भूमि चयन, तकनीकी आवश्यकताओं और संसाधनों की कमी जैसी चुनौतियां सामने आई लेकिन पंचायत, प्रशासन और स्थानीय समुदाय के संयुक्त प्रयासों से सभी बाधाओं को पार कर समय पर निर्माण कार्य को सफलतापूर्वक पूरा किया गया। भवन के निर्माण से अब बच्चों को सुरक्षित और स्वच्छ वातावरण में शिक्षा व पोषण की सुविधाएं मिल रही हैं।

# विद्युत पोल में चिपकने से मुर्रा भैंस की मौत

**कुरूद** 5 अगस्त (देशबन्धु)।4 अगस्त को किसान नेता शेखर चंद्राकर की दुधारू मुर्रा भैंस उनके ही ब्यारा (बाड़ा) में लगे विद्युत पोल में चिपकने से मौत हो गई ।प्राप्त जानकारी अनुसार उक्त मुर्रा भैंस की प्रतिदिन 10 लीटर दूध थी। भैंस का तीसरा बच्चा है। भैंस भारतीय ग्रामीण अर्थव्यवस्था का महत्वपूर्ण हिस्सा है ।खासकर दूध उत्पादन में भारत में भैंसों की कई नस्ल पाई जाती है। किसी भैंस की मृत्यु हो जाती है ।तो उसका निदान भी एक महत्वपूर्ण कार्य है ,मृत पशुओं को अक्सर खुला में छोड़ देते हैं जिससे पर्यावरण दुसित होता ही है साथ ही बेसहारा आवारा कुत्ते मृत छोड़े गए पशु को नोच ,नोच उसके मांस को खाते हैं और राहगीरों को काटने दौड़ाते हैं। मृत पशु के मालिक शेखर चंद्राकर ने भी हिंदू संस्कारों को जीवित रखने के लिए अपने भैंस की मृत्यु विद्युत पोल की करंट के चपेट में आने से होने पर हुई क्षति का अफसोस तो है ।फिर भी अपनी समझदारी का परिचय देते हुए अपने स्वयं की भूमि पर नगर पंचायत के जेसीबी बुलाकर गड्ढा खुदवा कर अपने मृत भैंस को दफन करवाया ।संवाददाता से चर्चा में कहा खुला में छोड़ने से हवा प्रदूषित होने के कारण दफन करवाया हूं। सभी पशु मालिको को भी सोच रखना चाहिए। ताकि आम नागरिकों को मृत पशु को खुला में छोड़ने से तकलीफ ना हो ।और पशु को सद्गति प्राप्त हो, और हिंदू संस्कारों को जीवित रखने के लिए सभी पशु मालिकों को ऐसा कार्य करना चाहिए। पशु मालिकों के मन में उपरोक्त भाव भी जागे। पूर्व अध्यक्ष नगर पंचायत कुरूद निरंजन सिन्हा को जैसे ही जानकारी मिली शेखर चंद्राकर के भैंस की विद्युत पोल में चिपकने से मृत्यु हो गई। बिना देर किए पहुंचे । सिन्हा ने शेखर चंद्राकर को संतावना देते हुए कहा ,गौ माता का नारा लगाने से नहीं गौ माता की मृत्यु पर दफनाने से उन्हें सद्गति प्राप्त होगी। आगे कहां पर्यावरण को दूषित होने से बचने के लिए शेखर चंद्राकर का अच्छा पहल है। पालतू पशु अब दर्द में नहीं वे हमेशा उनकी यादों में रहेंगे ।दफन करने से भैंस को सद्गति प्राप्त हो गई।



# आयुष चिकित्सकों का परिचर्चा संवाद कार्यक्रम सम्पन्न

**बलौदाबाजार,** 5 अगस्त (देशबन्धु)। आयुष चिकित्सको का परिचर्चा संवाद कार्यक्रम संपन्न हुआ। जहां सर्व प्रथम अतिथियों एवं चिकित्सकों द्वारा आयुर्वेद के जनक भगवान धनवंतरी का पूजा अर्चन किया गया। धनवंतरी वंदना डॉ. कु. तारिका ठाकुर द्वारा प्रस्तुत किया गया। आयुर्वेद अधिकारी संघ छत्तीसगढ़ के प्रांताध्यक्ष डॉ -गदाधर पंडा, संरक्षक डॉ. परस शर्मा, उपाध्यक्ष डॉ. कोमल डोटे, प्रशांत कश्यप, आयुर्वेद संदेश पत्रिका के प्रधान संपादक डॉ. निशांत कौशिक, महामंत्री डॉ. प्रशांत रावत, डॉ. रमेश खुटे, डॉ. ऐश्वर्य साहू, डॉ. मनीश खुटे, कोशाध्यक्ष डॉ शिशिर साहू, जिलाध्यक्ष आयुष अधिकारी डॉ. गोदावरी पैकरा के उपस्थिति में सुदर्शन रेस्टोरेंट अंबेडकर चौक बलौदाबाजार के हॉल में एक दिवसीय विभाग के समस्याओं पर परिचर्चा किया गया एवं शासन के समक्ष मांग रखने हेतु प्रांताध्यक्ष एवं संरक्षक को मांग-पत्र जिलाध्यक्ष डॉ. एल. एस. ध्रुव एवं सभी पदाधिकारी द्वारा सौपा गया।



परिचर्चा कार्यक्रम में जिला में 30 बिस्तर अस्पताल सभी ब्लाक में आयुर्वेदिक औशधालय आयुष दीप की राशि को 25000 हजार से 1 लाख रूपये करने, दवाई की मात्रा प्रत्येक औषधालय में बढ़ाने, प्रत्येक औषधालय में एक कम्प्यूटर ऑपरेटर पदस्थ करने, संविदा आयुवेद चिकित्सा अधिकारी एवं कर्मचारी पी.टी.एस का वेतन बढ़ाने आदि मांग प्रांताध्यक्ष से किया गया। प्राताध्यक्ष एवं संरक्षक द्वारा सभी माँगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करते हुए शासन के समक्ष रखने की बात कहा गया। कार्यक्रम में जिला के आयुष होम्यो. चिकित्सक जिनका स्थानांतरण डॉ. संदीप राम फरस गांव जिला कोण्डागांव, डॉ. माधवी कुशवाहा जिला महासमुंद, डॉ. उत्तरा खण्डेल का गोढ़ी रायपुर में स्थानांतरण होने पर मोमेंटो, श्रीफल देकर ससम्मान विदाई दिया गया। कार्यक्रम में डॉ. गोदावरी पैकरा, जिला आयुष अधिकारी डॉ. एल. एस. ध्रुव, ममता मिश्रा, डॉ. रजनी ध्रुव, डॉ. देवेन्द्र भैना, डॉ. अर्चना खटी, डॉ. रजनी ध्रुव, डॉ. माधुरी डहरिया, डॉ. नम्रता सिंघानिया, डॉ. पूजा वर्मा, डॉ. प्रज्ञा मिश्रा, डॉ हरकिशोर घृतलहरे, डॉ. अनिता चंद्रवशी, डॉ. तारिका ठाकुर, डॉ. योगेन्द्र कुमार, डॉ नंदकुमार, डॉ. सुमन चंद्रा, डॉ. टकेश्वरी मिश्रा, डॉ. रितुरानी वर्मा, डॉ कल्याणी सिंह, डॉ. सविता जांगड़े, डॉ अदिती सोनवानी, डॉ. मेघा बंजारे, डॉ. मोनेश वर्मा, डॉ. नेकदत्त बरनामसी, डॉ. ओम विजय साहू, डॉ. निधि नेताम, डॉ. प्राची चंद्रा, डॉ. खुशबु ईजारदार, डॉ. गुंजन गवेल आदि उपस्थित हुये। अंत में आभार प्रदर्शन जिलाध्यक्ष डॉ. एल. एस. ध्रुव ने किया।

# पर्यावरण मित्र ने किया उडीसा की ट्रेकिंग

**कुरूद** 5 अगस्त (देशबन्धु) पर्यावरण संरक्षण और स्वर्धन सहित सांस्कृतिक विविधता को जानने समझने के लिए नगर सहित क्षेत्र के नागरिको मे जगरूकता लाने की दिशा मे अलग पहचान बना रही संस्थाज्ञ पर्यावरण मित्र कुरुद् च्च के सदस्यो द्वारा वीकेंड पर इस बार उडीसा राज्य के पर्यवानीय एवम सांस्कृतिक विविधता के अध्ययन के लिए उड़ीसा राज्य के घने जंगलो एवम पहाड़ियों मे स्थित जलप्रपातों गोधस, बेनियारधस, खरालधस और धार्मिक स्थल हरिशंकर मे स्थित जलप्रपात की दो दिवसीय साहसिक बाइक एडवेंचर ट्रैकिंग किया गया।



मां चण्डी मंदिर परिसर से अलसुबह वरिष्ठ नेशनल ट्रेकर दक्षिणेन्द्र गिरी, शेखर चंद्राकर और पं जितेन्दनाथ योग, ने टैअकिंग दल को हरी झंडी दिखाकर मंदिर परिसर से रवाना किया। राज्य के गरियाबंद जिले के छुंरा और उडीसा के धरमबांधा, नुआपाडा और सुनाबेडा वाल्डलाइफ सेंचुरी के घने जंगलो के रास्तो से होते हुए सुनाबेडा वाल्डलाइफ सेंचुरी और जंगलो की जैव-विविधता और पेड-पौधों और वन्य प्राणियों का प्राकृतिक अध्ययन करते हुए कच्चे रास्तो और पगडंडीनुमा रास्तो से होते हुए चारो ओर से घने जंगलो और पहाडियों से घिरे जलप्रपातों की नैसर्गिक प्राकृतिक सुंदरता और मनमोहक नजारो ने ट्रैकिंग दल को रोमांचित कर दिया।

सर्वप्रथम टैअकिंग दल ने गरियाबंद जिले के जंगलो के रास्तो से गुजरकर उडीसा राज्य में स्थित गोधस जलप्रपात की अलौकिक जलप्रपात के नजारों का आनंद लिया। तत्पश्चात उडीसा राज्य के बलंगीर जिले में स्थित बेस कैंप हरिशंकर धार्मिक स्थल और इसमें स्थित जलप्रपात का अवलोकन कर प्रसिद्ध हरिशंकर मंदिर में भगवान महादेव का रूद्राभिषेंक किया एवम लोगो से इस सावन महीने की महत्ता को जाना समझा। कवाडियो की भगवान् भोलेनाथ के प्रति आस्था से सभी मंत्रमुग्ध हो गए । हमारे क्षेत्र एवम वहा की कंवर यात्रा का तुलनात्मक अध्ययन भी किया गया। जिसमे आस्था सर्वोपरि है यह समता दिखी।

इसी तारतम्य में संस्था के सदस्यों द्वारा बेनियारधस और खरालधस के साथ ही छतीसगढ राज्य के अंतिम छोर पर स्थित गांव आमामोरा के पास स्थित ओड गांव में स्थित कारीपगार जलप्रपात सहित अनेक जलप्रपातों का आनंद भी लिया।

अपने अनुभव में ट्रैक लीडर पुष्कर गोस्वामी ने बताया कि ऊर्जावाल साथियों का समूह प्रकृति के बीच जाकर न सिर्फ जुड़ाव महसूस कर रहा है, अपितु वहा के स्थानीय लोगो के रहन सहन,त्योहारो की महत्ता एवम सांस्कृतिक विविधता मे एकता से भी परिचित हो रहा है, समूह के साथ चलने वाले किशोर एवम युवा साथी इस परंपरा को आगे बढ़ाने के लिए कोई कसर नही छोड़ रहे यह विशेष बात इस समूह के लिए है।

नगर पहुचने पर पर्यावरण मित्र संस्था के सदस्यों ने हरिशंकर जलप्रपात के लाये हुए जल से प्रसिद्ध जलेश्वर महादेव का जलाभिषेक भी किया। संस्था के सदस्यों में ग्रुप लीडर पुष्कर गोस्वामी, को-लीडर आकाश चंद्राकर, विक्रम महावर, तिजिल गोस्वामी, अथर्व चंद्राकर , गजानंद,टोमेश, चन्द्र कुमार, वीरेंद्र सोनी, मनोज, रितेश, सहित सदस्यों ने बाइक ट्रैकिंग में सहभागिता दी तथा पर्यावरण मित्र समूह के सदस्यों ने आवश्यक सहयोग प्रदान किया उडीसा की ट्रेकिंगफोटो है।

# छत्तीसगढ़ी लोक पारंपरिक प्रस्तुति ने मोहा मन

**कुरूद** 5 अगस्त (देशबन्धु)। सोमवार को पुरानी कृषि मंडी में बोल बम सेवा समिति कुरूद के रजत जयंती वर्ष के दूसरे दिन दुष्यंत हरमुख कृत रंगझरोखा अंतर्गत लोकगायिका रिंकी देवांगन एवं उनकी टीम की मनभावन प्रस्तुति ने सबका दिल जीता। इस दौरान हज़ारों श्रद्धालुओं को भोजन प्रसादी वितरण किया गया। इस कार्यक्रम अंतर्गत सावन महोत्सव रजत जयंती वर्ष आयोजन में लगातार 25 बरसों से समिति के माध्यम से उल्लेखनीय कार्य करने वाले कुल 165 सदस्यों और पदाधिकारियों, सहयोगियों को संस्था द्वारा सम्मानित किया गया।



कार्यक्रम के आज के अतिथियों में मुख्य अतिथि ज्योति भानु चन्द्राकर अध्यक्ष नगर पंचायत कुरूद थे। विशिष्ट अतिथि गणों में गितेश्वरी साहु जनपद अध्यक्ष कुरूद, बीरेन्द्र साहु जनपद अध्यक्ष मगरलोड, रजत चन्द्राकर वार्ड पार्षद, पूर्णिमा साहु पूर्व जनपद अध्यक्ष, लोकेश्वर सिन्हा मानस संघ पदाधिकारी, आशीष शर्मा ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष, हितेन्द्र केला राइस मिल एसोसिएशन अध्यक्ष, भोजराज चन्द्राकर भाजपा नगर संयोजक, मालकराम साहु संरक्षक हनुमान सेवा समिति, महावीर गुप्ता धर्मप्रेमी, सुभाष अग्रवाल संरक्षक बोल बम सेवा समिति, भानु चन्द्राकर अध्यक्ष बोल बम सेवा समिति थे।

सर्वप्रथम अतिथियों के द्वारा पूजन वंदन कर कार्यक्रम का श्री गणेश किया गया। इसके उपरांत अतिथियों का स्वागत हुआ। आशीर्वचन स्वागत भाषण भानु चन्द्राकर ने किया। वहीं उद्बोधन में ज्योति चन्द्राकर और आशीष शर्मा ने सभी को सावन महोत्सव की बधाई देते आयोजन समिति के योगदान का वर्णन किया।

इसके उपरांत दुष्यंत हरमुख कृत रंग झरोखा अंतर्गत लोकगायिका रिंकी देवांगन की मनभावन प्रस्तुति हुई ।जिसमे पारंपरिक लोकगीतों के साथ साथ गौरी गौरा, सुआ सहित एक से बढ़कर एक मनभावन प्रस्तुति ने अंतिम तक कार्यक्रम का समां बांधा।

कार्यक्रम का आभार कमल शर्मा और संचालन प्रभात बैस ने किया ।इस दौरान बड़ी संख्या में नगर और क्षेत्रवासी उपस्थित थे।

# शास उमावि खुरसुला में पालक शिक्षक बैठक हुआ आयोजन




**बिलाईगढ़** 5 अगस्त(देशबंधु)। विकासखंड बिलाईगढ़ के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खुरसुला में संस्था प्राचार्य रामसहाय डडसेना के निर्देशन में अगस्त माह के प्रथम सप्ताह में पालक शिक्षक बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में संस्था प्राचार्य रामसहाय डडसेना एवं भूपेंद्र कुमार डडसेना ने पालकों को सम्बोधित करते हुए

उन्होंने कहा कि राज्य के समस्त शैक्षणिक संस्थाओं में पालक शिक्षक बैठक पालकों के साथ बेहतर संवाद स्थापित करने, उन्हें बच्चों की प्रगति से अवगत कराने एवं बच्चों में भविष्य की संभावनाओं का आंकलन कर पालकों के साथ समन्वय साधते हुए संयुक्त रुप से परिणाम उन्मुखी प्रयास करने हेतु पालक शिक्षक बैठक अति आवश्यक है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत निर्देशित किया है इस यह बैठक के प्रमुख उद्देश्य बच्चों के शारीरिक मानसिक एवं सर्वांगीण विकास हेतु, बच्चों की संपूर्ण गतिविधियों से पालक शिक्षक दोनों अवगत हों, जिससे बच्चों को सतत् प्रेरणा एवं मार्गदर्शन मिले, शिक्षक एवं पालकों के संयुक्त प्रयास से बच्चों में पढ़ाई के प्रति सकारात्मक माहौल बनाना जिससे एक ओर पढ़ाई के लिए प्रेरित हो। पढ़ाई एवं परीक्षा के प्रति तनाव न हो। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के मंशानुरूप ड्रॉप आउट रोकने के लिए पालकों की भूमिका सुनिश्चित करने हेतु चर्चा की गई। इस अवसर पर भारत राम बंजारे, हरेंद्र कुमार शांडिल्य, श्यामलाल नवरत्न, देवेंद्रकुमार कुमार राकेश, सालिकराम साहू, मदनलाल तोमर, लीलेशकुमार राजेश, महेंद्र कुमार चतुर्वेदी, सुरेश कुमार रात्रे, मनीराम यादव, पवन कुमार साहू, नरेंद्र कुमार सोनी, लोकनाथ ताण्डेय, परसराम बारले, शिक्षक स्टॉफ सहित कक्षा पहली से बारहवीं तक के पालकगण उपस्थित रहे।

## छत्तीसगढ़ विज्ञान सभा

# प्रोफेसर एम एल नायक को छत्तीसगढ़ विज्ञान सभा द्वारा किया गया सम्मानित

■ कांगेर वैली में खोजी गई पीपल की एक नई प्रजाति फाइकस नायकी का नामकरण खोजकर्ता प्रोफेसर नायक के नाम पर




**बागबाहरा,** 5 अगस्त (देशबन्धु)। रिसर्च का कार्य एक रोमांस का कार्य है जिसमें एक बार किसी का मन लग गया तो फिर उसे किसी और खुशी की जरूरत नहीं होती। यह बात कांगेर वैली में पीपल वृक्ष की एक नई प्रजाति खोजने वाले प्रसिद्ध टेक्सोनोमिस्ट प्रोफेसर एम एल नायक ने अपने सम्मान समारोह के दौरान कही। यह बात उन्होंने, विज्ञान और वैज्ञानिक सोच के प्रचार प्रसार के लिए कार्यरत प्रदेश की अग्रणी स्वयंसेवी संस्था छत्तीसगढ़ विज्ञान सभा द्वारा आयोजित उनके सम्मान कार्यक्रम में बोलते हुए कही। उन्होंने कांगेर वैली में किए गए अपने काम के बारे में बताते हुए कहा कि वहां का शोध कार्य कोई एक दो दिन में नहीं हो गया बल्कि पिछले बीस वर्षों से चल रहे नियमित रूप से जाकर काम करने का नतीजा है। सालों की मेहनत से हम इस क्रिटिकली इनडेंजर फाईकस नायकी वृक्ष की विशेषताओं को ढूंढ पाये हैं। उन्होंने आगे बताया कि यह वृक्ष कोई बहुत अधिक आर्थिक महत्व का नहीं है और दूसरा इस प्रजाति के बहुत कम वृक्ष बचे हैं इस कारण इन्हें ढूंढना थोड़ा कठिन हो जाता है। हमारी टीम ने कांगेर वैली में इस प्रकार के 20 वृक्षों की पहली सूची तैयार कर पब्लिश की है जो क्रिटिकली इनडेंजर है। प्रोफेसर एम एल नायक ने इस अवसर पर विज्ञान आश्रम कसेकरा में स्थापित की गई 'कबीर फुले बिरसा लाइब्रेरी' के लिए अपनी चार किताबें - बायोडायवर्सिटी ऑफ छत्तीसगढ़ चेकलिस्ट, ट्रीज ऑफ भिलाई स्टील प्लांट टाउनशिप, बायोडायवर्सिटी ऑफ कांगेर वैली - वॉल्यूम एक - फ्लोरल डायवर्सिटी और वॉल्यूम दो - फ़ौनल डायवर्सिटी भेंट की।

इस अवसर पर उन्होंने अपने सभी विद्यार्थियों को धन्यवाद दिया । उन्होंने छत्तीसगढ़ विज्ञान सभा के सदस्यों को रिसर्च कार्य में सभी प्रकार के मार्गदर्शन हेतु आश्वस्त किया। रविशंकर विश्व विद्यालय रायपुर के पूर्व कुलपति, प्रसिद्ध खगोल भौतिकीविद और विज्ञान सभा के पूर्व अध्यक्ष प्रो एस के पाण्डेय द्वारा अपने संबोधन में कहा कि यह एक लाइफ टाइम अवार्ड है प्रोफेसर एम एल नायक के लिए कि उनके नाम पर किसी पौधे का नाम रखा गया है। यह विज्ञान सभा और हम सब के लिए गौरव का क्षण है। उनकी यह उपलब्धि न सिर्फ देश में बल्कि पूरी दुनियां में , इस फाईकस नायकी वृक्ष के माध्यम से, उनकी लगन, विद्वता और मेहनत का गीत गायेगी। 84 वर्ष की उम्र में आज भी उनका जंगल जंगल घूमना हम सबको प्रेरणा देता है। उन्होंने प्रो एम एल नायक के दीर्घायु होने की मंगल कामना करते हुए कहा कि उनकी उपस्थिति का लाभ न सिर्फ विज्ञान सभा को बल्कि यूनिवर्सिटी स्टूडेंट्स और पूरी दुनियां को मिले। सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए कांकेर उत्तर बस्तर से आए राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित शिक्षक और छत्तीसगढ़ विज्ञान सभा के उपाध्यक्ष अनुपम जोफर ने कहा कि प्रोफेसर एम एल नायक जमीन से जुड़े व्यक्ति हैं। हमने उन्हें अपनी औषधीय पौधों की खोज यात्रा में ग्रामीणों, वैद्यों, विद्यार्थियों, शिक्षकों और विज्ञान कार्यकर्ताओं के साथ बहुत सम्मान से बातचीत करते पाया है। कई बार इन यात्राओं के दौरान माचकोट बस्तर या कांगेर वैली या गौरेला पेंड्रा मरवाही या कसडोल या पातालकोट में हमने उन्हें जमीन पर सोते देखा है और यह भी देखा है कि जंगल यात्राओं में वे इतने प्रतिबद्ध होते हैं कि औरों से पहले उठकर, नहा धोकर अपने झोले, कैमरे और स्पेसिमेन का फोटो लेने के लिए नीले रंग का कपड़े का बैकग्राउंड के साथ सबसे पहले तैयार रहते हैं। उनके विचार उनकी ताकत हैं और उनकी सादगी सबको प्रभावित करने वाली है। हम सब उनके अच्छे स्वास्थ्य और लंबी उम्र की दुआ करते हैं।

सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए छत्तीसगढ़ शासन के पूर्व वित्त अधिकारी और मोटिवेशनल स्पीकर बिनोद कुमार लाल ने कहा कि प्रोफेसर एम एल नायक अद्भुत व्यक्तित्व के धनी हैं। वे जंगल में घूमते भर नहीं हैं बल्कि पेड़ पौधों से बातें करते हैं। उनका टैक्सोनॉमी का ज्ञान अद्भुत है। इतने सारे पौधों का नाम उन्हें मुंह जबानी याद रहता है। उनका हम सबके बीच होना छत्तीसगढ़ के लिए वरदान है। कार्यक्रम को प्रो. नायक के पहले पीएचडी स्टूडेंट और दूधधारी महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य डॉ अरविंद गिरोलकर ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन अंबिकापुर सरगुजा से आई हुई विज्ञान सभा की सदस्य व्याख्याता अनामिका चक्रवर्ती ने किया। उन्होंने सरगुजा क्षेत्र के जंगलों में प्रोफेसर नायक द्वारा किए गए कामों पर रोशनी डाली। असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ एच एन टंडन द्वारा प्रो नायक के कार्यों को पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन द्वारा बताया गया। डॉ सर्वेश कौशिक पटेल ने कांगेर वैली में खोजे गए पीपल वृक्ष फाईकस नायकी के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कसडोल कॉलेज से सेवानिवृत्त डॉ एच के एस गजेन्द्र द्वारा अपनी पी एच डी में प्रो नायक के योगदान का स्मरण किया। विज्ञान सभा के अध्यक्ष विश्वास मेश्राम ने विज्ञान सभा की स्थापना से लेकर अब तक और प्रोफेसर एम एल नायक सर के अध्यक्षीय कार्यकाल में हुई उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए उनके प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में राज्य सचिव डॉ वाय के सोना, कोषाध्यक्ष और शिक्षाविद अंजू मेश्राम, बस्तर से आए शिक्षक मनीष अहीर, कांकेर कोरर से आए व्याख्याता राजेंद्र नेताम, पिथोरा से आए फोटोग्राफर और राज्य शतरंज संघ के सचिव हेमंत खूंटे, कोरबा से आए मेडिकल कालेज के डीन डॉ के के सहारे और वनस्पति वैज्ञानिक दिनेश कुमार, रायपुर से डॉ जितेंद्र सिंगरौल, संयुक्त सचिव रतन गोंडाने और रेखा गोंडाने और अन्य साथियों की मदद से सफलता मिल पाई जिसके लिए आयोजक अंजू मेश्राम द्वारा आभार व्यक्त किया गया।